माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उ०प्र० द्वारा निर्धारित नवीनतम पाठ्यक्रमानुसार

U.P. Series

गणित

कक्षा-10

लेखन
अनुभवी लेखकों के द्वारा

PREMIER PUBLISHING HOUSE
New Delhi Muzaffarnagar

इकाई-1 बीजगणित (Algebra)

1

महत्तम समापवर्तक तथा लघुत्तम समापवर्त्य
(Highest Common Factors and Least Common Multiples)

अभ्यास 1.1

1. निम्नलिखित बहुपदों के महत्तम समापवर्तक ज्ञात कीजिए—

(i) $4xy^2z^2, 16x^2y^3z^4$ (ii) $8a^2b^3, 4a^3b^2, 6a^4b^2$

(iii) x^2-4, x^3+8 (iv) z^3-4z, z^3+8

(v) $2+2x+2x^2, 1-x^3$ (vi) a^2-9, a^2-5a+6

(vii) x^3-9x, x^2-2x-3 (viii) $9-y^2, y^2+4y+3$

(ix) x^3+y^3, x^2-y^2 (x) $pq^3, p^3q(p+z)$

हल– (i) दिए हुए बहुपद $=4xy^2z^2$ तथा $16x^2y^3z^4$

गुणनखण्ड करने पर,

$$4xy^2z^2 = 2\times 2\times x\times y\times y\times z\times z$$

तथा $$16x^2y^3z^2 = 2\times 2\times 2\times 2\times x\times x\times y\times y\times y\times z\times z$$

उपर्युक्त बहुपदों के उभयनिष्ठ गुणनखण्ड $=2\times 2\times x\times y\times y\times z\times z = 4xy^2z^2$

अतः अभीष्ट म०म० $= \mathbf{4xy^2z^2}$ **उत्तर**

(ii) दिए हुए बहुपद $=8a^2b^3, 4a^3b^2$ तथा $6a^4b^2$

गुणनखण्ड करने पर,

$$8a^2b^3 = 2\times 2\times 2\times a\times a\times b\times b\times b$$

$$4a^3b^2 = 2\times 2\times a\times a\times a\times b\times b$$

$$6a^4b^2 = 2\times 3\times a\times a\times a\times a\times b\times b$$

उपर्युक्त बहुपदों के उभयनिष्ठ गुणनखण्ड $=2\times a\times a\times b\times b = 2a^2b^2$

अतः अभीष्ट म०स० $= \mathbf{2a^2b^2}$ **उत्तर**

(iii) दिए हुए बहुपद $=x^2-4$ तथा x^3+8

गुणनखण्ड करने पर,

$$x^2-4 = x^2-2^2 = (x+2)(x-2)$$

तथा $$x^3+8 = x^3+2^3 = (x+2)(x^2-2x+4)$$

उपर्युक्त बहुपदों का उभयनिष्ठ गुणनखण्ड $= x+2$

अतः अभीष्ट म०स० $= \mathbf{(x+2)}$ **उत्तर**

(iv) दिए हुए बहुपद $= z^3-4z$ तथा z^3+8

गुणनखण्ड करने पर,

$$z^3-4z = z(z^2-4) = z(z^2-2^2) = z(z+2)(z-2)$$

तथा $$z^3+8 = z^3+2^3 = (z+2)(z^2-2z+4)$$

उपर्युक्त बहुपदों का उभयनिष्ठ गुणनखण्ड $= (z+2)$

अतः अभीष्ट म०स० $= \mathbf{(z+2)}$ **उत्तर**

(v) दिए हुए बहुपद $= 2+2x+2x^2$ तथा $1-x^3$

गुणनखण्ड करने पर,

$$2+2x+2x^2 = 2(1+x+x^2)$$

तथा $$1-x^3 = 1^3-x^3 = (1-x)(1+x+x^2)$$

उपर्युक्त बहुपदों का उभयनिष्ठ गुणनखण्ड $= (1+x+x^2)$

अतः अभीष्ट म०स० $= \mathbf{(1+x+x^2)}$ **उत्तर**

(vi) दिए हुए बहुपद $= a^2-9$ तथा a^2-5a+6

गुणनखण्ड करने पर,

$$a^2-9 = a^2-3^2 = (a+3)(a-3)$$

$$a^2-5a+6 = a^2-(3+2)a+6 = a^2-3a-2a+6$$
$$= a(a-3)-2(a-3) = (a-3)(a-2)$$

उपर्युक्त बहुपदों का उभयनिष्ठ गुणनखण्ड $= (a-3)$

अतः अभीष्ट म०स० $= \mathbf{(a-3)}$ **उत्तर**

(vii) दिए हुए बहुपद $= x^3-9x,\ x^2-2x-3$

$$x^3-9x = x(x^2-9) = x(x^2-3^2) = x(x+3)(x-3)$$

तथा $$x^2-2x-3 = x^2-(3-1)x-3 = x^2-3x+x-3$$
$$= x(x-3)+1(x-3) = (x-3)(x+1)$$

उपर्युक्त बहुपदों का उभयनिष्ठ गुणनखण्ड $= (x-3)$

अतः अभीष्ट म०स० $= \mathbf{(x-3)}$ **उत्तर**

(viii) दिए हुए बहुपद $= 9-y^2,\ y^2+4y+3$

गुणनखण्ड करने पर,

$$9-y^2 = 3^2-y^2 = (3+y)(3-y) = (y+3)(3-y)$$

तथा $$y^2+4y+3 = y^2+3y+y+3 = y(y+3)+1(y+3)$$
$$= (y+3)(y+1)$$

उपर्युक्त बहुपदों का उभयनिष्ठ गुणनखण्ड $= (y+3)$

अतः अभीष्ट म०स० $= \mathbf{(y+3)}$ **उत्तर**

(ix) दिए हुए बहुपद $= x^3+y^3,\ x^2-y^2$

गुणनखण्ड करने पर,

$$x^3+y^3=(x+y)(x^2-xy+y^2)$$

तथा $$x^2-y^2=(x+y)(x-y)$$

उपर्युक्त बहुपदों का उभयनिष्ठ गुणनखण्ड $=(x+y)$

अतः अभीष्ट म०स० $=(x+y)$ **उत्तर**

(x) दिए हुए बहुपद $=pq^3, p^3q(p+z)$

गुणनखण्ड करने पर,

$$pq^3=p\times q\times q\times q$$

तथा $$p^3q(p+z)=p\times p\times p\times q(p+z)$$

उपर्युक्त बहुपदों का उभयनिष्ठ गुणनखण्ड $=p\times q=pq$

अतः अभीष्ट म०स० $=pq$ **उत्तर**

2. a^3-27, a^2-9 तथा a^4-3a^3 का म०स० ज्ञात कीजिए।

हल– दिए हुए बहुपद $=a^3-27, a^2-9$ तथा a^4-3a^3

गुणनखण्ड करने पर,

$$a^3-27=a^3-3^3=(a-3)(a^2+3a+9)$$

$$a^2-9=a^2-3^2=(a+3)(a-3)$$

तथा $$a^4-3a^3=a^3(a-3)$$

उपर्युक्त बहुपदों का उभयनिष्ठ गुणनखण्ड $=(a-3)$

अतः अभीष्ट म०स० $=(a-3)$ **उत्तर**

3. $x^2-xy-12y^2$ व x^2+3xy का महत्तम समापवर्तक ज्ञात कीजिए।

हल– दिए हुए बहुपद $=x^2-xy-12y^2, x^2+3xy$

गुणनखण्ड करने पर,

$$x^2-xy-12y^2=x^2-(4-3)xy-12y^2=x^2-4xy+3xy-12y^2$$
$$=x(x-4y)+3y(x-4y)=(x-4y)(x+3y)$$

तथा $$x^2+3xy=x(x+3y)$$

उपर्युक्त बहुपदों का उभयनिष्ठ गुणनखण्ड $=(x+3y)$

अतः अभीष्ट म०स० $=(x+3y)$ **उत्तर**

4. a^3-4a, a^2-4a+4 व a^4-16 का महत्तम समापवर्तक ज्ञात कीजिए।

हल– दिए हुए बहुपद $=a^3-4a, a^2-4a+4$ व a^4-16

$$a^3-4a=a(a^2-4)=a(a^2-2^2)=a(a+2)(a-2)$$

$$a^2-4a+4=a^2-(2+2)a+4=a^2-2a-2a+4$$
$$=a(a-2)-2(a-2)=(a-2)(a-2)$$

$$a^4-16=(a^2)^2-(4)^2=(a^2+4)(a^2-4)$$
$$=(a^2+4)(a^2-2^2)=(a^2+4)(a+2)(a-2)$$

उपर्युक्त बहुपदों का उभयनिष्ठ गुणनखण्ड $=(a-2)$

अतः अभीष्ट म०स० $=(a-2)$ **उत्तर**

5. x^3+3x^2+3x+1, $(x+1)^4$ का महत्तम समापवर्तक ज्ञात कीजिए।

हल– दिए हुए बहुपद $=x^3+3x^2+3x+1$ तथा $(x+1)^4$

गुणनखण्ड करने पर,

$$(x+1)^4=(x+1)(x+1)(x+1)(x+1)$$

तथा x^3+3x^2+3x+1 के गुणनखण्ड करने के लिए बहुपद में $x=-1$ रखने पर,

$$x^3+3x^2+3x+1=(-1)^3+3\times(-1)^2+3\times(-1)+1$$
$$=-1+3\times1-3+1=-1+3-3+1=0$$

अतः $(x+1)$ दिए हुए बहुपद का एक गुणनखण्ड है।

अब $x^3+3x^2+3x+1=(x+1)A$

या $$A=\frac{x^3+3x^2+3x+1}{x+1}=x^2+2x+1$$
$$=x^2+x+x+1=x(x+1)+1(x+1)$$
$$=(x+1)(x+1)$$

या $x^3+3x^2+3x+1=(x+1)(x+1)(x+1)$

उपर्युक्त बहुपदों का उभयनिष्ठ गुणनखण्ड $=(x+1)(x+1)(x+1)=(x+1)^3$

अतः अभीष्ट म०स० $=(x+1)^3$ **उत्तर**

6. $p(x)=(x^2-10x+16)$ और $q(x)=x^3-512$ का महत्तम समापवर्तक ज्ञात कीजिए।

हल– दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$$p(x)=x^2-10x+16=x^2-8x-2x+16$$
$$=x(x-8)-2(x-8)=(x-8)(x-2)$$

तथा $$q(x)=x^3-512=x^3-8^3$$
$$=(x-8)(x^2+8x+64)$$

उपर्युक्त बहुपदों का उभयनिष्ठ गुणनखण्ड $=(x-8)$

अतः अभीष्ट म०स० $=(x-8)$ **उत्तर**

7. निम्नलिखित बहुपदों के महत्तम समापवर्तक ज्ञात कीजिए–

(i) a^2+5a+6, a^2-4

(ii) x^2-x, x^2-2x+1

(iii) $x^2+3x-18$ व $x^3+8x^2+4x-48$

(iv) x^2-5x+6, $x^2-7x+12$

(v) (x^2+x), $(x+1)^3$ व (x^3+1)

(vi) $10(16p^4-q^4)$ तथा $6(8p^3-q^3)$

(vii) z^3-27, z^2-5z+6 व z^2-9

(viii) $18-2x^2$, $2x^2+8x+6$

(ix) $3x^2y(x^3-y^3)$, $6xy^2(x^2-y^2)$

(x) $16x^4-81$, $8x^4-27x$ व $6x^2-5x-6$

हल– (i) दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$$a^2+5a+6=a^2+3a+2a+6=a(a+3)+2(a+3)$$
$$=(a+3)(a+2)$$

तथा $$a^2-4=a^2-2^2=(a+2)(a-2)$$

अतः अभीष्ट म०स०$=(a+2)$ **उत्तर**

(ii) दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$$x^2-x=x(x-1)$$

तथा $$x^2-2x+1=x^2-x-x+1=x(x-1)-1(x-1)$$
$$=(x-1)(x-1)$$

अतः अभीष्ट म०स०$=(x-1)$ **उत्तर**

(iii) दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$$x^2+3x-18=x^2+6x-3x-18$$
$$=x(x+6)-3(x+6)=(x+6)(x-3)$$

तथा $x^3+8x^2+4x-48=x^3-2x^2+10x^2-20x+24x-48$

$$=x^2(x-2)+10x(x-2)+24(x-2)$$
$$=(x-2)(x^2+10x+24)$$
$$=(x-2)(x^2+6x+4x+24)$$
$$=(x-2)\{x(x+6)+4(x+6)\}$$
$$=(x-2)\{(x+6)(x+4)\}$$
$$=(x-2)(x+6)(x+4)$$

अतः अभीष्ट म०स०$=(x+6)$ **उत्तर**

(iv) दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$$x^2-5x+6=x^2-3x-2x+6=x(x-3)-2(x-3)$$
$$=(x-3)(x-2)$$

तथा $$x^2-7x+12=x^2-4x-3x+12$$
$$=x(x-4)-3(x-4)=(x-4)(x-3)$$

अतः अभीष्ट म०स०$=(x-3)$ **उत्तर**

(v) दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$$x^2+x=x(x+1)$$
$$(x+1)^3=(x+1)(x+1)(x+1)$$

तथा $$x^3+1=x^3+1^3=(x+1)(x^2-x+1)$$

अतः अभीष्ट म०स०$=(x+1)$ **उत्तर**

(vi) दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$$10(16p^4-q^4)=2\times5\{(4p^2)^2-(q^2)^2\}$$
$$=2\times5\{(4p^2+q^2)(4p^2-q^2)\}$$
$$=2\times5(4p^2+q^2)\{(2p)^2-p^2\}$$
$$=2\times5(4p^2+q^2)(2p+q)(2p-q)$$

तथा $6(8p^3-q^3)=2\times 3\{(2p)^3-(q)^3\}$

$=2\times 3\{(2p-q)(4p^2+2pq+q^2)\}$

$=2\times 3(2p-q)(4p^2+2pq+q^2)$

अतः अभीष्ट म०स० $=\mathbf{2(2p-q)}$ **उत्तर**

(vii) दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$z^3-27=z^3-3^3=(z-3)(z^2+3z+9)$

$z^2-5z+6=z^2-3z-2z+6$

$=z(z-3)-2(z-3)=(z-3)(z-2)$

$z^2-9=z^2-3^2=(z+3)(z-3)$

अतः अभीष्ट म०स० $=\mathbf{(z-3)}$ **उत्तर**

(viii) दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$18-2x^2=2(9-x^2)=2(3+x)(3-x)=2(x+3)(3-x)$

$2x^2+8x+6=2(x^2+4x+3)=2(x^2+3x+x+3)$

$=2\{x(x+3)+1(x+3)\}$

$=2\{(x+3)(x+1)\}=2(x+3)(x+1)$

अतः अभीष्ट म०स० $=\mathbf{2(x+3)}$ **उत्तर**

(ix) दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$3x^2y(x^3-y^3)=3x^2y(x-y)(x^2+xy+y^2)$

तथा $6xy^2(x^2-y^2)=2\times 3xy^2(x+y)(x-y)$

अतः अभीष्ट म०स० $=\mathbf{3xy(x-y)}$ **उत्तर**

(x) दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$16x^4-81=(4x^2)^2-(9)^2=(4x^2+9)(4x^2-9)$

$=(4x^2+9)\{(2x)^2-(3)^2\}$

$=(4x^2+9)(2x+3)(2x-3)$

$8x^4-27x=x(8x^3-27)=x\{(2x)^3-(3)^3\}$

$=x\{(2x-3)(4x^2+6x+9)\}$

$=x(2x-3)(4x^2+6x+9)$

तथा $6x^2-5x-6=6x^2-9x+4x-6$

$=3x(2x-3)+2(2x-3)=(2x-3)(3x+2)$

अतः अभीष्ट म०स० $=\mathbf{(2x-3)}$ **उत्तर**

8. x^8-256 व x^2+2x-8 का महत्तम समापवर्तक ज्ञात कीजिए।

हल– दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$x^8-256=(x^4)^2-(16)^2=(x^4+16)(x^4-16)$

$=(x^4+16)(x^2+4)(x^2-4)$

$=(x^4+16)(x^2+4)(x+2)(x-2)$

तथा $x^2+2x-8=x^2+4x-2x-8$

$$= x(x+4)-2(x+4) = (x+4)(x-2)$$

अतः अभीष्ट म०स० $= (x-2)$ उत्तर

9. x^4-49 तथा x^4-15x^2+56 का महत्तम समापवर्तक ज्ञात कीजिए।

हल– दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$$x^4-49 = (x^2)^2-(7)^2 = (x^2+7)(x^2-7)$$

तथा $x^4-15x^2+56 = x^4-8x^2-7x^2+56$

$$= x^2(x^2-8)-7(x^2-8) = (x^2-8)(x^2-7)$$

अतः अभीष्ट म०स० $= (x^2-7)$ उत्तर

10. $p^2-pq-12q^2$ व p^3+3p^2q का महत्तम समापवर्तक ज्ञात कीजिए।

हल– दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$$p^2-pq-12q^2 = p^2-4pq+3pq-12q^2$$

$$= p(p-4q)+3q(p-4q) = (p-4q)(p+3q)$$

तथा $p^3+3p^2q = p^2(p+3q)$

अतः अभीष्ट म०स० $= (p+3q)$ उत्तर

अभ्यास 1.2

1. यदि $p(x)=ax^2+bx+c$ और $q(x)=bx^2+ax+c$ का म०स० $(x+1)$ हो तो सिद्ध कीजिए— $c=0$ या $a=b$

हल– दिए हुए बहुपद,

$$p(x) = ax^2+bx+c$$

तथा $q(x) = bx^2+ax+c$

चूँकि $(x+1)$, बहुपद $p(x)$ तथा $q(x)$ का म०स० है। अतः $(x+1)$ दोनों बहुपदों का उभयनिष्ठ गुणनखण्ड होगा।

अतः प्रत्येक बहुपद में $x+1=0 \Rightarrow x=-1$ रखने पर शेषफल शून्य आएगा।

अब बहुपद ax^2+bx+c में $x=-1$ रखने पर,

$\Rightarrow a(-1)^2+b(-1)+c=0$

$\Rightarrow a\times 1-b+c=0$

$\Rightarrow a-b+c=0$ ...(1)

बहुपद bx^2+ax+c में $x=-1$ रखने पर

$b(-1)^2+a(-1)+c=0$

$b-a+c=0$ ...(2)

समीकरण (1) व (2) को जोड़ने पर,

$2c=0 \Rightarrow c=0$

अब c का मान समीकरण (1) में रखने पर,

$a-b+0=0$

$a=b$

इति सिद्धम्

2. एक फल विक्रेता के पास x^2-x-12 सेब तथा $x^2-3x-18$ आम हैं। फल विक्रेता इन फलों को समान संख्या में अलग-अलग पेटियों में रखकर पार्सल करना चाहता है। ज्ञात कीजिए कि फल विक्रेता को कम-से-कम कितनी पेटियों की आवश्यकता होगी?

हल– फल विक्रेता के पास सेबों की संख्या $=x^2-x-12$

$$=x^2-4x+3x-12$$
$$=x(x-4)+3(x-4)=(x-4)(x+3)$$

तथा आमों की संख्या $=x^2-3x-18=x^2-6x+3x-18$

$$=x(x-6)+3(x-6)=(x-6)(x+3)$$

सेबों तथा आमों की संख्याओं का म०स० $=(x+3)$

अतः प्रत्येक पेटी में $(x+3)$ आम या सेब होंगे।

$$\text{सेबों की पेटियों की संख्या}=\frac{\text{सेबों की संख्या}}{\text{प्रत्येक पेटी में सेबों की संख्या}}$$

$$=\frac{(x-4)(x+3)}{(x+3)}=(x-4)$$

इसी प्रकार, आमों की पेटियों की संख्या $=\dfrac{(x-6)(x+3)}{(x+3)}=(x-6)$

कुल पेटियों की संख्या $=x-4+x-6=\mathbf{(2x-10)}$ **उत्तर**

3. यदि दो बहुपदों A व B का महत्तम समापवर्तक H है तो बहुपदों $(A+B)$ एवं $(A-B)$ का महत्तम समापवर्तक ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है—बहुपद A व B का महत्तम समापवर्तक $=H$

माना बहुपद $A=xH$ तथा बहुपद $B=yH$

अब $A+B=xH+yH$ या $(A+B)=(x+y)H$

तथा $A-B=xH-yH$ या $(A-B)=(x-y)H$

बहुपद $(A+B)$ व $(A-B)$ का उभयनिष्ठ गुणनखण्ड $=H$

अतः अभीष्ट म०स० $=\mathbf{H}$ **उत्तर**

4. बहुपदों a^2-9 तथा $a^2+2a-15$ का महत्तम समापवर्तक $(a-l)$ है। l का मान ज्ञात कीजिए।

हल– दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$$a^2-9=a^2-3^2=(a+3)(a-3)$$

तथा $a^2+2a-15=a^2+5a-3a-15$

$$=a(a+5)-3(a+5)=(a+5)(a-3)$$

अतः उपर्युक्त बहुपदों का म०स० $=(a-3)$

परन्तु, प्रश्नानुसार, म०स० $=(a-l)$

या $a-3=a-l$ या $3=l\Rightarrow l=3$ **उत्तर**

5. बहुपदों (x^2-1) तथा $\{ax^3-b(x+1)\}$ का महत्तम समापवर्तक $(x-1)$ है, तो a व b में संबंध ज्ञात कीजिए।

हल– दिए हुए बहुपद,

$$x^2-1 \text{ तथा } \{ax^3-b(x+1)\}$$

तथा म०स० $=(x-1)$

अत: प्रत्येक बहुपद में $x-1=0 \Rightarrow x=1$ रखने पर शेषफल शून्य आएगा।

अब बहुपद $\{ax^3-b(x+1)\}$ में $x=1$ रखने पर,

$\{a\times 1^3-b(1+1)\}=0$ या $a\times 1-b\times 2=0$

या $a-2b=0$ या $a=2b$ **उत्तर**

6. p के किस मान के लिए $a^2-2a-24$ तथा a^2-pa-6 का महत्तम समापवर्तक $(a-6)$ होगा?

हल– दिए हुए बहुपद,

$a^2-2a-24$ तथा a^2-pa-6

तथा म०स० $=a-6$

अत: प्रत्येक बहुपद में $a-6=0 \Rightarrow a=6$ रखने पर शेषफल शून्य आएगा।

अब बहुपद a^2-pa-6 में $a=6$ रखने पर

$6^2-p\times 6-6=0$ या $36-6p-6=0$

या $30-6p=0$ या $5-p=0$

या $5=p \Rightarrow p=5$ **उत्तर**

7. यदि बहुपदों a^2+pa+q तथा a^2+la+m का महत्तम समापवर्तक $(a+x)$ है।

सिद्ध कीजिए— $x=\dfrac{m-q}{l-p}$

हल– दिए हुए बहुपद, a^2+pa+q तथा a^2+la+m तथा म०स० $=(a+x)$

अत: प्रत्येक बहुपद में $x+a=0$ या $a=-x$ रखने पर शेषफल शून्य आएगा।

अब बहुपद a^2+pa+q में $a=-x$ रखने पर,

$(-x)^2+p\times(-x)+q=0$ या $x^2-px+q=0$ ...(1)

तथा बहुपद a^2+la+m में $a=-x$ रखने पर,

$(-x)^2+l\times(-x)+m=0$

या $x^2-lx+m=0$ ...(2)

समीकरण (1) व (2) से,

$x^2-px+q=x^2-lx+m$ या $-px+q=-lx+m$

या $lx-px=m-q$ या $(l-p)x=m-q$

या $x=\dfrac{m-q}{l-p}$ **इति सिद्धम्**

अभ्यास 1.3

1. निम्नलिखित के लघुत्तम समापवर्त्य ज्ञात कीजिए—

(i) x^2y, y^2z, z^2x **(ii)** $4x^2y^3, 2xy^2, 6xy^3$

(iii) $(x^2-4), (x^2+x-6)$ **(iv)** (x^2-9) व (x^3+27)

(v) $(x^2+xy+y^2), (x^3-y^3)$ **(vi)** $2(x^3-1)$ व $6(x^3+x^2+x)$

(vii) $(x^2-7x+12)$ व (x^2-2x-3) **(viii)** (x^3+1) व (x^2-1)

(ix) $(x^2-x-2), (x^2+x-6)$

(x) $4(x^2-y^2), 10(x^3-y^3)$ तथा $6(x^4-y^4)$

हल– (i) दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$x^2y = x\times x\times y$, $y^2z = y\times y\times z$ तथा $z^2x = z\times z\times x$

अतः अभीष्ट ल०स० $= x\times x\times y\times y\times z\times z$

$= x^2y^2z^2$ **उत्तर**

(ii) दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$4x^2y^3 = 2\times 2\times x\times x\times y\times y\times y$

$2xy^2 = 2\times x\times y\times y$

$6xy^3 = 2\times 3\times x\times y\times y\times y$

अतः अभीष्ट ल०स० $= 2\times 2\times x\times x\times y\times y\times y\times 3 = \mathbf{12x^2y^3}$ **उत्तर**

(iii) दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$x^2-4 = x^2-2^2 = (x+2)(x-2)$

तथा $x^2+x-6 = x^2+3x-2x-6$

$= x(x+3)-2(x+3) = (x+3)(x-2)$

अतः अभीष्ट ल०स० $= \mathbf{(x+2)(x-2)(x+3)}$ **उत्तर**

(iv) दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$x^2-9 = (x+3)(x-3)$

तथा $x^3+27 = (x^3+3^3) = (x+3)(x^2-3x+9)$

अतः अभीष्ट ल०स० $= (x+3)(x-3)(x^2-3x+9)$

या $= (x-3)(x^3+27) = \mathbf{(x^3+27)(x-3)}$ **उत्तर**

(v) दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$(x^2+xy+y^2) = (x^2+xy+y^2)$

तथा $x^3-y^3 = (x-y)(x^2+xy+y^2)$

अतः अभीष्ट ल०स० $= (x-y)(x^2+xy+y^2) = \mathbf{x^3-y^3}$ **उत्तर**

(vi) दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$2(x^3-1) = 2(x^3-1^3) = 2(x-1)(x^2+x+1)$

तथा $6(x^3+x^2+x) = 2\times 3x(x^2+x+1)$

अतः अभीष्ट ल०स० $= 2\times 3x(x-1)(x^2+x+1)$

या $= \mathbf{6x(x^3-1)}$ **उत्तर**

(vii) दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$x^2-7x+12 = x^2-4x-3x+12$

$= x(x-4)-3(x-4) = (x-4)(x-3)$

तथा $x^2-2x-3 = x^2-3x+x-3$

$= x(x-3)+1(x-3) = (x-3)(x+1)$

अतः अभीष्ट ल०स० $= (x-4)(x-3)(x+1)$ **उत्तर**

(viii) दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$$x^3+1=(x+1)(x^2-x+1)$$

तथा $$x^2-1=(x+1)(x-1)$$

अतः अभीष्ट ल०स० $=(x+1)(x^2-x+1)(x-1)$

$$=(x-1)(x+1)(x^2-x+1)$$ **उत्तर**

(ix) दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$$x^2-x-2=x^2-2x+x-2$$

$$=x(x-2)+1(x-2)=(x-2)(x+1)$$

तथा $$x^2+x-6=x^2+3x-2x-6$$

$$=x(x+3)-2(x+3)=(x+3)(x-2)$$

अतः अभीष्ट ल०स० $=(x-2)(x+1)(x+3)$ **उत्तर**

(x) दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$$4(x^2-y^2)=2\times2(x+y)(x-y)$$

$$10(x^3-y^3)=2\times5(x-y)(x^2+xy+y^2)$$

तथा $$6(x^4-y^4)=2\times3(x^2+y^2)(x^2-y^2)$$

$$=2\times3(x^2+y^2)(x+y)(x-y)$$

अतः अभीष्ट ल०स० $=2\times2\times5\times3(x+y)(x-y)(x^2+xy+y^2)(x^2+y^2)$

$$=60(x^2+y^2)(x+y)(x-y)(x^2+xy+y^2)$$

$$=60(x^4-y^4)(x^2+xy+y^2)$$ **उत्तर**

2. x^4-xy^3, $4(x^2-y^2)$ तथा $6(x^3+y^3)$ का लघुत्तम समापवर्त्य ज्ञात कीजिए।

हल– दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$$x^4-xy^3=x(x^3-y^3)=x(x-y)(x^2+xy+y^2)$$

$$4(x^2-y^2)=2\times2(x+y)(x-y)$$

तथा $$6(x^3+y^3)=2\times3(x+y)(x^2-xy+y^2)$$

अतः अभीष्ट ल०स० $=2\times2\times3\times x(x+y)(x-y)(x^2+xy+y^2)(x^2-xy+y^2)$

$$=12x(x^3-y^3)(x^3+y^3)$$ **उत्तर**

3. बहुपदों $8(x^3-2x^2+4x)$ व $28(x^3+8)$ का लघुत्तम समापवर्त्य ज्ञात कीजिए।

हल– दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$$8(x^3-2x^2+4x)=8x(x^2-2x+4)=2\times2\times2\times x(x^2-2x+4)$$

तथा $$28(x^3+8)=2\times2\times7(x^3+2^3)$$

$$=2\times2\times7(x+2)(x^2-2x+4)$$

अतः अभीष्ट ल०स० $=2\times2\times2\times7\times x(x+2)(x^2-2x+4)$

$$=56x(x+2)(x^2+4-2x)$$ **उत्तर**

4. $(x^2-7x+12)$ व (x^2-16) का लघुत्तम समापवर्त्य ज्ञात कीजिए।

हल– दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$$x^2-7x+12 = x^2-4x-3x+12$$
$$= x(x-4)-3(x-4) = (x-4)(x-3)$$

तथा $(x^2-16) = x^2-4^2 = (x+4)(x-4)$

अतः अभीष्ट ल०स० $= (x-4)(x-3)(x+4)$

$= (x^2-16)(x-3)$ **उत्तर**

5. $x^2+x-6, 6x^2-24$ तथा x^2-6x+8 का लघुत्तम समापवर्त्य ज्ञात कीजिए।

हल– दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$$x^2+x-6 = x^2+3x-2x-6$$
$$= x(x+3)-2(x+3) = (x+3)(x-2)$$
$$6x^2-24 = 6(x^2-4) = 2\times 3(x+2)(x-2)$$

तथा $x^2-6x+8 = x^2-4x-2x+8$

$= x(x-4)-2(x-4) = (x-4)(x-2)$

अतः अभीष्ट ल०स० $= 2\times 3(x+2)(x-2)(x+3)(x-4)$

$= 6(x-2)(x+2)(x+3)(x-4)$ **उत्तर**

6. $x^2-y^2-2yz-z^2$, $x^2-y^2+2xz+z^2$ व $x^2-2xy+y^2-z^2$ का लघुत्तम समापवर्त्य ज्ञात कीजिए।

हल– दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$$x^2-y^2-2yz-z^2 = x^2-(y^2+z^2+2yz)$$
$$= x^2-(y+z)^2 = (x+y+z)(x-y-z)$$
$$x^2-y^2+2xz+z^2 = x^2+z^2+2xz-y^2 = (x+z)^2-y^2$$
$$= (x+z+y)(x+z-y) = (x+y+z)(x-y+z)$$

तथा $x^2-2xy+y^2-z^2 = (x-y)^2-z^2$

$= (x-y+z)(x-y-z)$

अतः अभीष्ट ल०स० $= (x+y+z)(x-y+z)(x-y-z)$ **उत्तर**

7. x^2-9y^2 तथा x^3-27y^3 का लघुत्तम समापवर्त्य ज्ञात कीजिए।

हल– दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$$x^2-9y^2 = x^2-(3y)^2 = (x+3y)(x-3y)$$

तथा $x^3-27y^3 = (x)^3-(3y)^3 = (x-3y)(x^2+3xy+9y^2)$

अतः अभीष्ट ल०स० $= (x+3y)(x-3y)(x^2+3xy+9y^2)$

$= (x^2-9y^2)(x^2+3xy+9y^2)$ **उत्तर**

8. $x(x^2-x+1)$ व (x^3+1) का लघुत्तम समापवर्त्य ज्ञात कीजिए।

हल– दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$$x(x^2-x+1) = x(x^2-x+1)$$

तथा $(x^3+1) = (x+1)(x^2-x+1)$

अतः अभीष्ट ल०स० $= x(x+1)(x^2-x+1)$

$= x(x^3+1)$ **उत्तर**

9. $8(x^3-x^2+x)$ व $12(x^3+1)$ का लघुत्तम समापवर्त्य ज्ञात कीजिए।

हल– दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$8(x^3-x^2+x) = 2\times 2\times 2x(x^2-x+1)$

तथा $12(x^3+1) = 2\times 2\times 3(x+1)(x^2-x+1)$

अतः अभीष्ट ल०स० $= 2\times 2\times 2\times 3\times x(x+1)(x^2-x+1)$

$= 24x(x^3+1)$ **उत्तर**

10. $3x^2-10x-8$ व $9x^2-4$ का लघुत्तम समापवर्त्य ज्ञात कीजिए।

हल– दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$3x^2-10x-8 = 3x^2-12x+2x-8$

$= 3x(x-4)+2(x-4) = (x-4)(3x+2)$

तथा $9x^2-4 = (3x)^2-(2)^2 = (3x+2)(3x-2)$

अतः अभीष्ट ल०स० $= (x-4)(3x+2)(3x-2)$ **उत्तर**

11. $8x^2-10xy+3y^2$ व $64x^3-27y^3$ का लघुत्तम समापवर्त्य ज्ञात कीजिए।

हल– दिए हुए बहुपदों के गुणनखण्ड करने पर,

$8x^2-10xy+3y^2 = 8x^2-6xy-4xy+3y^2$

$= 2x(4x-3y)-y(4x-3y) = (4x-3y)(2x-y)$

तथा $64x^3-27y^3 = (4x)^3-(3y)^3$

$= (4x-3y)(16x^2+12xy+9y^2)$

अतः अभीष्ट ल०स० $= (4x-3y)(2x-y)(16x^2+12xy+9y^2)$

$= (8x^2-4xy-6xy+3y^2)(16x^2+12xy+9y^2)$

$= (8x^2-10xy+3y^2)(16x^2+12xy+9y^2)$ **उत्तर**

अभ्यास 1.4

1. दो बहुपदों का म०स० $(x-2)$ तथा ल०स० (x^3-5x^2+6x) है। यदि पहला बहुपद (x^2-2x) है, तो दूसरा बहुपद ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है—म०स० $= (x-2)$, ल०स० $= x^3-5x^2+6x = x(x^2-5x+6)$

तथा पहला बहुपद $= x^2-2x = x(x-2)$

हम जानते हैं—

पहला बहुपद × दूसरा बहुपद = ल०स० × म०स०

$x(x-2)\times$ दूसरा बहुपद $= x(x^2-5x+6)\times(x-2)$

या दूसरा बहुपद $= \dfrac{x(x-2)(x^2-5x+6)}{x(x-2)} = (x^2-5x+6)$ **उत्तर**

2. P तथा Q दो बहुपद हैं, जिनके म०स० तथा ल०स० क्रमशः H व L है। यदि $P+Q=H+L$ हो, तो सिद्ध कीजिए—

$$P^2+Q^2=H^2+L^2$$

हल– हम जानते हैं— दो बहुपदों का गुणनफल = ल०स० × म०स०

अतः $P\times Q=H\times L \quad \Rightarrow \quad PQ=HL$ ...(1)

दिया है— $P+Q=H+L$

दोनों पक्षों का वर्ग करने पर,

$$(P+Q)^2=(H+L)^2$$

या $P^2+Q^2+2PQ=H^2+L^2+2HL$ ...(2)

समीकरण (1) से $PQ=HL$ समीकरण (2) में प्रतिस्थापित करने पर,

या $P^2+Q^2+2HL=H^2+L^2+2HL$

या $P^2+Q^2=H^2+L^2$ **इति सिद्धम्**

3. a व b के मान ज्ञात कीजिए—यदि बहुपदों $(x^2+3x+2)\,(x^2-7x+a)$ और $(x^2-x-12)\,(x^2+5x+b)$ का महत्तम समापवर्तक $(x+1)\,(x-4)$ है।

हल– दिए हुए बहुपद,

$$p(x)=(x^2+3x+2)(x^2-7x+a)$$

$$q(x)=(x^2-x-12)(x^2+5x+b)$$

तथा म०स० $=(x+1)(x-4)$

अतः दोनों बहुपदों में $x+1=0$ या $x-4=0 \Rightarrow x=-1$ तथा $x=4$ रखने पर शेषफल शून्य होगा।

बहुपद $p(x)$ में $x=4$ रखने पर,

$$(4^2+4\times3+2)(4^2-4\times7+a)=0$$

या $(16+12+2)(16-28+a)=0$

या $30(-12+a)=0$

या $-12+a=0 \quad \Rightarrow \quad a=12$ **उत्तर**

अब बहुपद $q(x)$ में $x=-1$ रखने पर,

$$\{(-1)^2-(-1)-12\}\{(-1)^2+5\times(-1)+b\}=0$$

या $(1+1-12)\{1-5+b\}=0$

या $(-10)\{-4+b\}=0$ या $\{-4+b\}=0$

$b=4$ **उत्तर**

4. दो बहुपदों का गुणनफल $\{(x+2)^2(x-2)(x-5)\}$ तथा महत्तम समापवर्तक $(x+2)$ है। बहुपदों का लघुत्तम समापवर्त्य ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है—

दो बहुपदों का गुणनफल $=\{(x+2)^2(x-2)(x-5)\}$

महत्तम समापवर्तक $=(x+2)$

हम जानते है कि—

$$\text{लघुत्तम समापवर्त्य} = \frac{\text{दो बहुपदो का गुणनफल}}{\text{महत्तम समापवर्तक}}$$

$$= \frac{(x+2)^2(x-2)(x-5)}{(x+2)}$$

$$= (x+2)(x-2)(x-5) \qquad \text{उत्तर}$$

5. दो बहुपदों का महत्तम समापवर्तक और लघुत्तम समापवर्त्य क्रमशः $(x-5)$ और $(x-5)(x^2-7x+12)$ है यदि उसमें से एक बहुपद $(x^2-8x+15)$ हो, तो दूसरा बहुपद ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है— म०स० $= (x-5)$ ल०स० $= (x-5)(x^2-7x+12)$

पहला बहुपद $= (x^2-8x+15)$

अतः दूसरा बहुपद $= \dfrac{\text{म०स०} \times \text{ल०स०}}{\text{पहला बहुपद}}$

$$= \frac{(x-5)(x-5)(x^2-7x+12)}{(x^2-8x+15)}$$

$$= \frac{(x-5)(x-5)(x^2-4x-3x+12)}{(x^2-5x-3x+15)}$$

$$= \frac{(x-5)(x-5)\{x(x-4)-3(x-4)\}}{\{x(x-5)-3(x-5)\}}$$

$$= \frac{(x-5)(x-5)\{(x-4)(x-3)\}}{\{(x-5)(x-3)\}} = (x-5)(x-4)$$

$$= (x^2-4x-5x+20) = \mathbf{(x^2-9x+20)} \qquad \text{उत्तर}$$

6. दो बहुपदों का गुणनफल $\{(a-b)^2(a+b)^2\}$ तथा महत्तम समापवर्तक (a^2-b^2) व्यंजकों का लघुत्तम समापवर्त्य ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है— दो बहुपदों का गुणनफल $= \{(a-b)^2(a+b)^2\}$

तथा म०स० $= a^2-b^2 = (a+b)(a-b)$

हम जानते है कि— ल०स० $= \dfrac{\text{दो बहुपदों का गुणनफल}}{\text{म०स०}} = \dfrac{(a-b)^2(a+b)^2}{(a+b)(a-b)}$

$$= (a-b)(a+b) = a^2-b^2 \qquad \text{उत्तर}$$

बहुविकल्पीय प्रश्न

नोट–बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर जानने के लिए पाठ्य पुस्तक के पृष्ठ संख्या 20, 21 एवं 22 का अवलोकन कीजिए।

■ □ ■

2

परिमेय व्यंजक
(Rational Expressions)

अभ्यास 2.1

1. निम्नलिखित व्यंजकों में कौन-कौन बहुपद हैं? कारण सहित लिखिए।

(i) $x^2+3\sqrt{x}+5$ **(ii)** $x^2-x\sqrt{x}$

(iii) $x^2-5\sqrt{x}+7$ **(iv)** x^2-3x+4

(v) $3x^7$ **(vi)** $3x^2-8x+\frac{6}{x}$

(vii) x^2+5x+6 **(viii)** x^3+1

हल– हम जानते हैं कि $a_0x^n+a_1x^{n-1}+a_2x^{n-2}+\ldots\ldots+a_{n-1}x+a_n$ के रूप का प्रत्येक बीजीय व्यंजक बहुपद कहलाता है।

(i) व्यंजक $x^2+3\sqrt{x}+5$ में x की घात भिन्नात्मक रूप में है। अत: यह बहुपद **नहीं** है।

(ii) व्यंजक $x^2-x\sqrt{x}$ में x की घात भिन्नात्मक रूप में है। अत: यह बहुपद **नहीं** है।

(iii) $x^2-5\sqrt{x}+7$ में x की घात भिन्नात्मक रूप में है। अत: यह बहुपद **नहीं** है।

(iv) व्यंजक x^2-3x+4 में प्रत्येक पद में चर x की घात ऋणेतर पूर्णांक है। अत: वह एक बहुपद **है**।

(v) $3x^7$ एक बहुपद है क्योंकि इसके चर की घात ऋणेत्तर पूर्णांक है।

(vi) व्यंजक $3x^2-8x+\frac{6}{x}$ के तीसरे पद $\frac{6}{x}$ या $6x^{-1}$ में चर x का घातांक -1 ऋण पूर्णांक होने के कारण यह बहुपद **नहीं** है।

(vii) व्यंजक x^2+5x+6 एक बहुपद **है**। क्योंकि प्रत्येक पद में चर x की घात ऋणेत्तर पूर्णांक है।

(viii) व्यंजक x^3+1 के प्रत्येक पद में चर x की घात ऋणेत्तर पूर्णांक है। अत: यह एक बहुपद **है**।

2. निम्नलिखित में कौन-कौन परिमेय व्यंजक हैं?

(i) $\frac{x^3-3x^2}{2x+3}$ **(ii)** $\frac{\sqrt{3}x^2-4x+8}{\sqrt{8}}$

(iii) $\frac{x^2-1}{2\sqrt{x}+4}$ **(iv)** $\frac{x^2\sqrt{3}-\sqrt{4}x+7}{x+\sqrt{5}}$

(v) $\frac{3x^2+5\sqrt{x}+6}{x+1}$ **(vi)** $\frac{x^2+2x+4}{2x+3}$

हल– हम जानते है कि— $\frac{p(x)}{q(x)}$ परिमेय व्यंजक होगा यदि $p(x)$ एवं $q(x)$ दोनों बहुपद हैं।

(i) व्यंजक $\frac{x^3-3x^2}{2x+3}$ में अंश व हर दोनों बहुपद हैं। अतः यह एक परिमेय व्यंजक है।

(ii) व्यंजक $\frac{\sqrt{3}x^2-4x+8}{\sqrt{8}}$ में अंश एक बहुपद है तथा हर $\neq 0$। अतः यह एक परिमेय व्यंजक है।

(iii) व्यंजक $\frac{x^2-1}{2\sqrt{x}+4}$ में अंश एक बहुपद है तथा हर बहुपद नहीं है। अतः परिमेय व्यंजक नहीं है।

(iv) व्यंजक $\frac{x^2\sqrt{3}-\sqrt{4}x+7}{x+\sqrt{5}}$ में अंश व हर दोनों बहुपद हैं। अतः यह एक बहुपद है।

(v) व्यंजक $\frac{3x^2+5\sqrt{x}+6}{x+1}$ में अंश एक बहुपद नहीं है। जबकि हर बहुपद है। अतः यह एक परिमेय व्यंजक नहीं है।

(vi) व्यंजक $\frac{x^2+2x+4}{2x+3}$ में अंश एवं हर दोनों बहुपद हैं। अतः यह एक परिमेय व्यंजक है।

3. एक परिमेय व्यंजक ज्ञात कीजिए, जिसका अंश शून्यक -2 एवं 1 वाला एक द्विघात बहुपद हो तथा हर शून्यक 2 और 3 वाला एक द्विघात बहुपद हो।

हल– दिया है : परिमेय व्यंजक का अंश = शून्यक -2 तथा 1 वाला द्विघात बहुपद

$$=(x+2)(x-1)$$
$$=x^2-x+2x-2=x^2+x-2$$

तथा परिमेय व्यंजक का हर = शून्यक 2 तथा 3 वाला द्विघात बहुपद

$$=(x-2)(x-3)$$
$$=x^2-3x-2x+6=x^2-5x+6$$

अतः अभीष्ट परिमेय व्यंजक $=\frac{x^2+x-2}{x^2-5x+6}$ **उत्तर**

4. एक ऐसा परिमेय व्यंजक ज्ञात कीजिए, जिसका अंश 3 तथा $\frac{1}{2}$ शून्यकों वाला द्विघात बहुपद है तथा जिसका हर $-\frac{3}{2}$ तथा 4 शून्यकों वाला द्विघात बहुपद है।

हल– दिया है— अंश = शून्यकों 3 व $\frac{1}{2}$ वाला बहुपद $=(x-3)\left(x-\frac{1}{2}\right)$

हर = शून्यकों $-\frac{3}{2}$ तथा 4 वाला बहुपद $=\left(x+\frac{3}{2}\right)(x-4)$

अतः परिमेय व्यंजक $=\frac{\text{अंश}}{\text{हर}}=\frac{(x-3)\left(x-\frac{1}{2}\right)}{\left(x+\frac{3}{2}\right)(x-4)}$

$$= \frac{(x-3)(2x-1)}{(2x+3)(x-4)} = \frac{2x^2-x-6x+3}{2x^2-8x+3x-12}$$

अतः अभीष्ट परिमेय व्यंजक $= \frac{2x^2-7x+3}{2x^2-5x-12}$ उत्तर

5. यह कथन सत्य है या असत्य– परिमेय व्यंजक $\frac{x^6-7x^2+2}{x^2+4}$ के हर की घात 6 है।

हल– व्यंजक $\frac{x^6-7x^2+2}{x^2+4}$ के हर x^2+4 की घात 2 है। अतः दिया गया कथन असत्य है।

अभ्यास 2.2

1. निम्नलिखित को निम्नतम पदों में व्यक्त कीजिए–

(i) $\frac{x^2-1}{(x+1)^2}$ **(ii)** $\frac{12a^3b^5c^4}{24a^2b^6c^5}$

(iii) $\frac{a^3-b^3}{a^2+ab+b^2}$ **(iv)** $\frac{x^2-4}{(x+2)^2}$

(v) $\frac{9-x^2}{(x+3)^2}$ **(vi)** $\frac{x^3-8}{x^2-4}$

(vii) $\frac{x^2-13x-48}{x^2-2x-15}$ **(viii)** $\frac{x^2-5x+6}{x-3}$

(ix) $\frac{2x^4-2x}{x^3+x^2+x}$ **(x)** $\frac{x^2-4}{x^3-8}$

हल— **(i)** $\frac{x^2-1}{(x+1)^2} = \frac{(x+1)(x-1)}{(x+1)(x+1)} = \frac{(x-1)}{(x+1)}$ उत्तर

(ii) $\frac{12a^3b^5c^4}{24a^2b^6c^5} = \frac{2\times2\times3\times a\times a\times a\times b\times b\times b\times b\times b\times c\times c\times c\times c}{2\times2\times2\times3\times a\times a\times b\times b\times b\times b\times b\times b\times c\times c\times c\times c\times c}$

$= \frac{a}{2bc}$ उत्तर

(iii) $\frac{a^3-b^3}{a^2+ab+b^2} = \frac{(a-b)(a^2+ab+b^2)}{(a^2+ab+b^2)} = (a-b)$ उत्तर

(iv) $\frac{x^2-4}{(x+2)^2} = \frac{x^2-2^2}{(x+2)^2} = \frac{(x+2)(x-2)}{(x+2)(x+2)} = \frac{(x-2)}{(x+2)}$ उत्तर

(v) $\frac{9-x^2}{(x+3)^2} = \frac{3^2-x^2}{(x+3)^2} = \frac{(3+x)(3-x)}{(x+3)(x+3)} = \frac{3-x}{x+3}$ उत्तर

(vi) $\frac{x^3-8}{x^2-4} = \frac{x^3-2^3}{x^2-2^2} = \frac{(x-2)(x^2+2x+4)}{(x+2)(x-2)} = \frac{x^2+2x+4}{x+2}$ उत्तर

(vii) $\frac{x^2-13x-48}{x^2-2x-15}=\frac{x^2-16x+3x-48}{x^2-5x+3x-15}=\frac{x(x-16)+3(x-16)}{x(x-5)+3(x-5)}$

$=\frac{(x-16)(x+3)}{(x-5)(x+3)}=\frac{x-16}{x-5}$ उत्तर

(viii) $\frac{x^2-5x+6}{x-3}=\frac{x^2-3x-2x+6}{x-3}=\frac{x(x-3)-2(x-3)}{(x-3)}$

$=\frac{(x-3)(x-2)}{(x-3)}=(x-2)$ उत्तर

(ix) $\frac{2x^4-2x}{x^3+x^2+x}=\frac{2x(x^3-1)}{x(x^2+x+1)}=\frac{2(x-1)(x^2+x+1)}{(x^2+x+1)}$

$=2(x+1)$ उत्तर

(x) $\frac{x^2-4}{x^3-8}=\frac{x^2-2^2}{x^3-2^3}=\frac{(x+2)(x-2)}{(x-2)(x^2+2x+4)}=\frac{(x+2)}{(x^2+2x+4)}$ उत्तर

2. निम्नलिखित को निम्नतम पदों में व्यक्त कीजिए–

(i) $\frac{x^3+2x^2-2x+3}{x^3-8x+3}$ **(ii)** $\frac{8(a+b-c)^2}{12(a+b-c)^3}$

(iii) $\frac{x^2+(a+b)x+ab}{x^2+(b+c)x+bc}$ **(iv)** $\frac{x^3+x^2}{x^2+5x+4}$

(v) $\frac{x^3-y^3}{x^2-y^2}$ **(vi)** $\frac{x^3+4x^2}{x^2+5x+4}$

(vii) $\frac{x^4-(a^2+b^2)x^2+a^2b^2}{x^4-b^4}$ **(viii)** $\frac{(x^2-1)(x+2)(x^2-x-72)}{(x-9)(x+1)}$

हल– (i) $\frac{x^3+2x^2-2x+3}{x^3-8x+3}=\frac{x^3+3x^2-x^2-3x+x+3}{x^3+3x^2-3x^2-9x+x+3}$

$=\frac{x^2(x+3)-x(x+3)+1(x+3)}{x^2(x+3)-3x(x+3)+1(x+3)}$

$=\frac{(x+3)(x^2-x+1)}{(x+3)(x^2-3x+1)}=\frac{x^2-x+1}{x^2-3x+1}$ उत्तर

(ii) $\frac{8(a+b-c)^2}{12(a+b-c)^3}=\frac{2\times2\times2(a+b-c)(a+b-c)}{2\times2\times3(a+b-c)(a+b-c)(a+b-c)}$

$=\frac{2}{3(a+b-c)}$ उत्तर

(iii) $\frac{x^2+(a+b)x+ab}{x^2+(b+c)x+bc}=\frac{x^2+ax+bx+ab}{x^2+bx+cx+bc}$

$=\frac{x(x+a)+b(x+a)}{x(x+b)+c(x+b)}=\frac{(x+a)(x+b)}{(x+b)(x+c)}=\frac{x+a}{x+c}$ उत्तर

(iv) $\frac{x^3+x^2}{x^2+5x+4}=\frac{x^2(x+1)}{x^2+4x+x+4}=\frac{x^2(x+1)}{x(x+4)+1(x+4)}$

$=\frac{x^2(x+1)}{(x+4)(x+1)}=\frac{x^2}{x+4}$ उत्तर

(v) $\frac{x^3-y^3}{x^2-y^2}=\frac{(x-y)(x^2+xy+y^2)}{(x+y)(x-y)}=\frac{(x^2+xy+y^2)}{(x+y)}$ उत्तर

(vi) $\frac{x^3+4x^2}{x^2+5x+4}=\frac{x^2(x+4)}{x^2+4x+x+4}=\frac{x^2(x+4)}{x(x+4)+1(x+4)}$

$=\frac{x^2(x+4)}{(x+4)(x+1)}=\frac{x^2}{x+1}$ उत्तर

(vii) $\frac{x^4-(a^2+b^2)x^2+a^2b^2}{x^4-b^4}=\frac{x^4-a^2x^2-b^2x^2+a^2b^2}{(x^2+b^2)(x^2-b^2)}$

$=\frac{x^2(x^2-a^2)-b^2(x^2-a^2)}{(x^2+b^2)(x^2-b^2)}$

$=\frac{(x^2-a^2)(x^2-b^2)}{(x^2+b^2)(x^2-b^2)}=\frac{(x^2-a^2)}{(x^2+b^2)}$ उत्तर

(viii) $\frac{(x^2-1)(x+2)(x^2-x-72)}{(x-9)(x+1)}=\frac{(x+1)(x-1)(x+2)(x^2-9x+8x-72)}{(x-9)(x+1)}$

$=\frac{(x-1)(x+2)\{x(x-9)+8(x-9)\}}{(x-9)}$

$=\frac{(x-1)(x+2)\{(x-9)(x+8)\}}{(x-9)}$

$=\frac{(x-1)(x+2)(x-9)(x+8)}{(x-9)}$

$=(x-1)(x+2)(x+8)$ उत्तर

3. क्या $\frac{3(4-x^2)}{(x+2)^2}$ अपने निम्नतम पदों में है? यदि नहीं तो इसे निम्नतम पदों में व्यक्त कीजिए।

हल– व्यंजक $\frac{3(4-x^2)}{(x+2)^2}$ अपने निम्नतम पदों में नहीं है।

$\frac{3(4-x^2)}{(x+2)^2}=\frac{3(2^2-x^2)}{(x+2)(x+2)}$

$=\frac{3(2+x)(2-x)}{(x+2)(x+2)}=\frac{3(2-x)}{(x+2)}$ उत्तर

4. व्यंजक $\frac{5x-10}{x^2+x-6}$ को सरल कीजिए।

हल– $\frac{5x-10}{x^2+x-6}=\frac{5(x-2)}{x^2+3x-2x-6}$

$=\frac{5(x-2)}{x(x+3)-2(x+3)}$

$=\frac{5(x-2)}{(x+3)(x-2)}=\frac{5}{(x+3)}$ उत्तर

5. $\frac{27-x^3}{x^2-9}$ को सरल कीजिए।

हल– $\frac{27-x^3}{x^2-9}=\frac{x^3-3^3}{x^2-3^2}=\frac{(x-3)(x^2+3x+9)}{(x+3)(x-3)}$

$=\frac{x^2+3x+9}{x+3}$ उत्तर

6. $\frac{x^2-8x+16}{x^2-16}$ को सरल कीजिए।

हल– $\frac{x^2-8x+16}{x^2-16}=\frac{(x-4)^2}{x^2-4^2}=\frac{(x-4)(x-4)}{(x+4)(x-4)}=\frac{x-4}{x+4}$ उत्तर

7. निम्नलिखित परिमेय व्यंजकों को निम्नतम पदों में व्यक्त कीजिए–

(i) $\frac{x^2-6x+8}{x^2-5x+6}$ (ii) $\frac{x+1}{2x^2+x-1}$

(iii) $\frac{x^2-6x-27}{x^2-9}$ (iv) $\frac{(x-1)(x-2)(x^2-9x+14)}{(x-7)(x^2-3x+2)}$

(v) $\frac{9x^2-(x^2-4)^2}{3x+4-x^2}$ (vi) $\frac{4(2x^2+x-1)}{4x^2-4}$

हल– (i) $\frac{x^2-6x+8}{x^2-5x+6}=\frac{x^2-4x-2x+8}{x^2-3x-2x+6}=\frac{x(x-4)-2(x-4)}{x(x-3)-2(x-3)}$

$=\frac{(x-4)(x-2)}{(x-3)(x-2)}=\frac{x-4}{x-3}$ उत्तर

(ii) $\frac{x+1}{2x^2+x-1}=\frac{x+1}{2x^2+2x-x-1}=\frac{(x+1)}{2x(x+1)-1(x+1)}$

$=\frac{(x+1)}{(x+1)(2x-1)}=\frac{1}{2x-1}$ उत्तर

(iii) $\frac{x^2-6x-27}{x^2-9}=\frac{x^2-9x+3x-27}{x^2-3^2}=\frac{x(x-9)+3(x-9)}{(x+3)(x-3)}$

$=\frac{(x-9)(x+3)}{(x+3)(x-3)}=\frac{x-9}{x-3}$ उत्तर

(iv) $\frac{(x-1)(x-2)(x^2-9x+14)}{(x-7)(x^2-3x+2)}=\frac{(x-1)(x-2)(x^2-7x-2x+14)}{(x-7)(x^2-2x-x+2)}$

$=\frac{(x-1)(x-2)\{x(x-7)-2(x-7)\}}{(x-7)\{x(x-2)-1(x-2)\}}$

$=\frac{(x-1)(x-2)\{(x-7)(x-2)\}}{(x-7)\{(x-2)(x-1)\}}$

$=\frac{(x-1)(x-2)(x-7)(x-2)}{(x-7)(x-2)(x-1)}=(x-2)$ उत्तर

(v) $\frac{9x^2-(x^2-4)^2}{3x+4-x^2}=\frac{(3x)^2-(x^2-4)^2}{3x+4-x^2}$

$=\frac{(3x+x^2-4)(3x-x^2+4)}{(3x+4-x^2)}=3x+x^2-4$

$=x^2+3x-4=x^2+4x-x-4$

$=x(x+4)-1(x+4)=(x+4)(x-1)$ उत्तर

(vi) $\frac{4(2x^2+x-1)}{4x^2-4}=\frac{4(2x^2+x-1)}{4(x^2-1)}=\frac{2x^2+x-1}{x^2-1}$

$=\frac{2x^2+2x-x-1}{x^2-1^2}=\frac{2x(x+1)-1(x+1)}{(x+1)(x-1)}$

$=\frac{(x+1)(2x-1)}{(x+1)(x-1)}=\frac{2x-1}{x-1}$ उत्तर

8. $\frac{x^2-5x-6}{x^2+3x+2}$ को सरल कीजिए।

हल– $\frac{x^2-5x-6}{x^2+3x+2}=\frac{x^2-6x+x-6}{x^2+2x+x+2}=\frac{x(x-6)+1(x-6)}{x(x+2)+1(x+2)}$

$=\frac{(x-6)(x+1)}{(x+2)(x+1)}=\frac{x-6}{x+2}$ उत्तर

9. $\frac{3x^2-x-4}{9x^2-16}$ को सरल कीजिए।

हल– $\frac{3x^2-x-4}{9x^2-16}=\frac{3x^2-4x+3x-4}{(3x)^2-(4)^2}=\frac{x(3x-4)+1(3x-4)}{(3x+4)(3x-4)}$

$=\frac{(3x-4)(x+1)}{(3x+4)(3x-4)}=\frac{x+1}{3x+4}$ उत्तर

10. $\frac{x^8-a^8}{x^6-a^6}$ को सरल कीजिए।

हल– $\frac{x^8-a^8}{x^6-a^6}=\frac{(x^4)^2-(a^4)^2}{(x^3)^2-(a^3)^2}=\frac{(x^4+a^4)(x^4-a^4)}{(x^3+a^3)(x^3-a^3)}$

$$=\frac{(x^4+a^4)\{(x^2)^2-(a^2)^2\}}{(x+a)(x^2-ax+a^2)(x-a)(x^2+ax+a^2)}$$

$$=\frac{(x^4+a^4)(x^2+a^2)(x^2-a^2)}{(x+a)(x-a)(x^2-ax+a^2)(x^2+ax+a^2)}$$

$$=\frac{(x^4+a^4)(x^2+a^2)(x+a)(x-a)}{(x+a)(x-a)(x^2-ax+a^2)(x^2+ax+a^2)}$$

$$=\frac{(x^4+a^4)(x^2+a^2)}{(x^2-ax+a^2)(x^2+ax+a^2)}$$ उत्तर

11. $\frac{3x^4+3x}{x^3-x^2+x}$ को निम्नतम पदों में व्यक्त कीजिए।

हल– $\frac{3x^4+3x}{x^3-x^2+x}=\frac{3x(x^3+1)}{x(x^2-x+1)}=\frac{3x(x^3+1^3)}{x(x^2-x+1)}$

$$=\frac{3(x+1)(x^2-x+1)}{(x^2-x+1)}=3(x+1)$$ उत्तर

अभ्यास 2.3

1. निम्नलिखित व्यंजकों को परिमेय व्यंजकों के रूप में व्यक्त कीजिए—

(i) $\frac{x+1}{x-2}+\frac{x-1}{x-2}$ (ii) $\frac{x^2+x-1}{x^2-1}+\frac{x+1}{x^3+2}$

(iii) $\frac{x^2+1}{x^2-1}+\frac{x+1}{x+2}$

(iv) $\frac{(2x-1)(x+2)}{(x+3)}+\frac{(x^2-4)(4x^2-1)}{(x+3)}$

(v) $\frac{x}{(x-y)}+\frac{y}{(x+y)}-\frac{2xy}{y^2-x^2}$ (vi) $\frac{x^2-x-6}{x^2-9}+\frac{x^2+2x-24}{x^2-x-12}$

(vii) $\frac{x+2}{x-2}+\frac{x-2}{x+2}$ (viii) $\frac{x}{x+y}+\frac{y}{x-y}+\frac{2xy}{x^2-y^2}$

हल– (i) $\frac{x+1}{x-2}+\frac{x-1}{x-2}=\frac{x+1+x-1}{(x-2)}=\frac{2x}{(x-2)}$ उत्तर

(ii) $\frac{x^2+x-1}{x^2-1}+\frac{x+1}{x^3+2}=\frac{(x^3+2)(x^2+x-1)+(x^2-1)(x+1)}{(x^2-1)(x^3+2)}$

$$=\frac{(x^5+x^4-x^3+2x^2+2x-2+x^3+x^2-x-1)}{(x^2-1)(x^3+2)}$$

$$=\frac{(x^5+x^4+3x^2+x-3)}{(x^2-1)(x^3+2)}$$ उत्तर

(iii) $\dfrac{x^2+1}{x^2-1}+\dfrac{x+1}{x+2}=\dfrac{(x+2)(x^2+1)+(x^2-1)(x+1)}{(x^2-1)(x+2)}$

$=\dfrac{x^3+x+2x^2+2+x^3+x^2-x-1}{(x^2-1)(x+2)}$

$=\dfrac{\mathbf{2x^3+3x^2+1}}{\mathbf{(x^2-1)(x+2)}}$ **उत्तर**

(iv) $\dfrac{(2x-1)(x+2)}{(x+3)}+\dfrac{(x^2-4)(4x^2-1)}{(x+3)}$

$=\dfrac{(2x-1)(x+2)+(x^2-4)(4x^2-1)}{(x+3)}$

$=\dfrac{2x^2+4x-x-2+4x^4-x^2-16x^2+4}{(x+3)}$

$=\dfrac{\mathbf{4x^4-15x^2+3x+2}}{\mathbf{x+3}}$ **उत्तर**

(v) $\dfrac{x}{(x-y)}+\dfrac{y}{(x+y)}-\dfrac{2xy}{y^2-x^2}=\dfrac{x(x+y)+y(x-y)}{(x-y)(x+y)}-\dfrac{2xy}{(x^2-y^2)}$

$=\dfrac{x(x+y)+y(x-y)}{(x+y)(x-y)}-\dfrac{2xy}{(x+y)(x-y)}$

$=\dfrac{x^2+xy+xy-y^2-2xy}{(x+y)(x-y)}$

$=\dfrac{x^2-y^2}{x^2-y^2}=\mathbf{1}$ **उत्तर**

(vi) $\dfrac{x^2-x-6}{x^2-9}+\dfrac{x^2+2x-24}{x^2-x-12}=\dfrac{x^2-3x+2x-6}{x^2-3^2}+\dfrac{x^2+6x-4x-24}{x^2-4x+3x-12}$

$=\dfrac{x(x-3)+2(x-3)}{(x+3)(x-3)}+\dfrac{x(x+6)-4(x+6)}{x(x-4)+3(x-4)}$

$=\dfrac{(x-3)(x+2)}{(x+3)(x-3)}+\dfrac{(x+6)(x-4)}{(x-4)(x+3)}$

$=\dfrac{x+2}{x+3}+\dfrac{x+6}{x+3}=\dfrac{x+2+x+6}{x+3}$

$=\dfrac{2x+8}{x+3}=\dfrac{\mathbf{2(x+4)}}{\mathbf{(x+3)}}$ **उत्तर**

(vii) $\dfrac{x+2}{x-2}+\dfrac{x-2}{x+2}=\dfrac{(x+2)^2+(x-2)^2}{(x+2)(x-2)}$

$=\dfrac{x^2+4+4x+x^2+4-4x}{(x^2-4)}$

$$=\frac{2x^2+8}{(x^2-4)}=\frac{2(x^2+4)}{(x^2-4)}$$ उत्तर

(viii) $\frac{x}{x+y}+\frac{y}{x-y}+\frac{2xy}{x^2-y^2}=\frac{x(x-y)+y(x+y)}{(x+y)(x-y)}+\frac{2xy}{(x+y)(x-y)}$

$$=\frac{x^2-xy+xy+y^2}{(x+y)(x-y)}+\frac{2xy}{(x+y)(x-y)}$$

$$=\frac{x^2+y^2}{(x+y)(x-y)}+\frac{2xy}{(x+y)(x-y)}$$

$$=\frac{x^2+y^2+2xy}{(x+y)(x-y)}=\frac{(x+y)^2}{(x+y)(x-y)}$$

$$=\frac{x+y}{x-y}$$ उत्तर

2. निम्नलिखित व्यंजकों को परिमेय व्यंजकों के रूप में व्यक्त कीजिए—

(i) $\frac{x^2+1}{x-3}-\frac{2x^2+3}{x-3}$ (ii) $\frac{x^2+2}{x-1}-\frac{x-3}{x+1}$

(iii) $\frac{x+1}{x-1}-\frac{x-1}{x+1}$ (iv) $\frac{4x-x^2+1}{1-x}-\frac{2x+x^2-1}{2+x}$

(v) $\left[\frac{x+1}{x-1}+\frac{x-1}{x+1}\right]-\frac{3x^2}{x-1}$ (vi) $\frac{1+x}{1-x}-\frac{1-x}{1+x}+\frac{4x}{1+x^2}-\frac{8x}{1-x^4}$

(vii) $\frac{x^3}{x^2-1}-\frac{x^2}{x+1}$ (viii) $\frac{x^2-1}{x+1}-\frac{1-x^3}{1+x+x^2}$

हल– (i) $\frac{x^2+1}{x-3}-\frac{2x^2+3}{x-3}=\frac{(x^2+1)-(2x^2+3)}{(x-3)}$

$$=\frac{x^2+1-2x^2-3}{x-3}=\frac{-x^2-2}{x-3}$$

$$=\frac{-(x^2+2)}{x-3}=\frac{x^2+2}{3-x}$$ उत्तर

(ii) $\frac{x^2+2}{x-1}-\frac{x-3}{x+1}=\frac{(x+1)(x^2+2)-(x-1)(x-3)}{(x+1)(x-1)}$

$$=\frac{x^3+2x+x^2+2-(x^2-3x-x+3)}{(x^2-1)}$$

$$=\frac{x^3+2x+x^2+2-x^2+3x+x-3}{x^2-1}$$

$$=\frac{x^3+6x-1}{x^2-1}$$ उत्तर

(iii) $\frac{x+1}{x-1}-\frac{x-1}{x+1}=\frac{(x+1)^2-(x-1)^2}{(x-1)(x+1)}$

$$=\frac{x^2+1+2x-(x^2+1-2x)}{x^2-1}$$

$$=\frac{x^2+1+2x-x^2-1+2x}{x^2-1}=\frac{\mathbf{4x}}{\mathbf{x^2-1}}$$ उत्तर

(iv) $\dfrac{4x-x^2+1}{1-x}-\dfrac{2x+x^2-1}{2+x}=\dfrac{(2+x)(4x-x^2+1)-(1-x)(2x+x^2-1)}{(1-x)(2+x)}$

$$=\frac{8x-2x^2+2+4x^2-x^3+x-(2x+x^2-1-2x^2-x^3+x)}{2+x-2x-x^2}$$

$$=\frac{8x-2x^2+2+4x^2-x^3+x-2x-x^2+1+2x^2+x^3-x}{2+x-2x-x^2}$$

$$=\frac{6x^2-3x^2+9x-3x+x^3-x^3+3}{2-x-x^2}$$

$$=\frac{3x^2+6x+3}{2-x-x^2}=\frac{\mathbf{3(x^2+2x+1)}}{\mathbf{2-x-x^2}}$$ उत्तर

(v) $\left[\dfrac{x+1}{x-1}+\dfrac{x-1}{x+1}\right]-\dfrac{3x^2}{x-1}=\left[\dfrac{(x+1)^2+(x-1)^2}{(x-1)(x+1)}\right]-\dfrac{3x^2}{x-1}$

$$=\frac{x^2+1+2x+x^2+1-2x}{(x-1)(x+1)}-\frac{3x^2}{(x-1)}$$

$$=\frac{2x^2+2}{(x+1)(x-1)}-\frac{3x^2}{(x-1)}=\frac{(2x^2+2)-3x^2(x+1)}{(x+1)(x-1)}$$

$$=\frac{2x^2+2-3x^3-3x^2}{x^2-1^2}=\frac{\mathbf{-3x^3-x^2+2}}{\mathbf{x^2-1}}$$ उत्तर

(vi) $\dfrac{1+x}{1-x}-\dfrac{1-x}{1+x}+\dfrac{4x}{1+x^2}-\dfrac{8x}{1-x^4}$

$$=\frac{(1+x)^2-(1-x)^2}{(1-x)(1+x)}+\frac{4x}{1+x^2}-\frac{8x}{1-x^4}$$

$$=\frac{1+x^2+2x-(1+x^2-2x)}{1-x^2}+\frac{4x}{1+x^2}-\frac{8x}{1-x^4}$$

$$=\frac{1+x^2+2x-1-x^2+2x}{1-x^2}+\frac{4x}{1+x^2}-\frac{8x}{1-x^4}$$

$$=\frac{4x}{1-x^2}+\frac{4x}{1+x^2}-\frac{8x^2}{1-x^4}$$

$$=\frac{4x(1+x^2)+4x(1-x^2)}{(1-x^2)(1+x^2)}-\frac{8x}{1-x^4}$$

$$=\frac{4x+4x^3+4x-4x^3}{1-x^4}-\frac{8x}{1-x^4}$$

$$=\frac{8x}{1-x^4}-\frac{8x}{1-x^4}=\mathbf{0}$$ उत्तर

(vii) $\dfrac{x^3}{x^2-1}-\dfrac{x^2}{x+1}=\dfrac{x^3}{(x+1)(x-1)}-\dfrac{x^2}{(x+1)}$

$$=\frac{x^3-(x-1)x^2}{(x+1)(x-1)}=\frac{x^3-x^3+x^2}{x^2-1}=\frac{x^2}{x^2-1}$$ उत्तर

(viii) $\dfrac{x^2-1}{x+1}-\dfrac{1-x^3}{1+x+x^2}=\dfrac{(x+1)(x-1)}{(x+1)}-\dfrac{(1-x)(x^2+x+1)}{(1+x+x^2)}$

$$=x-1-(1-x)=x-1-1+x=\mathbf{2x-2}$$ उत्तर

3. परिमेय व्यंजक $\dfrac{x-1}{x+2}$ का योज्य प्रतिलोम ज्ञात कीजिए।

हल– व्यंजक $\dfrac{x-1}{x+2}$ का योज्य प्रतिलोम $=-\dfrac{x-1}{x+2}=\dfrac{\mathbf{1-x}}{\mathbf{x+2}}$ उत्तर

4. यदि $A=\dfrac{x-2}{x+2}$ तो $A-\dfrac{1}{A}$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है— $A=\dfrac{x-2}{x+2}$

अतः $A-\dfrac{1}{A}=\dfrac{x-2}{x+2}-\dfrac{1}{\frac{x-2}{x+2}}=\dfrac{x-2}{x+2}-\dfrac{x+2}{x-2}$

$$=\frac{(x-2)^2-(x+2)^2}{(x+2)(x-2)}=\frac{x^2+4-4x-(x^2+4+4x)}{x^2-4}$$

$$=\frac{x^2+4-4x-x^2-4-4x}{x^2-4}=\frac{\mathbf{-8x}}{\mathbf{x^2-4}}$$ उत्तर

5. $\dfrac{1+x}{1-x}-\dfrac{1-x}{1+x}+\dfrac{4x}{1+x^2}-\dfrac{8x}{1+x^4}$ को सरल कीजिए।

हल– $\dfrac{1+x}{1-x}-\dfrac{1-x}{1+x}+\dfrac{4x}{1+x^2}-\dfrac{8x}{1+x^4}=\dfrac{(1+x)^2-(1-x)^2}{(1-x)(1+x)}+\dfrac{4x}{1+x^2}-\dfrac{8x}{1+x^4}$

$$=\frac{1+x^2+2x-(1+x^2-2x)}{1-x^2}+\frac{4x}{1+x^2}-\frac{8x}{1+x^4}$$

$$=\frac{1+x^2+2x-1-x^2+2x}{1-x^2}+\frac{4x}{1+x^2}-\frac{8x}{1+x^4}$$

$$=\frac{4x}{1-x^2}+\frac{4x}{1+x^2}-\frac{8x}{1+x^4}$$

$$=\frac{4x(1+x^2)+4x(1-x^2)}{(1-x^2)(1+x^2)}-\frac{8x}{1+x^4}$$

$$= \frac{8x}{1-x^4} - \frac{8x}{1+x^4} = \frac{8x(1+x^4) - 8x(1-x^4)}{(1-x^4)(1+x^4)}$$

$$= \frac{8x + 8x^5 - 8x + 8x^5}{1-x^8} = \frac{\mathbf{16x^5}}{\mathbf{1-x^8}}$$ उत्तर

6. व्यंजक $\frac{x^2-3x}{x-2}$ में क्या जोड़ा जाए कि योगफल $\frac{x^2}{x-2}$ हो जाए?

हल– माना व्यंजक $\frac{x^2-3x}{x-2}$ में A जोड़ने पर योगफल $\frac{x^2}{x-2}$ हो जाता है।

अतः $$\frac{x^2-3x}{x-2} + A = \frac{x^2}{x-2}$$

$$A = \frac{x^2}{x-2} - \frac{x^2-3x}{x-2}$$

या $$A = \frac{x^2 - (x^2-3x)}{x-2}$$

$$= \frac{x^2 - x^2 + 3x}{x-2} = \frac{\mathbf{3x}}{\mathbf{x-2}}$$ उत्तर

7. $A = \frac{x^2+2}{x-3}$, $B = \frac{x^2-1}{x}$ तो $A - B$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है— $A = \frac{x^2+2}{x-3}$ तथा $B = \frac{x^2-1}{x}$

अतः $$A - B = \frac{x^2+2}{x-3} - \frac{x^2-1}{x}$$

$$= \frac{x(x^2+2) - (x-3)(x^2-1)}{x(x-3)}$$

$$= \frac{x^3 + 2x - (x^3 - x - 3x^2 + 3)}{x(x-3)}$$

$$= \frac{x^3 + 2x - x^3 + x + 3x^2 - 3}{x(x-3)} = \frac{\mathbf{3x^2 + 3x - 3}}{\mathbf{x(x-3)}}$$ उत्तर

8. परिमेय व्यंजक $\frac{x^3+6x-1}{(x-1)(x+1)}$ में क्या जोड़ा जाए कि योगफल $\frac{x^2+1}{x-1}$ हो जाए?

हल– माना व्यंजक $\frac{x^3+6x-1}{(x-1)(x+1)}$ में A जोड़ने पर योगफल $\frac{x^2+1}{x-1}$ हो जाता है।

अतः $$\frac{x^3+6x-1}{(x-1)(x+1)} + A = \frac{x^2+1}{x-1}$$

या $$A = \frac{x^2+1}{x-1} - \frac{x^3+6x-1}{(x-1)(x+1)}$$

$$=\frac{(x+1)(x^2+1)-(x^3+6x-1)}{(x-1)(x+1)}$$

$$=\frac{x^3+x+x^2+1-x^3-6x+1}{(x^2-1)}$$

$$=\frac{x^2-5x+2}{x^2-1}$$ उत्तर

9. $\frac{3x-x^2}{2-x}$ का योज्य प्रतिलोम ज्ञात कीजिए।

हल– $\frac{3x-x^2}{2-x}$ का योज्य प्रतिलोम $=\frac{3x-x^2}{2-x}=\frac{-3x+x^2}{2-x}=\frac{x^2-3x}{2-x}$ उत्तर

10. $P=\frac{x}{4}+\frac{4}{x}$ तो P^{-1} का मान ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है— $P=\frac{x}{4}+\frac{4}{x}$

या $P=\frac{x^2+16}{4x}$ या $\frac{1}{P}=\frac{4x}{x^2+16}$

या $P^{-1}=\frac{4x}{x^2+16}$ उत्तर

11. $\frac{a-c}{(a-b)(x-a)}-\frac{c-b}{(b-a)(x-b)}$ को हल कीजिए।

हल– $\frac{a-c}{(a-b)(x-a)}-\frac{c-b}{(b-a)(x-b)}=\frac{a-c}{(a-b)(x-a)}+\frac{c-b}{(a-b)(x-b)}$

$$=\frac{(a-c)(x-b)+(c-b)(x-a)}{(a-b)(x-a)(x-b)}$$

$$=\frac{ax-ab-cx+bc+cx-ac-bx+ab}{(a-b)(x-a)(x-b)}$$

$$=\frac{ax+bc-bx-ac}{(a-b)(x-a)(x-b)}=\frac{ax-bx-ac+bc}{(a-b)(x-a)(x-b)}$$

$$=\frac{x(a-b)-c(a-b)}{(a-b)(x-a)(x-b)}=\frac{(a-b)(x-c)}{(a-b)(x-a)(x-b)}$$

$$=\frac{(x-c)}{(x-a)(x-b)}$$ उत्तर

अभ्यास 2.4

1. निम्नलिखित परिमेय व्यंजक युग्मों के गुणनफल ज्ञात कीजिए—

(i) $\frac{x^2}{yz},\frac{y^2}{zx},\frac{z^2}{xy}$

(ii) $\frac{x+2}{x-2},\frac{x+1}{x-1}$

(iii) $\frac{x^2-9}{x+2},\frac{x^2-4}{x+3}$

(iv) $\frac{5x+2}{5x-3},\frac{x+6}{x+2}$

हल– (i) दिए हुए परिमेय व्यंजक $=\frac{x^2}{yz}, \frac{y^2}{zx}, \frac{z^2}{xy}$

अतः गुणनफल $=\frac{x^2}{yz}\times\frac{y^2}{zx}\times\frac{z^2}{xy}=\frac{x^2y^2z^2}{x^2y^2z^2}=1$ उत्तर

(ii) दिए हुए परिमेय व्यंजक $\frac{x+2}{x-2}$ तथा $\frac{x+1}{x-1}$

अतः गुणनफल $=\frac{(x+2)}{(x-2)}\times\frac{(x+1)}{(x-1)}=\frac{x^2+x+2x+2}{x^2-x-2x+2}$

$=\frac{\mathbf{x^2+3x+2}}{\mathbf{x^2-3x+2}}$ उत्तर

(iii) दिए हुए परिमेय व्यंजक $\frac{x^2-9}{x+2}, \frac{x^2-4}{x+3}$

अतः गुणनफल $=\frac{(x^2-9)}{(x+2)}\times\frac{(x^2-4)}{(x+3)}=\frac{x^2-3^2}{(x+2)}\times\frac{x^2-2^2}{(x+3)}$

$=\frac{(x+3)(x-3)\times(x+2)(x-2)}{(x+2)(x+3)}=(x-3)(x-2)$

$=x^2-2x-3x+6=\mathbf{x^2-5x+6}$ उत्तर

(iv) दिए हुए परिमेय व्यंजक $\frac{5x+2}{5x-3}$ तथा $\frac{x+6}{x+2}$

अतः गुणनफल $=\frac{(5x+2)}{(5x-3)}\times\frac{(x+6)}{(x+2)}=\frac{5x^2+30x+2x+12}{5x^2-3x+10x-6}$

$=\frac{\mathbf{5x^2+32x+12}}{\mathbf{5x^2+7x-6}}$ उत्तर

2. $\frac{x\sqrt{2}-\sqrt{8}}{x^2+3}\times\frac{x\sqrt{8}-\sqrt{32}}{x+4}$ का गुणनफल ज्ञात कीजिए।

हल– दिए हुए परिमेय व्यंजक $=\frac{x\sqrt{2}-\sqrt{8}}{x^2+3}$ तथा $\frac{x\sqrt{8}-\sqrt{32}}{x+4}$

अतः गुणनफल $=\frac{(x\sqrt{2}-\sqrt{8})}{(x^2+3)}\times\frac{(x\sqrt{8}-\sqrt{32})}{(x+4)}$

$=\frac{\sqrt{16}x^2-\sqrt{64}x-\sqrt{64}x+\sqrt{256}}{(x^3+4x^2+3x+12)}$

$=\frac{4x^2-8x-8x+16}{x^3+4x^2+3x+12}=\frac{\mathbf{4x^2-16x+16}}{\mathbf{x^3+4x^2+3x+12}}$ उत्तर

3. निम्नलिखित का गुणनफल ज्ञात कीजिए—

(i) $\frac{x^2-7x+10}{(x-4)^2}\times\frac{x^2-7x+12}{(x-5)}$ **(ii)** $(x^2+3x+2)\frac{x+4}{x+2}$

(iii) $\dfrac{x^3-8}{x^2-4}\times\dfrac{x^2+6x+8}{x^2-2x+1}$

(iv) $\dfrac{2x^2+3x+1}{3x^2+4x+1}\times\dfrac{4x^2+5x+1}{5x^2+6x+1}\times\dfrac{15x^2+8x+1}{8x^2+6x+1}$

हल– **(i)** $\dfrac{x^2-7x+10}{(x-4)^2}\times\dfrac{x^2-7x+12}{(x-5)}=\dfrac{x^2-5x-2x+10}{(x-4)^2}\times\dfrac{x^2-4x-3x+12}{(x-5)}$

$=\dfrac{x(x-5)-2(x-5)}{(x-4)^2}\times\dfrac{x(x-4)-3(x-4)}{(x-5)}$

$=\dfrac{(x-5)(x-2)(x-4)(x-3)}{(x-4)^2(x-5)}=\dfrac{(x-2)(x-3)}{(x-4)}$

$=\dfrac{x^2-3x-2x+6}{x-4}=\dfrac{\mathbf{x^2-5x+6}}{\mathbf{x-4}}$ **उत्तर**

(ii) $(x^2+3x+2)\times\dfrac{x+4}{x+2}=(x^2+2x+x+2)\times\dfrac{(x+4)}{(x+2)}$

$=\{x(x+2)+1(x+2)\}\dfrac{(x+4)}{(x+2)}$

$=(x+2)(x+1)\times\dfrac{(x+4)}{(x+2)}=(x+1)(x+4)$

$=x^2+x+4x+4=\mathbf{x^2+5x+4}$ **उत्तर**

(iii) $\dfrac{x^3-8}{x^2-4}\times\dfrac{x^2+6x+8}{x^2-2x+1}=\dfrac{(x^3-2^3)}{(x)^2-(2)^2}\times\dfrac{x^2+4x+2x+8}{x^2-2x+1}$

$=\dfrac{(x-2)(x^2+2x+4)}{(x+2)(x-2)}\times\dfrac{x(x+4)+2(x+4)}{(x^2-2x+1)}$

$=\dfrac{(x-2)(x^2+2x+4)(x+4)(x+2)}{(x+2)(x-2)(x^2-2x+1)}$

$=\dfrac{(x^2+2x+4)(x+4)}{(x^2-2x+1)}$

$=\dfrac{x^3+4x^2+2x^2+8x+4x+16}{x^2-2x+1}$

$=\dfrac{\mathbf{x^3+6x^2+12x+16}}{\mathbf{x^2-2x+1}}$ **उत्तर**

(iv) $\dfrac{2x^2+3x+1}{3x^2+4x+1}\times\dfrac{4x^2+5x+1}{5x^2+6x+1}\times\dfrac{15x^2+8x+1}{8x^2+6x+1}$

$=\dfrac{2x^2+2x+x+1}{3x^2+3x+x+1}\times\dfrac{4x^2+4x+x+1}{5x^2+5x+x+1}\times\dfrac{15x^2+5x+3x+1}{8x^2+4x+2x+1}$

$$=\frac{2x(x+1)+1(x+1)}{3x(x+1)+1(x+1)}\times\frac{4x(x+1)+1(x+1)}{5x(x+1)+1(x+1)}\times\frac{5x(3x+1)+1(3x+1)}{4x(2x+1)+1(2x+1)}$$

$$=\frac{(x+1)(2x+1)}{(x+1)(3x+1)}\times\frac{(x+1)(4x+1)}{(x+1)(5x+1)}\times\frac{(3x+1)(5x+1)}{(2x+1)(4x+1)}$$

$=1$ उत्तर

4. $\frac{x^2-2}{3x^2+4}$ का गुणात्मक प्रतिलोम ज्ञात कीजिए।

हल– $\frac{x^2-2}{3x^2+4}$ का गुणात्मक प्रतिलोम $=\frac{1}{\frac{x^2-2}{3x^2+4}}=\frac{3x^2+4}{x^2-2}$ उत्तर

5. $\frac{x^7-x\sqrt{2}}{8x^7-x\sqrt{3}}$ का गुणात्मक प्रतिलोम ज्ञात कीजिए।

हल– $\frac{x^7-x\sqrt{2}}{8x^7-x\sqrt{3}}$ का गुणात्मक प्रतिलोम $=\frac{1}{\frac{x^7-x\sqrt{2}}{8x^7-x\sqrt{3}}}=\frac{8x^7-x\sqrt{3}}{x^7-x\sqrt{2}}$ उत्तर

6. $\frac{2y+1}{y^2+2y+4}\times\frac{y^4-8y}{2y^2-5y-3}\times\frac{y+3}{y^2-2y}$ को सरल कीजिए।

हल– $\frac{2y+1}{y^2+2y+4}\times\frac{y^4-8y}{2y^2-5y-3}\times\frac{y+3}{y^2-2y}$

$$=\frac{(2y+1)}{(y^2+2y+4)}\times\frac{y(y^3-8)}{(2y^2-6y+y-3)}\times\frac{(y+3)}{y(y-2)}$$

$$=\frac{(2y+1)}{(y^2+2y+4)}\times\frac{y(y^3-2^3)}{\{2y(y-3)+1(y-3)\}}\times\frac{(y+3)}{y(y-2)}$$

$$=\frac{(2y+1)}{(y^2+2y+4)}\times\frac{y(y-2)(y^2+2y+4)}{\{(y-3)(2y+1)\}}\times\frac{(y+3)}{y(y-2)}$$

$$=\frac{(2y+1)}{(y^2+2y+4)}\times\frac{y(y-2)(y^2+2y+4)}{(y-3)(2y+1)}\times\frac{(y+3)}{y(y-2)}$$

$=\frac{y+3}{y-3}$ उत्तर

7. $\frac{x}{(x+y)^2-2xy}\times\frac{x^4-y^4}{(x+y)^3-3xy(x+y)}\times\frac{(x+y)^2-3xy}{(x+y)^2-4xy}$ को सरल कीजिए।

हल– $\frac{x}{(x+y)^2-2xy}\times\frac{x^4-y^4}{(x+y)^3-3xy(x+y)}\times\frac{(x+y)^2-3xy}{(x+y)^2-4xy}$

$$= \frac{x}{x^2+y^2+2xy-2xy} \times \frac{(x^2+y^2)(x^2-y^2)}{x^3+y^3+3xy(x+y)-3xy(x+y)} \times \frac{x^2+y^2+2xy-3xy}{x^2+y^2+2xy-4xy}$$

$$= \frac{x}{(x^2+y^2)} \times \frac{(x^2+y^2)(x+y)(x-y)}{(x^3+y^3)} \times \frac{(x^2+y^2-xy)}{x^2+y^2-2xy}$$

$$= \frac{x}{(x^2+y^2)} \times \frac{(x^2+y^2)(x+y)(x-y)}{(x+y)(x^2+y^2-xy)} \times \frac{(x^2+y^2-xy)}{(x-y)^2}$$

$$= \frac{x}{x-y}$$ उत्तर

8. $\frac{x^3+y^3+z^3-3xyz}{a^3+b^3+c^3-3abc} \times \frac{a^2+b^2+c^2-ab-bc-ca}{x^2+y^2+z^2-xy-yz-zx}$ **को सरल कीजिए।**

हल– $\frac{x^3+y^3+z^3-3xyz}{a^3+b^3+c^3-3abc} \times \frac{a^2+b^2+c^2-ab-bc-ca}{x^2+y^2+z^2-xy-yz-zx}$

$$= \frac{(x+y+z)(x^2+y^2+z^2-xy-yz-zx)(a^2+b^2+c^2-ab-bc-ca)}{(a+b+c)(a^2+b^2+c^2-ab-bc-ca)(x^2+y^2+z^2-xy-yz-zx)}$$

$[\because x^3+y^3+z^3-3xyz = (x+y+z)(x^2+y^2+z^2-xy-yz-zx)]$

$$= \frac{x+y+z}{a+b+c}$$ उत्तर

9. $\frac{x^4-7x^2+3}{x+5}$ **का गुणात्मक प्रतिलोम ज्ञात कीजिए।**

हल– $\frac{x^4-7x^2+3}{x+5}$ का गुणात्मक प्रतिलोम $= \frac{1}{\frac{x^4-7x^2+3}{x+5}} = \frac{x+5}{x^4-7x^2+3}$ उत्तर

10. $\frac{a^2-25}{a+2} \times \frac{a^2-4}{a+5}$ **का गुणनफल ज्ञात कीजिए।**

हल– $\frac{a^2-25}{a+2} \times \frac{a^2-4}{a+5} = \frac{(a^2-5^2)}{(a+2)} \times \frac{(a^2-2^2)}{(a+5)}$

$$= \frac{(a+5)(a-5)}{(a+2)} \times \frac{(a+2)(a-2)}{(a+5)} = (a-5)(a-2)$$

$$= a^2-5a-2a+10$$

$$= a^2-7a+10$$ उत्तर

अभ्यास 2.5

1. $\frac{x^2-1}{x+4} \div \frac{x^2+3x+1}{2x-7}$ को परिमेय व्यंजक के रूप में व्यक्त कीजिए।

हल– दिया हुआ व्यंजक $\frac{x^2-1}{x+4} \div \frac{x^2+3x+1}{2x-7} = \frac{(x^2-1)}{(x+4)} \times \frac{(2x-7)}{(x^2+3x+1)}$

$$= \frac{2x^3-7x^2-2x+7}{x^3+3x^2+x+4x^2+12x+4}$$

$$= \frac{2x^3-7x^2-2x+7}{x^3+7x^2+13x+4}$$ उत्तर

2. निम्नलिखित को सरल कीजिए—

(i) $\frac{x^2+8x+12}{x^2-7x+12} \div \frac{x^2+4x-12}{x-4}$

(ii) $\frac{(2x-1)(x+2)}{(x+3)} \div \frac{(x+2)(3x+1)}{(x+3)(4x+3)}$

हल– (i) $\frac{x^2+8x+12}{x^2-7x+12} \div \frac{x^2+4x-12}{x-4} = \frac{x^2+8x+12}{x^2-7x+12} \times \frac{(x-4)}{x^2+4x-12}$

$$= \frac{x^2+6x+2x+12}{x^2-4x-3x+12} \times \frac{(x-4)}{x^2+6x-2x-12}$$

$$= \frac{x(x+6)+2(x+6)}{x(x-4)-3(x-4)} \times \frac{(x-4)}{x(x+6)-2(x+6)}$$

$$= \frac{(x+6)(x+2)}{(x-4)(x-3)} \times \frac{(x-4)}{(x+6)(x-2)}$$

$$= \frac{(x+2)}{(x-2)(x-3)}$$ उत्तर

(ii) $\frac{(2x-1)(x+2)}{(x+3)} \div \frac{(x+2)(3x+1)}{(x+3)(4x+3)} = \frac{(2x-1)(x+2)}{(x+3)} \times \frac{(x+3)(4x+3)}{(x+2)(3x+1)}$

$$= \frac{(2x-1)(4x+3)}{(3x+1)} = \frac{8x^2+6x-4x-3}{3x+1}$$

$$= \frac{8x^2+2x-3}{3x+1}$$ उत्तर

3. $\frac{x^2-1}{x+1} \div \frac{x^3-1}{x^2+x+1}$ को सरल कीजिए।

हल– $\frac{x^2-1}{x+1} \div \frac{x^3-1}{x^2+x+1} = \frac{x^2-1}{x+1} \times \frac{x^2+x+1}{x^3-1} = \frac{(x^2-1^2)}{(x+1)} \times \frac{(x^2+x+1)}{(x^3-1^3)}$

$$= \frac{(x+1)(x-1)}{(x+1)} \times \frac{(x^2+x+1)}{(x-1)(x^2+x+1)} = 1$$ उत्तर

4. $\frac{(2x-1)(x+2)}{(x+3)} \div \frac{(x^2-4)(4x^2-1)}{(x+3)}$ को सरल कीजिए।

हल– $\frac{(2x-1)(x+2)}{(x+3)} \div \frac{(x^2-4)(4x^2-1)}{(x+3)}$

$$= \frac{(2x-1)(x+2)}{(x+3)} \times \frac{(x+3)}{(x^2-4)(4x^2-1)}$$

$$= \frac{(2x-1)(x+2)}{(x^2-2^2)\{(2x)^2-1^2\}}$$

$$= \frac{(2x-1)(x+2)}{(x+2)(x-2)(2x+1)(2x-1)}$$

$$= \frac{1}{(x-2)(2x+1)} = \frac{1}{2x^2+x-4x-2}$$

$$= \frac{1}{2x^2-3x-2}$$ उत्तर

5. $\left[\left(1+\frac{x}{1-x}\right)\left(\frac{x}{1+x}-1\right)\right] \div \frac{1+x^2}{1-x^2}$ को परिमेय व्यंजक के रूप में व्यक्त कीजिए।

हल– $\left[\left(1+\frac{x}{1-x}\right)\left(\frac{x}{1+x}-1\right)\right] \div \frac{1+x^2}{1-x^2} = \left[\left(\frac{1-x+x}{1-x}\right)\left(\frac{x-1-x}{1+x}\right)\right] \times \frac{(1-x^2)}{(1+x^2)}$

$$= \left[\left(\frac{1}{1-x}\right)\left(\frac{-1}{1+x}\right)\right] \times \frac{(1+x)(1-x)}{(1-x^2)}$$

$$= \frac{-1}{(1-x)(1+x)} \times \frac{(1+x)(1-x)}{(1+x^2)}$$

$$= -\frac{1}{1+x^2}$$ उत्तर

6. $\left[\frac{2x^2+3}{x-1} + \frac{x+3}{x+1}\right] \div \frac{x^2-1}{3x}$ को परिमेय व्यंजक के रूप में व्यक्त कीजिए।

हल– $\left[\frac{2x^2+3}{x-1} + \frac{x+3}{x+1}\right] \div \frac{x^2-1}{3x} = \left[\frac{(x+1)(2x^2+3)+(x-1)(x+3)}{(x-1)(x+1)}\right] \times \frac{3x}{x^2-1}$

$$= \frac{(2x^3+3x+2x^2+3+x^2+3x-x-3)}{(x^2-1)} \times \frac{3x}{(x^2-1)}$$

$$= \frac{(2x^3+3x^2+5x)}{(x^2-1)^2} \times 3x$$

$$= \frac{6x^4+9x^3+15x^2}{x^4-2x^2+1}$$ उत्तर

7. यदि $P=\frac{x^2+2}{x-3}$ व $Q=\frac{x-1}{x}$ तब $P\div Q$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है— $P=\frac{x^2+2}{x-3}$ तथा $Q=\frac{x-1}{x}$

अत: $P\div Q=\frac{x^2+2}{x-3}\div\frac{x-1}{x}=\frac{x^2+2}{x-3}\times\frac{x}{x-1}$

$=\frac{x^3+2x}{x^2-x-3x+3}=\frac{x^3+2x}{x^2-4x+3}$ उत्तर

8. $\frac{(x+y)^2-z^2}{(x+y+z)^2}\div\left[\frac{(x-z)^2-y^2}{x^2+xy+zx}\div\frac{(x-y)^2-z^2}{x^2+xy+zx}\right]$ को सरल कीजिए।

हल– $\frac{(x+y)^2-z^2}{(x+y+z)^2}\div\left[\frac{(x-z)^2-y^2}{x^2+xy+zx}\div\frac{(x-y)^2-z^2}{x^2+xy+zx}\right]$

$=\frac{(x+y+z)(x+y-z)}{(x+y+z)^2}\div\left[\frac{(x-z)^2-y^2}{(x^2+xy+zx)}\times\frac{(x^2+xy+zx)}{(x-y)^2-z^2}\right]$

$\Rightarrow \boldsymbol{a^2=b^2(1+l^2)}$ **इति सिद्धम्**

अभ्यास 3.6

1. द्विघात समीकरण $3x^2 - 7x - 5 = 0$ के मूलों का योगफल एवं गुणनफल ज्ञात कीजिए।

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $3x^2 - 7x - 5 = 0$ की तुलना $ax^2 + bx + c = 0$ से करने पर,

$$a = 3,\ b = -7,\ c = -5$$

अतः मूलों का योगफल $(\alpha + \beta) = -\frac{b}{a} = \frac{-(-7)}{3} = \frac{7}{3}$

तथा मूलों का गुणनफल $(\alpha \cdot \beta) = \frac{c}{a} = \frac{-5}{3}$ **उत्तर**

2. समीकरण $2x^2 - 3x - 5 = 0$ के मूलों का योगफल एवं गुणनफल ज्ञात कीजिए।

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $2x^2 - 3x - 5 = 0$ की तुलना $ax^2 + bx + c = 0$ से करने पर,

$$a = 2,\ b = -3,\ c = -5$$

अतः मूलों का योगफल $(\alpha + \beta) = -\frac{b}{a} = -\frac{(-3)}{2} = \frac{3}{2}$

तथा मूलों का गुणनफल $(\alpha \cdot \beta) = \frac{c}{a} = \frac{-5}{2}$ **उत्तर**

3. बिना हल किए समीकरण $2x^2 - 4x - 3 = 0$ के मूलों का योगफल एवं गुणनफल ज्ञात कीजिए।

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $2x^2 - 4x - 3 = 0$ की तुलना $ax^2 + bx + c = 0$ से करने पर,

$$a = 2,\ b = -4,\ c = -3$$

अतः मूलों का योगफल $(\alpha + \beta) = -\frac{b}{a} = -\frac{(-4)}{2} = \frac{4}{2} = 2$

तथा मूलों का गुणनफल $(\alpha \cdot \beta) = \frac{c}{a} = \frac{-3}{2}$ **उत्तर**

4. समीकरण $2x = x^2 - 5$ के मूलों का योगफल एवं गुणनफल ज्ञात कीजिए।

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $2x = x^2 - 5$

या $0 = x^2 - 2x - 5 \quad \Rightarrow x^2 - 2x - 5 = 0$

अतः मूलों का योगफल $= -\frac{x \text{ का गुणांक}}{x^2 \text{ का गुणांक}} = -\frac{(-2)}{1} = 2$

तथा मूलों का गुणनफल $= \frac{\text{अचर पद}}{x^2 \text{ का गुणांक}} = \frac{-5}{1} = -5$ **उत्तर**

5. समीकरण $ax^2 - 5x + c = 0$ के मूलों का योगफल एवं गुणनफल प्रत्येक 5 के बराबर है। a तथा c के मान ज्ञात कीजिए।

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $ax^2 - 5x + c = 0$

मूलों का योगफल $= \frac{x \text{ का गुणांक}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$ या $5 = \frac{-(-5)}{a}$

या $5 = \frac{5}{a} \quad \Rightarrow \quad a = \frac{5}{5} = 1$

तथा मूलों का गुणनफल $=\frac{\text{अचर पद}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$

$$5=\frac{c}{a} \Rightarrow c=5a=5\times 1=5$$ उत्तर

6. द्विघात समीकरण $x^2-3x-4=0$ के मूल α व β हैं, तो समीकरण हल किए बिना $(\alpha+\beta)$ और $(\alpha\cdot\beta)$ के मान ज्ञात कीजिए।

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $x^2-3x-4=0$

अतः मूलों का योगफल $(\alpha+\beta)=-\frac{x \text{ का गुणांक}}{x^2 \text{ का गुणांक}}=-\frac{(-3)}{1}=3$

तथा मूलों का गुणनफल $(\alpha\cdot\beta)=\frac{\text{अचर पद}}{x^2 \text{ का गुणांक}}=\frac{-4}{1}=-4$ उत्तर

7. यदि द्विघात समीकरण $2x^2+px+4=0$ का एक मूल 2 हो, तो दूसरा मूल और p का मान ज्ञात कीजिए।

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $2x^2+px+4=0$ तथा इसका एक मूल $(\alpha)=2$, दूसरा मूल $(\beta)=?$

मूलों का योगफल $(\alpha+\beta)=\frac{x \text{ का गुणांक}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$

या $$\alpha+\beta=\frac{p}{2} \Rightarrow 2+\beta=\frac{p}{2}$$

या $$4+2\beta=-p \quad \ldots(1)$$

मूलों का गुणनफल $(\alpha\cdot\beta)=\frac{\text{अचर पद}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$

$$2\times\beta=\frac{4}{2} \Rightarrow \beta=\frac{4}{4}=1$$

β का मान समीकरण (1) में रखने पर,

$$4+2\times 1=-p \Rightarrow -p=4+2=6$$

$$\Rightarrow p=-6$$ उत्तर

8. यदि समीकरण $(1+m^2)x^2+2mcx+(c^2-a^2)=0$ के मूल बराबर हों, तो सिद्ध कीजिए कि : $c^2=a^2(1+m^2)$

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $(1+m^2)x^2+2mcx+(c^2-a^2)=0$ तथा मूल $\alpha=\beta$

मूलों का योगफल $(\alpha+\beta)=-\frac{x \text{ का गुणांक}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$ या $\alpha+\beta=\frac{2mc}{1+m^2}$

या $$\alpha+\alpha=\frac{2mc}{1+m^2} \Rightarrow 2\alpha=\frac{2mc}{1+m^2}$$

या $$\alpha=\frac{mc}{1+m^2} \quad \ldots(1)$$

मूलों का गुणनफल $(\alpha \cdot \beta) = \dfrac{\text{अचर पद}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$

या $\alpha \times \alpha = \dfrac{c^2 - a^2}{1+m^2} \quad \Rightarrow \quad \alpha^2 = \dfrac{c^2 - a^2}{1+m^2}$

या $\alpha = \sqrt{\dfrac{c^2 - a^2}{1+m^2}}$ ... (2)

समीकरण (1) व (2) से

$$\frac{mc}{1+m^2} = \sqrt{\frac{c^2 - a^2}{1+m^2}}$$

दोनों पक्षों का वर्ग करने पर

$$\left(\frac{mc}{1+m^2}\right)^2 = \left(\sqrt{\frac{c^2 - a^2}{1+m^2}}\right)^2 \quad \text{या} \quad \frac{m^2c^2}{(1+m^2)^2} = \frac{c^2 - a^2}{(1+m^2)}$$

या $\dfrac{m^2c^2}{1+m^2} = c^2 - a^2$

या $m^2c^2 = c^2 - a^2 + m^2c^2 - m^2a^2$

या $c^2 - a^2 = m^2a^2$ या $c^2 = a^2 + m^2a^2$

या $\mathbf{c^2 = a^2(1+m^2)}$ **इति सिद्धम्**

9. यदि समीकरण $3x^2 + px - 6 = 0$ का एक मूल -3 है, तो p का मान तथा समीकरण का दूसरा मूल ज्ञात कीजिए।

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $3x^2 + px - 6 = 0$ तथा इसका एक मूल $(\alpha) = -3$, दूसरा मूल $(\beta) = ?$, $p = ?$

मूलों का गुणनफल $(\alpha \cdot \beta) = \dfrac{\text{अचर पद}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$ या $-3 \times \beta = \dfrac{-6}{3} = -2$

या $\beta = \dfrac{-2}{-3} = \mathbf{\dfrac{2}{3}}$

तथा मूलों का योगफल $(\alpha + \beta) = -\dfrac{x \text{ का गुणांक}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$

या $-3 + \dfrac{2}{3} = -\dfrac{p}{3}$

या $\dfrac{-9+2}{3} = -\dfrac{p}{3} \quad \Rightarrow \quad \dfrac{-7}{3} = -\dfrac{p}{3}$

या $7 = p \quad \Rightarrow \quad p = 7$ **उत्तर**

10. द्विघात समीकरण बनाइए जिनके मूल निम्नलिखित हैं–

(i) 3 तथा –4 **(ii) $3+\sqrt{7}$ तथा $3-\sqrt{7}$**

(iii) $\sqrt{3}+1$ तथा $\sqrt{3}-1$ **(iv) $2+\sqrt{3}$ तथा $2-\sqrt{3}$**

(v) $b-2a$ तथा $b+2a$ **(vi) 3 तथा –3**

(vii) -3 तथा $\frac{1}{3}$ **(viii)** -5 तथा $-\frac{1}{5}$

(ix) $-\frac{3}{2}$ तथा $-\frac{1}{2}$ **(x)** $1+\frac{\sqrt{5}}{2}$ तथा $1-\frac{\sqrt{5}}{2}$

हल–

(i) दिए गए मूल $=3$ तथा -4

मूलों का योगफल $=3+(-4)=3-4=-1$

तथा मूलों का गुणनफल $=3\times(-4)=-12$

∴ द्विघात समीकरण; x^2- (मूलों का योगफल)$x+$ मूलों का गुणनफल $=0$

या $x^2-(-1)x+(-12)=0$

या $\mathbf{x^2+x-12=0}$ **उत्तर**

(ii) दिए गए मूल $=3+\sqrt{7}$ तथा $3-\sqrt{7}$

मूलों का योगफल $=(3+\sqrt{7})+(3-\sqrt{7})=3+\sqrt{7}+3-\sqrt{7}=6$

तथा मूलों का गुणनफल $=(3+\sqrt{7})\times(3-\sqrt{7})=9-7=2$

∴ द्विघात समीकरण; x^2- (मूलों का योगफल)$x+$ मूलों का गुणनफल $=0$

$\mathbf{x^2-6x+2=0}$ **उत्तर**

(iii) दिए गए मूल $=\sqrt{3}+1$ तथा $\sqrt{3}-1$

मूलों का योगफल $=\sqrt{3}+1+\sqrt{3}-1=2\sqrt{3}$

तथा मूलों का गुणनफल $=(\sqrt{3}+1)\times(\sqrt{3}-1)=3-1=2$

∴ द्विघात समीकरण; x^2- (मूलों का योगफल)$x+$ मूलों का गुणनफल $=0$

या $\mathbf{x^2-2\sqrt{3}x+2=0}$ **उत्तर**

(iv) दिए गए मूल $=2+\sqrt{3}$ तथा $2-\sqrt{3}$

मूलों का योगफल $=(2+\sqrt{3})+(2-\sqrt{3})=2+\sqrt{3}+2-\sqrt{3}=4$

तथा मूलों का गुणनफल $=(2+\sqrt{3})\times(2-\sqrt{3})=2^2-(\sqrt{3})^2=4-3=1$

∴ द्विघात समीकरण; x^2- (मूलों का योगफल)$x+$ मूलों का गुणनफल $=0$

या $\mathbf{x^2-4x+1=0}$ **उत्तर**

(v) दिए गए मूल $=b-2a$ तथा $b+2a$

मूलों का योगफल $=b-2a+b+2a=2b$

तथा मूलों का गुणनफल $=(b-2a)\times(b+2a)=(b^2-4a^2)$

∴ द्विघात समीकरण; x^2- (मूलों का योगफल)$x+$ मूलों का गुणनफल $=0$

या $\mathbf{x^2-2bx+(b^2-4a^2)=0}$ **उत्तर**

(vi) दिए गए मूल $=3$ तथा -3

मूलों का योगफल $=3+(-3)=3-3=0$

तथा मूलों का गुणनफल $=3\times(-3)=-9$

∴ द्विघात समीकरण; x^2- (मूलों का योगफल)$x+$ मूलों का गुणनफल $=0$

या $x^2-0\times x+(-9)=0$

या $\mathbf{x^2-9=0}$ **उत्तर**

(vii) दिए गए मूल $=-3$ तथा $\frac{1}{3}$

मूलों का योगफल $=-3+\frac{1}{3}=\frac{-9+1}{3}=\frac{-8}{3}$

तथा मूलों का गुणनफल $=-3\times\frac{1}{3}=-1$

$\therefore$ द्विघात समीकरण; x^2- (मूलों का योगफल)$x+$ मूलों का गुणनफल $=0$

या $x^2-\left(\frac{-8}{3}\right)x+(-1)=0$ या $x^2+\frac{8}{3}x-1=0$

या $\mathbf{3x^2+8x-3=0}$ **उत्तर**

(viii) दिए गए मूल $=-5$ तथा $-\frac{1}{5}$

मूलों का योगफल $=-5+\left(-\frac{1}{5}\right)=-5-\frac{1}{5}=\frac{-25-1}{5}=\frac{-26}{5}$

तथा मूलों का गुणनफल $=-5\times\left(-\frac{1}{5}\right)=1$

$\therefore$ द्विघात समीकरण; x^2- (मूलों का योगफल)$x+$ मूलों का गुणनफल $=0$

या $x^2-\left(\frac{-26}{5}\right)x+1=0$ या $\mathbf{5x^2+26x+5=0}$ **उत्तर**

(ix) दिए गए मूल $=-\frac{3}{2}$ तथा $-\frac{1}{2}$

मूलों का योगफल $=-\frac{3}{2}+\left(-\frac{1}{2}\right)=-\frac{3}{2}-\frac{1}{2}=\frac{-3-1}{2}=\frac{-4}{2}=-2$

तथा मूलों का गुणनफल $=-\frac{3}{2}\times\left(-\frac{1}{2}\right)=\frac{3}{4}$

$\therefore$ द्विघात समीकरण; x^2- (मूलों का योगफल)$x+$ मूलों का गुणनफल $=0$

या $x^2-(-2)x+\frac{3}{4}=0$ या $x^2+2x+\frac{3}{4}=0$

या $\mathbf{4x^2+8x+3=0}$ **उत्तर**

(x) दिए गए मूल $=1+\frac{\sqrt{5}}{2}$ तथा $1-\frac{\sqrt{5}}{2}$

मूलों का योगफल $=\left(1+\frac{\sqrt{5}}{2}\right)+\left(1-\frac{\sqrt{5}}{2}\right)=1+\frac{\sqrt{5}}{2}+1-\frac{\sqrt{5}}{2}=2$

तथा मूलों का गुणनफल $=\left(1+\frac{\sqrt{5}}{2}\right)\times\left(1-\frac{\sqrt{5}}{2}\right)=1-\frac{5}{4}=-\frac{1}{4}$

$\therefore$ द्विघात समीकरण; x^2- (मूलों का योगफल)$x+$ मूलों का गुणनफल $=0$

या $x^2-2x+\left(-\frac{1}{4}\right)=0$ या $x^2-2x-\frac{1}{4}=0$

या $\mathbf{4x^2-8x-1=0}$ **उत्तर**

11. यदि समीकरण $x^2-3x+k=0$ का एक मूल दूसरे मूल का दो गुना है तो k का मान ज्ञात कीजिए।

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $x^2-3x+k=0$

प्रश्नानुसार, समीकरण एक मूल 2α हो, तो दूसरा α मूल होगा।

अतः मूलों का योगफल $(2\alpha+\alpha)=-\frac{x \text{ का गुणांक}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$ या $2\alpha+\alpha=-\frac{-3}{1}$

या $3\alpha=3$ या $\alpha=1$

तथा मूलों का गुणनफल $(2\alpha+\alpha)=\frac{\text{अचर पद}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$ या $2\alpha\times\alpha=\frac{k}{1}$

या $2\alpha^2=k$ या $k=2\alpha^2$

या $k=2\times1^2=2\times1=2$ **उत्तर**

12. यदि समीकरण $2x^2-8x-m=0$ का एक मूल $\frac{5}{2}$ है, तो दूसरा मूल तथा m का मान ज्ञात कीजिए।

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $2x^2-8x-m=0$, तथा समीकरण का एक मूल $(\alpha)=\frac{5}{2}$

माना समीकरण का दूसरा मूल $=\beta$

मूलों का योगफल $=(\alpha+\beta)=-\frac{x \text{ का गुणांक}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$ या $\frac{5}{2}+\beta=\frac{-8}{2}$

या $\frac{5}{2}+\beta=4$ या $\beta=4-\frac{5}{2}$ या $\beta=\frac{3}{2}$

तथा मूलों का गुणनफल $=(\alpha\beta)=\frac{\text{अचर पद}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$

या $\frac{5}{2}\times\frac{3}{2}=\frac{-m}{2}$

या $\frac{15}{2}=-m$ या $m=-\frac{15}{2}$ **उत्तर**

13. समीकरण $x^2-7x+12=0$ के मूलों के व्युत्क्रमों का योग ज्ञात कीजिए।

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $x^2-7x+12=0$

माना समीकरण के मूल α व β हैं। तब

मूलों का योगफल $=(\alpha+\beta)=\frac{x \text{ का गुणांक}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$

या $\alpha+\beta=\frac{-7}{1}=7$ ...(1)

तथा मूलों का गुणनफल $=(\alpha\beta)=\frac{\text{अचर पद}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$

या $\alpha\beta=\frac{12}{1}=12$ ...(2)

अब मूलों के व्युत्क्रमों का योग $= \frac{1}{\alpha}+\frac{1}{\beta}=\frac{\beta+\alpha}{\alpha\beta}=\frac{\alpha+\beta}{\alpha\beta}=\frac{7}{12}$ (समी० (1) व (2) से)

उत्तर

14. यदि समीकरण $ax^2+bx+c=0$ के मूल α और β हों, तो वह समीकरण ज्ञात कीजिए, जिसके मूल $\alpha+h$ और $\beta+h$ हैं।

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $ax^2+bx+c=0$ तथा मूल α व β हैं। तब

मूलों का योगफल $(\alpha+\beta)=\frac{x \text{ का गुणांक}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$

या $$\alpha+\beta=-\frac{b}{a} \quad ...(1)$$

तथा मूलों का गुणनफल $(\alpha\beta)=\frac{\text{अचर पद}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$

या $$\alpha\beta=\frac{c}{a} \quad ...(2)$$

दिए गए मूल $\alpha+h$ तथ $\beta+h$

मूलों का योगफल $=\alpha+h+\beta+h=\alpha+\beta+2h=-\frac{b}{a}+2h=\left(2h-\frac{b}{a}\right)$

मूलों का गुणनफल $=(\alpha+h)(\beta+h)=\alpha\beta+\alpha h+\beta h+h^2$

$$=\alpha\beta+(\alpha+\beta)h+h^2$$

$$=\frac{c}{a}+\left(-\frac{b}{a}\right)h+h^2=\frac{c}{a}-\frac{b}{a}h+h^2$$

$\therefore$ द्विघात समीकरण; x^2-(मूलों का योगफल)$x+$ मूलों का गुणनफल $=0$

या $$x^2-\left(2h-\frac{b}{a}\right)x+\frac{c}{a}-\frac{b}{a}h+h^2=0$$

या $$x^2-\left(-\frac{b}{a}+2h\right)x+h^2-\frac{b}{a}h+\frac{c}{a}=0$$

या $$x^2+\left(\frac{b}{a}-2h\right)x+h^2-\frac{b}{a}h+\frac{c}{a}=0$$

दोनों पक्षों में a से गुणा करने पर,

$$ax^2+(b-2ah)x+(ah^2-bh+c)=0$$

उत्तर

15. यदि समीकरण $px^2+qx+r=0$ का एक मूल दूसरे मूल का दो गुना हो, तो सिद्ध कीजिए कि– $2q^2=9pr$

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $px^2+qx+r=0$

माना समीकरण का दूसरा मूल α है, तो पहला मूल $=$ दूसरा मूल $\times 2=2\alpha$ होगा।

अतः मूलों का योगफल $=2\alpha+\alpha=\frac{x \text{ का गुणांक}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$

या $3\alpha = -\frac{q}{p}$ या $\alpha = -\frac{q}{3p}$ ...(1)

तथा मूलों का गुणनफल $= 2\alpha \times \alpha = \frac{\text{अचर पद}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$

या $2\alpha^2 = \frac{r}{p}$ या $2\left(-\frac{q}{3p}\right)^2 = \frac{r}{p}$ [समी० (1) से]

या $2 \times \frac{q^2}{9p^2} = \frac{r}{p}$ या $2q^2 = \frac{9p^2 r}{p}$

या $2q^2 = 9pr$ इति सिद्धम्

16. यदि α और β द्विघात समीकरण $ax^2 + bx + c = 0$ के मूल हों, तो निम्नलिखित के मान ज्ञात कीजिए–

(i) $\frac{\alpha}{\beta} + \frac{\beta}{\alpha}$ **(ii)** $\frac{\alpha^2}{\beta} + \frac{\beta^2}{\alpha}$ (iii) $\alpha^3 + \beta^3$

(iv) $\alpha^2 + \beta^2$ **(v)** $\alpha^2 + \alpha\beta + \beta^2$

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $ax^2 + bx + c = 0$ के मूल α व β हैं।

अतः मूलों का योगफल $= \alpha + \beta = -\frac{b}{a}$ ...(1)

तथा मूलों का गुणनफल $= \alpha\beta = \frac{c}{a}$ ...(2)

(i) $\frac{\alpha}{\beta} + \frac{\beta}{\alpha} = \frac{\alpha^2 + \beta^2}{\alpha\beta}$

या $= \frac{\alpha^2 + \beta^2 + 2\alpha\beta - 2\alpha\beta}{\alpha\beta}$ या $= \frac{(\alpha + \beta)^2 - 2\alpha\beta}{\alpha\beta}$

या $= \frac{\left(-\frac{b}{a}\right)^2 - 2\frac{c}{a}}{\frac{c}{a}}$ या $= \frac{\frac{b^2}{a^2} - \frac{2c}{a}}{\frac{c}{a}}$

$= \frac{b^2 - 2ac}{a^2} \times \frac{a}{c} = \frac{\boldsymbol{b^2 - 2ac}}{\boldsymbol{ac}}$ **उत्तर**

(ii) $\frac{\alpha^2}{\beta} + \frac{\beta^2}{\alpha} = \frac{\alpha^3 + \beta^3}{\alpha\beta}$

या $= \frac{(\alpha + \beta)(\alpha^2 + \beta^2 - \alpha\beta)}{\alpha\beta}$

या $= \frac{(\alpha + \beta)(\alpha^2 + \beta^2 + 2\alpha\beta - 3\alpha\beta)}{\alpha\beta}$

या $= \dfrac{(\alpha+\beta)\{(\alpha+\beta)^2 - 3\alpha\beta\}}{\alpha\beta} = \dfrac{-\dfrac{b}{a}\left\{\left(-\dfrac{b}{a}\right)^2 - 3\dfrac{c}{a}\right\}}{\dfrac{c}{a}}$

या $= \dfrac{-\dfrac{b}{a}\left\{\dfrac{b^2}{a^2} - \dfrac{3c}{a}\right\}}{\dfrac{c}{a}}$ या $= \dfrac{-\dfrac{b}{a}\left\{\dfrac{b^2-3ac}{a^2}\right\}}{\dfrac{c}{a}}$

या $= \dfrac{-\dfrac{b}{a^3}(b^2-3ac)}{\dfrac{c}{a}}$ या $= -\dfrac{ab}{a^3c}(b^2-3ac)$

$= \dfrac{-b^3+3abc}{a^2c}$ **उत्तर**

(iii) $\alpha^3+\beta^3 = (\alpha+\beta)(\alpha^2+\beta^2-\alpha\beta)$

या $= (\alpha+\beta)(\alpha^2+\beta^2+2\alpha\beta-3\alpha\beta)$

या $= (\alpha+\beta)\{(\alpha+\beta)^2-3\alpha\beta\}$

$= -\dfrac{b}{a}\left\{\left(-\dfrac{b}{a}\right)^2 - 3\dfrac{c}{a}\right\}$ या $= -\dfrac{b}{a}\left\{\dfrac{b^2}{a^2} - \dfrac{3c}{a}\right\}$

$= -\dfrac{b}{a}\left\{\dfrac{b^2-3ac}{a^2}\right\}$ या $= \dfrac{-b^3+3abc}{a^3}$ **उत्तर**

(iv) $\alpha^2+\beta^2 = \alpha^2+\beta^2+2\alpha\beta-2\alpha\beta = (\alpha+\beta)^2-2\alpha\beta$

$= \left(-\dfrac{b}{a}\right)^2 - 2\times\dfrac{c}{a} = \dfrac{b^2}{a^2} - \dfrac{2c}{a} = \dfrac{b^2-2ac}{a^2}$ **उत्तर**

(v) $\alpha^2+\alpha\beta+\beta^2 = \alpha^2+\beta^2+2\alpha\beta-\alpha\beta = (\alpha+\beta)^2-\alpha\beta$

$= \left(-\dfrac{b}{a}\right)^2 - \dfrac{c}{a} = \dfrac{b^2}{a^2} - \dfrac{c}{a} = \dfrac{b^2-ac}{a^2}$ **उत्तर**

17. यदि α और β द्विघात समीकरण $2x^2-3x+5=0$ के मूल हों, तो $\alpha^2\beta+\beta^2\alpha$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $2x^2-3x+5=0$

मूलों का योगफल $= \alpha+\beta = \dfrac{x \text{ का गुणांक}}{x^2 \text{ का गुणांक}} = \dfrac{-3}{2} = \dfrac{3}{2}$

तथा मूलों का गुणनफल $= \alpha\beta = \dfrac{\text{अचर पद}}{x^2 \text{ का गुणांक}} = \dfrac{5}{2}$

अतः $\alpha^2\beta+\beta^2\alpha = \alpha\beta(\alpha+\beta) = \dfrac{5}{2}\times\dfrac{3}{2} = \dfrac{15}{4}$ **उत्तर**

18. वह द्विघात समीकरण बनाइए, जिसके मूल $p-2q$ व $p+2q$ हैं।

हल– दिए गए मूल $= p-2q$ तथा $p+2q$

मूलों का योगफल $= p-2q+p+2q = 2p$

तथा मूलों का गुणनफल $= (p-2q)(p+2q) = p^2-4q^2$

अत: द्विघात समीकरण; $x^2 -$ (मूलों का योगफल)$x +$ मूलों का गुणनफल $= 0$

या $x^2 - 2px + (p^2 - 4q^2) = 0$ **उत्तर**

19. यदि समीकरण $3kx^2 - 25kx + k + 8 = 0$ के मूलों का गुणनफल 1 हो, तो k का मान ज्ञात कीजिए।

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $3kx^2 - 25kx + k + 8 = 0$

$$\text{मूलों का गुणनफल} = \frac{\text{अचर पद}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$$

या $1 = \dfrac{k+8}{3k}$ या $3k = k+8$ या $3k - k = 8$

या $k = 4$ **उत्तर**

20. यदि समीकरण $ax^2 + bx + c = 0$ के मूल α व β हैं, तो $\dfrac{1}{\alpha^2} + \dfrac{1}{\beta^2}$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $ax^2 + bx + c = 0$ के मूल α व β हैं।

$$\text{मूलों का योगफल} = \alpha + \beta = -\frac{x \text{ का गुणांक}}{x^2 \text{ का गुणांक}} \quad \text{या} \quad (\alpha+\beta) = -\frac{b}{a}$$

$$\text{तथा मूलों का गुणनफल} = \alpha\beta = \frac{\text{अचर पद}}{x^2 \text{ का गुणांक}} \quad \text{या} \quad \alpha\beta = \frac{c}{a}$$

अत:
$$\frac{1}{\alpha^2} + \frac{1}{\beta^2} = \frac{\beta^2 + \alpha^2}{\alpha^2\beta^2}$$

$$= \frac{\alpha^2 + \beta^2 + 2\alpha\beta - 2\alpha\beta}{\alpha^2\beta^2} = \frac{(\alpha+\beta)^2 - 2\alpha\beta}{(\alpha\beta)^2}$$

$$= \frac{\left(-\frac{b}{a}\right)^2 - 2\frac{c}{a}}{\left(\frac{c}{a}\right)^2} = \frac{\frac{b^2}{a^2} - \frac{2c}{a}}{\frac{c^2}{a^2}}$$

$$= \frac{b^2 - 2ac}{a^2} \times \frac{a^2}{c^2} = \frac{b^2 - 2ac}{c^2}$$ **उत्तर**

21. यदि समीकरण $lx^2 + nx + n = 0$ के मूल $p : q$ के अनुपात में हैं, तो सिद्ध कीजिए–

$$\sqrt{\frac{p}{q}} + \sqrt{\frac{q}{p}} + \sqrt{\frac{n}{l}} = 0$$

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $lx^2+nx+n=0$ तथा मूल $p:q$ के अनुपात में है।

अतः मूलों का योगफल $=p+q=-\dfrac{x \text{ का गुणांक}}{x^2 \text{ का गुणांक}}=-\dfrac{n}{l}$

तथा मूलों का गुणनफल $=pq=\dfrac{\text{अचर पद}}{x^2 \text{ का गुणांक}}=\dfrac{n}{l}$

$$\text{L.H.S.} \quad =\sqrt{\frac{p}{q}}+\sqrt{\frac{q}{p}}+\sqrt{\frac{n}{l}}=\frac{p+q}{\sqrt{pq}}+\sqrt{\frac{n}{l}}$$

$$=-\frac{n/l}{\sqrt{n/l}}+\sqrt{\frac{n}{l}}=-\sqrt{\frac{n}{l}}+\sqrt{\frac{n}{l}}=0=\text{R.H.S.}$$

22. यदि समीकरण $ax^2+bx+c=0$ का एक मूल दूसरे मूल का दो गुना हो तो सिद्ध कीजिए—

$$2b^2=9ac$$

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $ax^2+bx+c=0$

माना समीकरण का एक मूल 2α तब दूसरा मूल α होगा।

अतः मूलों का योगफल $=2\alpha+\alpha=-\dfrac{x \text{ का गुणांक}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$ या $3\alpha=-\dfrac{b}{a}$

या $$\alpha=-\frac{b}{3a} \qquad \ldots(1)$$

तथा मूलों का गुणनफल $=2\alpha\times\alpha=\dfrac{\text{अचर पद}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$ या $2\alpha^2=\dfrac{c}{a}$

या $$2\left(-\frac{b}{3a}\right)^2=\frac{c}{a} \qquad \text{(समी० (1) से)}$$

या $$2\times\frac{b^2}{9a^2}=\frac{c}{a} \quad \text{या} \quad 2b^2=\frac{9a^2c}{a}$$

या $$2b^2=9ac \qquad \textbf{इति सिद्धम्}$$

23. यदि समीकरण $ax^2-bx+b=0$ के मूल α व β हैं, तो सिद्ध कीजिए–

$$\sqrt{\frac{\alpha}{\beta}}+\sqrt{\frac{\beta}{\alpha}}-\sqrt{\frac{b}{a}}=0$$

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $ax^2-bx+b=0$ तथा इसके मूल α व β हैं।

मूलों का योगफल $=\alpha+\beta=-\dfrac{x \text{ का गुणांक}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$

या $$(\alpha+\beta)=-\frac{-b}{a} \quad \text{या} \quad (\alpha+\beta)=\frac{b}{a}$$

तथा मूलों का गुणनफल $=\alpha\beta=\dfrac{\text{अचर पद}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$ या $\alpha\beta=\dfrac{b}{a}$

$$\text{L.H.S} = \sqrt{\frac{\alpha}{\beta}} + \sqrt{\frac{\beta}{\alpha}} - \sqrt{\frac{b}{a}}$$
$$= \frac{\alpha+\beta}{\sqrt{\alpha\beta}} - \sqrt{\frac{b}{a}} = \frac{b/a}{\sqrt{b/a}} - \sqrt{\frac{b}{a}}$$
$$= \sqrt{\frac{b}{a}} - \sqrt{\frac{b}{a}} = 0 = \text{R.H.S}$$

24. यदि समीकरण $2x^2 - 3x + 1 = 0$ के मूल α व β हैं, तो व्यंजक $(\alpha^2\beta + \beta^2\alpha)$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $2x^2 - 3x + 1 = 0$ तथा मूल α व β हैं।

अत: मूलों का योगफल $= \alpha + \beta = -\frac{x \text{ का गुणांक}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$

या $\alpha + \beta = \frac{-3}{2} = \frac{3}{2}$

तथा मूलों का गुणनफल $= \alpha\beta = \frac{\text{अचर पद}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$ या $\alpha\beta = \frac{1}{2}$

अब, $\alpha^2\beta + \beta^2\alpha = \alpha\beta(\alpha+\beta) = \frac{1}{2} \times \frac{3}{2} = \frac{3}{4}$ **उत्तर**

25. यदि समीकरण $ax^2 + bx + c = 0$ के मूल α व β हैं, तो व्यंजक $(\alpha^3 + \beta^3)$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $ax^2 + bx + c = 0$ तथा मूल α व β हैं।

अत: मूलों का योगफल $= \alpha + \beta = -\frac{x \text{ का गुणांक}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$ या $\alpha + \beta = -\frac{b}{a}$

तथा मूलों का गुणनफल $= \alpha\beta = \frac{\text{अचर पद}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$ या $\alpha\beta = \frac{c}{a}$

अब, $\alpha^3 + \beta^3 = (\alpha+\beta)(\alpha^2 + \beta^2 - \alpha\beta) = (\alpha+\beta)(\alpha^2 + \beta^2 + 2\alpha\beta - 3\alpha\beta)$
$= (\alpha+\beta)\{(\alpha+\beta)^2 - 3\alpha\beta\} = (\alpha+\beta)^3 - 3\alpha\beta(\alpha+\beta)$
$= \left(-\frac{b}{a}\right)^3 - 3\frac{c}{a} \times \left(-\frac{b}{a}\right) = -\frac{b^3}{a^3} + 3\frac{bc}{a^2}$
$= \frac{-b^3 + 3abc}{a^3} = \frac{3abc - b^3}{a^3} = \frac{b(3ac - b^2)}{a^3}$ **उत्तर**

26. यदि समीकरण $cx^2 + bx + a = 0$ के मूल α व β हैं, तो व्यंजक $(\alpha^3 - \beta^3)$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $cx^2 + bx + a = 0$ तथा मूल α व β हैं।

अत: मूलों का योगफल $= \alpha + \beta = -\frac{x \text{ का गुणांक}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$ या $\alpha + \beta = -\frac{b}{c}$

तथा मूलों का गुणनफल $= \alpha\beta = \frac{\text{अचर पद}}{x^2 \text{ का गुणांक}}$ या $\alpha\beta = \frac{a}{c}$

अब, $\alpha^3-\beta^3=(\alpha-\beta)(\alpha^2+\beta^2+\alpha\beta)=\sqrt{(\alpha-\beta)^2}\times(\alpha^2+\beta^2+2\alpha\beta-\alpha\beta)$

$=\sqrt{(\alpha^2+\beta^2-2\alpha\beta)}\times\{(\alpha+\beta)^2-\alpha\beta\}$

$=\sqrt{(\alpha^2+\beta^2+2\alpha\beta-4\alpha\beta)}\times\{(\alpha+\beta)^2-\alpha\beta\}$

$=\sqrt{\{(\alpha+\beta)^2-4\alpha\beta\}}\times\{(\alpha+\beta)^2-\alpha\beta\}$

$=\sqrt{\left\{\left(-\frac{b}{c}\right)^2-4\frac{a}{c}\right\}}\times\left\{\left(-\frac{b}{c}\right)^2-\frac{a}{c}\right\}$

$=\sqrt{\left(\frac{b^2}{c^2}-\frac{4a}{c}\right)}\times\left(\frac{b^2}{c^2}-\frac{a}{c}\right)=\sqrt{\frac{b^2-4ac}{c^2}}\times\left(\frac{b^2-ac}{c^2}\right)$

$=\frac{1}{c^3}(b^2-ac)\sqrt{(b^2-4ac)}$ **उत्तर**

27. यदि समीकरण $(l^2-3)x^2+3lx+3l+1=0$ के मूल आपस में व्युत्क्रम हों, तो l का मान ज्ञात कीजिए।

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $(l^2-3)x^2+3lx+3l+1=0$

माना इस समीकरण का एक मूल α है, तो दूसरा मूल $\frac{1}{\alpha}$ होगा।

मूलों का गुणनफल $=\alpha\times\frac{1}{\alpha}=\frac{\text{अचर पद}}{x^2\text{ का गुणांक}}$

या $1=\frac{3l+1}{l^2-3}$ या $l^2-3=3l+1$

या $l^2-3l-3-1=0$ या $l^2-3l-4=0$

या $l^2-4l+l-4=0$ या $l(l-4)+1(l-4)=0$

या $(l-4)(l+1)=0$

यदि $l-4=0$ तो $l=4$ तथा यदि $l+1=0$ तो $l=-1$ अतः $l=-1$ या 4 **उत्तर**

अभ्यास 3.7

निम्नलिखित समीकरणों को द्विघात समीकरण में परिवर्तित करके हल कीजिए–

1. $z^4-10z^2+9=0$

हल– दी गई समीकरण $z^4-10z^2+9=0$

या $(z^2)^2-10z^2+9=0$ [$z^2=x$ रखने पर]

या $x^2-10x+9=0$

या $x^2-9x-x+9=0$ या $x(x-9)-1(x-9)=0$

या $(x-9)(x-1)=0$ [$x=z^2$ रखने पर]

या $(z^2-9)(z^2-1)=0$

अब, यदि $z^2-9=0\Rightarrow z^2=9\Rightarrow z=\pm\sqrt{9}\Rightarrow\pm3$

तथा यदि $z^2-1=0 \Rightarrow z^2=1 \Rightarrow z=\pm\sqrt{1} \Rightarrow \pm 1$

अतः $z=\pm 3, \pm 1$ **उत्तर**

2. $x^4-26x^2+25=0$

हल– दी गई समीकरण, $x^4-26x^2+25=0$

या $(x^2)^2-26x^2+25=0$

या $y^2-26y+25=0$ [$x^2=y$ रखने पर]

या $y^2-25y-y+25=0$ या $y(y-25)-1(y-25)=0$

या $(y-25)(y-1)=0$

या $(x^2-25)(x^2-1)=0$ [$y=x^2$ रखने पर]

अब, यदि $x^2-25=0$ तो $x=\pm\sqrt{25}=\pm 5$ तथा यदि $x^2-1=0$ तो $x=\pm\sqrt{1}=\pm 1$

अतः $x=\pm 1, \pm 5$ **उत्तर**

3. $(x+1)(x+2)(x+3)(x+4)-8=0$

हल– दी गई समीकरण, $(x+1)(x+2)(x+3)(x+4)-8=0$

या $(x+1)(x+4)(x+2)(x+3)-8=0$

या $(x^2+5x+4)(x^2+5x+6)-8=0$

या $(y+4)(y+6)-8=0$ ($x^2+5x=y$ रखने पर)

या $y^2+10y+24-8=0$ या $y^2+10y+16=0$

या $(y+8)(y+2)=0$

यदि $y+8=0$ तो $x^2+5x+8=0$ यहाँ $a=1, b=5, c=8$

$D=b^2-4ac=5^2-4\times 1\times 8=25-32=-7$

या $D<0$ अतः समीकरण के मूल **वास्तविक नहीं** हैं।

यदि $y+2=0$ तो $x^2+5x+2=0$ ($y=x^2+5x$ रखने पर)

यहाँ $a=1, b=5, c=2$

श्रीधराचार्य सूत्र से,

$$x=\frac{-b\pm\sqrt{b^2-4ac}}{2a}=\frac{-5\pm\sqrt{5^2-4\times 1\times 2}}{2\times 1}$$

$$=\frac{-5\pm\sqrt{25-8}}{2}=\frac{-5\pm\sqrt{17}}{2}$$ **उत्तर**

4. $2x+\frac{4}{x}=9$

हल– दी गई समीकरण, $2x+\frac{4}{x}=9$

या $2x^2+4=9x$ या $2x^2-9x+4=0$

या $2x^2-x-8x+4=0$ या $x(2x-1)-4(2x-1)=0$

या $(2x-1)(x-4)=0$

अब, यदि $2x-1=0$ तो $x=1/2$

तथा यदि $x-4=0$ तो $x=4$ **उत्तर**

5. $\sqrt{x^2+2}+\sqrt{3x}=0$

हल– दी गई समीकरण, $\sqrt{x^2+2}+\sqrt{3x}=0$

या $\sqrt{x^2+2}=-\sqrt{3x}$ (दोनों पक्षों का वर्ग करने पर)

$x^2+2=3x$

या $x^2-3x+2=0$ या $(x-1)(x-2)=0$

अब, यदि $x-1=0$ तो $x=1$

तथा यदि $x-2=0$ तो $x=2$

अतः $x=\mathbf{1, 2}$ **उत्तर**

6. $(x^2+3x+2)^2-8(x^2+3x)-4=0$

हल– दी गई समीकरण, $(x^2+3x+2)^2-8(x^2+3x)-4=0$

या $(y+2)^2-8y-4=0$ ($x^2+3x=y$ रखने पर)

या $y^2+4y+4-8y-4=0$ या $y^2-4y=0$ या $y(y-4)=0$

अतः $y=0$ तथा $y-4=0$ या $y=4$

या $x^2+3x=0$ तथा $x^2+3x-4=0$ ($y=x^2+3x$ रखने पर)

या $x(x+3)=0$ तथा $x^2+4x-x-4=0$

अब $x=0$ या $x+3=0$ तथा $x(x+4)-1(x+4)=0$

या $x=-3$ तथा $(x+4)(x-1)=0$

यदि $x+4=0$ तो $x=-4$

यदि $x-1=0$ तो $x=1$

अतः $x=\mathbf{(0, -3, 1, -4)}$ **उत्तर**

7. $x-2-\sqrt{2x-5}=0$

हल– दी गई समीकरण, $x-2-\sqrt{2x-5}=0$

या $(x-2)=\sqrt{2x-5}$

या $(x-2)^2=(2x-5)$ (दोनों पक्षों का वर्ग करने पर)

या $x^2-4x+4=2x-5$ या $x^2-4x-2x+4+5=0$

या $x^2-6x+9=0$

या $(x-3)^2=0$ या $(x-3)=0$ या $x=3$ **उत्तर**

8. $\dfrac{x-2}{x+2}+\dfrac{x+2}{x-2}=2\dfrac{1}{2}$

हल– दी गई समीकरण, $\dfrac{x-2}{x+2}+\dfrac{x+2}{x-2}=2\dfrac{1}{2}$

या $\dfrac{(x-2)^2+(x+2)^2}{(x+2)(x-2)}=\dfrac{5}{2}$ या $\dfrac{x^2+4-4x+x^2+4+4x}{x^2-4}=\dfrac{5}{2}$

या $\dfrac{2x^2+8}{x^2-4}=\dfrac{5}{2}$ या $4x^2+16=5x^2-20$

या $5x^2-4x^2-20-16=0$ या $x^2-36=0$

या $x^2=36 \Rightarrow x=\pm\sqrt{36} \Rightarrow x=\pm 6$ **उत्तर**

9. $6\left(\frac{2x+5}{x+1}\right)-4\left(\frac{x+1}{2x+5}\right)=5$

हल– दी गई समीकरण, $6\left(\frac{2x+5}{x+1}\right)-4\left(\frac{x+1}{2x+5}\right)=5$

या $6y-4\frac{1}{y}=5$ $\left(\frac{2x+5}{x+1}=y \text{ रखने पर}\right)$

या $6y^2-4=5y$ या $6y^2-5y-4=0$

या $6y^2-8y+3y-4=0$ या $2y(3y-4)+1(3y-4)=0$

या $(3y-4)(2y+1)=0$

अब, यदि $3y-4=0$ तो $3\times\frac{2x+5}{x+1}-4=0$ $\left(y=\frac{2x+5}{x+1} \text{ रखने पर}\right)$

या $6x+15-4x-4=0$ या $2x+11=0$ या $x=\frac{11}{2}$

तथा यदि $2y+1=0$ तो $2\times\frac{2x+5}{x+1}+1=0$ $\left(y=\frac{2x+5}{x+1} \text{ रखने पर}\right)$

या $4x+10+x+1=0$ या $5x+11=0$ या $x=-\frac{11}{5}$

अत: $x=-\frac{11}{2},-\frac{11}{5}$ **उत्तर**

10. $\sqrt{2x^2-2x+21}=2x-3$

हल– दी गई समीकरण, $\sqrt{2x^2-2x+21}=2x-3$

या $2x^2-2x+21=(2x-3)^2$ (दोनों पक्षों का वर्ग करने पर)

या $2x^2-2x+21=4x^2-12x+9$ या $4x^2-2x^2-12x+2x+9-21=0$

या $2x^2-10x-12=0$ या $x^2-5x-6=0$

या $x^2-6x+x-6=0$ या $x(x-6)+1(x-6)=0$

या $(x-6)(x+1)=0$

अब, यदि $x-6=0$ तो $x=6$ या $x+1=0$ तो $x=-1$ **उत्तर**

11. $\sqrt{2x+9}=13-x$

हल– दी गई समीकरण, $\sqrt{2x+9}=13-x$

या $2x+9=(13-x)^2$ (दोनों पक्षों का वर्ग करने पर)

या $2x+9=169+x^2-26x$ या $x^2-26x-2x+169-9=0$

या $x^2-28x+160=0$ या $x^2-20x-8x+160=0$

या $x(x-20)-8(x-20)=0$ या $(x-20)(x-8)=0$

यदि $x-20=0$ तो $x=20$ तथा यदि $x-8=0$ तो $x=8$ **उत्तर**

12. $\sqrt{217-x}=x-7$

हल– दी गई समीकरण, $\sqrt{217-x}=x-7$

या $217-x=(x-7)^2$ (दोनों पक्षों का वर्ग करने पर)

या $217-x=x^2-14x+49$ या $x^2-14x+x+49-217=0$

या $x^2-13x-168=0$ या $x^2-(21-8)x-168=0$

या $x^2-21x+8x-168=0$ या $x(x-21)+8(x-21)=0$

या $(x-21)(x+8)=0$

यदि $x-21=0$ तो $x=\mathbf{21}$ तथा यदि $x+8=0$ तो $x=\mathbf{-8}$ **उत्तर**

13. $\sqrt{3x^2+x+5}=x-3$

हल– दी गई समीकरण, $\sqrt{3x^2+x+5}=x-3$

या $3x^2+x+5=(x-3)^2$ (दोनों पक्षों का वर्ग करने पर)

या $3x^2+x+5=x^2+9-6x$ या $3x^2-x^2+x+6x+5-9=0$

या $2x^2+7x-4=0$ या $2x^2+8x-x-4=0$

या $2x(x+4)-1(x+4)=0$ या $(x+4)(2x-1)=0$

यदि $x+4=0$ तो $x=\mathbf{-4}$ तथा $2x-1=0$ तो $x=\mathbf{\frac{1}{2}}$ **उत्तर**

14. $\sqrt{3x+10}+\sqrt{6-x}=6$

हल– दी गई समीकरण, $\sqrt{3x+10}+\sqrt{6-x}=6$

या $\sqrt{3x+10}=6-\sqrt{6-x}$

या $(\sqrt{3x+10})^2=(6-\sqrt{6-x})^2$ (दोनों पक्षों का वर्ग करने पर)

या $3x+10=36+(6-x)-12\sqrt{6-x}$

या $3x+10=36+6-x-12\sqrt{6-x}$

या $3x+x+10-36-6=-12\sqrt{6-x}$ या $4x-32=-12\sqrt{6-x}$

या $x-8=-3\sqrt{6-x}$

$(x-8)^2=(-3\sqrt{6-x})^2$ (पुनः दोनों पक्षों का वर्ग करने पर)

या $x^2+64-16x=9(6-x)$ या $x^2-16x+64=54-9x$

या $x^2-16x+9x+64-54=0$ या $x^2-7x+10=0$

या $x^2-2x-5x+10=0$ या $x(x-2)-5(x-2)=0$

या $(x-2)(x-5)=0$

अब, यदि $x-2=0$ तो $x=\mathbf{2}$ तथा यदि $x-5=0$ तो $x=\mathbf{5}$ **उत्तर**

15. $\sqrt{4-x}+\sqrt{x+9}=5$

हल– दी गई समीकरण, $\sqrt{4-x}+\sqrt{x+9}=5$

या $\sqrt{x+9}=5-\sqrt{4-x}$

या $(\sqrt{x+9})^2=(5-\sqrt{4-x})^2$ (दोनों पक्षों का वर्ग करने पर)

या $x+9=25+(4-x)-10\sqrt{4-x}$ या $x+9=25+4-x-10\sqrt{4-x}$

या $x+x+9-25-4=-10\sqrt{4-x}$ या $2x-20=-10\sqrt{4-x}$

या $x-10=-5\sqrt{4-x}$ (दोनों पक्षों को 2 से भाग करने पर)

या $(x-10)^2=[-5\sqrt{4-x}]^2$ (पुनः दोनों पक्षों का वर्ग करने पर)

या $x^2+100-20x=25(4-x)$ या $x^2+100-20x=100-25x$

या $x^2+100-100-20x+25x=0$ या $x^2+5x=0$ या $x(x+5)=0$

अतः $x=0$ या $x+5=0$ तो $x=-5$

अतः $x=\mathbf{0,-5}$ **उत्तर**

16. $\sqrt{2x+9}-\sqrt{x-4}=3$

हल– दी गई समीकरण, $\sqrt{2x+9}-\sqrt{x-4}=3$

या $\sqrt{2x+9}=3+\sqrt{x-4}$

$(\sqrt{2x+9})^2=(3+\sqrt{x-4})^2$ (दोनों पक्षों का वर्ग करने पर)

या $(2x+9)=9+(x-4)+6\sqrt{x-4}$

या $2x+9=9+x-4+6\sqrt{x-4}$

या $2x-x+9-9+4=6\sqrt{x-4}$

या $x+4=6\sqrt{x-4}$ पुनः दोनों पक्षों का वर्ग करने पर

$(x+4)^2=(6\sqrt{x-4})^2$

या $x^2+16+8x=36(x-4)$ या $x^2+16+8x-36(x-4)=0$

या $x^2+16+8x-36x+144=0$ या $x^2-28x+160=0$

या $x^2-20x-8x+160=0$ वा $x(x-20)-8(x-20)=0$

या $(x-20)(x-8)=0$

यदि $x-20=0$ तो $x=\mathbf{20}$ यदि $x-8=0$ तो $x=\mathbf{8}$ **उत्तर**

17. $\mathbf{6\left(x^2+\frac{1}{x^2}\right)-35\left(x+\frac{1}{x}\right)+62=0}$

हल– दी गई समीकरण, $6\left(x^2+\frac{1}{x^2}\right)-35\left(x+\frac{1}{x}\right)+62=0$ ...(1)

माना $x+\frac{1}{x}=y$ ...(2)

या $\left(x+\frac{1}{x}\right)^2=y^2$ या $x^2+\frac{1}{x^2}+2=y^2$

या $x^2+\frac{1}{x^2}=y^2-2$ ...(3)

समीकरण (2) व (3) के मान समीकरण (1) में रखने पर,

$6(y^2-2)-35y+62=0$ या $6y^2-12-35y+62=0$

या $6y^2-35y+50=0$ या $6y^2-20y-15y+50=0$

या $2y(3y-10)-5(3y-10)=0$ या $(3y-10)(2y-5)=0$

अब, यदि $3y-10=0$ तो $y=\frac{10}{3}$ तथा यदि $2y-5=0$ तो $y=\frac{5}{2}$

या $x+\frac{1}{x}=\frac{10}{3}$ तथा $x+\frac{1}{x}=\frac{5}{2}$

या $x^2+1=\frac{10x}{3}$ तथा $x^2+1=\frac{5x}{2}$

या $3x^2+3=10x$ तथा $2x^2+2=5x$

या $3x^2-10x+3=0$ तथा $2x^2-5x+2=0$

या $3x^2-9x-x+3=0$ तथा $2x^2-4x-x+2=0$

या $3x(x-3)-1(x-3)=0$ तथा $2x(x-2)-1(x-2)=0$

या $(x-3)(3x-1)=0$ तथा $(x-2)(2x-1)=0$

अतः $x=3,\frac{1}{3}$ अतः $x=2,\frac{1}{2}$

अतः $x=\mathbf{2, 3, \frac{1}{2}, \frac{1}{3}}$ **उत्तर**

18. $\mathbf{3\left(x^2+\frac{1}{x^2}\right)-16\left(x+\frac{1}{x}\right)+26=0}$

हल– दी गई समीकरण, $3\left(x^2+\frac{1}{x^2}\right)-16\left(x+\frac{1}{x}\right)+26=0$ ...(1)

माना $x+\frac{1}{x}=y$ ...(2)

या $\left(x+\frac{1}{x}\right)^2=y^2$ (दोनों पक्षों का वर्ग करने पर)

या $x^2+\frac{1}{x^2}+2=y^2$ या $x^2+\frac{1}{x^2}=y^2-2$ ...(3)

समीकरण (2) व (3) के मान समीकरण (1) में रखने पर,

$3(y^2-2)-16y+26=0$

या $3y^2-6-16y+26=0$ या $3y^2-16y+20=0$

या $3y^2-10y-6y+20=0$ या $y(3y-10)-2(3y-10)=0$

या $(3y-10)(y-2)=0$

यदि $3y-10=0$ तो $y=\frac{10}{3}$

या $x+\frac{1}{x}=\frac{10}{3}$

या $3x^2+3=10x$

या $3x^2-10x+3=0$

या $3x^2-9x-x+3=0$

या $3x(x-3)-1(x-3)=0$

या $(x-3)(3x-1)=0$

अतः $x=3$ या $x=\frac{1}{3}$

तथा यदि $y-2=0$ तो $y=2$

तथा $x+\frac{1}{x}=2$

तथा $x^2+1=2x$

तथा $x^2-2x+1=0$

तथा $(x-1)^2=0$

तथा $x-1=0$

तथा $x=1$

अतः $x=\mathbf{1, \frac{1}{3}, 3}$ **उत्तर**

19. $\mathbf{8\left(x^2+\frac{1}{x^2}\right)-42\left(x-\frac{1}{x}\right)+29=0}$

हल– दी गई समीकरण, $8\left(x^2+\frac{1}{x^2}\right)-42\left(x-\frac{1}{x}\right)+29=0$ ...(1)

माना $x-\frac{1}{x}=y$ ...(2)

या $\left(x-\frac{1}{x}\right)^2=y^2$ या $x^2+\frac{1}{x^2}-2=y^2$

या $x^2+\frac{1}{x^2}=y^2+2$ ...(3)

समीकरण (2) व (3) के मान समीकरण (1) में रखने पर,

$8(y^2+2)-42y+29=0$

या $8y^2+16-42y+29=0$

या $8y^2-42y+45=0$

या $8y^2-30y-12y+45=0$

या $2y(4y-15)-3(4y-15)=0$

या $(4y-15)(2y-3)=0$

अब, यदि $4y-15=0$

तो $4\left(x-\frac{1}{x}\right)-15=0$

या $4x^2-4-15x=0$

या $4x^2-16x+x-4=0$

या $4x(x-4)+1(x-4)=0$

या $(x-4)(4x+1)=0$

अतः $x=4, -\frac{1}{4}$

तथा $2y-3=0$

तो $2\left(x-\frac{1}{x}\right)-3=0$

तथा $2x^2-2-3x=0$

तथा $2x^2-4x+x-2=0$

तथा $2x(x-2)+1(x-2)=0$

तथा $(x-2)(2x+1)=0$

तथा $x=2, -\frac{1}{2}$

अतः $x=\mathbf{4, -\frac{1}{4}, 2, -\frac{1}{2}}$ **उत्तर**

20. $6\left(x^2+\frac{1}{x^2}\right)-25\left(x-\frac{1}{x}\right)+12=0$

हल– दी गई समीकरण, $6\left(x^2+\frac{1}{x^2}\right)-25\left(x-\frac{1}{x}\right)+12=0$ ...(1)

माना $x-\frac{1}{x}=y$ ...(2)

दोनों पक्षों का वर्ग करने पर,

$$\left(x-\frac{1}{x}\right)^2=y^2$$

$\Rightarrow \quad x^2+\frac{1}{x^2}-2=y^2$

या $x^2+\frac{1}{x^2}=y^2+2$ ...(3)

समीकरण (2) व (3) के मान समीकरण (1) में रखने पर,

$6(y^2+2)-25y+12=0$

या $6y^2+12-25y+12=0$ या $6y^2-25y+24=0$

या $6y^2-16y-9y+24=0$ या $2y(3y-8)-3(3y-8)=0$

या $(3y-8)(2y-3)=0$

अब, यदि $3y-8=0$ तथा यदि $2y-3=0$

तो $3\left(x-\frac{1}{x}\right)-8=0$ तो $2\left(x-\frac{1}{x}\right)-3=0$

या $3x-\frac{3}{x}-8=0$ तथा $2x-\frac{2}{x}-3=0$

या $3x^2-3-8x=0$ तथा $2x^2-2-3x=0$

या $3x^2-9x+x-3=0$ तथा $2x^2-4x+x-2=0$

या $3x(x-3)+1(x-3)=0$ तथा $2x(x-2)+1(x-2)=0$

या $(x-3)(3x+1)=0$ तथा $(x-2)(2x+1)=0$

अब, यदि $x-3=0\Rightarrow x=3$ अब, यदि $x-2=0\Rightarrow x=2$

तथा $3x+1=0\Rightarrow x=-\frac{1}{3}$ तथा $2x+1=0\Rightarrow x=-\frac{1}{2}$

अतः $x=3,-\frac{1}{3},2,-\frac{1}{2}$ **उत्तर**

21. $\left(x^2+\frac{1}{x^2}\right)-2\left(x-\frac{1}{x}\right)-17=0$

हल– दी गई समीकरण,

$$\left(x^2+\frac{1}{x^2}\right)-2\left(x-\frac{1}{x}\right)-17=0 \quad ...(1)$$

माना $x-\frac{1}{x}=y$ ...(2)

दोनों पक्षों का वर्ग करने पर,

$$\left(x-\frac{1}{x}\right)^2=y^2 \quad \text{या} \quad x^2+\frac{1}{x^2}-2=y^2$$

या $x^2+\frac{1}{x^2}=y^2+2$ ...(3)

अब समीकरण (2) व (3) के मान समीकरण (1) में रखने पर,

$(y^2+2)-2y-17=0$ या $y^2+2-2y-17=0$

या $y^2-2y-15=0$ या $y^2-5y+3y-15=0$

या $y(y-5)+3(y-5)=0$ या $(y-5)(y+3)=0$

अब यदि $y-5=0$ तो $x-\frac{1}{x}-5=0$

या $x^2-1-5x=0$ या $x^2-5x-1=0$

यहाँ $a=1, b=-5, c=-1$

अतः श्रीधराचार्य सूत्र से,

$$x=\frac{-b\pm\sqrt{b^2-4ac}}{2a}=\frac{-(-5)\pm\sqrt{(-5)^2-4\times1\times(-1)}}{2\times1}$$

$$=\frac{-(-5)\pm\sqrt{25+4}}{2}=\frac{(5)\pm\sqrt{29}}{2}$$

तथा यदि $y+3=0$ तब $x-\frac{1}{x}+3=0$

या $x^2+3x-1=0$

यहाँ $a=1, b=3, c=-1$

अतः श्रीधराचार्य सूत्र से,

$$x=\frac{-b\pm\sqrt{b^2-4ac}}{2a}=\frac{-3\pm\sqrt{3^2-4\times1\times(-1)}}{2\times1}$$

$$=\frac{-3\pm\sqrt{9+4}}{2}=\frac{-3\pm\sqrt{13}}{2}$$

अतः $x=\frac{5\pm\sqrt{29}}{2}, \frac{-3\pm\sqrt{13}}{2}$ **उत्तर**

22. $\sqrt{\frac{x}{1-x}}+\sqrt{\frac{1-x}{x}}=\frac{13}{6}$ $x\neq0, x\neq1$

हल– दी गई समीकरण,

$$\sqrt{\frac{x}{1-x}}+\sqrt{\frac{1-x}{x}}=\frac{13}{6} \qquad ...(1)$$

माना $\frac{x}{1-x}=y \Rightarrow \frac{1-x}{x}=\frac{1}{y}$ समीकरण (1) में रखने पर,

$$\sqrt{y}+\sqrt{\frac{1}{y}}=\frac{13}{6}$$

दोनों पक्षों का वर्ग करने पर,

$$\left(\sqrt{y}+\sqrt{\frac{1}{y}}\right)^2=\left(\frac{13}{6}\right)^2 \quad \text{या} \quad y+\frac{1}{y}+2=\frac{169}{36}$$

या $y^2+1+2y=\frac{169y}{36}$ या $36y^2+36+72y=169y$

या $36y^2+72y-169y+36=0$ या $36y^2-97y+36=0$

या $36y^2-81y-16y+36=0$

या $9y(4y-9)-4(4y-9)=0$

या $(4y-9)(9y-4)=0$

अब, यदि $4y-9=0$ तो $y=\frac{9}{4}$

या $\frac{x}{1-x}=\frac{9}{4}$ या $4x=9-9x$

या $4x+9x=9$ या $13x=9 \Rightarrow x=\frac{9}{13}$

तथा यदि $9y-4=0$ या $y=\frac{4}{9}$

या $\frac{x}{1-x}=\frac{4}{9}$ या $9x=4-4x$

या $9x+4x=4$ या $13x=4 \Rightarrow x=\frac{4}{13}$

अतः $x=\frac{9}{13}, \frac{4}{13}$ **उत्तर**

23. $\left(\frac{x}{x+1}\right)^2-5\left(\frac{x}{x+1}\right)+6=0,\ x\neq 1$

हल– दी गई समीकरण,

$$\left(\frac{x}{x+1}\right)^2-5\left(\frac{x}{x+1}\right)+6=0 \qquad ...(1)$$

माना $\frac{x}{x+1}=y$ समीकरण (1) में रखने पर,

$y^2-5y+6=0$ या $y^2-3y-2y+6=0$

या $y(y-3)-2(y-3)=0$ या $(y-3)(y-2)=0$

अब, यदि $y-3=0$ या $y=3$

या $\frac{x}{x+1}=3$ या $x=3x+3$

या $x-3x=3$ या $-2x=3 \Rightarrow x=-\frac{3}{2}$

तथा यदि $y-2=0 \Rightarrow y=2$ या $\frac{x}{x+1}=2$

या $x=2x+2$

या $x-2x=2 \Rightarrow -x=2 \Rightarrow x=-2$

अतः $x=\frac{3}{2}, -2$ **उत्तर**

24. $\left(\frac{x-2}{x+2}\right)^2+3-4\left(\frac{x-2}{x+2}\right)=0, \ (x \neq -2)$

हल– दी गई समीकरण $\left(\frac{x-2}{x+2}\right)^2+3-4\left(\frac{x-2}{x+2}\right)$ में $\frac{x-2}{x+2}=y$ रखने पर,

$y^2+3-4y=0$ या $y^2-3y-y+3=0$

$y(y-3)-1(y-3)=0$ या $(y-3)(y-1)=0$

अब, यदि $y-3=0$ या $y=3$

या $\frac{x-2}{x+2}=3$ या $x-2=3x+6$

या $x-3x=6+2$ या $-2x=8 \Rightarrow x=-4$

तथा यदि $y-1=0 \Rightarrow y=1$ या $\frac{x-2}{x+2}=1$ जो कि असान्य है।

अतः $x=-4$ **उत्तर**

25. $9\left(x+\frac{1}{x}\right)^2-27\left(x+\frac{1}{x}\right)=10$

हल– दी गई समीकरण $9\left(x+\frac{1}{x}\right)^2-27\left(x+\frac{1}{x}\right)=10$ में $x+\frac{1}{x}=y$ रखने पर,

$9y^2-27y-10=0$ या $9y^2-30y+3y-10=0$

$3y(3y-10)+1(3y-10)=0$

या $(3y-10)(3y+1)=0$

अब, यदि $3y-10=0$ या $3\left(x+\frac{1}{x}\right)-10=0$

या $3x^2+3-10x=0$ या $3x^2-9x-x+3=0$

या $3x(x-3)-1(x-3)=0$ या $(x-3)(3x-1)=0$

अतः $x=3, \frac{1}{3}$

तथा यदि $3y+1=0 \Rightarrow 3\left(x+\frac{1}{x}\right)+1=0$

या $3x^2+3+x=0$ या $3x^2+x+3=0$

यहाँ $a=3, b=1, c=3$

अतः $D=b^2-4ac=1^2-4\times 3\times 3=1-36=-35$

$D<0$ अतः समीकरण के मूल अवास्तविक होंगे।

अतः $x=3, \frac{1}{3}$ **उत्तर**

26. $\left(\frac{x-1}{x+1}\right)^4-13\left(\frac{x-1}{x+1}\right)^2+36=0$

हल– दी गई समीकरण, $\left(\frac{x-1}{x+1}\right)^4-13\left(\frac{x-1}{x+1}\right)^2+36=0$ में $\left(\frac{x-1}{x+1}\right)^2=y$ रखने पर

$y^2-13y+36=0$ या $y^2-9y-4y+36=0$

या $y(y-9)-4(y-9)=0$ या $(y-9)(y-4)=0$

अब यदि $y-9=0$ या $y=9$

या $\left(\frac{x-1}{x+1}\right)^2=9 \Rightarrow \frac{x-1}{x+1}=\pm\sqrt{9}$ या $\frac{x-1}{x+1}=\pm 3$

या $\frac{x-1}{x+1}=+3$ तथा $\frac{x-1}{x+1}=-3$

या $x-1=3x+3$ तथा $x-1=-3x-3$

या $x-3x=3+1$ तथा $x+3x=1-3$

या $-2x=4$ तथा $4x=-2$

या $x=-2$ तथा $x=-\frac{1}{2}$

तथा यदि $y-4=0 \Rightarrow y=4$

$\left(\frac{x-1}{x+1}\right)^2=4 \Rightarrow \left(\frac{x-1}{x+1}\right)=\pm\sqrt{4}$ या $\frac{x-1}{x+1}=\pm 2$

या $\frac{x-1}{x+1}=2$ तथा $\frac{x-1}{x+1}=-2$

या $x-1=-2x-2$

या $x-2x=2+1$ तथा $x-1=-2x-2$

तथा $x+2x=-2+1$

या $-x=3$ तथा $3x=-1 \Rightarrow x=-\frac{1}{3}$

या $x=-3$

अतः $x=-2, -\frac{1}{2}, -3, -\frac{1}{3}$ **उत्तर**

27. $2^{x+3}+2^{-x}=6$

हल– दी गई समीकरण, $2^{x+3}+2^{-x}=6$

या $2^x \times 2^3+\frac{1}{2^x}=6 \Rightarrow 8\times 2^x+\frac{1}{2^x}=6$

$2^x=y$ रखने पर,

$8y+\frac{1}{y}=6$ या $8y^2+1=6y$

या $8y^2-6y+1=0$ या $8y^2-4y-2y+1=0$

या $4y(2y-1)-1(2y-1)=0$

या $(2y-1)(4y-1)=0$

अब, यदि $2y-1=0$ या $2y=1$

या $2\times 2^x=1$ या $2^{x+1}=2^0$

दोनों पक्षों में घातों की तुलना करने पर,

$x+1=0$ या $x=-1$

तथा यदि $4y-1=0$ या $4\cdot 2^x=1$

या $2^2\cdot 2^x=1$ या $2^{2+x}=2^0$

दोनों पक्षों में घातों की तुलना करने पर,

$2+x=0 \Rightarrow x=-2$

अतः $x=-1,-2$ **उत्तर**

28. $y^{2/3}-2y^{1/3}=15$

हल– दी गई समीकरण, $y^{2/3}-2y^{1/3}=15$ में, $y^{1/3}=x$ रखने पर,

$x^2-2x=15$ या $x^2-2x-15=0$

या $x^2-5x+3x-15=0$ या $x(x-5)+3(x-5)=0$

या $(x-5)(x+3)=0$

अब, यदि $x-5=0$

या $x=5$ या $y^{1/3}=5$

या $y=5^3=125$

तथा यदि $x+3=0$ या $x=-3$

या $y^{1/3}=-3$ या $y=(-3)^3=-27$

अतः $y=125,-27$ **उत्तर**

29. $6x^{1/4}-x^{1/2}=9$

हल– दी गई समीकरण, $6x^{1/4}-x^{1/2}=9$ में $x^{1/4}=y$ रखने पर,

$6y-y^2=9$ या $y^2-6y+9=0$

या $(y-3)^2=0$ या $y-3=0$

या $y=3$ या $x^{1/4}=3$

या $(x^{1/4})^4=3^4$ या $x=81$ **उत्तर**

30. $2^{2x+3} = 65(2^x - 1) + 57$

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $2^{2x+3} = 65(2^x - 1) + 57$

या $2^{2x} \cdot 2^3 = 65 \times 2^x - 65 + 57$

या $8 \times (2^x)^2 = 65 \times 2^x - 8$

$2^x = y$ रखने पर,

$8y^2 = 65y - 8$ या $8y^2 - 65y + 8 = 0$

या $8y^2 - 64y - y + 8 = 0$ या $8y(y-8) - 1(y-8) = 0$

या $(y-8)(8y-1) = 0$

अब, यदि $y - 8 = 0$ तो $y = 8$

या $2^x = 2^3$ या $x = 3$

तथा यदि $8y - 1 = 0$ तो $y = \frac{1}{8} = \frac{1}{2^3} = 2^{-3}$

या $2^x = 2^{-3}$ या $x = -3$

अतः $x = 3, -3$ **उत्तर**

31. $x^3 + 3x^2 - 4x - 12 = 0$

हल– दी गई द्विघात समीकरण, $x^3 + 3x^2 - 4x - 12 = 0$

या $x^3 - 2x^2 + 5x^2 - 10x + 6x - 12 = 0$

या $x^2(x-2) + 5x(x-2) + 6(x-2) = 0$

या $(x-2)(x^2 + 5x + 6) = 0$

या $(x-2)\{x^2 + 3x + 2x + 6\} = 0$

या $(x-2)\{x(x+3) + 2(x+3)\} = 0$

या $(x-2)\{(x+3)(x+2)\} = 0$

या $(x-2)(x+3)(x+2) = 0$

अब, यदि $x - 2 = 0$ तो $x = 2$

यदि $x + 3 = 0$ तो $x = -3$

तथा यदि $x + 2 = 0$ तो $x = -2$

अतः $x = -2, -3, 2$ **उत्तर**

32. $(x^2 + 12x)^2 + 35(x^2 + 12x) + 150 = 0$

हल– दी गई समीकरण,

$(x^2 + 12x)^2 + 35(x^2 + 12x) + 150 = 0$ में $x^2 + 12x = y$ रखने पर,

$y^2 + 35y + 150 = 0$ या $y^2 + 30y + 5y + 150 = 0$

या $y(y+30) + 5(y+30) = 0$ या $(y+30)(y+5) = 0$

अब, यदि $y + 30 = 0$

तो $x^2 + 12x + 30 = 0$

यहाँ $a = 1, b = 12, c = 30$

अतः श्रीधराचार्य सूत्र से,

$$x=\frac{-b\pm\sqrt{b^2-4ac}}{2a}=\frac{-12\pm\sqrt{12^2-4\times1\times30}}{2\times1}$$
$$=\frac{-12\pm\sqrt{144-120}}{2}=\frac{-12\pm\sqrt{24}}{2}$$
$$=\frac{-12\pm2\sqrt{6}}{2}=-6\pm\sqrt{6}$$

तथा यदि $y+5=0$ तो $x^2+12x+5=0$

यहाँ $a=1, b=12, c=5$

अतः श्रीधराचार्य सूत्र से,

$$x=\frac{-b\pm\sqrt{b^2-4ac}}{2a}=\frac{-12\pm\sqrt{12^2-4\times1\times5}}{2\times1}$$
$$=\frac{-12\pm\sqrt{144-20}}{2}=\frac{-12\pm\sqrt{124}}{2}$$
$$=\frac{-12\pm2\sqrt{31}}{2}=-6\pm\sqrt{31}$$

अतः $x=-6\pm\sqrt{6},\ -6\pm\sqrt{31}$ **उत्तर**

33. $(25)^x-6(5)^x+5=0$

हल– दी गई समीकरण,

$$(25)^x-6(5)^x+5=0$$

या $(5)^{2x}-6(5)^x+5=0$ में $5^x=y$ रखने पर,

$$y^2-6y+5=0 \quad \text{या} \quad y^2-5y-y+5=0$$

या $y(y-5)-1(y-5)=0$ या $(y-5)(y-1)=0$

अब, यदि $(y-5)=0$ तो $y=5$

या $5^x=5^1 \Rightarrow x=1$

तथा यदि $y-1=0$ तो $y=1$

या $5^x=1$ या $5^x=5^0 \Rightarrow x=0$

अतः $x=0, 1$ **उत्तर**

34. $\frac{1}{x-3}-\frac{1}{x+5}=\frac{1}{6}$

हल– दी गई समीकरण, $\frac{1}{x-3}-\frac{1}{x+5}=\frac{1}{6}$

या $\frac{x+5-(x-3)}{(x-3)(x+5)}=\frac{1}{6}$

या $\frac{x+5-x+3}{x^2+5x-3x-15}=\frac{1}{6}$ या $\frac{8}{x^2+2x-15}=\frac{1}{6}$

या $x^2+2x-15=48$ या $x^2+2x-15-48=0$

या $x^2+2x-63=0$ या $x^2+9x-7x-63=0$

या $x(x+9)-7(x+9)=0$ या $(x+9)(x-7)=0$

अब, यदि $x+9=0$ तो $x=-9$

तथा यदि $x-7=0$ तो $x=7$

अतः $x=-9, 7$ **उत्तर**

अभ्यास 3.8

1. उन दो संख्याओं को ज्ञात कीजिए, जिनका योगफल 27 व गुणनफल 182 है।

हल– माना दो संख्याएँ x तथा y है।

प्रश्नानुसार, $x+y=27$ ...(1)

तथा $xy=182$ ...(2)

समीकरण (1) से $y=27-x$ समीकरण (2) में रखने पर,

$x(27-x)=182$ या $27x-x^2=182$

या $x^2-27x+182=0$ या $x^2-13x-14x+182=0$

या $x(x-13)-14(x-13)=0$ या $(x-13)(x-14)=0$

अब, यदि $x-13=0$ तो $x=13$ समीकरण (1) में रखने पर,

$13+y=27$ या $y=27-13$ या $y=14$

तथा यदि $x-14=0$ तो $x=14$ समीकरण (1) में रखने पर,

$14+y=27$ या $y=27-14$ या $y=13$

अतः अभीष्ट संख्याएँ $=13, 14$ **उत्तर**

2. ऐसे दो क्रमागत धनात्मक पूर्णांकों को ज्ञात कीजिए, जिनके वर्गों का योगफल 365 है।

हल– माना दो क्रमागत धन पूर्णांक x तथा $x+1$ हैं।

अतः प्रश्नानुसार,

$x^2+(x+1)^2=365$

या $x^2+x^2+2x+1=365$ या $2x^2+2x=365-1$

या $2x^2+2x=364$ या $x^2+x=182$

या $x^2+x-182=0$ या $x^2+14x-13x-182=0$

या $x(x+14)-13(x+14)=0$ या $(x+14)(x-13)=0$

अब, यदि $x+14=0$ तो $x=-14$ जो अमान्य है।

यदि $x-13=0$ तो $x=13$

तथा $x+1=13+1=14$

अतः अभीष्ट संख्याएँ $=13, 14$ **उत्तर**

3. एक समकोण त्रिभुज की ऊँचाई उसकी आधार भुजा से 7 सेमी कम है। यदि उसका कर्ण 13 सेमी है, तो अन्य दो भुजाएँ ज्ञात कीजिए।

हल– माना समकोण त्रिभुज की आधार भुजा $=x$ सेमी

प्रश्नानुसार, समकोण त्रिभुज की ऊँचाई $=(x-7)$ सेमी

तथा समकोण त्रिभुज का कर्ण $=13$ सेमी

हम जानते हैं कि— समकोण त्रिभुज में

$$(\text{कर्ण})^2 = (\text{आधार})^2 + (\text{ऊँचाई})^2$$

$$13^2 = x^2 + (x-7)^2 \quad \text{या} \quad 169 = x^2 + x^2 - 14x + 49$$

या $169 - 49 = 2x^2 - 14x$ या $120 = 2x^2 - 14x$

या $60 = x^2 - 7x$ या $x^2 - 12x + 5x - 60 = 0$

या $x(x-12) + 5(x-12) = 0$ या $(x-12)(x+5) = 0$

अब, यदि $x - 12 = 0$ तो $x = 12$

तथा यदि $x + 5 = 0$ तो $x = -5$ सेमी जो अमान्य है।

अतः समकोण त्रिभुज की ऊँचाई $= x - 7 = 12 - 7 = 5$ सेमी

अतः समकोण त्रिभुज की अन्य दो भुजाएँ = **5 सेमी व 12 सेमी हैं।** **उत्तर**

4. एक कुटीर उद्योग एक दिन में मिट्टी की वस्तुओं की निश्चित संख्या का उत्पादन करता है। एक विशेष दिन प्रेक्षण किया गया कि प्रत्येक वस्तु के उत्पादन का मूल्य (₹ में) उस दिन उत्पादित वस्तुओं की संख्या के दुगने से 3 अधिक था। यदि उस दिन उत्पादन का कुल मूल्य ₹ 90 था, तो उत्पादित वस्तुओं की संख्या तथा प्रत्येक वस्तु का मूल्य ज्ञात कीजिए।

हल– माना उत्पादित वस्तुओं की संख्या $= x$

तथा प्रत्येक वस्तु का मूल्य $= ₹\ y$

प्रश्नानुसार, $y = 2x + 3$ ...(1)

तथा उत्पादन का कुल मूल्य $xy = ₹\ 90$ ...(2)

समीकरण (1) से y का मान समीकरण (2) में रखने पर,

$$x(2x+3) = 90 \quad \text{या} \quad 2x^2 + 3x - 90 = 0$$

या $2x^2 + 15x - 12x - 90 = 0$

या $x(2x+15) - 6(2x+15) = 0$

या $(2x+15)(x-6) = 0$

यदि $2x + 15 = 0$ तो $x = \dfrac{-15}{2}$ जो अमान्य है।

अब, यदि $x - 6 = 0$ तो $x = 6$ समीकरण (1) में रखने पर,

$$y = 2 \times 6 + 3 = 12 + 3 = 15$$

अतः उत्पादित वस्तुओं की संख्या $= 6$

तथा प्रत्येक वस्तु का मूल्य $= ₹ 15$ **उत्तर**

5. एक आयताकार पार्क को इस तरह से बनाया गया है कि उसकी लम्बाई चौड़ाई से 3 मीटर अधिक है। इसका क्षेत्रफल 12 मीटर ऊँचाई वाले एक समद्विबाहु त्रिभुजाकार पार्क के क्षेत्रफल से 4 वर्ग मीटर अधिक है, जिसका आधार आयताकार पार्क की चौड़ाई के बराबर है। आयताकार पार्क की लम्बाई तथा चौड़ाई ज्ञात कीजिए।

हल– माना आयताकार पार्क की लम्बाई तथा चौड़ाई क्रमशः x व y मीटर हैं।

प्रश्नानुसार, $x = y + 3$ ...(1)

समद्विबाहु त्रिभुज का आधार = आयताकार पार्क की चौड़ाई

$= y$ मीटर

समद्विबाहु त्रिभुज की ऊँचाई = 12 मीटर

अतः समद्विबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2}$ आधार $\times$ ऊँचाई

$= \frac{1}{2} \times y \times 12 = 6y$ मीटर^2

पुनः प्रश्नानुसार,

आयताकार पार्क का क्षेत्रफल = समद्विबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल + 4

$$x \times y = 6y + 4 \quad \ldots(2)$$

समीकरण (2) में समीकरण (1) से $x = y + 3$ रखने पर,

$(y+3)\,y = 6y + 4$ या $y^2 + 3y = 6y + 4$

या $y^2 + 3y - 6y - 4 = 0$ या $y^2 - 3y - 4 = 0$

या $y^2 - 4y + y - 4 = 0$ या $y(y-4) + 1(y-4) = 0$

या $(y-4)(y+1) = 0$

अब, यदि $y - 4 = 0$ तो $y = 4$ समीकरण (1) में रखने पर,

$x = 4 + 3 = 7$ मीटर

अतः आयताकार मैदान की लम्बाई = **7 मीटर** तथा **चौड़ाई = 4 मीटर** **उत्तर**

6. एक मोटरबोट, जिसकी चाल शान्त जल में 18 किमी/घंटा है किसी बिन्दु से 24 किमी० धारा के अनुकूल जाने की अपेक्षा धारा के प्रतिकूल उसी बिन्दु तक आने में 1 घंटा अधिक समय लेती है। धारा की चाल ज्ञात कीजिए।

हल– माना धारा की चाल x किमी/घंटा है

शान्त जल में मोटरबोट की चाल = 18 किमी/घंटा

अतः धारा के अनुकूल मोटरबोट की चाल = $(18 + x)$ किमी/घंटा

तथा धारा के प्रतिकूल मोटरबोट की चाल = $(18 - x)$ किमी/घंटा

प्रत्येक दशा में मोटरबोट द्वारा तय दूरी = 24 किमी

धारा के अनुकूल जाने में लगा समय $= \frac{\text{तय दूरी}}{\text{धारा के अनुकूल चाल}}$

$$T_1 = \frac{24}{18 + x}$$

तथा धारा के प्रतिकूल आने में लगा समय $= \frac{\text{तय दूरी}}{\text{धारा के प्रतिकूल चाल}}$

$$T_2 = \frac{24}{18 - x}$$

प्रश्नानुसार, $T_2 - T_1 = 1$ या $\frac{24}{18-x} - \frac{24}{18+x} = 1$

या $24\left(\frac{1}{18-x} - \frac{1}{18+x}\right) = 1$ या $24\left\{\frac{18+x-(18-x)}{(18+x)(18-x)}\right\} = 1$

या $24\left\{\frac{18+x-18+x}{18^2 - x^2}\right\} = 1$ या $24\left(\frac{2x}{324 - x^2}\right) = 1$

या $48x = 324 - x^2$

या $x^2+48x-324=0$ या $x^2+54x-6x-324=0$

या $x(x+54)-6(x+54)=0$

या $(x+54)(x-6)=0$

अब, यदि $x+54=0 \Rightarrow x=-54$ किमी/घंटा जो अमान्य है।

तथा यदि $x-6=0 \Rightarrow x=6$ किमी/घंटा उत्तर

7. एक संख्या तथा उसके व्युत्क्रम का योगफल $\frac{13}{6}$ है। संख्या ज्ञात कीजिए।

हल– माना संख्या x है।

तब x का व्युत्क्रम $=\frac{1}{x}$

प्रश्नानुसार, $x+\frac{1}{x}=\frac{13}{6}$ या $\frac{x^2+1}{x}=\frac{13}{6}$

या $6x^2+6=13x$ या $6x^2-13x+6=0$

या $6x^2-9x-4x+6=0$ या $(2x-3)(3x-2)=0$

अब, यदि $2x-3=0$ या $2x=3 \Rightarrow x=\frac{3}{2}$

तथा यदि $3x-2=0$ तो $x=\frac{2}{3}$

अतः अभीष्ट संख्या $=\frac{2}{3}$ **या** $\frac{3}{2}$ उत्तर

8. एक संख्या तथा उसके व्युत्क्रम का योगफल $2\frac{9}{10}$ है। संख्या ज्ञात कीजिए।

हल– माना संख्या $=x$

तब x का व्युत्क्रम $=\frac{1}{x}$

प्रश्नानुसार, $x+\frac{1}{x}=2\frac{9}{10}$

या $\frac{x^2+1}{x}=\frac{29}{10}$ या $10x^2+10=29x$

या $10x^2-29x+10=0$ या $10x^2-25x-4x+10=0$

या $5x(2x-5)-2(2x-5)=0$ या $5x(2x-5)-2(2x-5)=0$

या $(2x-5)(5x-2)=0$

अब, यदि $2x-5=0 \Rightarrow x=\frac{5}{2}$

तथा यदि $5x-2=0 \Rightarrow x=\frac{2}{5}$

अतः अभीष्ट संख्या $=\frac{2}{5}$ **या** $\frac{5}{2}$ उत्तर

9. एक भिन्न का हर उसके अंश से 3 अधिक है। यदि भिन्न तथा उसके व्युत्क्रम का योगफल $2\frac{9}{10}$ है तो भिन्न ज्ञात कीजिए।

हल– माना भिन्न $=\frac{x}{y}$ तथा इसका व्युत्क्रम $=\frac{y}{x}$

प्रश्नानुसार, $y=x+3$ ...(1)

तथा $\frac{x}{y}+\frac{y}{x}=2\frac{9}{10}$

या $\frac{x}{x+3}+\frac{x+3}{x}=\frac{29}{10}$ (समीकरण 1 से)

या $\frac{x^2+(x+3)^2}{(x+3)x}=\frac{29}{10}$ या $\frac{x^2+x^2+6x+9}{x^2+3x}=\frac{29}{10}$

या $\frac{2x^2+6x+9}{x^2+3x}=\frac{29}{10}$

या $20x^2+60x+90=29x^2+87x$

या $9x^2+27x-90=0$ या $x^2+3x-10=0$

या $x^2+5x-2x-10=0$ या $x(x+5)-2(x+5)=0$

या $(x+5)(x-2)=0$

अब, यदि $x+5=0$ तो $x=-5$ जो अमान्य है।

तथा यदि $x-2=0 \Rightarrow x=2$ यह मान समीकरण (1) में रखने पर,

$$y=2+3=5$$

अतः भिन्न $=\frac{x}{y}=\frac{\mathbf{2}}{\mathbf{5}}$ **उत्तर**

10. एक भिन्न का हर उसके अंश से 1 अधिक है। भिन्न का 3 गुणा उसके व्युत्क्रम के दो गुने से 1 कम है। भिन्न ज्ञात कीजिए।

हल– माना भिन्न $=\frac{x}{y}$

तब भिन्न का व्युत्क्रम $=\frac{y}{x}$

प्रश्नानुसार, $y=x+1$ ...(1)

तथा $3\times\frac{x}{y}=2\times\frac{y}{x}-1$ या $\frac{3x}{y}=\frac{2y}{x}-1$

या $\frac{3x}{y}=\frac{2y-x}{x}$

या $\frac{3x}{x+1}=\frac{2(x+1)-x}{x}$ (समीकरण (1) से)

या $3x^2=2(x+1)^2-(x+1)x$

या $3x^2=2(x^2+2x+1)-x^2-x$

या $3x^2=2x^2+4x+2-x^2-x$

या $3x^2=x^2+3x+2$ या $2x^2-3x-2=0$

या $2x^2-4x+x-2=0$ या $2x(x-2)+1(x-2)=0$

या $(x-2)(2x+1)=0$

अब, यदि $x-2=0$ तो $x=2$

तथा यदि $2x+1=0$ तो $x=-\frac{1}{2}$ जो अमान्य है।

अतः समीकरण (1) में $x=2$ रखने पर,

$y=2+1=3$

अतः अभीष्ट भिन्न $\left(\frac{x}{y}\right)=\frac{2}{3}$ **उत्तर**

11. किसी पूर्णांक के व्युत्क्रम का $\frac{25}{12}$ गुणा उस पूर्णांक से क्रमशः एक कम तथा एक अधिक पूर्णांक के व्युत्क्रमों के योगफल के बराबर है। पूर्णांक ज्ञात कीजिए।

हल– माना पूर्णांक $=x$ इसका व्युत्क्रम $=\frac{1}{x}$

पूर्णांक x से 1 अधिक पूर्णांक $=x+1$, इसका व्युत्क्रम $=\frac{1}{x+1}$

तथा 1 कम पूर्णांक $=x-1$, इसका व्युत्क्रम $=\frac{1}{x-1}$

प्रश्नानुसार, $\frac{25}{12}\times\frac{1}{x}=\frac{1}{x+1}+\frac{1}{x-1}$

या $\frac{25}{12x}=\frac{x-1+x+1}{(x-1)(x+1)}$

या $\frac{25}{12x}=\frac{2x}{x^2-1}$ या $25x^2-25=24x^2$

या $x^2-25=0$ या $x^2-5^2=0$

या $(x+5)(x-5)=0$

अब, यदि $x+5=0$ तो $x=-5$

तथा यदि $x-5=0$ तो $x=5$

अतः अभीष्ट पूर्णांक $=5$ या -5 **उत्तर**

12. किसी भिन्न का अंश उसके हर से एक कम है। यदि भिन्न के अंश में 4 जोड़ा जाए तथा हर में से 2 घटाया जाए तो नई भिन्न एवं मूल भिन्न का योगफल $\frac{17}{4}$ हो जाता है। भिन्न ज्ञात कीजिए।

हल– माना भिन्न $=\frac{x}{y}$

प्रश्नानुसार, $x=y-1$ या $y=x+1$ ...(1)

तथा $\frac{x+4}{y-2}+\frac{x}{y}=\frac{17}{4}$

या $\frac{x+4}{x+1-2}+\frac{x}{x+1}=\frac{17}{4}$ (समी० (1) से $y=x+1$ रखने पर)

या $\frac{x+4}{(x-1)}+\frac{x}{(x+1)}=\frac{17}{4}$

या $\frac{(x+4)(x+1)+x(x-1)}{(x+1)(x-1)}=\frac{17}{4}$

या $\frac{x^2+x+4x+4+x^2-x}{x^2-1}=\frac{17}{4}$

या $\frac{2x^2+4x+4}{x^2-1}=\frac{17}{4}$ या $8x^2+16x+16=17x^2-17$

या $9x^2-16x-33=0$ या $9x^2-27x+11x-33=0$

या $9x(x-3)+11(x-3)=0$ या $(x-3)(9x+11)=0$

अत: यदि $x-3=0 \Rightarrow x=3$

तथा यदि $9x+11=0 \Rightarrow x=-\frac{11}{9}$ जो अमान्य है।

समीकरण (1) में $x=3$ रखने पर,

$3=y-1 \Rightarrow y=3+1=4$ **उत्तर**

13. दो संख्याओं का योगफल 15 है। संख्याओं के व्युत्क्रमों का योगफल $\frac{3}{10}$ है। संख्याएँ ज्ञात कीजिए।

हल– माना दो संख्याएँ $=x$ तथा y हैं।

अत: इनके व्युत्क्रम क्रमश: $\frac{1}{x}$ तथा $\frac{1}{y}$ होंगे।

प्रश्नानुसार, $x+y=15$ ...(1)

तथा $\frac{1}{x}+\frac{1}{y}=\frac{3}{10}$ या $\frac{y+x}{xy}=\frac{3}{10}$

या $10(x+y)=3xy$

या $10\times 15=3x(15-x)$ (समीकरण (1) से)

या $150=45x-3x^2$

या $3x^2-45x+150=0$ या $x^2-15x+50=0$

या $x^2-10x-5x+50=0$ या $x(x-10)-5(x-10)=0$

या $(x-10)(x-5)=0$

अब, यदि $x-10=0 \Rightarrow x=10$

तथा यदि $x-5=0 \Rightarrow x=5$

$x=10$ समीकरण (1) में रखने पर,

$10+y=15$ या $y=15-10=5$

इसी प्रकार, $x=5$ रखने पर,

$y=15-5=10$

अत: अभीष्ट संख्याएँ $=$ **5, 10** हैं **उत्तर**

14. दो क्रमागत धनपूर्ण संख्याएँ ज्ञात कीजिए जिनका गुणनफल 30 है।

हल—माना दो क्रमागत धनपूर्ण संख्याएँ x तथा $(x+1)$ हैं।

प्रश्नानुसार, $x\times(x+1)=30$

या $x^2+x=30$ या $x^2+x-30=0$

या $x^2+6x-5x-30=0$ या $x(x+6)-5(x+6)=0$

या $(x+6)(x-5)=0$

अब, यदि $x-5=0$ तो $x=5$ तथा $x+1=5+1=6$

अत: दो अभीष्ट क्रमागत धनपूर्ण संख्याएँ = **5, 6** **उत्तर**

15. 40 को ऐसे दो भागों में बाँटिए जिनका गुणनफल 375 है।

हल– माना दो संख्याएँ x तथा y इस प्रकार हैं कि—

$$x+y=40 \quad ...(1)$$

तथा $$xy=375 \quad ...(2)$$

समीकरण (1) से $y=40-x$ समीकरण (2) में रखने पर,

$x(40-x)=375$ या $40x-x^2=375$

या $x^2-40x+375=0$ या $x^2-25x-15x+375=0$

या $x(x-25)-15(x-25)=0$ या $(x-25)(x-15)=0$

अब, यदि $x-25=0$ तो $x=25$

तथा $x-15=0$ तो $x=15$

$x=25$ समीकरण (1) में रखने पर,

$$y=40-25=15$$

तथा $x=15$ समीकरण (1) में रखने पर,

$$y=40-15=25$$

अत: अभीष्ट संख्याएँ = **15, 25** **उत्तर**

16. एक संख्या दो अंकों से बनी है। संख्या में इकाई का अंक दहाई के अंक से 4 अधिक है। संख्या अपने अंकों के गुणनफल से 14 अधिक है। संख्या ज्ञात कीजिए।

हल– माना संख्या $=xy$

जहाँ y इकाई अंक तथा x दहाई अंक है। अत: संख्या का मान $=10x+y$

प्रश्नानुसार, $$y=x+4 \quad ...(1)$$

तथा $$10x+y=xy+14 \quad ...(2)$$

समीकरण (1) से y का मान समीकरण (2) में रखने पर,

$10x+x+4=x(x+4)+14$ या $11x+4=x^2+4x+14$

या $x^2-7x+10=0$ या $x^2-5x-2x+10=0$

या $x(x-5)-2(x-5)=0$ या $(x-5)(x-2)=0$

अब, यदि $x-5=0 \Rightarrow x=5$ तब $y=5+4=9$

तथा यदि $x-2=0 \Rightarrow x=2$ तब $y=2+4=6$

अत: अभीष्ट संख्याएँ = **26 या 59 हैं** **उत्तर**

17. एक संख्या में दो अंक हैं जिनका गुणनफल 12 है। जब इस संख्या में 36 जोड़ा जाता है तो अंकों के स्थान बदल जाते हैं। संख्या ज्ञात कीजिए।

हल– माना संख्या $=xy$ है, जहाँ x दहाई का अंक तथा y इकाई का अंक है।

अत: संख्या का मान $=10x+y$

प्रश्नानुसार, $$x\times y=12 \quad ...(1)$$

तथा $10x+y+36=10y+x$

या $10x-x+y-10y+36=0$ या $9x-9y+36=0$

या $x-y+4=0$

या $x=y-4$ समीकरण (1) में रखने पर,

$(y-4)\times y=12$

या $y^2-4y-12=0$ या $y^2-6y+2y-12=0$

या $y(y-6)+2(y-6)=0$ या $(y-6)(y+2)=0$

अब, यदि $y-6=0 \Rightarrow y=6$ तो $x=\frac{12}{6}=2$

तथा यदि $y+2=0 \Rightarrow y=-2$ जो अमान्य है।

अतः अभीष्ट संख्या $(xy)=\mathbf{26}$ **उत्तर**

18. दो अंकों की एक धनात्मक संख्या के अंकों का गुणनफल 18 है। संख्या में से 63 घटाने पर अंकों के स्थान बदल जाते हैं। संख्या ज्ञात कीजिए।

हल– माना दो अंकों की संख्या $=xy \Rightarrow 10x+y$

जहाँ y इकाई तथा x दहाई अंक है।

प्रश्नानुसार, $x\times y=18$ ...(1)

तथा $10x+y-63=10y+x$

या $10x-x+y-10y-63=0$

या $9x-9y-63=0$ या $x-y-7=0$ या $y=x-7$

$y=x-7$ समीकरण (1) में रखने पर,

$x(x-7)=18$ या $x^2-7x=18$

या $x^2-7x-18=0$ या $x^2-9x+2x-18=0$

या $x(x-9)+2(x-9)=0$ या $(x-9)(x+2)=0$

अतः यदि $x-9=0 \Rightarrow x=9$ तो $y=2$

अतः अभीष्ट संख्या $=\mathbf{92}$ **उत्तर**

19. एक समकोण त्रिभुज की समकोण बनाने वाली भुजाएँ (सेमी में) $5x$ तथा $(3x-1)$ हैं। यदि त्रिभुज का क्षेत्रफल 60 वर्ग सेमी हो, तो त्रिभुज की भुजाएँ ज्ञात कीजिए।

हल– समकोण त्रिभुज की समकोण बनाने वाली भुजाएँ $=5x$ तथा $(3x-1)$

प्रश्नानुसार, त्रिभुज का क्षेत्रफल $=60$ वर्ग सेमी

या $\frac{(5x)\times(3x-1)}{2}=60$ या $15x^2-5x=120$

या $3x^2-x=24$ या $3x^2-x-24=0$

या $3x^2-9x+8x-24=0$

या $3x(x-3)+8(x-3)=0$ या $(x-3)(3x+8)=0$

अब, यदि $x-3=0 \Rightarrow x=3$

अतः $5x=5\times 3=15$ सेमी

तथा $3x-1=3\times 3-1=9-1=8$

अतः समकोण त्रिभुज की समकोण बनाने वाली भुजाएँ $=\mathbf{15}$ सेमी, **8** सेमी **उत्तर**

20. एक मनुष्य की उम्र अपने पुत्र की उम्र से तीन गुनी है। 6 वर्ष पहले दोनों की उम्र का गुणनफल 288 है। उनकी वर्तमान उम्र ज्ञात कीजिए।

हल– माना पुत्र की वर्तमान उम्र $= x$ वर्ष

तथा पिता की वर्तमान उम्र $= y$ वर्ष

प्रश्नानुसार, $y = 3x$ ...(1)

6 वर्ष पहले पुत्र की उम्र $= x-6$

तथा 6 वर्ष पहले पिता की उम्र $= y-6$

पुनः प्रश्नानुसार, $(x-6)(y-6) = 288$

या $xy-6x-6y+36 = 288$

या $x \times 3x + 36 - 6x - 6 \times 3x = 288$ (समीकरण (1) से)

या $3x^2 + 36 - 6x - 18x = 288$

या $3x^2 - 24x + 36 = 288$ या $x^2 - 8x + 12 = 96$

या $x^2 - 8x + 12 - 96 = 0$ या $x^2 - 8x - 84 = 0$

या $x^2 - 14x + 6x - 84 = 0$

या $x(x-14) + 6(x-14) = 0$ या $(x-14)(x+6) = 0$

अब, यदि $x-14 = 0 \Rightarrow x = 14$

अतः $y = 3 \times 14 = 42$

अतः पुत्र की वर्तमान उम्र $=$ **14 वर्ष**

तथा पिता की वर्तमान उम्र $=$ **42 वर्ष** **उत्तर**

21. किसी समकोण त्रिभुज का कर्ण छोटी भुजा के दुगुने से 1 कम है। यदि तीसरी भुजा छोटी भुजा से 1 मीटर अधिक हो, तो त्रिभुज की भुजाएँ ज्ञात कीजिए।

हल– माना समकोण त्रिभुज की सबसे छोटी भुजा $= a$ मीटर

तथा समकोण त्रिभुज का कर्ण $= b$ मीटर

तीसरी भुजा $= c$ मीटर है।

प्रश्नानुसार, $b = 2a-1$ ...(1)

तथा $c = a+1$

हम जानते हैं, समकोण त्रिभुज में

$$\text{कर्ण}^2 = \text{लम्ब}^2 + \text{आधार}^2$$

$b^2 = a^2 + c^2$ या $(2a-1)^2 = a^2 + (a+1)^2$

$4a^2 - 4a + 1 = a^2 + a^2 + 2a + 1$

या $4a^2 - 4a = 2a^2 + 2a$

या $2a^2 - 6a = 0$ या $2a(a-3) = 0$

अब, $a = 0$ या $a-3 = 0$ तो $a = 3$ मीटर

अतः $b = 2 \times 3 - 1 = 6 - 1 = 5$ मीटर

$c = 3 + 1 = 4$ मीटर

अतः समकोण त्रिभुज की भुजाएँ $=$ **3 मीटर, 4 मीटर व 5 मीटर** हैं। **उत्तर**

22. किसी त्रिभुज का क्षेत्रफल 20 वर्ग सेमी है तथा उसकी ऊँचाई आधार से 3 सेमी अधिक है। आधार की लम्बाई ज्ञात कीजिए।

हल– माना त्रिभुज के आधार की लम्बाई $=x$ सेमी है।

प्रश्नानुसार, त्रिभुज की ऊँचाई $=(x+3)$ सेमी

त्रिभुज का क्षेत्रफल $=20$ वर्ग सेमी

या $\frac{1}{2}$ आधार $\times$ ऊँचाई $=20$ या $\frac{1}{2}x\times(x+3)=20$

या $x^2+3x=40$ या $x^2+3x-40=0$

या $x^2+8x-5x-40=0$ या $x(x+8)-5(x+8)=0$

या $(x+8)(x-5)=0$

अब, यदि $x+8=0 \Rightarrow x=-8$ जो अमान्य है।

यदि $x-5=0 \Rightarrow x=5$ **सेमी** **उत्तर**

23. 15 मीटर लम्बाई, 12 मीटर चौड़ाई के एक कमरे के चारों ओर एक 90 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का बरामदा है। बरामदे की चौड़ाई ज्ञात कीजिए।

हल– माना कमरे के चारों ओर बरामदे की चौड़ाई $=x$ मीटर

कमरे की लम्बाई $=15$ मीटर

तथा कमरे की चौड़ाई $=12$ मीटर

कमरे के चारों ओर बरामदे की लम्बाई $=2\times$ कमरे की ल० $+2\times$ कमरे की चौ०

$+4\times$ बरामदे की चौ०

$=2\times15+2\times12+4\times x$

$=30+24+4x=54+4x$

बरामदे का क्षेत्रफल = लम्बाई $\times$ चौड़ाई $=90$

या $(54+4x)\times x=90$ या $54x+4x^2=90$

या $4x^2+54x-90=0$ या $2x^2+27x-45=0$

या $2x^2+30x-3x-45=0$

या $2x(x+15)-3(x+15)=0$ या $(2x-3)(x+15)=0$

अब, यदि $2x-3=0$ तो $x=\frac{3}{2}=$ **1.5 मीटर** **उत्तर**

24. एक आयताकार पार्क की लम्बाई, उसकी चौड़ाई से 8 मीटर अधिक है। यदि पार्क का क्षेत्रफल 240 वर्ग मीटर है, तो पार्क की लम्बाई ज्ञात कीजिए।

हल– माना पार्क की लम्बाई $=x$ मीटर

अतः पार्क की लम्बाई $=(x+8)$ मीटर

पार्क का क्षेत्रफल = लम्बाई $\times$ चौड़ाई $=240$ वर्ग मीटर

या $(x+8)\times x=240$ या $x^2+8x-240=0$

या $x^2+20x-12x-240=0$

या $x(x+20)-12(x+20)=0$ या $(x+20)(x-12)=0$

अब, यदि $x+20=0 \Rightarrow x=-20$ जो अमान्य है।

तथा यदि $x-12=0 \Rightarrow x=12$

अतः पार्क की लम्बाई $=x+8=12+8=$ **20 मीटर** **उत्तर**

25. एक किसान 100 वर्ग मीटर आयताकार क्षेत्र में सब्जी की क्यारी बनाना चाहता है क्योंकि उसके पास केवल 30 मीटर लम्बा काँटेदार तार है। क्यारी के तीन ओर वह तार लगा देता है और चौथी ओर वह अपने घर की दीवार से घेर देता है। क्यारी की लम्बाई और चौड़ाई ज्ञात कीजिए।

हल– माना क्यारी की लम्बाई $= x$ मीटर

तथा क्यारी की चौड़ाई $= y$ मीटर

अतः क्यारी (आयताकार क्षेत्र) का क्षेत्रफल $= xy = 100$ वर्ग मीटर ...(1)

आयताकार क्षेत्र का तीन ओर से परिमाप $= x + 2y = 30$

या $x = 30 - 2y$ समीकरण (1) में रखने पर,

$$(30-2y)\,y = 100 \quad \text{या} \quad 30y - 2y^2 = 100$$

या $2y^2 - 30y + 100 = 0$ या $y^2 - 15y + 50 = 0$

या $y^2 - 10y - 5y + 50 = 0$ या $y(y-10) - 5(y-10) = 0$

या $(y-10)(y-5) = 0$

अब, यदि $y - 10 = 0 \Rightarrow y = 10 \Rightarrow x = 10$ जो अमान्य है।

अतः $y - 5 = 0$ तो $y = 5$ मीटर $\Rightarrow x = 20$ मीटर

अतः क्यारी की लम्बाई = **20 मीटर** तथा चौड़ाई = **5 मीटर** **उत्तर**

26. एक रेलगाड़ी की सामान्य चाल में 5 किमी/घंटा वृद्धि कर देने पर वह 300 किमी की दूरी तय करने में 2 घंटे कम समय लेती है। उसकी सामान्य चाल ज्ञात कीजिए।

हल– माना रेलगाड़ी की चाल $= x$ किमी/घंटा

तय दूरी $= 300$ किमी

अतः 300 किमी दूरी तय करने में लगा समय $= \dfrac{\text{दूरी}}{\text{चाल}}$

$$T_1 = \frac{300}{x}$$

अब रेलगाड़ी की चाल $= (x+5)$ किमी/घंटा

तथा 300 किमी की दूरी तय करने में लगा समय $(T_2) = \dfrac{300}{x+5}$ या $T_2 = \dfrac{300}{x+5}$

प्रश्नानुसार, $T_1 - T_2 = 2$

$$\frac{300}{x} - \frac{300}{x+5} = 2 \quad \text{या} \quad 300\left(\frac{1}{x} - \frac{1}{x+5}\right) = 2$$

या $150\left[\dfrac{x+5-x}{x(x+5)}\right] = 1$ या $150\left[\dfrac{5}{x^2+5x}\right] = 1$

या $750 = x^2 + 5x$

या $x^2 + 5x - 750 = 0$

या $x^2 + 30x - 25x - 750 = 0$

या $x(x+30) - 25(x+30) = 0$ या $(x+30)(x-25) = 0$

अब, यदि $x + 30 = 0 \Rightarrow x = -30$ जो अमान्य है।

तथा यदि $x - 25 = 0 \Rightarrow x = \mathbf{25}$ **किमी/घंटा** **उत्तर**

27. शीना एक नाव को शान्त जल में 4 किमी/घण्टे की दर से चला सकती है। धारा की दिशा में 12 किमी जाने में तथा धारा के विपरीत 12 किमी लौटने में 8 घण्टे का समय लगता है। धारा की चाल ज्ञात कीजिए।

हल– माना धारा की चाल $= x$ किमी/घण्टा

शान्त जल में नाव की चाल $= 4$ किमी/घण्टा

अतः धारा की दिशा में नाव की चाल $= (4+x)$ किमी/घण्टा

अब, धारा के दिशा में 12 किमी जाने में लगा समय $= \frac{12}{4+x} = T_1$

तथा धारा के विपरीत 12 किमी लौटने मे लगा समय $= \frac{12}{4-x} = T_2$

परन्तु प्रश्नानुसार, $T_1 + T_2 = 8$

या $\frac{12}{4+x} + \frac{12}{4-x} = 8$ या $12\left(\frac{1}{4+x} + \frac{1}{4-x}\right) = 8$

या $12\left(\frac{4-x+4+x}{4^2-x^2}\right) = 8$ या $\frac{12\times 8}{16-x^2} = 8$

या $\frac{12}{16-x^2} = 1$ या $12 = 16 - x^2$

या $x^2 = 16 - 12$

या $x^2 = 4$ या $x = \pm\sqrt{4} = \pm 2$

अतः **$x = 2$ किमी/घंटा** **उत्तर**

28. एक दुकानदार एक वस्तु को ₹ 75 में बेचता है। वह मूल्य के बराबर प्रतिशत मुनाफा लेता है तो उसका मूल्य बताइए।

हल– माना वस्तु का मूल्य $= ₹ x$

अतः मुनाफा $= x\%$

अतः वस्तु का विक्रय मूल्य $= x + x$ का $x\%$

या $x + \frac{x\times x}{100} = 75$ या $\frac{100x + x^2}{100} = 75$

या $100x + x^2 = 7500$

या $x^2 + 100x - 7500 = 0$ या $x^2 + 150x - 50x - 7500 = 0$

या $x(x+150) - 50(x+150) = 0$ या $(x+150)(x-50) = 0$

अब, यदि $x + 150 = 0 \Rightarrow x = -150$ जो अमान्य है।

तथा यदि $x - 50 = 0 \Rightarrow x = 50$

अतः वस्तु का मूल्य $=$ **₹ 50** **उत्तर**

29. एक विमान अपने निर्धारित समय से 30 मिनट देर से चलता है और 1500 किमी की दूरी पर स्थित अपने गंतव्य स्थान पर समय पर पहुँचने के लिए वह अपनी सामान्य चाल में 250 किमी/घण्टा की वृद्धि कर देता है। विमान की सामान्य चाल ज्ञात कीजिए।

हल– माना विमान की सामान्य चाल $= x$ किमी/घण्टा, तय दूरी $= 1500$ किमी

अतः सामान्य चाल से 1500 किमी की दूरी तय करने मे लगा समय

$$T_1 = \frac{1500}{x} \text{ घण्टा}$$

अब, विमान की चाल $=(x+250)$ किमी/घण्टा

अतः 1500 किमी दूरी तय करने में लगा समय $T_2=\frac{1500}{x+250}$ घण्टा

प्रश्नानुसार, $T_1-T_2=\frac{1}{2}$ घण्टा

$$\frac{1500}{x}-\frac{1500}{x+250}=\frac{1}{2} \quad \text{या} \quad 1500\left\{\frac{x+250-x}{x(x+250)}\right\}=\frac{1}{2}$$

$$\text{या} \quad \frac{1500\times 250}{x^2+250x}=\frac{1}{2} \quad \text{या} \quad \frac{x^2+250x}{375000}=\frac{2}{1}$$

$$\text{या} \quad x^2+250x=750000$$

$$\text{या} \quad x^2+250x-750000=0$$

$$\text{या} \quad x^2+1000x-750x-750000=0$$

$$\text{या} \quad x(x+1000)-750(x+1000)=0$$

$$\text{या} \quad (x+1000)(x-750)=0$$

अब, यदि $x+1000=0 \Rightarrow x=-1000$ जो मान्य नहीं है।

तथा यदि $x-750=0 \Rightarrow x=750$

अतः विमान की चाल = **750 किमी/घण्टा** **उत्तर**

30. एक नाव को, जिसकी शान्त जल में चाल 15 किमी/घण्टा है, धारा की दिशा में 30 किमी जाने और फिर धारा की विपरीत दिशा में लौटने में कुल समय 4 घण्टे 30 मिनट लगता है। धारा की चाल ज्ञात कीजिए।

हल– माना धारा की चाल $=x$ किमी/घण्टा

तथा शान्त जल में नाव की चाल $=15$ किमी/घण्टा

अतः धारा की दिशा में नाव की चाल $=(15+x)$ किमी/घण्टा

तथा धारा की विपरीत दिशा में नाव की चाल $=(15-x)$ किमी/घण्टा

एक दिशा में तय दूरी $=30$ किमी

धारा की दिशा में लगा समय $=\frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}}=\frac{30}{15+x}=T_1$

तथा धारा के विपरीत दिशा में लगा समय $=\frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}}=\frac{30}{15-x}=T_2$

प्रश्नानुसार, $T_1+T_2=4\frac{1}{2}$ घण्टा

$$\text{या} \quad \frac{30}{15+x}+\frac{30}{15-x}=\frac{9}{2} \quad \text{या} \quad 30\left(\frac{1}{15+x}+\frac{1}{15-x}\right)=\frac{9}{2}$$

$$\text{या} \quad 30\left(\frac{15-x+15+x}{15^2-x^2}\right)=\frac{9}{2} \quad \text{या} \quad \frac{30\times 30}{225-x^2}=\frac{9}{2}$$

$$\text{या} \quad \frac{10\times 10}{225-x^2}=\frac{1}{2} \quad \text{या} \quad 200=225-x^2$$

$$\text{या} \quad x^2+200-225=0 \quad \text{या} \quad x^2-25=0$$

या $x^2 = 25$ या $x = \pm\sqrt{25} = \pm 5$

अतः $x = -5$ जो अमान्य है तथा $x = 5$ **किमी/घण्टा** **उत्तर**

31. एक व्यक्ति ने कुछ कपड़े ₹ 2,250 में खरीदे। यदि कपड़े का मूल्य ₹ 50 प्रति मीटर अधिक होता है तो वह 1.5 मीटर कम कपड़ा ही खरीद पाता। खरीदे गए कपड़े की माप व मूल्य प्रति मीटर ज्ञात कीजिए।

हल– माना कपड़े की माप $= x$ मीटर

तथा प्रति मीटर कपड़े का मूल्य = ₹ y

प्रश्नानुसार, $x \times y = 2250$ ...(1)

तथा $(x - 1.5) \times (y + 50) = 2250$

या $xy + 50x - 1.5y - 75.0 = 2250$

या $2250 + 50x - 1.5y - 75 = 2250$

या $50x - 1.5y = 75$ ...(2)

या $50x - 75 = 1.5y$

या $y = \dfrac{50x - 75}{1.5}$ समीकरण (1) में रखने पर,

$$\frac{x(50x - 75)}{1.5} = 2250 \quad \text{या} \quad 50x^2 - 75x = 3375$$

या $2x^2 - 3x = 135$ या $2x^2 - 3x - 135 = 0$

या $2x^2 - 18x + 15x - 135 = 0$

या $2x(x - 9) + 15(x - 9) = 0$ या $(x - 9)(2x + 15) = 0$

अब, यदि $x - 9 = 0$ तो $x = 9$ **मीटर** समीकरण (1) में रखने पर,

$9 \times y = 2250$

या $y = \dfrac{2250}{9} = ₹250$ **प्रति मीटर** **उत्तर**

32. किसी व्यक्ति के पास कुछ रुपये थे। उसने आधे रुपये दान कर दिए। उसने 6 रुपये का जलपान कर लिया तथा 3 रुपये कहीं गिर गए। उसके पास कुल रुपये के वर्गमूल के चार गुना से 1 रुपया अधिक बचा। ज्ञात कीजिए कि उसके पास कितने रुपये थे?

हल– माना व्यक्ति के पास कुल x रुपये थे।

दान दिए गए $= \dfrac{x}{2}$ रुपये

जलपान में खर्च किए गए = 6 रुपये

कहीं गिर गए = 3 रुपए

शेष रुपये $= x - \left(\dfrac{x}{2} + 6 + 3\right)$

परन्तु प्रश्नानुसार, $x - \left(\dfrac{x}{2} + 6 + 3\right) = 4\sqrt{x} + 1$

या $x - \dfrac{x}{2} - 6 - 3 = 4\sqrt{x} + 1$

या $\dfrac{x}{2} - 9 - 1 = 4\sqrt{x}$ या $\dfrac{x}{2} - 10 = 4\sqrt{x}$

दोनों पक्षों का वर्ग करने पर,

$$\left(\frac{x}{2}-10\right)^2=(4\sqrt{x})^2$$

या $\frac{x^2}{4}+100-10x=16x$ या $\frac{x^2}{4}-10x-16x+100=0$

या $\frac{x^2}{4}-26x+100=0$ या $x^2-104x+400=0$

या $x^2-100x-4x+400=0$

या $x(x-100)-4(x-100)=0$

या $(x-100)(x-4)=0$

अब यदि $x-100=0 \Rightarrow x=100$

तथा $x-4=0 \Rightarrow x=4$ जो तथ्यों के अनुकूल न होने के कारण अमान्य है।

अतः **व्यक्ति के पास कुल 100 रुपये थे।** **उत्तर**

33. किसी दो अंकों की संख्या के अंकों का गुणनफल 12 है। संख्या में 36 जोड़ने पर संख्या के अंकों के स्थान बदल जाते हैं। वह संख्या ज्ञात कीजिए।

हल– माना संख्या xy है, जहाँ y इकाई का अंक तथा x दहाई का अंक है।

अतः संख्या का मान $=10x+y$

तथा अंकों के स्थान बदल जाने पर संख्या का मान $=10y+x$

प्रश्नानुसार, $x\times y=12$ ...(1)

तथा $10x+y+36=10y+x$

या $10x-x+y-10y+36=0$

या $9x-9y+36=0$ या $x-y+4=0$

या $y=x+4$ समीकरण (1) में रखने पर,

$x\times(x+4)=12$ या $x^2+4x=12$

या $x^2+4x-12=0$ या $x^2+6x-2x-12=0$

या $x(x+6)-2(x+6)=0$ या $(x+6)(x-2)=0$

अब, यदि $x+6=0 \Rightarrow x=-6$ जो अमान्य है।

तथा यदि $x-2=0 \Rightarrow x=2$ समीकरण (1) में रखने पर,

$2y=12 \Rightarrow y=6$

अतः **अभीष्ट संख्या $(xy)=26$** है। **उत्तर**

बहुविकल्पीय प्रश्न

नोट—बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर जानने के लिए पाठ्य-पुस्तक के पृष्ठ संख्या 69 व 70 का अवलोकन कीजिए।

इकाई-2 वाणिज्यिक गणित
(Commercial Mathematics)

4

कराधान (Taxation)

अभ्यास 4.1

1. कर किसे कहते हैं?

उत्तर– सरकार द्वारा अपने बहुआयामी आर्थिक एवं आर्थिकेतर कार्यकलापों पर किए जाने वाले खर्चे के लिए नागरिकों के योगदान को कर कहते हैं।

2. कर कितने प्रकार के होते हैं?

उत्तर– कर सामान्य रूप से दो प्रकार के होते हैं—

1. प्रत्यक्ष कर—प्रत्यक्ष कर के अन्तर्गत आयकर, सम्पत्ति कर, उपहार कर आदि आते हैं।

2. अप्रत्यक्ष कर—अप्रत्यक्ष कर के अन्तर्गत बिक्री कर, उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क आदि आते हैं।

3. सम्पत्ति कर क्या है?

उत्तर– किसी व्यक्ति की सभी परिसम्पत्तियों अर्थात् सम्पत्ति एवं धन पर लगाया गया कर सम्पत्ति कर कहलाता है।

4. प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर को संक्षेप में समझाइए।

उत्तर– प्रत्यक्ष कर—सरकार द्वारा किसी व्यक्ति अथवा व्यक्ति-समूह पर लगाया गया ऐसा कर, जो उसे सीधा प्रभावित करता है, प्रत्यक्ष कर कहलाता है। जैसे—आयकर, सम्पत्ति कर एवं उपहार कर आदि प्रत्यक्ष कर हैं।

अप्रत्यक्ष कर—सरकार द्वारा किसी व्यक्ति अथवा व्यक्ति-समूह पर लगाया गया ऐसा कर जो उसे सीधा प्रभावित नहीं करता है, अप्रत्यक्ष कर कहलाता है। जैसे—बिक्रीकर, उत्पाद शुल्क, सीमा शुल्क आदि अप्रत्यक्ष कर हैं।

5. सीमा शुल्क क्या है?

उत्तर– विदेशों से आयातित वस्तुओं पर सरकार द्वारा लगाया गया कर, सीमा शुल्क कहलाता है।

6. वित्तीय वर्ष 2013-14 में *P* की कुल वार्षिक आय ₹ 5,96,600 थी। वह भविष्य निधि खाते में ₹ 15,000 प्रतिमाह जमा करता था तथा उसने ₹ 15,000 वार्षिक अपने जीवन बीमा पॉलिसी का प्रीमियम दिया था। यदि ₹ 2,00,000 तक कोई आयकर नहीं तथा ₹ 2,00,000 से अधिक आय पर 10% की दर से आयकर देय हो तथा आयकर में छूट सभी बचतों का 100% अधिकतम सीमा ₹ 1,00,000 हो तो उसके देय आयकर की गणना कीजिए।

हल– *P* की कुल वार्षिक आय = ₹ 5,96,600

भविष्य निधि बचत = ₹ 15,000 × 12 = ₹ 1,80,000

जीवन बीमा बचत = ₹ 15,000

कुल बचत = ₹ (1,80,000 + 15,000)

= ₹ 1,95,000 > 1,00,000

∵ अधिकतम ₹ 1,00,000 तक बचत पर आयकर में छूट = 100%

∴ कर योग्य आय = 5,96,600 − 1,00,000 = ₹ 4,96,600

कर मुक्त सीमा = ₹ 2,00,000

कर की दर = 10%

अतः देय आयकर = (4,96,600 − 2,00,000) × 10%

$= \frac{2,96,600 \times 10}{100}$ = ₹ 29,660 उत्तर

7. वित्तीय वर्ष 2014-2015 में किसी अधिकारी की वार्षिक आय ₹ 6,25,000 थी। उन्होंने ₹ 50,000 अपनी जीवन बीमा पॉलिसी का वार्षिक प्रीमियम जमा किया तथा ₹ 15,000 प्रतिमाह भविष्य निधि में जमा किए। उस अधिकारी के देय आयकर की गणना कीजिए। आयकर की दरें निम्नवत हैं—

कर योग्य आय	आयकर
(i) ₹ 2,50,000 तक	कोई कर नहीं
(ii) ₹ 2,50,001 से ₹ 5,00,000 तक	₹ 2,50,000 से अधिक राशि का 10%
(iii) ₹ 5,00,001 से ₹ 10,00,000 तक	₹ 25,000 + ₹ 5,00,000 से अधिक राशि का 20%

आयकर में छूट : समस्त बचत का 100% अधिकतम सीमा ₹ 1,00,000।

हल– अधिकारी की कुल वार्षिक आय = ₹ 6,25,000

जीवन बीमा बचत = ₹ 50,000

भविष्य निधि बचत = ₹ 15,000 × 12 = ₹ 1,80,000

अतः कुल बचत = ₹ (50,000 + 1,80,000) = ₹ 2,30,000 > 1,00,000

∵ आयकर में छूट = कुल बचत का 100% अधिकतम सीमा = ₹ 1,00,000

∴ कर योग्य आय = ₹ (6,25,000 − 1,00,000) = ₹ 5,25,000

∵ कर योग्य आय 5,00,001 से 10,00,000 के मध्य है।

∴ देय आयकर = ₹ 25,000 + 5,00,000 से अधिक की राशि का 20%

= ₹ 25,000 + ₹ (5,25,000 − 5,00,000) × 20%

$= ₹\left(25,000 + 25,000 \times \frac{20}{100}\right)$

= ₹ (25,000 + 5,000) = ₹ 30,000 उत्तर

8. वित्तीय वर्ष 2013-2014 में वैभव की वार्षिक आय (मकान किराया भत्ता छोड़कर) ₹ 5,80,000 थी। उसने ₹ 45,000 अपने सामान्य भविष्य निधि खाते में जमा किया तथा ₹ 12,500 की अर्द्धवार्षिक प्रीमियम एल० आई० सी० में देता था। उसने ₹ 30,000 इन्फ्रास्ट्रक्चर में भी जमा किए। वैभव के वेतन से वित्तीय वर्ष के अन्तिम माह में भुगतान

किए जाने वाले आयकर की गणना कीजिए। यदि वह वर्ष के प्रथम 11 माह में ₹ 1,600 प्रतिमाह आयकर देता रहा हो। आयकर गणना हेतु निम्नलिखित दरों का प्रयोग कीजिए।

(a) आयकर की दरें निम्नवत हैं—

कर योग्य आय	आयकर
(i) ₹ 2,00,000 तक	कोई कर नहीं
(ii) ₹ 2,00,001 से ₹ 5,00,000 तक	₹ 2,00,000 से अधिक आय राशि का 10%
(iii) ₹ 5,00,001 से ₹ 10,00,000 तक	₹ 30,000 + ₹ 5,00,000 से अधिक आय राशि का 20%
(iv) ₹ 10,00,001 से अधिक	₹ 1,30,000 + ₹ 10,00,000 से अधिक आय राशि का 30%

(b) छूट : ₹ 1,00,000 तक की बचत कर से मुक्त है।

(c) अधिकार : देय कर का 10% यदि कर योग्य आय ₹ 10,00,000 से अधिक है।

(d) शिक्षा उपकर : देय कर का 2%

हल– वैभव की वार्षिक आय = ₹ 5,80,000

सामान्य भविष्य निधि बचत = ₹ 45,000

एल० आई० सी० बचत = ₹ 2 × 12,500 = ₹ 25,000

इन्फ्रास्ट्रक्चर बचत = ₹ 30,000

अत: कुल बचत = (45,000 + 25,000 + 30,000) = ₹ 1,00,000

∴ आयकर में छूट = ₹ 1,00,000 तक की बचत पर 100% = ₹ 1,00,000

∵ कर योग्य आय = 5,80,000 – 1,00,000 = ₹ 4,80,000

∴ कर योग्य आय ₹ 2,00,001 से 5,00,000 के मध्य है।

∴ आयकर = 2,00,000 से अधिक राशि का 10%

$= (4,80,000 - 2,00,000) \times 10\%$

$= 2,80,000 \times 10\%$

$= \frac{2,80,000 \times 10}{100} = ₹\ 28,000$

शिक्षा उपकर = आयकर का 2%

$= \frac{28,000 \times 2}{100} = ₹\ 560$

अत: शुद्ध देयकर आयकर = ₹ (28,000 + 560) = ₹ 28,560

प्रथम 11 माह में ₹ 1,600 प्रतिमाह की दर से जमा आयकर = 11 × 1,600 = ₹ 17,600

अत: वर्ष के अन्तिम माह में भुगतान किए जाने वाला कर = ₹ (28,560 – 17,600)

= ₹ 10,960 **उत्तर**

9. एक वित्तीय वर्ष में *X* की वार्षिक आय ₹ 3,95,000 है। वह अपने सामान्य भविष्य निधि खाते में ₹ 4,000 प्रतिमाह जमा करता है। वह ₹ 60,000 का राष्ट्रीय बचत-पत्र भी खरीदता है। *X* द्वारा देय आयकर ज्ञात कीजिए, जबकि बचत पर छूट की अधिकतम सीमा ₹ 1,00,000 है।

आयकर की दरें निम्नवत् हैं—

कर योग्य आय	आयकर
(i) ₹ 1,50,000 तक	**शून्य**
(ii) ₹ 1,50,001 से ₹ 3,00,000 तक	**₹ 1,50,000 से ऊपर की धनराशि का 10%**

इसके अतिरिक्त आयकर का 3% शिक्षा अधिभार भी लगता है।

हल– X की कुल वार्षिक आय = ₹ 3,95,000

भविष्य निधि बचत = $12 \times 4,000$ = ₹ 48,000

राष्ट्रीय बचत पत्र = ₹ 60,000

अत: कुल बचत = ₹ (48,000 + 60,000) = ₹ 1,08,000 > ₹ 1,00,000

आयकर में छूट = ₹ 1,00,000

अत: कर योग्य आय = ₹ (3,95,000 – 1,00,000) = ₹ 2,95,000

आयकर की दी गई दरों के अनुसार,

$$\text{आयकर} = 1,50,000 \text{ से अधिक आय का } 10\%$$

$$= ₹ (2,95,000 - 1,50,000) \times \frac{10}{100}$$

$$= ₹ \left(1,45,000 \times \frac{10}{100} \right)$$

$$= ₹ \frac{1,45,000 \times 10}{100} = ₹ 14,500$$

तथा शिक्षा अधिभार = आयकर का 3% $= \frac{14,500 \times 3}{100} =$ ₹ 435

अत: शुद्ध देय आयकर = ₹ (14,500 + 435) = ₹ **14,935** **उत्तर**

10. एक वित्तीय वर्ष में सोनू की मासिक आय ₹ 32,000 थी। उन्होंने ₹ 25,000 अपनी जीवन बीमा पॉलिसी का प्रीमियम तथा ₹ 6,000 प्रतिमाह भविष्य निधि में जमा किया। सोनू के देय आयकर की गणना कीजिए, जबकि बचत पर छूट की अधिकतम सीमा ₹ 1,00,000 है।

कर योग्य आय	आयकर
(i) ₹ 1,60,000 तक	**शून्य**
(ii) ₹ 1,60,001 से ₹ 3,00,000 तक	**₹ 1,60,000 से ऊपर की धनराशि का 10%**

इसके अतिरिक्त आयकर का 3% शिक्षा अधिभार भी लगता है।

हल– सोनू की वार्षिक आय = $12 \times 32,000$ = ₹ 3,84,000

जीवन बीमा बचत = ₹ 25,000

भविष्य निधि बचत = $12 \times 6,000$ = ₹ 72,000

अत: कुल बचत = ₹ (25,000 + 72,000) = ₹ 97,000

आयकर में छूट = ₹ 97,000

कर योग्य आय = ₹ (3,84,000 – 97,000) = ₹ 2,87,000

आयकर की दरों के अनुसार,

देय आयकर = 1,60,000 से ऊपर की धनराशि आय का 10%

= ₹ (2,87,000 − 1,60,000) × 10%

$= ₹\left(1,27,000 \times \frac{10}{100}\right) = ₹ 12,700$

शिक्षा उपकर = आयकर का 3% $= \frac{12,700 \times 3}{100} = ₹ 381$

अतः शुद्ध देय आयकर = ₹ 12,700 + 381 = ₹ **13,081** **उत्तर**

11. श्री *A* एक वरिष्ठ नागरिक है। एक वित्तीय वर्ष में उनकी कुल आय ₹ 8,50,000 थी। उस वर्ष उन्होंने ₹ 1,00,000 का एन० एस० सी० खरीदा और ₹ 70,000 प्रधानमंत्री राहत कोष में जमा कराए। ₹ 50,000 एक शैक्षिक संस्था को भी दान दिया, जिस पर उन्हें आयकर में 50% की छूट मिली। ज्ञात कीजिए कि कितना आयकर उन्हें जमा करना होगा, यदि आयकर की दरें निम्नवत् हैं—

कर योग्य आय	आयकर
(i) ₹ 1,85,000 तक	**शून्य**
(ii) ₹ 1,85,001 से ₹ 2,25,000 तक	**₹ 1,85,000 से ऊपर की धनराशि का 20%**
(iii) ₹ 2,50,001 से ऊपर	**₹ 13,000 + ₹ 2,50,000 से ऊपर की धनराशि का 30%**

कुल आयकर पर 2% शिक्षा उपकर भी देय है।

हल– श्री *A* की कुल वार्षिक आय = ₹ 8,50,000

बचत : एन० एस० सी० = ₹ 1,00,000

प्रधानमंत्री राहत कोष = ₹ 70,000

अतः कुल बचत = ₹ 1,00,000 + ₹ 70,000 = ₹ 1,70,000

शैक्षिक संस्था को दिया गया दान = ₹ 50,000

दान पर छूट = दान का 50%

$= ₹\frac{50,000 \times 50}{100} = ₹ 25,000$

कुल छूट = ₹ (1,70,000 + 25,000) = ₹ 1,95,000

कर योग्य आय = ₹ (8,50,000 − 1,95,000) = ₹ 6,55,000

चूँकि कर योग्य आय 2,50,001 से ऊपर है।

अतः देय आयकर = ₹ 13,000 + (6,55,000 − 2,50,000) का 30%

$= ₹\left(13,000 + 4,05,000 \times \frac{30}{100}\right)$

= ₹ (13,000 + 1,21,500) = ₹ 1,34,500

शिक्षा उपकर = देय आयकर का 2%

$= ₹\frac{1,34,500 \times 2}{100} = ₹ 2,690$

अतः शुद्ध देय आयकर = ₹ (1,34,500 + 2,690) = ₹ **1,37,190** **उत्तर**

12. एक महाविद्यालय के प्राचार्य का एक वित्तीय वर्ष में ₹ 45,000 वेतन था। उन्होंने ₹ 7,000 का प्रतिमाह एक अंशदान भविष्य निधि में जमा किया तथा ₹ 9,225 वार्षिक जीवन बीमा प्रीमियम का भुगतान किया। उन्होंने ₹ 10,000 का राष्ट्रीय बचत-पत्र भी खरीदा। आयकर से छूट के लिए स्वीकार्य अधिकतम धनराशि ₹ 1,00,000 है।

आयकर की दरें निम्नवत् हैं—

कर योग्य आय	आयकर
(i) ₹ 1,50,000 तक	शून्य
(ii) ₹ 1,50,001 से ₹ 2,50,000 तक	₹ 1,50,000 से अधिक धनराशि का 10%
(iii) ₹ 2,50,001 से ₹ 5,00,000 तक	₹ 10,000 + ₹ 2,50,000 से अधिक धनराशि का 20%
(iv) ₹ 5,00,000 से ऊपर	₹ 60,000 + ₹ 5,00,000 से अधिक धनराशि का 30%

देय आयकर पर 2% शिक्षा उपकर भी लगता है। प्राचार्य के आयकर की कुल धनराशि की गणना कीजिए।

हल– प्राचार्य की कुल वार्षिक आय $= 12 \times 45{,}000 = ₹ 5{,}40{,}000$

बचत : भविष्य निधि $= 12 \times 7{,}000 = ₹ 84{,}000$

जीवन बीमा $= ₹ 9{,}225$

राष्ट्रीय बचत-पत्र $= ₹ 10{,}000$

कुल बचत $= ₹ (84{,}000 + 9{,}225 + 10{,}000)$

$= ₹ 1{,}03{,}225 > ₹ 1{,}00{,}000$

अतः आयकर में छूट $= ₹ 1{,}00{,}000$

कर योग्य आय $= 5{,}40{,}000 - 1{,}00{,}000 = ₹ 4{,}40{,}000$

जो कि ₹ 2,50,001 से 5,00,000 के मध्य है।

अतः देय आयकर $= ₹ 10{,}000 + ₹ (4{,}40{,}000 - 2{,}50{,}000)$ का 20%

$= ₹ 10{,}000 + ₹ \frac{1{,}90{,}000 \times 20}{100}$

$= ₹ 10{,}000 + ₹ 38{,}000 = ₹ 48{,}000$

शिक्षा उपकर = देय आयकर का 2%

$= ₹ \frac{48{,}000 \times 2}{100} = ₹ 960$

अतः शुद्ध देय आयकर $= ₹ 48{,}000 + ₹ 960 = ₹ 48{,}960$ **उत्तर**

13. एक व्यक्ति राजकीय अधिकारी है, जिसको वित्तीय वर्ष 2008-09 में कुल ₹ 4,30,500 वेतन भुगतान हुआ तथा उन्होंने विशिष्ट निवेशों से ₹ 50,000 ब्याज प्राप्त किए। उन्होंने इसी अवधि में निम्नलिखित मदों में धन निवेश किए—

जी०पी०एफ०	**₹ 30,000**
पी०पी०एफ०	**₹ 16,000**
पंचवर्षीय डाकघर सावधि जमा	**₹ 50,000**

उपर्युक्त के अतिरिक्त ₹ 20,000 राष्ट्रीय सुरक्षा कोष तथा ₹ 10,000 प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कोष में अनुदान दिए। उनके द्वारा देय आयकर की गणना कीजिए। आयकर की दरें निम्नवत् हैं—

कर योग्य आय	आयकर
(i) ₹ 1,50,000 तक	शून्य
(ii) ₹ 1,50,001 से ₹ 1,80,000 तक	₹ 1,50,000 से अधिक धनराशि का 10%
(iii) ₹ 1,80,001 से ₹ 2,25,000 तक	₹ 3,000 + ₹ 1,80,000 से ऊपर की धनराशि का 10%
(iv) ₹ 2,25,001 से ₹ 3,00,000 तक	₹ 7,500 + ₹ 2,25,000 से ऊपर की धनराशि का 10%
(iv) ₹ 3,00,001 से ₹ 5,00,000 तक	₹ 15,000 + ₹ 3,00,000 से ऊपर की धनराशि का 20%

उपर्युक्त के अतिरिक्त निम्नलिखित कर देय है—

शिक्षा उपकर देयकर का 2%

माध्यमिक तथा उच्चतर शिक्षा के लिए उपकर देय कर का 1%

हल– राजकीय अधिकारी का वार्षिक वेतन = ₹ 4,30,500

विशिष्ट निवेशों से प्राप्त ब्याज = ₹ 50,000

अतः अधिकारी की वार्षिक आय = ₹ 4,30,500 + ₹ 50,000 = ₹ 4,80,500

बचत : जी०पी०एफ० = ₹ 30,000

पी०पी०एफ० = ₹ 16,000

पंचवर्षीय डाकघर सावधि जमा = ₹ 50,000

राष्ट्रीय सुरक्षा कोष = ₹ 20,000

तथा प्रधानमंत्री राहत कोष = ₹ 10,000

कुल बचत = ₹ 1,26,000

अतः आयकर में कुल छूट = ₹ 1,26,000

कर योग्य आय = ₹ (4,80,500 – 1,26,000) = ₹ 3,54,500

जो कि ₹ 3,00,001 से 5,00,000 के मध्य है।

अतः देय आयकर = ₹ 15,000 + ₹ (3,54,500 – 3,00,000) का 20%

$$= ₹\,15,000 + ₹\,\frac{54,500 \times 20}{100}$$

$$= ₹\,(15,000 + 10,900) = ₹\,25,900$$

शिक्षा उपकर = देय आयकर का 2%

$$= ₹\,\frac{25,900 \times 2}{100} = ₹\,518$$

तथा उच्च शिक्षा के लिए उपकर = आयकर का 1%

$$= ₹\,\frac{25,900 \times 1}{100} = ₹\,259$$

अतः शुद्ध देय आयकर = ₹ (25,900 + 518 + 259) = ₹ **26,677** **उत्तर**

14. किसी व्यक्ति की प्रतिमाह आय ₹ 45,000 है। उसने प्रधानमंत्री राहत कोष में ₹ 60,000 जमा किया, जिस पर आयकर में 100% की छूट है। किसी मन्दिर में ₹ 10,000 दान किया जिस पर आयकर में 50% की छूट है, भविष्य निधि खाते में ₹ 7,500 प्रतिमाह, ₹ 12,000 वार्षिक जीवन बीमा में तथा ₹ 30,000 का राष्ट्रीय बचत पत्र खरीदता है। उस वित्तीय वर्ष में उसके द्वारा दिया गया आयकर ज्ञात कीजिए।

कर योग्य आय	आयकर
(i) ₹ 1,60,000 तक	कर मुक्त
(ii) ₹ 1,60,001 से ₹ 5,00,000 तक	₹ 1,60,000 से ऊपर की धनराशि का 10%
(iii) ₹ 5,00,001 से ₹ 8,00,000 तक	₹ 34,000 + ₹ 5,00,000 से ऊपर आय का 20%
(iv) ₹ 2,25,001 से ₹ 3,00,000 तक	₹ 7,500 + ₹ 2,25,000 से ऊपर की धनराशि का 10%
(iv) ₹ अतिरिक्त शिक्षा अधिभार	आयकर का 3%

हल– व्यक्ति की वार्षिक आय $= 12 \times 45,000 =$ ₹ 5,40,000

बचत : भविष्य निधि $= 12 \times 7,500 =$ ₹ 90,000

जीवन बीमा = ₹ 12,000

राष्ट्रीय बचत-पत्र = ₹ 30,000

कुल बचत = ₹ (90,000 + 12,000 + 30,000)

= ₹ 1,32,000 > ₹ 1,00,000

परन्तु बचत पर अधिकतम छूट = ₹ 1,00,000

प्रधानमंत्री राहत कोष में जमा राशि = ₹ 60,000, जिस पर 100% छूट है

मन्दिर में दान दिया = ₹ 10,000

दान पर छूट = दान का 50%

$= ₹ \left(10,000 \times \frac{50}{100}\right) =$ ₹ 5,000

अतः कुल छूट = ₹ (1,00,000 + 60,000 + 5,000)

= ₹ 1,65,000

अतः कर योग्य आय = ₹ (5,40,000 – 1,65,000) = ₹ 3,75,000

जो कि ₹ 1,60,001 से ₹ 5,00,000 के मध्य है।

अतः देय आयकर = ₹ (3,75,000 – 1,60,000) का 10%

$= ₹ 2,15,000 \times \frac{10}{100} =$ ₹ 21,500

अतिरिक्त शिक्षा अधिभार = देय आयकर का 3%

$= ₹ 21,500 \times \frac{3}{100} =$ ₹ 645

अतः शुद्ध आयकर = ₹ (21,500 + 645) = ₹ **22,145** **उत्तर**

15. वित्तीय वर्ष 2012-13 में *A* की सकल आय ₹ 4,80,000 थी। वह ₹ 7,000 प्रतिमाह अपने सामान्य भविष्य निधि खाते में जमा करता है। व ₹ 50,000 के राष्ट्रीय बचत-पत्र

खरीदता है। उसके द्वारा वित्तीय वर्ष के अन्त में दिए जाने वाले आयकर को ज्ञात कीजिए। आयकर में छूट समस्त बचतों का 100% जिसकी अधिकतम सीमा ₹ 1,00,000 है।

आयकर की दरें निम्नवत् हैं—

कर योग्य आय	आयकर
(i) ₹ 1,90,000 तक	शून्य
(ii) ₹ 1,90,001 से ₹ 5,00,000 तक	₹ 1,90,000 से अधिक धनराशि का 10%

इसके अतिरिक्त आयकर का 3% शिक्षा उपकर लगाया गया है।

हल– A की सकल आय = ₹ 4,80,000

बचत : भविष्य निधि = 12× 7,000 = ₹ 84,000

राष्ट्रीय बचत-पत्र = ₹ 50,000

अत: कुल बचत = ₹ 84,000 + ₹ 50,000

= ₹ 1,34,000 > ₹ 1,00,000

अत: कुल छूट = ₹ 1,00,000

कर योग्य आय = ₹ 4,80,000 – 1,00,000 = ₹ 3,80,000

आयकर की दरों के अनुसार,

आयकर = ₹ (3,80,000 – 1,90,000) का 10%

$= ₹ 1,90,000 \times \frac{10}{100} = ₹ 19,000$

शिक्षा उपकर = आयकर का 3%

$= 19,000 \times \frac{3}{100} = ₹ 570$

शुद्ध देय आयकर = ₹ (19,000 + 570) = ₹ 19,570 उत्तर

16. रवि जैन की मासिक आय (मकान किराया भत्ता छोड़कर) ₹ 90,000 है। वह ₹ 72,000 अपने भविष्य निधि खाते में जमा करता है तथा ₹ 24,000 अर्द्धवार्षिक प्रीमियम एल०आई०सी० में देता है। यदि वह वर्ष के प्रथम 11 माह के लिए ₹ 10,000 प्रतिमाह आयकर देता है तो वित्तीय वर्ष के अन्तिम माह में उसके द्वारा भुगतान किए जाने वाले आयकर को ज्ञात कीजिए।

आयकर में छूट : समस्त बचतों का 100% जिसकी अधिकतम सीमा ₹ 1,00,000 है।

आयकर की दरें निम्नलिखित हैं—

कर योग्य आय	आयकर
(i) ₹ 2,00,000 तक	शून्य
(ii) ₹ 2,00,001 से ₹ 5,00,000 तक	₹ 2,00,000 से अधिक धनराशि का 10%
(iii) ₹ 5,00,001 से ₹ 8,00,000 तक	₹ 30,000 + ₹ 5,00,000 से अधिक धनराशि का 20%
(iv) ₹ 8,00,000 से अधिक	₹ 90,000 + ₹ 8,00,000 से अधिक धनराशि का 30%

इसके अतिरिक्त आयकर का 3% अधिभार भी लगता है।

हल– रवि जैन की वार्षिक आय = 12× 90,000 = ₹ 10,80,000

बचत : भविष्य निधि = ₹ 72,000

एल०आई०सी० = 2× 24,000 = ₹ 48,000

कुल बचत = ₹ 72,000 + 48,000

= ₹ 1,20,000 > 1,00,000

आयकर में छूट = ₹ 1,00,000

अत: कर योग्य आय = ₹ (10,80,000 – 1,00,000) = ₹ 9,80,000

जो कि ₹ 8,00,000 से अधिक है।

अत: आयकर = ₹ 90,000 + ₹ (9,80,000 – 8,00,000) का 30%

$= ₹\ 90,000 + ₹\frac{1,80,000 \times 30}{100}$

= ₹ (90,000 + 54,000) = ₹ 1,44,000

शिक्षा उपकर = आयकर का 3%

$= ₹\frac{1,44,000 \times 3}{100} = ₹\ 4,320$

अत: कुल आयकर = ₹ (1,44,000 + 4,320) = ₹ 1,48,320

11 माह तक चुकाया गया आयकर = 11× 10,000 = ₹ 1,10,000

अत: वर्ष के अन्तिम माह में रवि जैन द्वारा भुगतान किया जाने वाला आयकर

= ₹ (1,48,320 – 1,10,000) = ₹ **38,320** **उत्तर**

17. किसी वित्तीय वर्ष में किसी कर्मचारी की सकल वार्षिक आय (मकान किराया भत्ता छोड़कर) ₹ 4,65,000 है। वह प्रतिमाह ₹ 4,500 अपने भविष्य निधि खाते तथा ₹ 25,000 वार्षिक जीवन बीमा प्रीमियम जमा करता है। वह ₹ 30,000 के राष्ट्रीय बचत बचत-पत्र खरीदता है। प्रधानमंत्री राहत कोष (जो 100% कर मुक्त है) में ₹ 18,000 तथा चैरिटेबल ट्रस्ट में ₹ 12,000 (जिसका 50% कर मुक्त है) दान करता है। उसके द्वारा वर्ष के अन्त में देय आयकर ज्ञात कीजिए। (बचतें ₹ 1,00,000 तक कर मुक्त है) आयकर की दरें निम्नवत् हैं।

कर योग्य आय	आयकर
(i) ₹ 1,60,000 तक	**शून्य**
(ii) ₹ 1,60,001 से ₹ 5,00,000 तक	**₹ 1,60,000 से अधिक धनराशि का 10%**
(iii) शिक्षा उपकर	**देयकर का 3%**

हल– कर्मचारी की सकल वार्षिक आय = ₹ 4,65,000

बचत : भविष्य निधि = 12× 45,00 = ₹ 54,000

जीवन बीमा = ₹ 25,000

राष्ट्रीय बचत-पत्र = ₹ 30,000

अत: कुल बचत = ₹ 54,000 + 25,000 + 30,000

= ₹ 1,09,000 > 1,00,000

अत: कुल बचत पर छूट = ₹ 1,00,000

प्रधानमंत्री राहत कोष में जमा राशि = ₹ 18,000 (जो 100% कर मुक्त है)

चैरिटेबल ट्रस्ट में दान = ₹ 12,000

दान पर छूट = ₹ 12,000 का 50%

$= ₹ \frac{12,000 \times 50}{100} = ₹ 6,000$

अतः कुल कर मुक्त धनराशि = ₹ (1,00,000 + 18,000 + 6,000)

= ₹ 1,24,000

अतः कर योग्य आय = ₹ (4,65,000 – 1,24,000) = ₹ 3,41,000

अब आयकर की दरों के अनुसार,

आयकर = ₹ (3,41,000 – 1,60,000) का 10%

$= ₹ 1,81,000 \times \frac{10}{100} = ₹ 18,100$

शिक्षा उपकर = आयकर का 3%

$= ₹ \frac{18,100 \times 3}{100} = ₹ 543$

अतः शुद्ध देय आयकर = ₹ 18,100 + 543 = ₹ **18,643** उत्तर

18. वित्तीय वर्ष 2009-10 में (गृह किराया भत्ता छोड़कर) किसी व्यक्ति की वार्षिक आय ₹ 2.85,400 है। वह ₹ 36,000 भविष्य निधि में, ₹ 8,000 जीवन बीमा निगम में और ₹ 10,000 राष्ट्रीय बचत योजना में लगाता है। उसको वार्षिक देय आयकर पर 3% शिक्षा कर भी देना पड़ेगा। यदि वह ₹ 600 प्रतिमाह आयकर 11 माह तक जमा करता है, तो ज्ञात कीजिए कि अन्तिम माह में उसे कितना आयकर जमा करना होगा। आयकर गणना करने के पहले ज्ञातव्य है कि निम्नलिखित योजनाओं में लगाई गई धनराशि अधिकतम ₹ 1,00,000 कर मुक्त है। (i) भविष्य निधि, (ii) जीवन बीमा राशि, (iii) राष्ट्रीय बचत पत्र में नियोजित राशि।

आयकर की दरें निम्नवत् हैं—

कर योग्य आय	**आयकर**
(i) ₹ 1,50,000 तक	**शून्य**
(ii) ₹ 1,50,001 से ₹ 3,00,000 तक	**₹ 1,50,000 से अधिक धनराशि का 10%**

हल– व्यक्ति की वार्षिक आय = ₹ 2,85,400

बचत : भविष्य निधि = ₹ 36,000

जीवन बीमा = ₹ 8,000

राष्ट्रीय बचत योजना = ₹ 10,000

अतः कुल बचत = ₹ (36,000 + 8,000 + 10,000) = ₹ 54,000

बचतों पर अधिकतम छूट = ₹ 1,00,000

अतः कुल छूट = ₹ 54,000

कर योग्य आय = ₹ (2,85,400 – 54,000) = ₹ 2,31,400

आयकर की दरों के अनुसार,

आयकर = ₹ (2,31,400 – 1,50,000) का 10%

$$= 81{,}400 \times \frac{10}{100} = ₹\ 8{,}140$$

शिक्षा कर = आयकर का 3%

$$= \frac{8{,}140 \times 3}{100} = ₹\ 244.2 = ₹\ 244$$

अतः शुद्ध देय आयकर $= ₹\ (8{,}140 + 244) = ₹\ 8{,}384$

₹ 600 प्रतिमाह की दर से 11 माह में जमा आयकर $= 600 \times 11 = ₹\ 6{,}600$

अतः वर्ष के अन्तिम माह में व्यक्ति द्वारा देय आयकर

$= ₹\ 8{,}384 - 6600 = ₹\ \mathbf{1{,}784}$ **उत्तर**

अभ्यास 4.2

1. रामू ने एक मोटर साइकिल ₹ 49,500 में खरीदी (बिक्रीकर सहित) यदि बिक्रीकर की दर 10% हो, तो मोटर साइकिल का मूल्य ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है—

मोटर साइकिल का विक्रय मूल्य = ₹ 49,500

तथा बिक्री कर की दर = 10%

माना मोटर साइकिल का मूल्य = x

$$\text{बिक्री कर की राशि} = \frac{\text{मूल्य} \times \text{बिक्रीकर की दर}}{100}$$

$$= \frac{x \times 10}{100} = \frac{x}{10}$$

विक्रय मूल्य = मूल्य + बिक्रीकर

$$49{,}500 = x + \frac{x}{10} \quad \text{या} \quad 49{,}500 = \frac{10x + x}{10}$$

या $$49{,}500 = \frac{11x}{10}$$

या $$x = \frac{49{,}500 \times 10}{11}$$

$= 4500 \times 10 = ₹\ \mathbf{45{,}000}$ **उत्तर**

2. यदि किसी वस्तु का अंकित मूल्य ₹ 120 है तथा उसकी बिक्रीकर की दर 12.5% है, तो वस्तु का विक्रय मूल्य परिकलित कीजिए।

हल– दिया है—

वस्तु का अंकित मूल्य = ₹ 120

बिक्रीकर की दर = 12.5%

$$\text{बिक्रीकर} = \frac{\text{अंकित मूल्य} \times \text{बिक्रीकर की दर}}{100}$$

$$= \frac{120 \times 12.5}{100} = \frac{1500}{100} = ₹\ 15$$

विक्रय मूल्य = अंकित मूल्य + बिक्रीकर

$= ₹\ (120 + 15) = ₹\ \mathbf{135}$ **उत्तर**

3. एक रेडियो का मूल्य ₹ 1308 है तथा उस पर बिक्रीकर की दर 9% है। ग्राहक ने दुकानदार से रेडियो का मूल्य इतना कम करने के लिए कहा जिससे उसे ₹ 1308 (बिक्रीकर सहित) ही देने पड़े तो रेडियो के मूल्य में आवश्यक कमी गणना कीजिए।

हल– माना रेडियो के मूल्य में कमी करने पर मूल्य = ₹ x

$$\text{बिक्रीकर} = \frac{\text{मूल्य} \times \text{बिक्रीकर की दर}}{100}$$

$$= \frac{x \times 9}{100} = ₹ \frac{9x}{100}$$

$$\text{विक्रय मूल्य} = \text{अंकित मूल्य} + \text{बिक्रीकर}$$

$$1308 = x + \frac{9x}{100} \quad \text{या} \quad 1308 = \frac{100x + 9x}{100}$$

या $$1308 = \frac{109x}{100}$$

$$\Rightarrow \quad x = \frac{1308 \times 100}{109} = 12 \times 100 = ₹\ 1200$$

अत: रेडियो के मूल्य में कमी = ₹ (1308 – 1200) = ₹ **108** **उत्तर**

4. एक टी०वी० का बिक्रीकर सहित मूल्य ₹ 13,440 है। यदि उसका अंकित मूल्य ₹ 12,000 है, तो बिक्रीकर की दर ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है—

टी०वी० का विक्रय मूल्य = ₹ 13,440

टी०वी० का अंकित मूल्य = ₹ 12,000

अत: $$\text{बिक्रीकर} = \text{विक्रय मूल्य} - \text{अंकित मूल्य}$$

$$= 13,440 - 12,000 = ₹\ 1,440$$

$$\text{बिक्री कर की दर} = \frac{\text{बिक्रीकर} \times 100\%}{\text{अंकित मूल्य}}$$

$$= \frac{1,440 \times 100}{12,000} = \mathbf{12\%}$$ **उत्तर**

5. एक वस्तु का अंकित मूल्य ₹ 16,000 है, जिस पर 12.5% की छूट मिलती है। यदि बिक्रीकर की दर 8% हो, तो वस्तु को खरीदने के लिए देय कुल धनराशि की गणना कीजिए।

हल– दिया है—

वस्तु का अंकित मूल्य = ₹ 16,000

अंकित मूल्य पर छूट की दर = 12.5% तथा बिक्रीकर की दर = 8%

अत: छूट = 16,000 का 12.5%

$$= \frac{16,000 \times 12.5}{100} = ₹\ 2,000$$

अत: वस्तु का विक्रय मूल्य = 16,000 – 2,000 = ₹ 14,000

$$\text{बिक्रीकर} = \frac{\text{विक्रय मूल्य} \times \text{बिक्रीकर की दर}}{100}$$

$$= \frac{14,000 \times 8}{100} = ₹\ 1,120$$

अत: टी०वी० खरीदने के लिए देय राशि = 14,000 + 1,120 = ₹ **15,120** **उत्तर**

6. मोहन ने एक ग्राइंड मिक्सर खरीदा, जिसका अंकित मूल्य ₹ 2,568 है। यदि मोहन को 7% बिक्रीकर सहित ₹ 2,568 ही देने पड़े, तो ग्राइंड मिक्सर का मूल्य कितना कम करना होगा?

हल– माना मिक्सर का मूल्य कम करने पर मूल्य = ₹ x

दिया है— बिक्रीकर की दर = 7%

तथा बिक्रीकर सहित (विक्रय) मूल्य = ₹ 2,568

$$\text{बिक्रीकर} = x \text{ का } 7\% = \frac{x \times 7}{100} = ₹\frac{7x}{100}$$

$$\text{विक्रय मूल्य} = \text{मूल्य} + \text{बिक्रीकर}$$

या $$2{,}568 = x + \frac{7x}{100}$$

या $$2{,}568 = \frac{107x}{100} \Rightarrow x = \frac{2{,}568 \times 100}{107} = ₹ 2{,}400$$

अत: ग्राइंड मिक्सर के मूल्य में कमी = 2,568 – 2,400 = **₹ 168** **उत्तर**

7. एक व्यक्ति किसी वाशिंग मीशन को बिक्रीकर सहित ₹ 6,510 में खरीदता है। यदि बिक्रीकर की दर 5% हो, तो वाशिंग मशीन का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।

हल– माना वाशिंग मशीन का अंकित मूल्य = ₹ x है।

दिया है— बिक्री कर की दर = 5%

तथा बिक्रीकर सहित वाशिंग मशीन का मूल्य = ₹ 6,510

$$\text{बिक्रीकर} = x \text{ का } 5\% = \frac{x \times 5}{100} = ₹\frac{5x}{100}$$

$$\text{अंकित मूल्य} + \text{बिक्री कर} = \text{बिक्रीकर सहित मूल्य}$$

या $$x + \frac{x}{20} = 6{,}510 \quad \text{या} \quad \frac{20x + x}{20} = 6{,}510$$

या $$\frac{21x}{20} = 6{,}510$$

या $$x = \frac{6{,}510 \times 20}{21} = 310 \times 20 = ₹ 6{,}200$$ **उत्तर**

8. रहमान ₹ 5,500 कीमत की वस्तु को 5% छूट में खरीदता है। 5% की दर से बिक्रीकर देने पर रहमान को वस्तु के कितने रुपये देने पड़ेंगे।

हल– दिया है— वस्तु का अंकित मूल्य = ₹ 5,500

छूट की दर = 5%

अत: वस्तु पर छूट = 5,500 का 5%

$$= \frac{5{,}500 \times 5}{100} = ₹ 275$$

छूट के बाद वस्तु का विक्रय मूल्य = 5,500 – 275 = ₹ 5,225

अब, विक्रय मूल्य पर बिक्रीकर की दर = 5%

अत: बिक्रीकर = 5,225 का 5%

$$= \frac{5{,}225 \times 5}{100} = ₹ 26125$$

अत: वस्तु को खरीदने के लिए देय राशि = 5,225 + 26125 = **₹ 5,486.25** **उत्तर**

9. 8% व्यापार कर सहित एक वस्तु का विक्रय मूल्य ₹ 810 है। वस्तु का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।

हल– माना वस्तु का अंकित मूल्य = ₹ x

बिक्रीकर की दर = 8%

अतः बिक्रीकर = x का 8% = $\frac{x \times 8}{100} = ₹ \frac{2x}{25}$

वस्तु का अंकित मूल्य + बिक्रीकर = विक्रय मूल्य

या $x + \frac{2x}{25} = 810$ या $\frac{27x}{25} = 810$

या $x = \frac{810 \times 25}{27} = 30 \times 25 = ₹ 750$ **उत्तर**

10. एक बाइक ₹ 40,500 में किसी शोरूम में उपलब्ध है। यदि उसका वास्तविक मूल्य ₹ 36,000 है, तो बिक्रीकर की दर ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है—

वास्तविक (अंकित) मूल्य = ₹ 36,000

विक्रय मूल्य = ₹ 40,500

अतः बिक्रीकर = 40,500 − 36,000 = ₹ 4,500

बिक्रीकर की दर = $\frac{\text{बिक्रीकर} \times 100\%}{\text{अंकित मूल्य}}$

$= \frac{4,500 \times 100}{36,000}\% = 12.5\%$ **उत्तर**

11. राहुल ने बाजार से ₹ 540 के जूते, ₹ 300 की पुस्तकें व ₹ 160 की कॉपियाँ खरीदीं। उसे जूते, पुस्तकें और कापियों पर मूल्य के अतिरिक्त क्रमशः 10%, शून्य और 5% बिक्री कर भी देना पड़ा। कुल देय धनराशि की गणना कीजिए।

हल– दिया है— जूतों का अंकित मूल्य = ₹ 540

जूतों पर बिक्रीकर की दर = 10%

अतः जूतों पर बिक्रीकर = 540 का 10% = $\frac{540 \times 10}{100} = ₹ 54$

अतः जूतों के लिए देय राशि = ₹ 540 + 54 = ₹ 594

पुस्तकों का अंकित मूल्य = ₹ 300

पुस्तकों पर बिक्रीकर की दर = शून्य

पुस्तकों के लिए देय राशि = ₹ 300

कॉपियों का अंकित मूल्य = ₹ 160 तथा बिक्रीकर की दर = 5%

अतः कॉपियों पर बिक्रीकर = 160 का 5% = $\frac{160 \times 5}{100} = ₹ 8$

अतः कॉपियों के लिए देय राशि = ₹ 160 + 8 = ₹ 168

अतः राहुल द्वारा देय कुल राशि = ₹ (594 + 300 + 168) = **₹ 1062** **उत्तर**

12. रवि ने बाजार से निम्नलिखित वस्तुएँ खरीदी—

(i) ₹ 300 की एक बरसाती, बिक्रीकर की दर 10%

(ii) ₹ 460 के जूते, बिक्रीकर की दर 9%

(iii) ₹ 450 के खाद्य पदार्थ, बिक्रीकर की दर 5%

(iv) ₹ 800 के कपड़े, बिक्रीकर की दर 1%

देय धनराशि की गणना कीजिए।

हल– (i) बरसाती का अंकित मूल्य = ₹ 300 तथा बिक्रीकर की दर = 10%

अतः बरसाती पर बिक्रीकर = 300 का 10% $= \frac{300 \times 10}{100} =$ ₹ 30

बरसाती का विक्रय मूल्य = ₹ (300 + 30) = **₹ 330**

(ii) जूतों का अंकित मूल्य = ₹ 460 तथा बिक्रीकर की दर = 9%

अतः जूतों पर बिक्रीकर = 460 का 9% $= \frac{460 \times 9}{100} =$ ₹ 41.40

जूतों का विक्रय मूल्य = ₹ (460 + 41.40) = **₹ 501.40**

(iii) खाद्य पदार्थों का अंकित मूल्य = ₹ 450 तथा बिक्रीकर की दर = 5%

अतः खाद्य पदार्थों पर बिक्रीकर = 450 का 5% $= \frac{450 \times 5}{100} =$ ₹ 22.50

जूतों का विक्रय मूल्य = ₹ (450 + 22.50) = **₹ 472.5**

(iv) कपड़ों का अंकित मूल्य = ₹ 800 तथा बिक्रीकर की दर = 1%

अतः कपड़ों पर बिक्रीकर = 800 का 1% $= \frac{800 \times 1}{100} =$ ₹ 8

जूतों का विक्रय मूल्य = ₹ (800 + 8) = **₹ 808**

अतः रवि द्वारा देय कुल धनराशि = ₹ (330 + 501.40 + 472.5 + 808)

= **₹ 2,111.9** उत्तर

13. सरिता ने ₹ 11,600 अंकित मूल्य का कोई सामान खरीदा। अंकित मूल्य पर उसे 5% की छूट मिलती है। यदि छूट मिलने के उपरान्त 5% की दर से बिक्रीकर लिया गया हो, तो कुल कितने रुपये देने होंगे।

हल– सरिता द्वारा खरीदे गए सामान का अंकित मूल्य = ₹ 11,600

अंकित मूल्य पर छूट की दर = 5%

अतः छूट की राशि = 11,600 का 5% $= \frac{11,600 \times 5}{100} =$ ₹ 580

छूट मिलने के बाद सामान का मूल्य = ₹ (11,600 – 580) = ₹ 11,020

अब, इस मूल्य पर बिक्रीकर की दर = 5%

अतः बिक्रीकर की राशि = 11,020 का 5% $= \frac{11,020 \times 5}{100} =$ ₹ 551

अतः सरिता द्वारा देय राशि = ₹ (11,020 + 551) = **₹ 11,571** उत्तर

बहुविकल्पीय प्रश्न

नोट– बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर जानने के लिए पाठ्य-पुस्तक के पृष्ठ संख्या 90 का अवलोकन कीजिए।

इकाई-3 सांख्यिकी (Statistics)

5

केन्द्रीय प्रवृत्ति की मापें
(Measures of Central Tendency)

अभ्यास 5.1

1. 8, 13, 2x, 7 और 20 का समान्तर माध्य 16 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

हल– दिए गए पद $= 8, 13, 2x, 7$ और 20 तथा समान्तर माध्य $= 16$

अत: $\Sigma x = 8+13+2x+7+20 = 48+2x$

तथा पदों की संख्या $(n) = 5$

सूत्र— समान्तर माध्य $= \frac{\Sigma x}{n}$ से

$$16 = \frac{48+2x}{5} \quad \text{या} \quad 80 = 48+2x$$

या $2x = 80-48$

या $2x = 32 \Rightarrow x = \mathbf{16}$ **उत्तर**

2. निम्नलिखित का समान्तर माध्य ज्ञात कीजिए—

72, 74, 76, 73,70, 78, 75, 79, 76, 69

हल– दिए हुए पद $= 72, 74, 76, 73,70, 78, 75, 79, 76, 69$

$$\Sigma x = 72+74+76+73+70+78+75+79+76+69 = 742$$

पदों की संख्या $(n) = 10$

अत: समान्तर माध्य $= \frac{\Sigma x}{n} = \frac{742}{10} = \mathbf{74.2}$ **उत्तर**

3. दस संख्याओं का समान्तर माध्य 16 है। यदि उनमें से एक संख्या को 10 कम कर दिया जाए, तो नया समान्तर माध्य ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है— पदों की संख्या $(n) = 10$

समान्तर माध्य $= 16$

हम जानते हैं— समान्तर माध्य $= \frac{\Sigma x}{n}$

या $\Sigma x = n \times$ समान्तर माध्य

$= 10 \times 16 = 160$

एक संख्या को 10 कम करने पर,

पदों का कुल योग $\Sigma x = 160 - 10 = 150$

अतः $$\text{नया समान्तर माध्य} = \frac{\text{पदों का योग } (\Sigma x)}{\text{पदों की संख्या } (n)} = \frac{150}{10} = \mathbf{15}$$ **उत्तर**

4. 13 अंकों का समान्तर माध्य 68 है। प्रथम सात अंकों का समान्तर माध्य 63 है और अन्तिम 7 अंकों का समान्तर माध्य 70 है। सातवाँ अंक ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है— अंकों की संख्या $(n) = 13$

तथा समान्तर माध्य $= 68$

अतः पदों का योग $(\Sigma x) =$ पदों की संख्या $\times$ समान्तर माध्य

$= 13 \times 68 = 884$

प्रथम सात अंकों का समान्तर माध्य $= 63$

अतः प्रथम सात अंकों का योग $= 7 \times 63 = 441$

अंतिम सात अंकों का समान्तर माध्य $= 70$

अतः अन्तिम सात अंकों का योग $= 7 \times 70 = 490$

चूँकि सातवाँ अंक प्रथम सात एवं अन्तिम सात दोनों समूहों में सम्मिलित है।

अतः सातवाँ अंक = प्रथम सात अंकों का योग + अन्तिम सात अंकों का योग

-13 अंकों का योग

$= 441 + 490 - 884$

$= 931 - 884 = \mathbf{47}$ **उत्तर**

5. 40 संख्याओं का समान्तर माध्य 65 है। यदि प्रत्येक संख्या में 5 की वृद्धि कर दी जाए, तो नई संख्याओं का समान्तर माध्य ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है— अंकों की संख्या $(n) = 40$

तथा समान्तर माध्य $= 65$

अतः संख्याओं का योग $(\Sigma x) = n \times$ समान्तर माध्य

$= 40 \times 65 = 2600$

प्रत्येक संख्या में 5 की वृद्धि करने पर, नई संख्या का योग

$(\Sigma x) = 2500 + 40 \times 5$

$= 2600 + 200 = 2800$

अतः नई संख्याओं का समान्तर माध्य $= \frac{\Sigma x}{n} = \frac{2800}{40} = \mathbf{70}$ **उत्तर**

6. यदि n संख्याओं $x_1, x_2, x_3, \ldots, x_n$ का समान्तर माध्य m है, तो सिद्ध कीजिए कि प्रत्येक संख्या में a जोड़ने पर समान्तर माध्य $(m + a)$ होगा।

हल– दिया है— पदों की संख्या $= n$

तथा समान्तर माध्य $= m$

अतः पदों का योग $\Sigma x =$ पदों की संख्या $\times$ समान्तर माध्य

$= n \times m = nm$

प्रत्येक संख्या में a जोड़ने पर नई संख्याओं का योग

$(\Sigma x) = nm + na = n(m + a)$

नई संख्याओं का समान्तर माध्य $= \dfrac{\text{नई संख्याओं का योग}}{\text{पदों (संख्याओं) की संख्या}}$

$$= \frac{n(m+a)}{n} = m + a$$ इति सिद्धम्

7. यदि $x_1, x_2, x_3, \ldots\ldots, x_n$ का माध्य $\overline{X}$ हो, तो $mx_1, mx_2, mx_3, \ldots\ldots, mx_n$ का माध्य ज्ञात कीजिए।

हल— हम जानते हैं कि यदि $x_1, x_2, x_3, \ldots\ldots, x_n$ का समान्तर माध्य $\overline{X}$ हो, तो

$$\overline{X} = \frac{x_1 + x_2 + x_3 + \ldots\ldots + x_n}{n}$$

अब, $mx_1, mx_2, mx_3, \ldots\ldots, mx_n$ का समान्तर माध्य

$$= \frac{mx_1 + mx_2 + mx_3 + \ldots\ldots + mx_n}{n}$$

$$= \frac{m(x_1 + x_2 + x_3 + \ldots\ldots + x_n)}{n} = m\overline{X}$$ उत्तर

8. 10 पदों का समान्तर माध्य 24 तथा अंतिम 8 पदों का समान्तर माध्य 20 है। प्रथम दो पदों का माध्य ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है— पदों की संख्या $(n) = 10$

तथा समान्तर माध्य $= 24$

अत: पदों का योग (Σx) = पदों की संख्या × समान्तर माध्य

$= 10 \times 24 = 240$

तथा अन्तिम 8 पदों का समान्तर माध्य $= 20$

अत: अन्तिम 8 पदों का योग $= 8 \times 20 = 160$

प्रथम दो पदों का योग = 10 पदों का योग − अंतिम 8 पदों का योग

$= 240 - 160 = 80$

अत: प्रथम दो पदों का समान्तर माध्य $= \dfrac{80}{2} = \mathbf{40}$ उत्तर

9. निम्नलिखित आंकड़ों का समान्तर माध्य ज्ञात कीजिए—

चर (x)	10	20	30	40	50
बारम्बारता (f)	6	8	9	5	2

हल–

चर (x)	बारम्बारता (f)	fx
10	6	60
20	8	160
30	9	270
40	5	200
50	2	100
योग	$\Sigma f = 30$	$\Sigma fx = 790$

सूत्र— समान्तर माध्य $=\frac{\Sigma fx}{\Sigma f}$

अत: समान्तर माध्य $=\frac{790}{30}=26.33$ उत्तर

10. समान्तर माध्य ज्ञात कीजिए—

x	10	30	50	75	89
f	7	8	10	15	10

हल–

x	f	fx
10	7	70
30	8	240
50	10	500
75	15	1125
89	10	890
योग	$\Sigma f=50$	$\Sigma fx=2825$

सूत्र— समान्तर माध्य $=\frac{\Sigma fx}{\Sigma f}$

अत: समान्तर माध्य $=\frac{2825}{50}=56.50$ उत्तर

11. निम्नलिखित सारणी का समान्तर माध्य लघु विधि द्वारा ज्ञात कीजिए—

x	31	32	33	34	35
f	6	14	16	9	5

हल– लघु विधि द्वारा समान्तर माध्य की गणना—माना कल्पित माध्य, $A=33$

x	f	कल्पित माध्य से विचलन $d=x-A$	fd
31	6	$31-33=-2$	$6\times(-2)=-12$
32	14	$32-33=-1$	$14\times(-1)=-14$
$33=(A)$	16	$33-33=0$	$16\times0=0$
34	9	$34-33=1$	$9\times1=9$
35	5	$35-33=2$	$5\times2=10$
योग	$\Sigma f=50$		$\Sigma fd=-7$

सूत्र— समान्तर माध्य $=A+\frac{\Sigma fd}{\Sigma f}$

अत: समान्तर माध्य $=33+\frac{-7}{50}=33-0.14=32.86$ उत्तर

12. निम्नलिखित सारणी में एक कक्षा में 50 छात्रों के भार दिए गए हैं—

भार (किग्रा में)	45	46	47	48
छात्रों की संख्या	15	10	20	5

छात्रों के भारों का समान्तर माध्य ज्ञात कीजिए।

हल–

भार (किग्रा में) x	छात्रों की संख्या f	fx
45	15	675
46	10	460
47	20	940
48	5	240
योग	$\Sigma f = 50$	$\Sigma fx = 2315$

सूत्र— $\text{समान्तर माध्य} = \dfrac{\Sigma fx}{\Sigma f}$

अतः $\text{समान्तर माध्य} = \dfrac{2315}{50} = 46.30$ किग्रा उत्तर

13. यदि निम्नलिखित सारणी का समान्तर माध्य 15 है, तो P का मान ज्ञात कीजिए।

x	5	10	15	20	25
f	6	P	6	10	5

हल–

x	f	fx
5	6	$5 \times 6 = 30$
10	P	$10 \times P = 10P$
15	6	$15 \times 6 = 90$
20	10	$20 \times 10 = 200$
25	5	$25 \times 5 = 125$
योग	$\Sigma f = 27 + P$	$\Sigma fx = 10P + 445$

सूत्र— $\text{समान्तर माध्य} = \dfrac{\Sigma fx}{\Sigma f}$ या $15 = \dfrac{10P + 445}{27 + P}$

या $405 + 15P = 10P + 445$

या $15P - 10P = 445 - 405$ या $5P = 40$

या $P = \dfrac{40}{5} = 8$ उत्तर

14. निम्नलिखित सारणी का समान्तर माध्य लघु विधि से ज्ञात कीजिए।

वर्ग अन्तराल	84–90	90–96	96–102	102–108	108–114
बारम्बारता	8	12	15	10	5

हल– लघु विधि द्वारा समान्तर माध्य की गणना—

वर्ग अन्तराल	मध्यमान x	बारम्बारता f	कल्पित माध्य से विचलन $d = x - A$	fd
84 – 90	87	8	$87 - 99 = -12$	$8 \times (-12) = -96$
90 – 96	93	12	$93 - 99 = -6$	$12 \times (-6) = -72$
96 – 102	$99 = (A)$	15	$99 - 99 = 0$	$15 \times 0 = 0$
102 – 108	105	10	$105 - 99 = 6$	$10 \times 6 = 60$
108 – 114	111	5	$111 - 99 = 12$	$5 \times 12 = 60$
योग		$\Sigma f = 50$		$\Sigma fd = -48$

सूत्र— $$\text{समान्तर माध्य} = A + \frac{\Sigma fd}{\Sigma f}$$

अतः $$\text{समान्तर माध्य} = 99 + \frac{-48}{50} = 99 - \frac{48}{50}$$

$$= 99 - 0.96 = \mathbf{98.04}$$ उत्तर

15. निम्नलिखित आँकड़ों का पद विचलन विधि द्वारा समान्तर माध्य ज्ञात कीजिए।

वर्ग अन्तराल	50 – 70	70 – 90	90 – 110	110 – 130	130 – 150	150 – 170
बारम्बारता	18	12	13	27	8	22

हल– माना कल्पित माध्य $= 100$ तथा $h = 20$

हल– माना केन्द्र O तथा 1 मीटर त्रिज्या वाले वृत्त की एक जीवा PQ है जो केन्द्र O पर $14\cdot6^\circ$ माप का कोण अन्तरित करती है।

अतः $OP = OQ = 1$ मीटर तथा $\angle POQ = 14\cdot6^\circ$ वृत्त के केन्द्र O से जीवा PQ पर लम्ब OL डाला।

तब, $PL = \frac{PQ}{2}$

तथा $\angle POL = \angle QOL = \frac{\angle POQ}{2} = \frac{14\cdot6^\circ}{2} = 7\cdot3^\circ$



समकोण ΔOLP में,

$\sin 7\cdot3^\circ = \frac{PL}{OP}$

या $PL = OP \sin 7\cdot3^\circ$

या $\frac{PQ}{2} = 1 \times \sin 7\cdot3^\circ$

या $PQ = 2 \times \sin 7\cdot3^\circ$

$= 2 \times 0\cdot1271$ (सारणी II से) $= 0\cdot2542$ मीटर $= 25\cdot42$ सेमी $=$ **25·4 सेमी** **उत्तर**

6. 80 सेमी त्रिज्या वाले एक वृत्त के अन्तर्गत खींचे गए 25 भुजाओं वाले समबहुभुज की भुजा की लम्बाई ज्ञात कीजिए।

हल– 25 भुजाओं वाले समबहुभुज की एक भुजा द्वारा केन्द्र पर अन्तरित कोण,

$= \frac{360^\circ}{25} = (14\cdot4)^\circ$

माना समबहुभुज की एक भुजा AB है।

$AO = BO = 80$ सेमी (प्रत्येक वृत्त की त्रिज्या)

OD, भुजा AB पर लम्ब है। अतः $AD = \frac{AB}{2}$

अतः $\angle AOD = \angle BOD = \frac{14\cdot4}{2} = 7\cdot2^\circ$



समकोण ΔODA में,

$\sin \angle AOD = \frac{AD}{AO}$

या $\sin 7\cdot2^\circ = \frac{AD}{80}$

या $AD = 80 \sin 7\cdot2^\circ$

$\frac{AB}{2} = 80 \times 0\cdot1253$ [सारणी II से]

या $\frac{AB}{2} = 10\cdot024$ सेमी

या $AB = 2 \times 10\cdot024 = 20\cdot048$ सेमी $=$ **20·05 सेमी** **उत्तर**

7. 500 सेमी त्रिज्या वाले वृत्त के अन्तर्गत खींचे गए 15 भुजाओं वाले समबहुभुज की भुजा की लम्बाई ज्ञात कीजिए।

हल– 15 भुजाओं वाले समबहुभुज की एक भुजा द्वारा वृत्त के केन्द्र पर अन्तरित कोण = $\frac{360^\circ}{15} = 24^\circ$

माना समबहुभुज की एक भुजा AB है। तब। $AO = BO = 500$ सेमी (वृत्त की त्रिज्याएँ)

OD, भुजा AB पर लम्ब है। अतः $AD = \frac{AB}{2}$

अतः $\angle AOD = \angle BOD = \frac{\angle AOB}{2} = \frac{24^\circ}{2} = 12^\circ$



समकोण ΔODA में,

$\sin \angle AOD = \frac{AD}{AO}$

या $AD = AO \sin \angle AOD$

या $\frac{AB}{2} = AO \sin \angle AOD$

या $AB = 2\,AO \sin 12^\circ = 2 \times 500 \times 0{\cdot}2079$ (सारणी 1 से) $=$ **207·9 सेमी** **उत्तर**

8. उस समकोण त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिसका कर्ण 6 सेमी, तथा एक न्यून कोण 77° माप का है।

हल– माना ABC एक समकोण Δ है। जिसका कोण $A = 77^\circ$ है। तथा कर्ण $AC = 6$ सेमी।

अतः $\sin 77^\circ = \frac{BC}{AC}$

या $0{\cdot}9744 = \frac{BC}{6}$ (सारणी 1 से)

या $BC = 6 \times 0{\cdot}9744 = 5{\cdot}85$ सेमी



ΔABC में,

$\angle C = 90^\circ - 77^\circ = 13^\circ$

$\sin C = \frac{AB}{AC}$

$\sin 13^\circ = \frac{AB}{6}$

या $AB = 6 \times \sin 13^\circ = 6 \times 0{\cdot}2250$ (सारणी 1 से) $= 1{\cdot}35$ सेमी

समकोण ΔABC का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times BC \times AB = \frac{1}{2} \times 5{\cdot}85 \times 1{\cdot}35$

$= 3{\cdot}95$ **वर्ग सेमी** **उत्तर**

9. समकोण त्रिभुज PQR का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जबकि $\angle P = 30^\circ$, $\angle Q = 90^\circ$ तथा $PR = 4$ सेमी है।

हल– दिया है—

समकोण त्रिभुज PQR जिसमें $\angle P = 30^\circ$, $\angle Q = 90^\circ$ तथा भुजा $PR = 4$ सेमी

अतः समकोण ΔPQR में,

$\sin 30° = \frac{QR}{PR}$

या $0{\cdot}5 = \frac{QR}{4}$ (सारणी 1 से)

या $QR = 4 \times 0{\cdot}5 = 2{\cdot}0$ सेमी

$\angle R = 90° - 30° = 60°$

अतः $\sin 60° = \frac{PQ}{PR}$

$0{\cdot}8660 = \frac{PQ}{4}$ (सारणी 1 से)

या $PQ = 4 \times 0{\cdot}8660 = 3{\cdot}464$ सेमी



अतः समकोण ΔPQR का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2}$ आधार $\times$ ऊँचाई

$= \frac{1}{2} QR \times PQ = \frac{1}{2} \times 2 \times 3{\cdot}464 = 3{\cdot}464$ वर्ग सेमी उत्तर

10. 2 मीटर त्रिज्या वाले एक वृत्त की उस जीवा की लम्बाई ज्ञात कीजिए, जो वृत्त के केन्द्र पर 45° माप का कोण अन्तरित करती है।

हल– माना केन्द्र O तथा 2 मीटर त्रिज्या वाले वृत्त की एक जीवा PQ है, जो केन्द्र O पर 45° का कोण अन्तरित करती है।

तब $OP = OQ = 2$ मीटर

वृत्त के केन्द्र O से जीवा PQ पर लम्ब OL डाला।

तब $PL = LQ = \frac{PQ}{2}$



अतः $\angle POL = \angle QOL = \frac{\angle POQ}{2} = \frac{45°}{2} = 22{\cdot}5°$

समकोण ΔOLP में,

$\sin 22{\cdot}5° = \frac{PL}{OP}$

या $PL = OP \sin 22{\cdot}5°$

या $\frac{PQ}{2} = OP \times \sin 22{\cdot}5°$

या $PQ = 2 \times OP \times \sin 22{\cdot}5° = 2 \times 2 \times \sin 22{\cdot}5° = 4 \times 0{\cdot}3825$

$= 1{\cdot}5308$ सेमी $= 1{\cdot}53$ सेमी उत्तर

बहुविकल्पीय प्रश्न

नोट– बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर जानने के लिए पाठ्य पुस्तक के पृष्ठ संख्या 163 का अवलोकन कीजिए।

10

ऊँचाई एवं दूरी
(Height and Distance)

अभ्यास 10

1. एक मीनार के क्षैतिज आधार से 10 मीटर दूरी पर स्थित एक बिन्दु पर मीनार की चोटी का उन्नयन कोण 60° है, तो मीनार की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।

हल– चित्रानुसार, AB एक h मीटर ऊँची मीनार है। मीनार के क्षैतिज आधार B से 10 मीटर दूरी पर बिन्दु P स्थित है, जिस पर मीनार की चोटी A का उन्नयन कोण 60° है।



अत: समकोण ΔABP में,

$\tan 60^\circ = \frac{AB}{BP}$

या $\sqrt{3} = \frac{h}{10}$

या $h = 10\sqrt{3}$ मीटर

अत: मीना की ऊँचाई $10\sqrt{3}$ मीटर होगी। **उत्तर**

2. एक मीनार के एक ही ओर उसके पाद से जाने वाली क्षैतिज रेखा पर दो बिन्दु स्थित हैं। मीनार की चोटी से उनके अवनमन कोण क्रमश: 45° व 60° हैं। यदि मीनार की ऊँचाई 150 मीटर हो, तो दोनों बिन्दुओं के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए।

हल– चित्रानुसार, माना PQ 150 मीटर ऊँची एक मीनार है जिसके पाद Q से होकर जाने वाली क्षैतिज रेखा पर दो बिन्दु A व B स्थित है। बिन्दु A व B के मीनार की चोटी से अवनमन कोण क्रमश: 45° व 60° हैं।



तब $\angle MPA = \angle QAP = 45^\circ$

तथा $\angle MPB = \angle QBP = 60^\circ$

माना A व B के बीच की दूरी $= x$ मीटर

अत: समकोण ΔPQB में,

$\tan 60^\circ = \frac{PQ}{BQ}$

$\sqrt{3} = \frac{150}{BQ}$

या $BQ = \frac{150}{\sqrt{3}} = 50\sqrt{3}$ मीटर

तथा समकोण ΔPQA में,

$\tan 45^\circ = \frac{PQ}{AQ}$

$1 = \frac{150}{AB + BQ}$

या $AB + BQ = 150$

या $x + 50\sqrt{3} = 150$

या $x = 150 - 50\sqrt{3}$

$= 50(3 - \sqrt{3})$ मीटर

अतः दोनों बिन्दुओं के बीच की दूरी $50(3 - \sqrt{3})$ मीटर है। **उत्तर**

3. एक नाव जो पुल की ओर आ रही है, उस पुल का उन्नयन कोण 30° देखा गया। नाव का उसी चाल से 6 मिनट चलने के पश्चात् उन्नयन कोण 60° हो जाता है। ज्ञात कीजिए कि नाव को उस पुल तक उसी चाल से पहुँचने में कितना समय और लगेगा।

हल– माना बिन्दु P पुल पर स्थित है, जिसके ठीक नीचे बिन्दु Q है।

माना नाव की प्रथम स्थिति A से पुल पर स्थित बिन्दु P का उन्नयन कोण 30° है।

अतः $\angle PAQ = 30^\circ$

6 मिनट बाद नाव की द्वितीय स्थिति B से पुल का उन्नयन कोण 60° है।

अतः $\angle PBQ = 60^\circ$



चित्रानुसार, ΔPAB में $\angle PBQ$ बहिष्कोण है।

अतः $\angle PAB + \angle BPA = \angle PBQ$

या $30^\circ + \angle BPA = 60^\circ$

या $\angle BPA = 60^\circ - 30^\circ = 30^\circ$

ΔPAB में $\angle PAB = \angle BPA = 30^\circ$

अतः $PB = AB = x$ (बराबर कोणों के सामने की भुजाएँ)

समकोण ΔPQB में,

$\cos 60^\circ = \frac{BQ}{PB}$

$\frac{1}{2} = \frac{BQ}{x} \Rightarrow BQ = \frac{x}{2}$

इससे ज्ञात होता है कि नाव को पुल तक पहुँचने में BQ अर्थात् $\frac{x}{2}$ दूरी और तय करनी होगी यदि $AB = x$ है।

AB अर्थात् x दूरी तय करने में नाव को लगा समय = 6 मिनट

BQ अर्थात् $\frac{x}{2}$ दूरी तय करने में नाव को लगा समय $= \frac{6}{2} = 3$ मिनट

अतः नाव को पुल तक पहुँचने में **3 मिनट** और लगेंगे। **उत्तर**

4. एक वायुयान भूमि से 1 किमी की ऊँचाई पर क्षैतिज दिशा में उड़ रहा है। किसी बिन्दु से वायुयान का उन्नयन कोण 60° है। 15 सेकण्ड पश्चात् उसी स्थान पर वायुयान का उन्नयन कोण 30° हो जाता है। वायुयान की चाल किमी/घण्टा में ज्ञात कीजिए।

हल– माना वायुयान की प्रथम स्थिति P तथा 15 सेकण्ड पश्चात् द्वितीय स्थिति Q है। क्षैतिज पर स्थित बिन्दु A पर स्थितियों P व Q से वायुयान के उन्नयन कोण क्रमशः $60°$ व $30°$ हैं।

वायुयान की ऊँचाई $PB = QC = 1$ किमी

माना वायुयान की चाल $= x$ किमी/घण्टा

अतः समकोण ΔPBA में,



$$\tan 60° = \frac{PB}{AB}$$

या $$\sqrt{3} = \frac{1}{AB}$$

या $$AB = \frac{1}{\sqrt{3}} \text{ किमी}$$

तथा समकोण ΔQCA में,

$$\tan 30° = \frac{QC}{AC}$$

$$\frac{1}{\sqrt{3}} = \frac{1}{AB + BC} \quad [\because AC = AB + BC]$$

या $$\frac{1}{\sqrt{3}} = \frac{1}{\frac{1}{\sqrt{3}} + BC}$$

या $$\frac{1}{\sqrt{3}} + BC = \sqrt{3}$$

या $$BC = \sqrt{3} - \frac{1}{\sqrt{3}} = \frac{3-1}{\sqrt{3}} = \frac{2}{\sqrt{3}} \text{ किमी} = \frac{2}{\sqrt{3}} \times 1000 \text{ मीटर} = PQ$$

वायुयान को स्थिति P से Q तक जाने में लगा समय $= 15$ सेकण्ड

वायुयान की चाल $=$ दूरी/समय

$$= \frac{2 \times 1000}{\sqrt{3} \times 15} \text{ मीटर/सेकण्ड} = \frac{2000}{1{\cdot}732 \times 15} \text{ मीटर/सेकण्ड} = 76{\cdot}98 \text{ मीटर/सेकण्ड}$$

$$= 76{\cdot}98 \times \frac{18}{5} \text{ किमी/घण्टा} = \frac{1385{\cdot}64}{5} \text{ किमी/घण्टा} = 277{\cdot}12 \text{ किमी/घण्टा}$$

अतः वायुयान की चाल **277.12 किमी/घण्टा** है। **उत्तर**

5. एक नाव से नदी के किनारे की किसी इमारत के एक प्रकाश स्रोत का कोण $30°$ देखा गया। 4 मिनट पश्चात् उसी नाव से प्रकाश स्रोत का उन्नयन कोण $60°$ हो गया। ज्ञात कीजिए कि नाव को इमारत के पास किनारे तक पहुँचने में कितना समय लगेगा?

हल– माना PQ नदी किनारे की इमारत है तथा P प्रकाश स्रोत है बिन्दु A किसी क्षण नाव की स्थिति है। 4 मिनट पश्चात् नाव बिन्दु B पर पहुँच जाती है। बिन्दु A व B पर नाव के प्रकाश स्रोत P से उन्नयन कोण क्रमशः $30°$ व $60°$ हैं।

ΔPAB में $\angle PBQ$ बहिष्कोण है

$\angle PAB + \angle APB = \angle PBQ$

$30° + \angle APB = 60°$

या $\angle APB = 60° - 30° = 30°$

ΔPAB में

$\angle PAB = \angle APB$

अतः $PB = AB = x$ (बराबर कोणों की सम्मुख भुजाएँ)



समकोण ΔPQB में,

$\cos 60° = \frac{BQ}{PB}$

$\frac{1}{2} = \frac{BQ}{x}$

या $BQ = \frac{x}{2}$

चूकि $AB = x$ दूरी तय करने में नाव को लगा समय $= 4$ मिनट

अतः $BQ = \frac{x}{2}$ दूरी तय करने में नाव को लगा समय $= \frac{4}{2} = 2$ मिनट

अतः नाव को इमारत के पास किनारे तक पहुँचने में **2 मिनट** लगेगी। **उत्तर**

6. एक वायुयान दो मकानों के ऊपर से उड़ रहा है, जिनके बीच की न्यूनतम दूरी 300 मीटर है। यदि किसी समय वायुयान से एक ही दिशा में दोनों मकानों के अवनमन कोण 45° व 60° हों, तो ज्ञात कीजिए वायुयान कितनी ऊँचाई पर उड़ रहा है।

हल– माना P व Q दो मकान हैं, जिनके बीच की दूरी $PQ = 300$ मीटर, A किसी क्षण वायुयान की स्थिति है। जिससे मकान P व Q के अवनमन कोण क्रमशः $\angle MAP = 45°$ तथा $\angle MAQ = 60°$ है।

अतः $\angle APB = \angle MAP = 45°$

तथा $\angle AQB = \angle MAQ = 60°$



माना वायुयान $AB = h$ मीटर ऊँचाई पर उड़ रहा है।

$\therefore$ समकोण ΔABQ में,

$\tan 60° = \frac{AB}{QB}$

या $\sqrt{3} = \frac{h}{QB}$

या $QB = \frac{h}{\sqrt{3}}$ .....(1)

तथा समकोण ΔABP में,

$\tan 45° = \frac{AB}{PB}$

$1 = \frac{h}{PQ + QB}$ $[\because PB = PQ + QB]$

या $1 = \frac{h}{300 + QB}$

या $300 + QB = h$

या $300 + \frac{h}{\sqrt{3}} = h$ (समीकरण 1 से)

या $300 = h - \frac{h}{\sqrt{3}}$

या $300 = \frac{(\sqrt{3}-1)}{\sqrt{3}} h$

या $h = \frac{300\sqrt{3}}{(\sqrt{3}-1)} = \frac{300\sqrt{3}(\sqrt{3}+1)}{(\sqrt{3}+1)(\sqrt{3}-1)} = \frac{300(3+\sqrt{3})}{3-1} = \frac{300(3+\sqrt{3})}{2}$

$= 150(3+\sqrt{3})$ मीटर **उत्तर**

7. सड़क के एक ओर स्थित किसी मकान के सड़क के दूसरी ओर स्थित मीनार के शिखर से छत तथा आधार के अवनमन कोण क्रमशः 45° व 60° हैं, यदि मकान की ऊँचाई 10 मीटर हो, तो मीनार की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।

हल– माना $AB = h$ मीटर ऊँची एक मीनार सड़क के एक ओर स्थित है तथा $PQ = 10$ मीटर ऊँचाई का सड़क के दूसरी ओर स्थित कोई मकान इस प्रकार है कि मीनार के शिखर से इसके छत व आधार के अवनमन कोण क्रमशः $\angle MAP = 45°$ तथा $\angle MAQ = 60°$ हैं।

PL, भुजा AB पर लम्ब डाला।

अतः $\angle APL = \angle MAP = 45°$ (एकान्तर कोण)

तथा $\angle AQB = \angle MAQ = 60°$ (एकान्तर कोण)

$LB = PQ = 10$ मीटर



तथा $PL = QB$

समकोण ΔALP में,

$\tan 45° = \frac{AL}{PL}$

या $1 = \frac{AL}{PL}$

या $PL = AL$

या $QB = AL$ .....(1)

समकोण ΔABQ में,

$\tan 60° = \frac{AB}{QB}$

या $\sqrt{3} = \frac{AL + LB}{AL}$ [$\because AB = AL + LB$]

या $\sqrt{3} = \frac{AL + 10}{AL}$

या $\sqrt{3}AL = AL + 10$

या $\sqrt{3}AL - AL = 10$

या $(\sqrt{3}-1)AL = 10$

या $AL = \frac{10}{(\sqrt{3}-1)} = \frac{10(\sqrt{3}+1)}{(\sqrt{3}-1)(\sqrt{3}+1)} = \frac{10(\sqrt{3}+1)}{3-1} = \frac{10(\sqrt{3}+1)}{2} = 5(\sqrt{3}+1)$

मीनार की ऊँचाई $h = AB = AL + LB = 5(\sqrt{3}+1) + 10 = 5\sqrt{3} + 5 + 10 = 5\sqrt{3} + 15$

$= 5(\sqrt{3}+3) = 5(1.732+3) = 5 \times 4.732 = 23.66$ मीटर

अतः मीनार की ऊँचाई **23.66 मीटर** है। **उत्तर**

8. चित्र में, क्षैतिज समतल पर खड़ी मीनार के दो भाग AB तथा BC हैं। $AB = a$ मीटर है। उसी क्षैतिज समतल पर कोई बिन्दु D है जिस पर BC तथा AB दोनों भाग समान कोण θ अन्तरित करते हैं। यदि $AD = b$ मीटर, तब सिद्ध कीजिए— $BC = \frac{a(b^2 + a^2)}{(b^2 - a^2)}$ मीटर

हल– दिए गए चित्रानुसार,



समकोण ΔBAD में,

$$\tan\theta = \frac{AB}{AD}$$

या $$\tan\theta = \frac{a}{b}$$

तथा समकोण ΔCAD में,

$$\tan(\theta + \theta) = \frac{AC}{AD}$$

या $$\tan 2\theta = \frac{AB + BC}{AD}$$

या $$\tan 2\theta = \frac{a + BC}{b}$$

या $$\frac{2\tan\theta}{1 - \tan^2\theta} = \frac{a + BC}{b}$$

या $$\frac{2 \times \frac{a}{b}}{1 - \left(\frac{a}{b}\right)^2} = \frac{a + BC}{b}$$ [समीकरण (1) से]

या $$\frac{2 \times \frac{a}{b}}{1 - \frac{a^2}{b^2}} = \frac{a + BC}{b}$$

या $$\frac{\frac{2a}{b}}{\frac{b^2 - a^2}{b^2}} = \frac{a + BC}{b}$$

या $$\frac{2ab^2}{b(b^2 - a^2)} = \frac{a + BC}{b}$$

या $$\frac{2ab^2}{b^2 - a^2} = a + BC$$

या $$a + BC = \frac{2ab^2}{b^2 - a^2}$$

$$BC = \frac{2ab^2}{b^2 - a^2} - a$$

या $$BC = \frac{2ab^2 - ab^2 + a^3}{b^2 - a^2}$$

या $$BC = \frac{ab^2 + a^3}{b^2 - a^2} = \frac{a(b^2 + a^2)}{(b^2 - a^2)}$$ मीटर इति सिद्धम्

9. ऊर्ध्वाधर खम्भा (जो 100 डेसी मीटर से अधिक लम्बा है) दो भागों में बँटा है, जिसमें नीचे का भाग उसकी कुल लम्बाई का $\frac{1}{3}$ है। यदि खम्भे की जड़ से 40 डेसीमीटर दूर एक स्थान पर उसका ऊपरी भाग कोण α अन्तरित करता है जबकि $\tan\alpha = \frac{1}{2}$, तो खम्भे की लम्बाई ज्ञात कीजिए।

हल– चित्र में, माना $AB = h$ डेसीमीटर लम्बाई का खम्भा है। जिसके दो भाग AP व PB है, तथा $PB = \frac{1}{3}h$ डेसी मीटर। खम्भे की जड़ B से 40 डेसीमीटर दूरी पर स्थित बिन्दु C पर खम्भे के ऊपरी भाग AP द्वारा अन्तरित कोण α है।

माना खम्भे के निचले भाग PB द्वारा बिन्दु C पर अन्तरित कोण β है। दिया है— $\tan\alpha = \frac{1}{2}$



अतः समकोण ΔPBC में,

$$\tan\beta = \frac{PB}{BC}$$

या $$\tan\beta = \frac{\frac{h}{3}}{40}$$

या $$\tan\beta = \frac{h}{120} \quad \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots(1)$$

तथा समकोण ΔABC में,

$$\tan\angle BCA = \frac{AB}{BC}$$

या $$\tan(\alpha+\beta) = \frac{h}{40}$$

या $$\frac{\tan\alpha + \tan\beta}{1 - \tan\alpha\tan\beta} = \frac{h}{40}$$

या $$\frac{\frac{1}{2} + \frac{h}{120}}{1 - \frac{1}{2}\times\frac{h}{120}} = \frac{h}{40}$$

या $$\frac{\frac{60+h}{120}}{1 - \frac{h}{240}} = \frac{h}{40}$$

या $\dfrac{\dfrac{60+h}{120}}{\dfrac{240-h}{240}}=\dfrac{h}{40}$

या $\dfrac{240(60+h)}{120(240-h)}=\dfrac{h}{40}$

या $\dfrac{2(60+h)}{240-h}=\dfrac{h}{40}$

या $80(60+h)=240h-h^2$

या $4800+80h=240h-h^2$

या $h^2-240h+80h+4800=0$

या $h^2-160h+4800=0$

या $h^2-120h-40h+4800=0$

या $h(h-120)-40(h-120)=0$

या $(h-120)(h-40)=0$

अत:, यदि $h-120=0$ तो $h=120$ डेसीमीटर

तथा यदि $h-40=0$ तो $h=40$ डेसीमीटर (जो अमान्य है)

अत: खम्भे की लम्बाई $(h)=120$ डेसीमीटर **उत्तर**

10. एक वायुयान सीधी सड़क के अनुदिश सड़क पर स्थित एक स्थान की ओर क्षैतिज दिशा में, 600 किमी/घण्टा की गति से उड़ रहा है। उस स्थान पर उसका उन्नयन कोण 30° और 12 सेकण्ड बाद 60° हो जाता है। वायुयान की ऊर्ध्वाधर ऊँचाई कीजिए।

हल– माना सड़क AB पर स्थित बिन्दु B के अनुदिश ऊँचाई h मीटर पर एक वायुयान उड़ रहा है। वायुयान की प्रथम स्थिति P से बिन्दु B का उन्नयन कोण 30° तथा 12 सेकण्ड बाद वायुयान की द्वितीय स्थिति, Q से बिन्दु B का उन्नयन कोण 60° है।

चित्र से,

$QL=PA=h$ मीटर तथा $PQ=AL$

वायुयान की चाल 600 किमी/घण्टा $=600\times\dfrac{5}{18}$ मीटर/सेकण्ड $=\dfrac{500}{3}$ मीटर/सेकण्ड

अत: दूरी $PQ=AL=$ चाल $\times$ समय $=\dfrac{500}{3}\times 12=2000$ मीटर



$\therefore$ समकोण ΔQLB में,

$\tan 60^\circ=\dfrac{QL}{LB}\Rightarrow\sqrt{3}=\dfrac{h}{LB}$

या $LB=\dfrac{h}{\sqrt{3}}$ .....(1)

तथा समकोण ΔPAB में,

$\tan 30^\circ=\dfrac{PA}{AB}$

या $\dfrac{1}{\sqrt{3}}=\dfrac{h}{AL+LB}$ [$\because AB=AL+LB$]

या $h=\frac{1}{\sqrt{3}}(AL+LB)$

या $h=\frac{1}{\sqrt{3}}\left(2000+\frac{h}{\sqrt{3}}\right)$

या $h=\frac{2000}{\sqrt{3}}+\frac{h}{3}$

या $h-\frac{h}{3}=\frac{2000}{\sqrt{3}}$

या $\frac{3h-h}{3}=\frac{2000}{\sqrt{3}}$

या $\frac{2h}{3}=\frac{2000}{\sqrt{3}}$

या $h=\frac{2000\times 3}{2\times\sqrt{3}}=1000\sqrt{3}$ मीटर

अत: वायुयान की ऊर्ध्वाधर ऊँचाई $1000\sqrt{3}$ मीटर होगी। उत्तर

11. एक मकान की ऊँचाई $30\sqrt{3}$ मीटर है। एक मीनार के शिखर से मकान के आधार तथा चोटी के अवनमन कोण क्रमश: 60° तथा 45° हैं। मीनार की ऊँचाई तथा मकान से मीनार की क्षैतिज दूरी ज्ञात कीजिए।

हल– माना चित्र में, $AB=h$ मीटर ऊँची मीनार है। मीनार से x दूरी पर $30\sqrt{3}$ मीटर ऊँचाई का मकान PQ स्थित है। मीनार AB के शिखर A से मकान के आधार व चोटी के अवनमन कोण क्रमश: 60° व 45° हैं।



PL, भुजा AB पर लम्ब डाला।

अत: $LB=PQ=30\sqrt{3}$ मीटर

$PL=QB=x$ मीटर

$\angle AQB=\angle MAQ=60°$

तथा $\angle APL=\angle MAP=45°$

∴ समकोण ΔALP में,

$\tan 45°=\frac{AL}{PL}$

$1=\frac{AL}{x}$

या $AL=x$ .....(1)

तथा समकोण ΔABQ में,

$\tan 60°=\frac{AB}{QB}$ [$\because AB=AL+LB$]

या $\sqrt{3}=\frac{AL+LB}{QB}$

या $\sqrt{3}=\frac{AL+PQ}{QB}$

या $\sqrt{3}=\frac{x+30\sqrt{3}}{x}$ [समीकरण (1) से]

या $\sqrt{3}x=x+30\sqrt{3}$

या $\sqrt{3}x-x=30\sqrt{3}$

या $(\sqrt{3}-1)x=30\sqrt{3}$

या $x=\frac{30\sqrt{3}}{(\sqrt{3}-1)}=\frac{30\sqrt{3}(\sqrt{3}+1)}{(\sqrt{3}-1)(\sqrt{3}+1)}$

या $x=\frac{30(3+\sqrt{3})}{3-1}=\frac{30(3+\sqrt{3})}{2}=15(3+\sqrt{3})$ मीटर

मीनार की ऊँचाई $(h)=AB=AL+LB=x+PQ=15(3+\sqrt{3})+30\sqrt{3}$

$=45+15\sqrt{3}+30\sqrt{3}=45+45\sqrt{3}=45(1+\sqrt{3})$ मीटर

अतः मीनार की ऊँचाई $=\mathbf{45(1+\sqrt{3})}$ **मीटर**

तथा मीनार से मकान की क्षैतिज दूरी $=\mathbf{15(3+\sqrt{3})}$ **मीटर** **उत्तर**

12. एक भवन तथा एक मीनार एक ही तल पर स्थित हैं। मीनार की चोटी से भवन के शीर्ष तथा आधार के अवनमन कोण क्रमशः 30° व 60° हैं, यदि मीनार की ऊँचाई 60 मीटर है तो भवन की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।

हल– माना चित्र में, $AB=60$ मीटर ऊँची एक मीनार तथा उसी तल में भवन $CD=x$ मीटर ऊँचा स्थित है। मीनार की चोटी A से भवन के शीर्ष C तथा आधार D के अवनमन कोण क्रमशः $30°$ व $60°$ हैं। CN, भुजा AB पर लम्ब डाला।



अतः $NB=CD=x$

तथा $CN=DB$

$\therefore$ समकोण ΔANC में,

$\tan 30°=\frac{AN}{CN}$

या $\frac{1}{\sqrt{3}}=\frac{AN}{CN}$

या $CN=\sqrt{3}AN$ .....(1)

समकोण ΔABD में,

$\tan 60°=\frac{AB}{DB}$

या $\sqrt{3}=\frac{60}{CN}$

या $\sqrt{3}=\frac{60}{\sqrt{3}AN}$ [समीकरण (1) से]

या $AN=\frac{60}{3}=20$ मीटर

भवन की ऊँचाई $CD=NB=AB-AN=60-20=\mathbf{40}$ **मीटर** **उत्तर**

13. एक मीनार के शिखर से एक भवन के शिखर तथा आधार के अवनमन कोण क्रमशः 30° व 60° हैं। मीनार की ऊँचाई ज्ञात कीजिए, जबकि भवन की ऊँचाई 15 मीटर है।

हल– माना चित्र में, $AB = h$ मीटर ऊँची कोई मीनार है। $CD = 15$ मीटर ऊँचा एक भवन है, जिसके शिखर व आधार के मीनार के शिखर से अवनमन कोण क्रमशः $\angle FAC = 30°$ तथा $\angle FAD = 60°$ है। CE, भुजा AB पर लम्ब डाला।



अतः $CE = DB$

तथा $EB = CD = 15$ मीटर

$\angle ACE = \angle FAC = 30°$ (एकान्तर कोण)

तथा $\angle ADB = \angle FAD = 60°$ (एकान्तर कोण)

$\therefore$ समकोण ΔACE में,

$$\tan 30° = \frac{AE}{CE}$$

या $$\frac{1}{\sqrt{3}} = \frac{AE}{DB}$$

या $$DB = \sqrt{3}AE = \sqrt{3}(AB - EB)$$

$$= \sqrt{3}(h - 15) \text{ मीटर}$$

तथा समकोण ΔABD में,

$$\tan 60° = \frac{AB}{DB}$$

$$\sqrt{3} = \frac{h}{DB}$$

या $$\sqrt{3} = \frac{h}{\sqrt{3}(h-15)}$$

या $3(h - 15) = h$

या $3h - 45 = h$

या $3h - h = 45$

या $2h = 45$

या $$h = \frac{45}{2} = 22.5 \text{ मीटर}$$

अतः मीनार की ऊँचाई $AB = h = 22.5$ मीटर है। **उत्तर**

14. 10 मीटर ऊँचे एक स्तम्भ के पाद से एक पहाड़ी की चोटी का उन्नयन कोण 60° तथा स्तम्भ के शीर्ष से पहाड़ी की चोटी का उन्नयन कोण 30° है। पहाड़ी की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।

हल– माना चित्र में $MN = h$ मीटर ऊँची पहाड़ी है तथा $AB = 10$ मीटर ऊँचाई का कोई स्तम्भ है। स्तम्भ के पाद तथा शीर्ष से पहाड़ी की चोटी के उन्नयन कोण क्रमशः 60° तथा 30° हैं। AD, भुजा MN पर लम्ब डाला।

अतः $AD = BN$

तथा $DN = AB = 10$ मीटर

$\therefore$ समकोण ΔMDA में,

$$\tan 30° = \frac{MD}{AD}$$

$\frac{1}{\sqrt{3}} = \frac{MN - DN}{BN}$ $[\because MD = MN - DN]$

या $\frac{1}{\sqrt{3}} = \frac{h-10}{BN}$

या $BN = \sqrt{3}h - 10\sqrt{3}$ .....(1)

तथा समकोण ΔMNB में,

$\tan 60° = \frac{MN}{BN}$

$\sqrt{3} = \frac{h}{BN}$

या $BN = \frac{h}{\sqrt{3}}$ .....(2)



समीकरण (1) व (2) से

$\frac{h}{\sqrt{3}} = \sqrt{3}h - 10\sqrt{3}$

या $h = 3h - 30$

या $30 = 3h - h$

या $30 = 2h \Rightarrow h = \frac{30}{2} = 15$ मीटर

अतः पहाड़ी की ऊँचाई $(h) = 15$ मीटर है। उत्तर

15. 5 मीटर ऊँचे बिजली के एक खम्भे के पाद से किसी मीनार की चोटी का उन्नयन कोण $60°$ तथा खम्भे के शीर्ष से मीनार की चोटी का उन्नयन कोण $30°$ है। मीनार की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।

हल– माना $PQ = h$ मीटर ऊँची कोई मीनार है तथा $RS = 5$ मीटर ऊँचा एक बिजली का खम्भा इस प्रकार है कि मीनार की चोटी का खम्भे के पाद व शीर्ष से उन्नयन कोण क्रमशः $60°$ व $30°$ है। RM, भुजा PQ पर लम्ब डाला है।

अतः $RM = SQ = x$

तथा $MQ = RS = 5$ मीटर

$PM = PQ - MQ = (h-5)$ मीटर

∴ समकोण ΔPMR में,

$\tan 30° = \frac{PM}{RM}$

या $\frac{1}{\sqrt{3}} = \frac{h-5}{x}$

या $x = \sqrt{3}(h-5)$ .....(1)

तथा समकोण ΔPQS में,

$\tan 60° = \frac{PQ}{SQ}$

या $\sqrt{3} = \frac{h}{x}$



या $x=\frac{h}{\sqrt{3}}$ .....(2)

समीकरण (1) व (2) से,

$\sqrt{3}(h-5)=\frac{h}{\sqrt{3}}$

या $3(h-5)=h$

या $3h-15=h$

या $3h-h=15$

या $2h=15\Rightarrow h=\frac{15}{2}=7{\cdot}5$ मीटर

अत: मीनार की ऊँचाई 7.5 मीटर है। उत्तर

16. एक मकान के आधार से 30 मीटर दूर स्थित एक मीनार के शिखर का उन्नयन कोण 60° तथा मकान की छत से मीनार के शिखर का उन्नयन कोण 45° है। मकान तथा मीनार की ऊँचाईयाँ ज्ञात कीजिए।

हल– माना चित्र में, $AB=H$ मीटर ऊँची मीनार तथा $CD=h$ मीटर ऊँचा मकान है। मीनार व मकान के बीच दूरी $DB=30$ मीटर है। CE भुजा AB पर लम्ब है। अत: $CE=DB=30$ मीटर, $EB=CD=h$ मीटर $AE=AB-EB=(H-h)$ मीटर



$\therefore$ समकोण ΔAEC में,

$\tan 45°=\frac{AE}{CE}$

$1=\frac{H-h}{30}$

या $H-h=30$ मीटर .....(1)

तथा समकोण ΔABD में,

$\tan 60°=\frac{AB}{DB}$

या $\sqrt{3}=\frac{H}{30}$

या $H=30\sqrt{3}$ मीटर $=30\times 1{\cdot}732=51{\cdot}96$ मीटर

H का मान समीकरण में (1) रखने पर,

$51{\cdot}96-h=30$

या $51{\cdot}96-30=h$

या $21{\cdot}96=h\Rightarrow h=21{\cdot}96$ मीटर

अत: मकान की ऊँचाई $=21{\cdot}96$ मीटर

तथा मीनार की ऊँचाई $=51{\cdot}96$ मीटर उत्तर

17. एक मकान के आधार से 24 मीटर दूर स्थित एक चिमनी के शिखर का उन्नयन कोण 60° तथा मकान की छत से चिमनी के शिखर का उन्नयन कोण 45° है। मकान की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।

हल– माना चित्र में, AB कोई चिमनी तथा इससे 24 मीटर दूरी पर मकान MN स्थित है, जिसकी ऊँचाई $MN = h$ मीटर। चिमनी के शिखर A के मकान MN के पाद N तथा छत M से उन्नयन क्रमशः $\angle ANB = 60°$ तथा $\angle AMD = 45°$ तथा भुजा MD, AB पर लम्ब डाला गया।

अतः $DM = BN = 24$ मीटर

$DB = MN = h$ मीटर



$\therefore$ समकोण ΔADM में,

$$\tan 45° = \frac{AD}{MD}$$

या $$1 = \frac{AD}{MD}$$

या $AD = MD = 24$ मीटर .....(1)

तथा समकोण ΔABN में,

$$\tan 60° = \frac{AB}{BN}$$

या $$\sqrt{3} = \frac{AD + DB}{24} \quad [\because AB = AD + DB]$$

या $$\sqrt{3} = \frac{24 + h}{24}$$

या $24\sqrt{3} = 24 + h$

या $h = 24\sqrt{3} - 24 = 24(\sqrt{3} - 1) = 24(1.732 - 1) = 24 \times 0.732 = 17.568$ मीटर

$= 17.57$ मीटर **उत्तर**

18. एक सर्कस का कलाकार 20 मीटर लम्बी रस्सी पर चढ़ रहा है, जो कि एक ऊर्ध्वाधर स्तम्भ के शीर्ष से बँधी हुई है। स्तम्भ की ऊँचाई ज्ञात कीजिए। यदि रस्सी द्वारा जमीन के साथ बना हुआ उन्नयन कोण 30° है।

हल– माना $AB = h$ मीटर ऊँचाई का एक स्तम्भ है, जिसके शीर्ष A तथा जमीन पर स्थित बिन्दु C से एक रस्सी $AC = 20$ मीटर जमीन के साथ 30° का कोण बनाते हुए बँधी है।



अतः समकोण ΔABC में,

$$\sin 30° = \frac{AB}{AC}$$

या $$\frac{1}{2} = \frac{h}{20}$$

या $$h = \frac{20}{2} = 10 \text{ मीटर}$$ **उत्तर**

19. एक वृक्ष तूफान के कारण टूट जाता है और टूटा हुआ भाग जमीन के साथ 30° का कोण बनाता है। वृक्ष के पाद से तथा उस बिन्दु के बीच की दूरी (जहाँ वृक्ष का शीर्ष जमीन को छूता है) 8 मीटर है। वृक्ष की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।

हल– माना वृक्ष APQ का ऊपरी भाग AP तूफान में टूटकर जमीन पर PQ स्थिति ग्रहण कर लेता है। अर्थात् वृक्ष का ऊपरी बिन्दु A जमीन को बिन्दु O पर छूता है। जो पृथ्वी के साथ 30° का कोण बनाता है।

तब $OP = AP$

प्रश्नानुसार,

$OQ = 8$ मीटर तथा $\angle POQ = 30°$

माना $OP = y$ तथा $PQ = x$

समकोण ΔPQO में,

$\tan 30° = \frac{PQ}{OQ}$

या $\frac{1}{\sqrt{3}} = \frac{x}{8}$

या $x = \frac{8}{\sqrt{3}}$ मीटर



पुनः समकोण ΔPQO में,

$\cos 30° = \frac{OQ}{OP}$

या $\frac{\sqrt{3}}{2} = \frac{8}{y}$

या $y = \frac{16}{\sqrt{3}}$ मीटर

अतः वृक्ष की ऊँचाई $= AQ = AP + PQ = OP + PQ = y + x$

$= \frac{16}{\sqrt{3}} + \frac{8}{\sqrt{3}} = \frac{16+8}{\sqrt{3}} = \frac{24}{\sqrt{3}} = \frac{24 \times \sqrt{3}}{\sqrt{3} \times \sqrt{3}} = \frac{24\sqrt{3}}{3} = 8\sqrt{3}$ मीटर उत्तर

20. जमीन पर स्थित किसी बिन्दु से एक टावर के शीर्ष का उन्नयन कोण 30° है। यदि टावर के आधार से वह बिन्दु 30 मीटर दूर है, तो टावर की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।

हल– माना चित्र में, MN एक टावर है, जिसकी ऊँचाई $MN = h$ मीटर। टावर से 30 मीटर दूर स्थित बिन्दु P है जिससे टावर के शीर्ष M का उन्नयन कोण 30° है अर्थात्

$\angle MPN = 30°$

समकोण ΔMNP में,

$\tan 30° = \frac{MN}{PN}$

या $\frac{1}{\sqrt{3}} = \frac{h}{30}$

या $h = \frac{30}{\sqrt{3}} = \frac{10 \times 3}{\sqrt{3}}$

$= 10\sqrt{3}$ मीटर उत्तर



21. एक पतंग जमीन से 60 मीटर की ऊँचाई पर उड़ रही है। पतंग से बँधा हुआ धागा जमीन पर स्थित किसी बिन्दु पर बँधा हुआ है। यदि धागे का जमीन से झुकाव 60° है, तो धागे की लम्बाई ज्ञात कीजिए।

हल– माना चित्र में एक पतंग आकाश में K बिन्दु पर उड़ रही है। PK पतंग से बँधा धागा है जो जमीन पर बिन्दु P पर बँधा है तथा जमीन के साथ $60°$ का कोण बनाता है। पतंग की जमीन से ऊँचाई $KG = 60$ मीटर।



माना धागे की लम्बाई $= PK = x$ मीटर है।

अत: समकोण ΔKGP में,

$\sin 60° = \frac{KG}{PK}$

या $\frac{\sqrt{3}}{2} = \frac{60}{x}$

या $x = \frac{60 \times 2}{\sqrt{3}}$

$= \frac{3 \times 20 \times 2}{\sqrt{3}} = 40\sqrt{3}$ मीटर

उत्तर

22. एक 1·5 मीटर लम्बा लड़का 30 मीटर ऊँची इमारत से कुछ दूरी पर खड़ा हुआ है। लड़के द्वारा इमारत की ओर चलने पर लड़के की आँख से इमारत के शीर्ष का उन्नयन कोण 30° से बढ़कर 60° हो जाता है। वह दूरी ज्ञात कीजिए, जितनी लड़का इमारत की ओर चला।

हल– माना $LD = 1·5$ मीटर लम्बा एक लड़का $AB = 30$ मीटर ऊँची इमारत से $BD = y$ दूरी पर खड़ा है, जहाँ पर लड़के की आँख से इमारत के शीर्ष A का उन्नयन कोण $(\angle ALM) = 30°$ है। इमारत की ओर x दूरी चलने पर यह कोण $(\angle AL'M) = 60°$ हो जाता है। LM, भुजा AB पर लम्ब है।

चित्रानुसार,

$LD = MB = 1·5$ मीटर

$LL' = DD' = x$ तथा $LM = DB = y$, $L'M = LM - LL'$

$= (y - x)$ मीटर

तथा $AM = (AB - MB) = (30 - 1·5) = 28·5$ मीटर



∴ समकोण ΔAML में,

$\tan 30° = \frac{AM}{LM}$

$\frac{1}{\sqrt{3}} = \frac{28·5}{y}$

या $y = 28·5\sqrt{3}$ मीटर ……(1)

तथा समकोण $\Delta AML'$ में,

$\tan 60° = \frac{AM}{L'M}$

$\sqrt{3} = \frac{28·5}{LM - LL'}$

या $\sqrt{3} = \frac{28·5}{y - x}$

या $\sqrt{3} = \frac{28{\cdot}5}{28{\cdot}5\sqrt{3} - x}$ [समीकरण (1) से]

या $28{\cdot}5 \times 3 - \sqrt{3}x = 28{\cdot}5$

या $85{\cdot}5 - 28{\cdot}5 = \sqrt{3}x$

या $57{\cdot}0 = \sqrt{3}x$

या $x = \frac{57}{\sqrt{3}} = \frac{57 \times \sqrt{3}}{3} = 19\sqrt{3}$ मीटर

अत: लडका इमारत की ओर **$19\sqrt{3}$ मीटर** दूरी चलता है। **उत्तर**

23. एक 20 मीटर ऊँची इमारत पर एक टावर बनाया गया है। जमीन पर स्थित किसी बिन्दु से टावर के शीर्ष और आधार के उन्नयन कोण 60° व 45° हैं। टावर की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।

हल– माना चित्र में, $AB = 20$ मीटर ऊँची एक इमारत है। जिसके ऊपर $TA = h$ मीटर ऊँचाई का एक टावर बनाया गया है। जमीन पर कोई बिन्दु P है। जिसकी इमारत के आधार से दूरी $PB = x$ मीटर है।

$\angle APB = 45°$ तथा $\angle TPB = 60°$

समकोण ΔABP में,

$\tan 45° = \frac{AB}{PB}$

या $1 = \frac{20}{x}$

या $x = 20$ मीटर

समकोण ΔTBP में,

$\tan 60° = \frac{TB}{PB}$

या $\sqrt{3} = \frac{TA + AB}{PB}$

या $\sqrt{3} = \frac{h + 20}{20}$

या $20\sqrt{3} = h + 20$

या $h = 20\sqrt{3} - 20 \Rightarrow h = 20(\sqrt{3} - 1)$ मीटर **उत्तर**

24. एक पीठ पर 1·6 मीटर लम्बी मूर्ति स्थित है। जमीन पर स्थित किसी बिन्दु से मूर्ति के शीर्ष का उन्नयन कोण 60° है और उसी बिन्दु से पीठ के शीर्ष का उन्नयन कोण 45° है। पीठ की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।

हल– माना चित्र में, $AB = h$ मीटर ऊँचा एक पीठ है, जिस पर $MA = 1{\cdot}6$ मीटर ऊँची एक मूर्ति स्थित है। जमीन पर एक बिन्दु P है, जिस पर मूर्ति के शीर्ष एवं पीठ के शीर्ष के उन्नयन कोण क्रमशः $\angle MPB = 60°$ तथा $\angle APB = 45°$ है।

$\therefore$ समकोण ΔABP में,

$\tan 45° = \frac{AB}{PB}$

या $1 = \frac{h}{PB}$

या $PB = h$ .....(1)

तथा समकोण ΔMPB में,

$\tan 60^\circ = \frac{MB}{PB}$

या $\sqrt{3} = \frac{MA + AB}{h}$ $\left[\because MB = MA + AB = 1.6 + h\right]$

या $\sqrt{3} = \frac{1.6 + h}{h}$

या $\sqrt{3}h = 1.6 + h$

या $\sqrt{3}h - h = 1.6$

या $(\sqrt{3} - 1)h = 1.6$



या $h = \frac{1.6}{\sqrt{3}-1} = \frac{1.6 \times (\sqrt{3}+1)}{(\sqrt{3}-1)(\sqrt{3}+1)} = \frac{1.6(\sqrt{3}+1)}{3-1} = \frac{1.6(\sqrt{3}+1)}{2}$

$= 0.8(\sqrt{3}+1)$ मीटर उत्तर

25. हवा के साथ क्षैतिज रेखा पर गति करते हुए एक गुब्बारा 1.2 मीटर लम्बी लड़की से 88.2 मीटर की ऊँचाई पर उड़ रहा है। गुब्बारा किसी क्षण लड़की की आँख से 60° का उन्नयन कोण बनाता है। कुछ समय बाद उन्नयन कोण 30° कम हो जाता है। उस अन्तराल के दौरान गुब्बारे द्वारा चली गई दूरी ज्ञात कीजिए।



हल– चित्र में, $GL = 1.2$ मीटर लम्बी एक लड़की है। B_1 व B_2 गुब्बारे की दो स्थितियाँ हैं, जिनके लड़की की आँख से उन्नयन कोण क्रमशः 60° व 30° हैं। माना गुब्बारे द्वारा B_1 से B_2 तक चलित दूरी $B_1B_2 = x$ मीटर।

गुब्बारे की ऊँचाई = 88.2 मीटर

चित्रानुसार, $GL = QM = 1.2$ मीटर

अतः $B_1P = B_2Q = 88.2 - 1.2 = 87$ मीटर

$B_1B_2 = PQ = x$

∴ समकोण ΔB_1PG में,

$\tan 60^\circ = \frac{B_1P}{GP}$

$\sqrt{3} = \frac{87}{GP}$

या $GP = \frac{87}{\sqrt{3}}$ .....(1)

तथा समकोण ΔB_2QG में,

$\tan 30^\circ = \frac{B_2Q}{GQ}$



या $\frac{1}{\sqrt{3}}=\frac{87}{GP+PQ}$

या $\frac{1}{\sqrt{3}}=\frac{87}{GP+x}$

या $GP+x=87\times\sqrt{3}$

या $\frac{87}{\sqrt{3}}+x=87\sqrt{3}$ [समीकरण (1) से]

या $x=87\sqrt{3}-\frac{87}{\sqrt{3}}$

या $x=\frac{87\times3-87}{\sqrt{3}}=\frac{261-87}{\sqrt{3}}=\frac{174}{\sqrt{3}}=\frac{174\times\sqrt{3}}{\sqrt{3}\times\sqrt{3}}=\frac{174\sqrt{3}}{3}=58\sqrt{3}$ मीटर उत्तर

26. एक उर्ध्वाधर खम्भा अपने पाद के तल में स्थित किसी बिन्दु पर α कोण अन्तरित करता है तथा एक A मीटर लम्बा आदमी जो खम्भे के शिखर पर खड़ा है, सड़क के उस बिन्दु पर β कोण अन्तरित करता है। सिद्ध कीजिए खम्भे की ऊँचाई $A\sin\alpha\cos(\alpha+\beta)\operatorname{cosec}\beta$ मीटर है।

हल– माना चित्र में $SR=x$ मीटर लम्बा खम्भा है, जो अपने पाद के तल में स्थित बिन्दु P पर α कोण अन्तरित करता है। $MS=A$ मीटर लम्बा आदमी खम्भे के शिखर पर खड़ा है, जो बिन्दु P पर β कोण अन्तरित करता है।



∴ समकोण ΔSRP में,

$\cot\alpha=\frac{PR}{SR}$

या $\cot\alpha=\frac{PR}{x}$

या $PR=x\cot\alpha$ .....(1)

तथा समकोण ΔMRP में,

$\cot(\alpha+\beta)=\frac{PR}{MR}$

या $\cot(\alpha+\beta)=\frac{PR}{MS+SR}$

या $\cot(\alpha+\beta)=\frac{PR}{(A+x)}$

या $PR=(A+x)\cot(\alpha+\beta)$ .....(2)

समीकरण (1) व (2) से,

$x\cot\alpha=(A+x)\cot(\alpha+\beta)$

या $x\cot\alpha=A\cot(\alpha+\beta)+x\cot(\alpha+\beta)$

या $x\cot\alpha-x\cot(\alpha+\beta)=A\cot(\alpha+\beta)$

या $x\{\cot\alpha-\cot(\alpha+\beta)\}=A\cot(\alpha+\beta)$

या $x\left\{\frac{\cos\alpha}{\sin\alpha}-\frac{\cos(\alpha+\beta)}{\sin(\alpha+\beta)}\right\}=A\frac{\cos(\alpha+\beta)}{\sin(\alpha+\beta)}$

या $x\left\{\frac{\sin(\alpha+\beta)\cos\alpha-\cos(\alpha+\beta)\sin\alpha}{\sin\alpha\sin(\alpha+\beta)}\right\}=A\frac{\cos(\alpha+\beta)}{\sin(\alpha+\beta)}$

या $x\frac{\sin(\alpha+\beta-\alpha)}{\sin\alpha\sin(\alpha+\beta)}=A\frac{\cos(\alpha+\beta)}{\sin(\alpha+\beta)}$

या $x\frac{\sin\beta}{\sin\alpha\sin(\alpha+\beta)}=A\frac{\cos(\alpha+\beta)}{\sin(\alpha+\beta)}$

या $x\frac{\sin\beta}{\sin\alpha}=A\cos(\alpha+\beta)$

या $x=\frac{A\sin\alpha\cos(\alpha+\beta)}{\sin\beta}$

या $x=A\sin\alpha\cos(\alpha+\beta)\operatorname{cosec}\beta$ इति सिद्धम्

27. एक झील के तल से h मीटर ऊँचाई पर स्थित एक स्थान पर बादल का उन्नयन कोण α है तथा झील में उसके प्रतिबिम्ब का अवनमन कोण β है। सिद्ध कीजिए उस स्थान से बादल की दूरी $\frac{2h\sec\alpha}{\tan\beta-\tan\alpha}$ मीटर है।

हल– माना चित्र में किसी झील के तल पर दो बिन्दु A व B हैं। बिन्दु B से x मीटर ऊँचाई पर बादल C है। बिन्दु A से h ऊँचाई पर कोई बिन्दु P है, जिससे बादल C का उन्नयन कोण $\angle CPQ=\alpha$ है बिन्दु P से बादल की दूरी $=PC=y$, बिन्दु B से x गहराई पर बादल C का प्रतिबिम्ब C' है, जिससे बिन्दु P का अवनमन β है।

चित्रानुसार, $QB=PA=h$ मीटर

तथा $BC'=BC=x$ मीटर

$CQ=BC-BQ$ तथा $QC'=BQ+BC'$

$=x-h$ $=h+x$



∴समकोण ΔCQP में,

$\tan\alpha=\frac{CQ}{PQ}$

या $\tan\alpha=\frac{BC-QB}{PQ}$

या $\tan\alpha=\frac{x-h}{PQ}$

या $PQ\tan\alpha=x-h$

या $x=h+PQ\tan\alpha$ .....(1)

तथा समकोण $\Delta PQC'$ में,

$\tan\beta=\frac{QC'}{PQ}$

या $\tan\beta=\frac{QB+BC'}{PQ}$

या $\tan\beta=\frac{h+x}{PQ}$

या $PQ\tan\beta = h + x$

या $x = PQ\tan\beta - h$ .....(2)

समीकरण (1) व (2) से,

$h + PQ\tan\alpha = PQ\tan\beta - h$

या $h + h = PQ\tan\beta - PQ\tan\alpha$

या $2h = PQ(\tan\beta - \tan\alpha)$

या $PQ = \dfrac{2h}{(\tan\beta - \tan\alpha)}$ .....(3)

पुनः समकोण ΔCQP में,

$\cos\alpha = \dfrac{PQ}{PC}$

या $\cos\alpha = \dfrac{PQ}{y}$

या $y = \dfrac{PQ}{\cos\alpha} = PQ\sec\alpha = \dfrac{2h\sec\alpha}{\tan\beta - \tan\alpha}$ [समीकरण (3) से]

$= \dfrac{2h\sec\alpha}{\tan\beta - \tan\alpha}$ इति सिद्धम्

28. एक मीनार एक क्षैतिज समतल पर खड़ी है तथा क्षैतिज से α कोण पर झुके पहाड़ से इसकी दूरी a है। एक आदमी जो पहाड़ पर बैठा है, मीनार के ठीक ऊपर से तालाब को देख सकता है जो मीनार से b दूरी पर है यदि आदमी की पहाड़ के आधार से दूरी c हो तो सिद्ध कीजिए कि मीनार की ऊँचाई $\dfrac{bc\sin\alpha}{a + b + c\cos\alpha}$ है।

हल– माना चित्र में AMN एक पहाड़ है जो क्षैतिज से α कोण पर झुका हुआ है। पहाड़ के आधार A से a मीटर दूरी पर $TR = h$ ऊँचाई की एक मीनार है। पहाड़ के शिखर M पर बैठा आदमी मीनार TR से b दूरी पर स्थित तालाब को मीनार के ठीक ऊपर से देख सकता है। माना $\angle MPN = \angle TPR = \theta$, पहाड़ के आधार A से आदमी M की दूरी $= c$ मीटर

$\therefore$ समकोण ΔMNA में,

$\sin\alpha = \dfrac{MN}{MA}$

या $\sin\alpha = \dfrac{MN}{c}$

या $MN = c\sin\alpha$ .....(1)



पुनः समकोण ΔMNA में,

$\cos\alpha = \dfrac{AN}{MA}$

या $\cos\alpha = \dfrac{AN}{c}$

या $AN = c\cos\alpha$ .....(2)

समकोण ΔTRP में,

$\tan\theta = \frac{TR}{PR} \Rightarrow \tan\theta = \frac{h}{b}$ .....(3)

समकोण ΔMNP में,

$\tan\theta = \frac{MN}{PN}$

या $\tan\theta = \frac{MN}{PR + RA + AN}$ $[PN = PR + RA + AN]$

या $\tan\theta = \frac{c\sin\alpha}{b + a + c\cos\alpha}$ .....(4)

समीकरण (3) व (4) से,

$\frac{h}{b} = \frac{c\sin\alpha}{b + a + c\cos\alpha}$

या $h = \frac{bc\sin\alpha}{a + b + c\cos\alpha}$ इति सिद्धम्

29. दीवार पर खड़ा एक व्यक्ति देखता है कि एक बिजली के खम्भे के शिखर का उन्नयन कोण α है। दीवार के नीचे से उसी खम्भे के शिखर का उन्नयन कोण β है। यदि दीवार की ऊँचाई a है, तो सिद्ध कीजिए कि खम्भे की ऊँचाई $\frac{a\sin\beta\cos\alpha}{\sin(\beta - \alpha)}$ होगी।

हल– माना चित्र में $AB = h$ ऊँचाई का एक खम्भा है। $PQ = a$ ऊँचाई की दीवार है। बिन्दु P पर खम्भे के शिखर का उन्नयन कोण $\angle APM = \alpha$ तथा दीवार के नीचे का उन्नयन कोण $\angle AQB = \beta$ है। PM, भुजा AB पर लम्ब है।

अत: $MB = PQ = a$ तथा $PM = QB$

$AM = AB - MB = h - a$



∴समकोण ΔAMP में,

$\tan\alpha = \frac{AM}{PM}$

या $\tan\alpha = \frac{h - a}{PM}$

या $PM = \frac{h - a}{\tan\alpha}$ .....(1)

तथा समकोण ΔABQ में,

$\tan\beta = \frac{AB}{QB}$

या $\tan\beta = \frac{h}{PM}$

या $PM = \frac{h}{\tan\beta}$ .....(2)

समीकरण (1) व (2) से,

$\frac{h - a}{\tan\alpha} = \frac{h}{\tan\beta}$

$$\text{या } \frac{h}{\tan\alpha}-\frac{a}{\tan\alpha}=\frac{h}{\tan\beta}$$

$$\text{या } \frac{h}{\tan\alpha}-\frac{h}{\tan\beta}=\frac{a}{\tan\alpha}$$

$$\text{या } h\left(\frac{1}{\tan\alpha}-\frac{1}{\tan\beta}\right)=\frac{a}{\tan\alpha}$$

$$\text{या } h\left(\frac{1}{\frac{\sin\alpha}{\cos\alpha}}-\frac{1}{\frac{\sin\beta}{\cos\beta}}\right)=\frac{a}{\frac{\sin\alpha}{\cos\alpha}}$$

$$\text{या } h\left(\frac{\cos\alpha}{\sin\alpha}-\frac{\cos\beta}{\sin\beta}\right)=\frac{a\cos\alpha}{\sin\alpha}$$

$$\text{या } h\left(\frac{\sin\beta\cos\alpha-\cos\beta\sin\alpha}{\sin\alpha\sin\beta}\right)=\frac{a\cos\alpha}{\sin\alpha}$$

$$\text{या } h\frac{\sin(\beta-\alpha)}{\sin\alpha\sin\beta}=\frac{a\cos\alpha}{\sin\alpha}$$

$$\text{या } h=\frac{a\sin\alpha\sin\beta\cos\alpha}{\sin\alpha\sin(\beta-\alpha)}$$

$$\text{या } h=\frac{a\sin\beta\cos\alpha}{\sin(\beta-\alpha)}$$

इति सिद्धम्

30. दो बिन्दु जिनके बीच की दूरी a है एक मीनार के ठीक पूर्व की ओर तथा दूसरा पश्चिम की ओर है। यदि इन बिन्दुओं से मीनार के उन्नयन कोण α और β हैं, तो सिद्ध कीजिए कि मीनार की ऊँचाई $\frac{a}{\cot\alpha+\cot\beta}=\frac{a\tan\alpha\tan\beta}{\tan\beta+\tan\alpha}=\frac{a\sin\alpha\sin\beta}{\sin(\alpha+\beta)}$ होगी।

हल– माना AB एक मीनार है, जिसकी ऊँचाई h है। मीनार के पूर्व में बिन्दु P तथा पश्चिम में बिन्दु Q हैं, जहाँ $PQ=a$ बिन्दु P व Q पर मीनार के शिखर के उन्नयन कोण क्रमशः $\angle APB=\alpha$ तथा $\angle AQB=\beta$ हैं।



∴समकोण ΔABP में,

$$\tan\alpha=\frac{AB}{PB}$$

$$\text{या } \tan\alpha=\frac{h}{PB}$$

$$\text{या } PB=\frac{h}{\tan\alpha} \quad \ldots\ldots\ldots(1)$$

तथा समकोण ΔABQ में,

$$\tan\beta=\frac{AB}{QB}$$

$$\text{या } \tan\beta=\frac{h}{QB}$$

या $QB = \dfrac{h}{\tan\beta}$ .....(2)

समीकरण (1) व (2) को जोडने पर

$PB + QB = \dfrac{h}{\tan\alpha} + \dfrac{h}{\tan\beta}$

या $PQ = h\left(\dfrac{1}{\tan\alpha} + \dfrac{1}{\tan\beta}\right)$ $[\because PB + QB = PQ]$

$a = h\left(\dfrac{1}{\tan\alpha} + \dfrac{1}{\tan\beta}\right)$

$h = \dfrac{a\tan\alpha\tan\beta}{\tan\beta + \tan\alpha}$

पुन: $a = h\left(\dfrac{1}{\tan\alpha} + \dfrac{1}{\tan\beta}\right)$

या $a = h(\cot\alpha + \cot\beta)$

या $h = \dfrac{a}{\cot\alpha + \cot\beta}$

या $h = \dfrac{a}{\dfrac{\cos\alpha}{\sin\alpha} + \dfrac{\cos\beta}{\sin\beta}}$

या $h = \dfrac{a}{\dfrac{\cos\alpha\sin\beta + \sin\alpha\cos\beta}{\sin\alpha\sin\beta}}$

या $h = \dfrac{a\sin\alpha\sin\beta}{\sin\alpha\cos\beta + \cos\alpha\sin\beta}$

या $h = \dfrac{a\sin\alpha\sin\beta}{\sin(\alpha+\beta)}$

अत: मीनार की ऊँचाई $= \dfrac{a}{\cot\alpha + \cot\beta} = \dfrac{a\tan\alpha\tan\beta}{\tan\beta + \tan\alpha} = \dfrac{a\sin\alpha\sin\beta}{\sin(\alpha+\beta)}$ इति सिद्धम्

31. किसी क्षण एक सीधी सड़क के ऊपर कुछ ऊँचाई पर उड़ रहे एक हेलीकॉप्टर से सड़क के किनारे लगे दो क्रमागत किलोमीटर के पत्थरों के अवनमन कोण α और β हैं सिद्ध कीजिए हेलीकॉप्टर की ऊँचाई $\dfrac{\sin\alpha\sin\beta}{\sin(\alpha+\beta)}$ किमी है।

हल– माना चित्र में A व B एक सीधी सड़क पर दो क्रमागत किलोमीटर के पत्थर हैं। सड़क के ऊपर h किमी ऊँचाई पर किसी क्षण हेलीकॉप्टर H बिन्दु पर स्थित है। बिन्दु H से पत्थर A व B के अवनमन कोण क्रमश: $\angle MHA = \alpha$ तथा $\angle NHB = \beta$ हैं, $HL = h$ किमी

चित्रानुसार,

$\angle HAL = \angle MHA = \alpha$

तथा $\angle HBL = \angle NHB = \beta$



$\therefore$ समकोण ΔHLA में,

$\tan\alpha = \frac{HL}{AL}$

या $\tan\alpha = \frac{h}{AL}$

या $AL = \frac{h}{\tan\alpha}$ .....(1)

तथा समकोण ΔHLB में,

$\tan\beta = \frac{HL}{LB}$

या $\tan\beta = \frac{h}{LB}$

या $LB = \frac{h}{\tan\beta}$ .....(2)

समीकरण (1) व (2) को जोड़ने पर

$AL + LB = \frac{h}{\tan\alpha} + \frac{h}{\tan\beta}$ $[\because AL + LB = AB]$

या $AB = h\left(\frac{1}{\tan\alpha} + \frac{1}{\tan\beta}\right)$

या $1 = h(\cot\alpha + \cot\beta)$

या $1 = h\left(\frac{\cos\alpha}{\sin\alpha} + \frac{\cos\beta}{\sin\beta}\right)$

या $1 = h\left(\frac{\cos\alpha\sin\beta + \sin\alpha\cos\beta}{\sin\alpha\cos\beta}\right)$

या $1 = h\frac{\sin(\alpha+\beta)}{\sin\alpha\cos\beta}$

या $h = \frac{\sin\alpha\cos\beta}{\sin(\alpha+\beta)}$

इति सिद्धम्

बहुविकल्पीय प्रश्न

नोट–बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर जानने के लिए पाठ्य पुस्तक के पृष्ठ संख्या 188 का अवलोकन कीजिए।

इकाई-5 ज्यामिति (Geometry)

11

वृत्त (Circle)

अभ्यास 11.1

1. एक वृत्त के दो चाप खंडों की लम्बाइयाँ क्रमशः 27 सेमी और 36 सेमी हैं। चाप खंडों द्वारा वृत्त के केन्द्र पर अंतरित कोणों के मापों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

हल– हम जानते है कि—

किसी वृत्त में चाप खंड द्वारा केन्द्र पर अंतरित कोण चाप खंड की लम्बाई के अनुक्रमानुपाती होता है।

चित्र मे चाप AB व CD द्वारा अंतरित कोण क्रमशः θ_1 व θ_2 हैं।



$$\theta_1 \propto \overset{\frown}{AB} \quad \Rightarrow \quad \theta_1 = k\,\overset{\frown}{AB}$$

(k अनुक्रमानुपाती नियतांक है)

या $\theta_1 = k \times 27$ ...(1)

तथा $\theta_2 \propto \overset{\frown}{CD}$ या $\theta_2 = k\,\overset{\frown}{CD}$

या $\theta_2 = k \times 36$ ...(2)

अतः $$\frac{\theta_1}{\theta_2} = \frac{k \times 27}{k \times 36} = \frac{3}{4}$$

$$\theta_1 : \theta_2 = 3 : 4$$ **उत्तर**

2. एक वृत्त का चाप AXB, चाप CYD के बराबर है, तो जीवा AB और CD की लम्बाइयों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

हल– हम जानते हैं कि—

किसी वृत्त में समान लम्बाई के चाप वृत्त पर समान जीवाएँ अंतरित करते है।



दिया है : $\overset{\frown}{AXB} = \overset{\frown}{CYD}$

अतः जीवा AB = जीवा CD

या $\frac{\text{जीवा } AB}{\text{जीवा } CD} = \frac{1}{1}$

अतः $AB : CD = 1 : 1$ उत्तर

3. संलग्न आकृति में, AD और BC वृत्त के दो व्यास हैं। चाप AC और चाप BD की लम्बाइयों में क्या अन्तर है?

हल– दिया है— AD व BC वृत्त के दो व्यास हैं।

अतः $AD = BC$ या $\overset{\frown}{ACD} = \overset{\frown}{BDC}$

दोनों पक्षों में से $\overset{\frown}{CD}$ घटाने पर—

$$\overset{\frown}{ACD} - \overset{\frown}{CD} = \overset{\frown}{BDC} - \overset{\frown}{CD}$$

या $\overset{\frown}{AC} = \overset{\frown}{BD}$ या चाप AC = चाप BD

या चाप AC − चाप $BD = 0$ उत्तर

4. दो बराबर वृत्त AXB और AYB एक-दूसरे को बिन्दुओं A और B पर काटते हैं। सिद्ध कीजिए कि—

चाप AXB = चाप AYB



हल– दिया है—दो सर्वांगसम वृत्त AXB व AYB जिनके केन्द्र क्रमशः O व O' हैं।
हम जानते हैं कि सर्वांगसम वृत्तों की समान जीवाएँ समान चाप अंतरित करती है।
यहाँ जीवा AB उभयनिष्ठ है।

अतः चाप AXB = चाप AYX इति सिद्धम्

5. एक वृत्त का चाप AXB, चाप CYD का दो-तिहाई है, तो सिद्ध कीजिए कि जीवा AB और CD की लम्बाइयों का अनुपात 2 : 3 है।



हल– दिया है—वृत्त जिसका केन्द्र O है में चाप $AXB = \frac{2}{3}$ चाप CYD

या जीवा $AB = \frac{2}{3}$ जीवा CD

या $\frac{\text{जीवा } AB}{\text{जीवा } CD} = \frac{2}{3}$

या जीवा AB : जीवा $CD = 2 : 3$ इति सिद्धम्

6. एक वृत्त का चाप AXB, चाप CYD के बराबर है तो जीवा AB और CD की लम्बाइयों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

हल– इसके लिए प्रश्न नं० 2 का हल देखिए।

7. संलग्न चित्र में एक वृत्त का केन्द्र O है। इसके दो चाप AXB और CYA इस प्रकार हैं कि चाप $AXB = \frac{1}{2}$ चाप CYA है। जीवा AB और जीवा AC की लम्बाइयों में अनुपात ज्ञात कीजिए।



हल– दिया है— केन्द्र O वाले वृत्त में

$$\text{चाप } AXB = \frac{1}{2} \text{ चाप } CYA$$

या $$\text{जीवा } AB = \frac{1}{2} \text{ जीवा } AC$$

या $$\frac{\text{जीवा } AB}{\text{जीवा } AC} = \frac{1}{2}$$

या $$\text{जीवा } AB : \text{जीवा } AC = 1:2$$ उत्तर

8. चित्र में, वृत्त की दो जीवाएँ AB और AC बराबर है। यदि $\angle BAC = 60°$ हो, तो चाप AXC का अंश माप ज्ञात कीजिए।



हल– दिए गए चित्र में,

दिया है— $\angle BAC = 60°$

तथा जीवा AB = जीवा AC

हम जानते हैं किसी वृत्त में समान जीवाएँ केन्द्र पर समान कोण अंतरित करती हैं।

अत: $\angle AOC = \angle AOB$

$\angle BOC = 2\angle BAC$ [∵ केन्द्र पर अंतरित कोण वृत्त पर अंतरित कोण का दो गुना होता है]

$= 2 \times 60° = 120°$

$\angle AOC + \angle AOB + \angle BOC = 360°$

या $\angle AOC + \angle AOC + 120° = 360°$

या $2\angle AOC = 360° - 120° = 240°$

या $\angle AOC = \frac{240°}{2} = 120°$

अत: चाप AXC का अंश माप = **120°** है। उत्तर

9. सिद्ध कीजिए कि एक ही चाप द्वारा वृत्त के शेष भाग पर बने कोण की अर्द्धक रेखाएँ चाप के एक निश्चित बिन्दु से होकर जाती है।

हल– ज्ञात है—एक वृत्त जिसका केन्द्र O है। वृत्त का एक चाप XYZ है तथा शेष भाग पर अनेक बिन्दु A, B, C आदि हैं।



सिद्ध करना है—चाप XYZ द्वारा बिन्दुओं A, B, C आदि पर बने कोणों की अर्द्ध रेखाएँ एक निश्चित बिन्दु से होकर जाती है।

रचना—XA तथा ZA को मिलाया तथा $\angle XAZ$ का अर्द्धक किया। अर्द्धक रेखा चाप XYZ के बिन्दु P से होकर जाती है।

उपपत्ति—रेखा AP, $\angle XAZ$ का अर्द्धक है।

अत: $\angle XAP = \angle ZAP$

तब चाप XP = चाप ZP

∴ बिन्दु P चाप XYZ का मध्य बिन्दु है।

अर्थात् चाप XYZ द्वारा बिन्दु A पर बने कोण की अर्द्धक रेखा चाप XYZ के मध्य बिन्दु से होकर जाती है।

इसी प्रकार, सिद्ध किया जा सकता है कि चाप XYZ के द्वारा बिन्दुओं B, C आदि पर बने कोणों की अर्द्धक रेखाएँ चाप XYZ के मध्य बिन्दु P से होकर जाती हैं। इति सिद्धम्

10. समबाहु त्रिभुज ABC के परिवृत्त में लघु चाप BC के मध्य कोई बिन्दु P लिया गया है। सिद्ध कीजिए कि रेखा खंड PA, $\angle BPC$ को अर्द्धित करता है।

हल– ज्ञात है—समबाहु ΔABC के परिवृत्त जिसका केन्द्र O है। लघु चाप BC का मध्य बिन्दु P है।



सिद्ध करना है—PA, $\angle BPC$ का अर्द्धक है

या $\angle BPA = \angle CPA$

उपपत्ति—समबाहु ΔABC में,

$$AB = AC = BC$$

अर्थात् जीवा AB = जीवा AC

तब $\angle BPA = \angle CPA$

या PA, $\angle BPC$ का अर्द्धक है। इति सिद्धम्

11. यदि दो जीवाएँ वृत्त के अन्दर एक-दूसरे को प्रतिच्छेदित करें, तो सिद्ध कीजिए कि उनके बीच का कोण उनके द्वारा काटे चापों से केन्द्र पर अंतरित कोणों के योग के आधे के बराबर होता है।

हल– ज्ञात है—केन्द्र O वाले वृत्त की दो जीवाएँ AB व CD एक-दूसरे को बिन्दु P पर काटती हैं।



सिद्ध करना है— $\angle APC = \frac{1}{2}[\angle AOC + \angle DOB]$

रचना—केन्द्र O को बिन्दुओं A, B, C व D से मिलाया तथा A और D को मिलाया।

उपपत्ति—चूँकि ΔADP का एक बहिष्कोण APC है;

$\therefore$ $\angle APC = \angle ADP + \angle DAP$

या $\angle APC = \angle ADC + \angle DAB$

या $\angle APC = \frac{1}{2}\angle AOC + \frac{1}{2}\angle DOB$

या $\angle APC = \frac{1}{2}(\angle AOC + \angle DOB)$ इति सिद्धम्

12. संलग्न चित्र में केन्द्र O वाले वृत के अन्तर्गत एक ΔABC खींचा गया है जिसके कोणों की अर्द्धक रेखाएँ वृत्त को क्रमशः बिन्दुओं X, Y और Z पर काटती हैं।

सिद्ध कीजिए कि ΔXYZ के $\angle X$, $\angle Y$ और $\angle Z$ क्रमशः $\frac{\angle B + \angle C}{2}$, $\frac{\angle C + \angle A}{2}$ और $\frac{\angle A + \angle B}{2}$ के बराबर हैं।

हल– दिए गए चित्रानुसार,

$\angle A$, $\angle B$ तथा $\angle C$ की अर्द्धक रेखाएँ क्रमशः AX, BY तथा CZ हैं।

ΔXYZ में,

$$\angle X = \angle ZXY = \angle ZXA + \angle YXA \quad \ldots(1)$$

परन्तु $\angle ZXA = \angle ZCA = \frac{\angle C}{2}$ [∵चाप AZ के कोण]

तथा $\angle YXA = \angle YBA = \frac{\angle B}{2}$ [∵चाप YA के कोण]

$\angle ZXA$ तथा $\angle YXA$ के मान समीकरण (1) में रखने पर,

$$\angle X = \frac{\angle C}{2} + \frac{\angle B}{2} = \frac{\angle C + \angle B}{2} = \frac{\angle B + \angle C}{2}$$

इसी प्रकार,

$$\angle Y = \angle XYZ = \angle XYB + \angle ZYB = \angle XAB + \angle ZCB$$
$$= \frac{\angle A}{2} + \frac{\angle C}{2}$$
$$= \frac{\angle A + \angle C}{2} = \frac{\angle C + \angle A}{2}$$

तथा $$\angle Z = \angle YZX = \angle YZC + \angle XZC$$
$$= \angle YBC + \angle XAC$$
$$= \frac{1}{2}\angle B + \frac{1}{2}\angle A$$
$$= \frac{\angle B + \angle A}{2} = \frac{\angle A + \angle B}{2}$$

इति सिद्धम्

अभ्यास 11.2

1. संलग्न चित्र में एक वृत्त है, जिसका केन्द्र O है। त्रिज्या $OA = 10$ सेमी और जीवा AB पर डाला गया लम्ब $OM = 6$ सेमी है, तो AB का मान ज्ञात कीजिए।



हल– दिए गए चित्र में, $OA = 10$ सेमी, $OM = 6$ सेमी

तथा जीवा AB पर केन्द्र O से डाला गया लम्ब OM है।

अतः $$AM = BM$$

$$AB = AM + BM = AM + AM = 2AM$$

समकोण ΔOMA में,

$$OA^2 = OM^2 + AM^2 \quad \text{या} \quad AM^2 = OA^2 - OM^2$$

या $$AM = \sqrt{OA^2 - OM^2} = \sqrt{10^2 - 6^2}$$
$$= \sqrt{100 - 36} = \sqrt{64} = 8 \text{ सेमी}$$
$$AB = 2AM = 2 \times 8 = 16 \text{ सेमी}$$

उत्तर

2. एक वृत्त की त्रिज्या 6 सेमी है। उसकी एक जीवा $AB = 8$ सेमी हो, तो केन्द्र से उस जीवा की दूरी ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है —6 सेमी त्रिज्या का एक वृत्त, जिसकी जीवा $AB = 8$ सेमी

वृत्त केन्द्र O से AB पर लम्ब OM डाला।



अतः $$AM = MB = \frac{AB}{2} = \frac{8}{2} = 4 \text{ सेमी}$$

केन्द्र से जीवा की दूरी $= OM$

समकोण ΔOMA में

$$OA^2 = OM^2 + AM^2$$

या $$OM^2 = OA^2 - AM^2$$

या $$OM = \sqrt{OA^2 - AM^2} = \sqrt{6^2 - 4^2}$$

$$= \sqrt{36-16} = \sqrt{20} = 2\sqrt{5} \text{ सेमी}$$ उत्तर

3. एक वृत्त में जिसका केन्द्र O तथा व्यास 34 सेमी, की एक जीवा $AB = 30$ सेमी है। जीवा AB की केन्द्र से दूरी ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है— एक वृत्त जिसका केन्द्र O तथा व्यास $= 34$ सेमी



अत: वृत्त की त्रिज्या $= \frac{34}{2} = 17$ सेमी

वृत्त की जीवा $AB = 30$ सेमी

चित्र से, OM जीवा AB पर लम्ब है।

अत: $$AM = \frac{AB}{2} = \frac{30}{2} = 15 \text{ सेमी}$$

तथा वृत्त की त्रिज्या $OA = 17$ सेमी

वृत्त के केन्द्र O से जीवा AB की दूरी $= OM$

समकोण ΔOMA में,

$$OA^2 = OM^2 + AM^2$$

या $$OM^2 = OA^2 - AM^2$$

या $$OM = \sqrt{OA^2 - AM^2} = \sqrt{17^2 - 15^2}$$

$$OM = \sqrt{289-225} = \sqrt{64} = 8 \text{ सेमी}$$

अत: दिए गए वृत्त के केन्द्र से दी गई जीवा की दूरी $= 8$ सेमी उत्तर

4. किसी वृत्त की त्रिज्या 2.5 सेमी और उसके केन्द्र से जीवा पर खींचा गया लम्ब 2 सेमी है। उस जीवा की माप की गणना कीजिए।

हल– माना चित्र में, वृत्त की त्रिज्या $OA = 2.5$ सेमी

जीवा AB पर केन्द्र से डाले गए लम्ब की माप $OM = 2$ सेमी



$\therefore$ समकोण ΔOMA में

$$OA^2 = OM^2 + AM^2$$

या $$AM^2 = OA^2 - OM^2$$

या $$AM = \sqrt{OA^2 - OM^2} = \sqrt{(2.5)^2 - 2^2}$$

$$= \sqrt{6.25-4} = \sqrt{2.25} = 1.5 \text{ सेमी}$$

जीवा AB की माप $= 2AM = 2 \times 1.5 = 3.0$ सेमी उत्तर

5. संलग्न चित्र में O वृत्त का केन्द्र है। वृत्त की त्रिज्या 17 सेमी है। यदि $OC = 8$ सेमी है, तो जीवा AB की लंबाई ज्ञात कीजिए।

हल– दिए गए चित्रानुसार,



समकोण ΔOAC में,

$$OA^2 = OC^2 + AC^2$$

या $AC^2 = OA^2 - OC^2$

या $AC = \sqrt{OA^2 - OC^2}$ या $AC = \sqrt{17^2 - 8^2}$

या $AC = \sqrt{289 - 64}$ या $AC = \sqrt{225}$

या $AC = 15$ सेमी

अतः $AB = 2AC = 2 \times 15 = \mathbf{30}$ **सेमी** **उत्तर**

6. संलग्न चित्र में वृत्त का केन्द्र O और AB उसकी एक जीवा है, जिसका मध्य बिन्दु M है। यदि $\angle A = 30°$ हो, तो $\angle O$ का मान ज्ञात कीजिए।



हल– दिए गए चित्रानुसार,

बिन्दु M, जीवा AB का मध्य बिन्दु है।

अतः $OM \perp AB$ (जीवा के मध्य बिन्दु और केन्द्र को मिलाने वाली रेखा जीवा पर लम्ब होती है)

$\angle OMA = \angle OMB = 90°$

$\angle AOM = 180° - (\angle OAM + \angle OMA)$

$= 180° - (30° + 90°)$

$= 180° - 120° = 60°$

ΔOMA तथा ΔOMB में

$AM = BM$ (दिया है)

$\angle OMA = \angle OMB = 90°$

भुजा OM उभयनिष्ठ है।

अतः $\Delta OMA \cong \Delta OMB$

अतः $\angle BOM = \angle AOM = 60°$

$\angle O = \angle BOM + \angle AOM$

$= 60° + 60° = \mathbf{120°}$ **उत्तर**

7. एक वृत्त $ABCD$ का केन्द्र O है। वृत्त की दो बराबर जीवाएँ AB व CD वृत्त के बाहर बिन्दु P पर मिलती हैं। सिद्ध कीजिए—

$$\boldsymbol{PB = PD}$$



हल– दिए गए चित्र में केन्द्र O से जीवा AB व CD पर लम्ब क्रमशः OM व ON डाले। OP को मिलाया।

दिया है— जीवा AB = जीवा CD

या $\frac{1}{2}AB = \frac{1}{2}CD$

या $MB = ND$



ΔPOM व ΔPON में,

$OM = ON$ (∵ वृत्त की समान जीवाएँ केन्द्र से बराबर दूरी पर होती है)

$\angle OMP = \angle ONP = 90°$

$OP = OP$ (उभयनिष्ठ)

$\therefore$ $\Delta POM \cong \Delta PON$ (S.A.S. सर्वांगसमता)

अतः $MP = NP$

या $MB + PB = ND + PD$

या $ND + PB = ND + PD$

या $PB = PD$ इति सिद्धम्

8. किन्हीं दो वृत्तों के व्यासों का अनुपात 4 : 9 है। इन वृत्तों की परिधियों में अनुपात ज्ञात कीजिए।

हल– माना दो वृत्तों के व्यास क्रमशः d_1 व d_2 हैं।

अतः प्रश्नानुसार, $d_1 : d_2 = 4 : 9$

वृत्तों की परिधियाँ $= \pi d_1$ व πd_2 होंगी।

$\therefore$ वृत्तों की परिधियों में अनुपात $= \frac{\pi d_1}{\pi d_2} = \frac{d_1}{d_2} = \frac{4}{9} = 4 : 9$ **उत्तर**

9. संलग्न चित्र में, एक वृत्त जिसका केन्द्र O है। जीवा PQ की लम्बाई 12 सेमी है तथा जीवा केन्द्र से 8 सेमी दूर है। वृत्त का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। ($\pi = 3.14$ लीजिए)



हल– प्रश्नानुसार, जीवा $PQ = 12$ सेमी

अतः $PM = \frac{12}{2} = 6$ सेमी

समकोण ΔOMP में, $OP = \sqrt{PM^2 + OM^2}$

या $OP = \sqrt{6^2 + 8^2} = \sqrt{36 + 64} = \sqrt{100} = 10$ सेमी

अतः वृत्त की त्रिज्या $(r) = OP = 10$ सेमी

$\therefore$ वृत्त का क्षेत्रफल $= \pi r^2 = 3.14 \times (10)^2$

$= 3.14 \times 100 = 314$ **वर्ग सेमी** **उत्तर**

10. संलग्न चित्र में, वृत्त का केन्द्र O है, जिसकी दो समान जीवाएँ AB व CD हैं। केन्द्र O से दोनों जीवाओं पर डाले गए लम्ब क्रमशः OP व OQ हैं तथा $\angle POQ = 100°$ है, तो $\angle APQ$ का मान ज्ञात कीजिए।



हल– प्रश्नानुसार, दिए गए चित्र में,

जीवा $AB =$ जीवा CD

$OP \perp AB$

$\therefore$ $\angle APO = 90°$

तथा $OQ \perp CD$

$\angle CQO = 90°$

तथा $OP = OQ$ (वृत्त की समान जीवाओं की केन्द्र से दूरी समान होती है)

ΔOPQ में

$\angle OPQ = \angle OQP$ (समान भुजाओं के सम्मुख कोण)

$\angle OPQ + \angle OQP + \angle POQ = 180°$

$$\angle OPQ + \angle OPQ + 100^\circ = 180^\circ$$

या $$2\angle OPQ + 100^\circ = 180^\circ$$

या $$2\angle OPQ = 180^\circ - 100^\circ = 80^\circ$$

या $$\angle OPQ = \frac{80^\circ}{2} = 40^\circ$$

परन्तु $$\angle OPQ + \angle APQ = \angle APO$$

या $$\angle 40^\circ + \angle APQ = 90^\circ$$

या $$\angle APQ = 90^\circ - 40^\circ$$

या $$\angle APQ = \mathbf{50^\circ}$$ **उत्तर**

11. सिद्ध कीजिए कि किसी वृत्त में जो जीवा केन्द्र के निकट होती है, वह दूर वाली जीवा से बड़ी होती है।



हल– ज्ञात है—AB व CD वृत्त की दो जीवाएँ इस प्रकार हैं $AB > CD$। उनकी वृत्त के केन्द्र O से दूरियाँ क्रमशः OM और ON हैं।

सिद्ध करना है—$OM < ON$

रचना—रेखाखंड OA तथा OC खींचिए।

उपपत्ति—वृत्त के केन्द्र O से जीवाओं AB व CD की दूरियाँ क्रमशः OM तथा ON हैं।

$\therefore$ OM तथा ON क्रमशः जीवा AB व CD के लम्बार्द्धक हैं।

अतः $$\angle OMA = \angle ONC = 90^\circ$$

तथा $$AM = \frac{1}{2}AB \quad \text{तथा} \quad CN = \frac{1}{2}CD$$

ΔOMA व ΔONC दोनों समकोणीय हैं।

$\therefore$ समकोण ΔOMA में,

$$OA^2 = OM^2 + AM^2$$

या $$OA^2 = OM^2 + \left(\frac{1}{2}AB\right)^2$$

या $$OA^2 = OM^2 + \frac{AB^2}{4}$$

या $$4OA^2 = 4OM^2 + AB^2 \quad \ldots(1)$$

तथा समकोण ΔONC में,

$$OC^2 = ON^2 + CN^2$$

$$= ON^2 + \left(\frac{1}{2}CD\right)^2 = ON^2 + \frac{CD^2}{4}$$

या $$4OC^2 = 4ON^2 + CD^2 \quad \ldots(2)$$

$$OA = OC \qquad \text{(वृत्त की त्रिज्याएँ)}$$

या $$OA^2 = OC^2 \quad \text{या} \quad 4OA^2 = 4OC^2$$

या $$4OM^2 + AB^2 = 4ON^2 + CD^2$$

$$AB^2 - CD^2 = 4ON^2 - 4OM^2$$

या $$AB^2 - CD^2 = 4(ON^2 - OM^2)$$

दोनों पक्षों के परिणाम धनात्मक हैं, अत:

$$AB > CD$$

तब $$ON > OM$$

या $$OM < ON$$ **इति सिद्धम्**

12. यदि वृत्त की दो बराबर जीवाएँ वृत्त के भीतर, वृत्त पर या वृत्त के बाहर प्रतिच्छेदित करती हैं तो सिद्ध कीजिए कि प्रतिच्छेद-बिन्दु को केन्द्र से मिलाने वाली रेखा जीवाओं के बीच के कोण को अर्द्धित करती है।

हल– ज्ञात है—केन्द्र O के वृत्त की दो बराबर जीवाएँ AB और CD जो बिन्दु P पर वृत्त के भीतर, वृत्त पर अथवा वृत्त के बाहर प्रतिच्छेदित करती हैं।

सिद्ध करना है—रेखाखंड OP $\angle BPD$ को अर्द्धित करता है। अर्थात्

$$\angle BPO = \angle DPO$$

रचना—केन्द्र O से AB और CD पर क्रमश: OM और ON लम्ब डाले।



उपपत्ति— जीवा AB = जीवा CD

$\therefore$ $$OM = ON$$ (वृत्त की बराबर जीवाएँ केन्द्र से बराबर दूरी पर होती हैं)

अब, ΔOPM और ΔOPN में,

$$OM = ON$$

$$\angle OMP = \angle ONP$$ (प्रत्येक समकोण है)

$$OP = OP$$ (उभयनिष्ठ है)

$\therefore$ $$\Delta OPM \cong \Delta OPN$$ (S.A.S सर्वांगसमता)

अत: $$\angle MPO = \angle NPO$$

या $$\angle BPO = \angle DPO$$ **इति सिद्धम्**

13. किसी वृत्त की दो समान जीवाएँ AB व AC हैं। सिद्ध कीजिए कि $\angle BAC$ का अर्द्धक केन्द्र से होकर जाएगा।

हल– ज्ञात है—केन्द्र O के वृत्त की दो बराबर जीवाएँ AB और AC हैं।



सिद्ध करना है—$\angle BAC$ का अर्द्धक AO है।

अर्थात् $$\angle BAO = \angle CAO$$

रचना—केन्द्र O से जीवा AB और AC पर क्रमश: OM और ON लम्ब डाले।

उपपत्ति—ΔOMA और ΔONA में

$\angle OMA = \angle ONA$ (प्रत्येक समकोण है)

$OM = ON$ (बराबर जीवाओं पर केन्द्र से लम्ब)

$OA = OA$ (उभयनिष्ठ है)

$\therefore \quad \Delta OMA = \Delta ONA$ (S.A.S. सर्वांगसमता)

अतः $\angle MAO = \angle NAO$

या $\angle BAO = \angle CAO$

अर्थात् $\angle BAC$ का अर्द्धक AO है जो वृत्त के केन्द्र से होकर जाता है। **इति सिद्धम्**

अभ्यास 11.3

1. संलग्न चित्र में, C वृत्त का केन्द्र है। $AB = 13$ सेमी और $BD = 5$ सेमी है, तो AD की माप ज्ञात कीजिए।



हल– दिए गए चित्र से स्पष्ट है कि $\angle D$ अर्द्धवृत्त में स्थित कोण है।

अतः $\angle D = 90°$ अर्थात् ΔABD एक समकोण त्रिभुज है।

जिसमे कर्ण $AB = 13$ सेमी,

लम्ब $BD = 5$ सेमी, $AD = ?$

$\therefore$ समकोण ΔABD में, पाइथागोरस प्रमेय से

$$AB^2 = BD^2 + AD^2 \quad \text{या} \quad AD^2 = AB^2 - BD^2$$

या $$AD = \sqrt{AB^2 - BD^2}$$

$$= \sqrt{13^2 - 5^2} = \sqrt{169 - 25}$$

$$= \sqrt{144} = 12 \text{ सेमी}$$ **उत्तर**

2. संलग्न चित्र में, बिन्दु O वृत्त का केन्द्र है और $\angle BOP = 130°$ है, तो x का अंशमाप ज्ञात कीजिए।



हल– दिए गए चित्रानुसार,

$\angle POB = 130°$

तथा $\angle POB + \angle BOQ = 180°$

या $130° + \angle BOQ = 180°$

या $\angle BOQ = 180° - 130° = 50°$

$\angle BOQ$ तथा $\angle BAQ$ क्रमशः एक चाप द्वारा केन्द्र और वृत्त पर स्थित कोण हैं। अतः

$\angle BOQ = 2\angle BAQ$ या $\angle BOQ = 2x$

या $$x = \frac{\angle BOQ}{2} = \frac{50°}{2} = 25°$$ **उत्तर**

3. संलग्न चित्र में, O वृत्त $APBC$ का केन्द्र है। यदि $\angle ABC = 20°$ हो, तो $\angle AOC$ की माप ज्ञात कीजिए।



हल– दिए गए चित्रानुसार,

$\angle AOC$ तथा $\angle ABC$ एक ही चाप द्वारा क्रमशः केन्द्र और वृत्त पर अंतरित कोण हैं।

अतः $\angle AOC = 2\angle ABC$

या $\angle AOC = 2 \times 20^\circ = \mathbf{40^\circ}$ **उत्तर**

4. $ABCD$ एक चतुर्भुज है, जिसके सभी शीर्ष एक वृत्त पर स्थित हैं और भुजा AB, वृत्त के केन्द्र O से होकर जाती है। यदि $\angle CAB = 40^\circ$ हो, तो $\angle CDA$ की माप ज्ञात कीजिए।



हल– दिए गए चित्रानुसार,

$\angle ACB$ अर्द्धवृत्त में स्थित कोण है।

अतः $\angle ACB = 90^\circ$

अब $\triangle ABC$ में,

$\angle ACB + \angle ABC + \angle CAB = 180^\circ$

या $90^\circ + \angle ABC + 40^\circ = 180^\circ$

या $\angle ABC + 130^\circ = 180^\circ$

या $\angle ABC = 180^\circ - 130^\circ = 50^\circ$

चूँकि चतुर्भुज $ABCD$ के सभी शीर्ष वृत्त पर स्थित है।

अतः चतुर्भुज $ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है।

$\angle CDA + \angle ABC = 180^\circ$ (चक्रीय चतुर्भुज के सम्मुख कोण)

या $\angle CDA + 50^\circ = 180^\circ$

या $\angle CDA = 180^\circ - 50^\circ$

या $\angle CDA = \mathbf{130^\circ}$ **उत्तर**

5. संलग्न चित्र में O वृत्त का केन्द्र है। कोण x का अंशमाप ज्ञात कीजिए।

हल– दिए गए चित्रानुसार,

$\angle BOD$ और $\angle BAD$ एक ही चाप द्वारा केन्द्र और वृत्त पर अंतरित कोण हैं।



अतः $\angle BOD = 2\angle BAD$

या $\angle BAD = \dfrac{\angle BOD}{2} = \dfrac{110^\circ}{2} = 55^\circ$

अब, $\angle BAD$ और $\angle BCD$ चक्रीय चतुर्भुज के सम्मुख कोण हैं।

$\therefore \quad \angle BAD + \angle BCD = 180^\circ$

या $55^\circ + x = 180^\circ$

या $x = 180^\circ - 55^\circ$

या $x = \mathbf{125^\circ}$ **उत्तर**

6. संलग्न चित्र में, $ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है, जिसकी भुजा AB शीर्ष A, B, C तथा D से होकर जाने वाले वृत्त का व्यास है। यदि $\angle ADC = 140^\circ$ हो, तो $\angle BAC$ ज्ञात कीजिए।



हल– दिए गए चित्रानुसार, $ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है।

$\therefore \quad \angle ADC + \angle ABC = 180^\circ$

या $140^\circ + \angle ABC = 180^\circ$

या $\angle ABC = 180^\circ - 140^\circ = 40^\circ$

तथा $\angle ACB$ अर्द्धवृत्त में स्थित है।

$\therefore \quad \angle ACB = 90°$

अब ΔABC में,

$\angle BAC + \angle ACB + \angle ABC = 180°$

या $\angle BAC + 90° + 40° = 180°$

या $\angle BAC + 130° = 180$

या $\angle BAC = 180° - 130° = 50°$ उत्तर

7. संलग्न चित्र में, वृत्त का केन्द्र O है। यदि $\angle BAC = 30°$ हो, तो $\angle ADC$ की माप ज्ञात कीजिए।



हल– दिए गए चित्रानुसार, $\angle ACB$ अर्द्धवृत्त में स्थित कोण है।

$\therefore \quad \angle ACB = 90°$

ΔABC में,

$\angle ACB + \angle BAC + \angle ABC = 180°$

या $90° + 30° + \angle ABC = 180°$

या $120° + \angle ABC = 180°$

या $\angle ABC = 180° - 120° = 60°$

चतुर्भुज $ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है।

$\therefore \quad \angle ADC + \angle ABC = 180°$

या $\angle ADC + 60° = 180°$

या $\angle ADC = 180° - 60° = \mathbf{120°}$ उत्तर

8. संलग्न चित्र में, बिन्दुओं A, B, C और D से होकर जाने वाले वृत्त का केन्द्र O है। यदि $\angle ADC = 130°$ है, तो $\angle BAC$ का मान ज्ञात कीजिए।



हल– दिए गए चित्रानुसार,

चतुर्भुज $ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है। जिसका $\angle ADC = 130°$

$\therefore \quad \angle ADC + \angle ABC = 180°$ (चक्रीय चतुर्भुज के सम्मुख कोण)

या $130° + \angle ABC = 180°$

या $\angle ABC = 180° - 130° = 50°$

$\because \angle ACB$ अर्द्धवृत्त में स्थित है।

$\therefore \quad \angle ACB = 90°$

ΔABC में,

$\angle BAC + \angle ACB + \angle ABC = 180°$

या $\angle BAC + 90° + 50° = 180°$

या $\angle BAC + 140° = 180°$

या $\angle BAC = 180° - 140° = 40°$ उत्तर

9. $ABCD$ का एक समलम्ब चक्रीय चतुर्भुज है, जिसमें AD समान्तर BC है। यदि $\angle B = 75°$ हो, तो अन्य कोणों की माप ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है—$ABCD$ एक समलम्ब चक्रीय चतुर्भुज है जिसमें, $AD \parallel BC$ तथा $\angle B = 75°$

$\therefore \quad \angle B + \angle D = 180^\circ$

या $\quad 75^\circ + \angle D = 180^\circ$

या $\quad \angle D = 180^\circ - 75^\circ$

$= 105^\circ$



शीर्ष A से भुजा BC पर AM लम्ब डाला।

$\therefore \quad \angle AMB = 90^\circ$

$\triangle ABM$ में,

$\angle ABM + \angle AMB + \angle BAM = 180^\circ$

या $\quad 75^\circ + 90^\circ + \angle BAM = 180^\circ$

या $\quad 165^\circ + \angle BAM = 180^\circ$

या $\quad \angle BAM = 180^\circ - 165^\circ = 15^\circ$

$\angle MAD = \angle AMB = 90^\circ$ (एकान्तर कोण)

अत: $\quad \angle A = \angle BAM + \angle MAD$

$= 15^\circ + 90^\circ = 105^\circ$

अब $\quad \angle A + \angle C = 180^\circ$ (चक्रीय चतुर्भुज के सम्मुख कोण)

या $\quad 105^\circ + \angle C = 180^\circ$

या $\quad \angle C = 180^\circ - 105^\circ = 75^\circ$

अत: दिए गए समलम्ब चक्रीय चतुर्भुज के कोण

$\angle A = 105^\circ$, $\angle C = 75^\circ$ तथा $\angle D = 105^\circ$ **उत्तर**

10. चित्र में O वृत्त का केन्द्र है तथा $\angle AOB = 100^\circ$ हो, तो $\angle BCD$ का मान ज्ञात कीजिए।



हल– दिए गए चित्र में, $\quad \angle AOB = 100^\circ$

$\because$ $\angle AOB$ तथा $\angle AEB$ एक ही चाप द्वारा क्रमश: केन्द्र और वृत्त पर अंतरित कोण हैं।

$\therefore \quad \angle AOB = 2\angle AEB$

या $\quad \angle AEB = \dfrac{\angle AOB}{2} = \dfrac{100^\circ}{2} = 50^\circ$

$\angle AEB + \angle ACB = 180^\circ$ (चक्रीय चतुर्भुज के सम्मुख कोण)

या $\quad 50^\circ + \angle ACB = 180^\circ$

या $\quad \angle ACB = 180^\circ - 50^\circ = 130^\circ$

$\angle ACB + \angle BCD = 180^\circ$

या $\quad 130^\circ + \angle BCD = 180^\circ$

या $\quad \angle BCD = 180^\circ - 130^\circ = 50^\circ$ **उत्तर**

11. किसी चक्रीय चतुर्भुज में दो सम्मुख कोण इस प्रकार से हैं कि एक कोण दूसरे कोण का तिगुना हो, तो बड़े कोण का मान ज्ञात कीजिए।

हल– माना चक्रीय चतुर्भुज के दो सम्मुख कोण A और B हैं।

तथा $\quad A > B$

प्रश्नानुसार, $\quad A = 3B$ ...(1)

परन्तु, चक्रीय चतुर्भुज के नियमानुसार,

$$A + B = 180^\circ$$

या $3B + B = 180^\circ$ (समीकरण (1) से)

या $4B = 180^\circ$

या $B = \frac{180^\circ}{4} = 45^\circ$ (समीकरण (1) में रखने पर)

$A = 3 \times 45^\circ = 135^\circ$ **उत्तर**

12. दिए गए चित्र में, AOB वृत्त का एक व्यास है। वृत्त के केन्द्र O को जीवा AC के मध्य बिन्दु D से मिलाकर आगे बढ़ाया गया है जो वृत्त को बिन्दु E पर मिलाता है। यदि $\angle CAB = 30^\circ$ हो, तो $\angle AED$ की माप ज्ञात कीजिए।



हल– दिए गए चित्र में, $\angle CAB = 30^\circ$

या $\angle DAO = 30^\circ$

$\angle ADO = 90^\circ$ ($\because$ बिन्दु D जीवा AC का मध्य बिन्दु है)

$\therefore \Delta ADO$ में,

$\angle DAO + \angle ADO + \angle AOD = 180^\circ$

या $30^\circ + 90^\circ + AOD = 180^\circ$

या $120^\circ + \angle AOD = 180^\circ$

या $\angle AOD = 180^\circ - 120^\circ = 60^\circ$

या $\angle AOE = 60^\circ$

$OA = OE$ (प्रत्येक वृत्त की त्रिज्या है)

$\therefore$ $\angle AEO = \angle OAE$ (बराबर भुजा के सामने कोण)

ΔAEO में,

$\angle AEO + \angle OAE + \angle AOE = 180^\circ$

$\angle AEO + \angle AEO + 60^\circ = 180^\circ$

या $2\angle AEO = 180^\circ - 60^\circ = 120^\circ$

या $\angle AEO = \frac{120}{2} = 60^\circ$

या $AED = 60^\circ$ **उत्तर**

13. $PQRS$ एक चक्रीय चतुर्भुज है। PR, वृत्त का व्यास है। यदि $PQ = 7$ सेमी, $QR = 6$ सेमी और $RS = 2$ सेमी है तो PS की लम्बाई ज्ञात कीजिए।

हल– प्रश्नानुसार, $PQRS$ एक चक्रीय चतुर्भुज है। PR वृत्त का व्यास है।

भुजा $PQ = 7$ सेमी, $QR = 6$ सेमी तथा $RS = 2$ सेमी है।

$\because$ ΔPQR अर्द्धवृत्त में स्थित है।

$\therefore$ ΔPQR समकोणीय है।

अतः समकोण ΔPQR में, पाइथागोरस प्रमेय से,



$PR^2 = PQ^2 + QR^2$

$= 7^2 + 6^2 = 49 + 36$

$PR^2 = 85$

इसी प्रकार, ΔPSR भी अर्द्धवृत्त में स्थित है।

अतः ΔPSR समकोणीय है।

$\therefore$ पाइथागोरस प्रमेय से,

$$PR^2 = RS^2 + PS^2 \quad \text{या} \quad 85 = 2^2 + PS^2$$

या $\quad 85 = 4 + PS^2 \quad$ या $\quad PS^2 = 85 - 4$

या $\quad PS^2 = 85 - 4 = 81$

या $\quad PS = \sqrt{81} = 9$ सेमी **उत्तर**

14. सिद्ध कीजिए कि वृत्त के अन्तर्गत खींचा गया समान्तर चतुर्भुज आयत होता है।

हल– ज्ञात है—$ABCD$ वृत्त के अन्तर्गत खींचा गया समान्तर चतुर्भुज है।

सिद्ध करना है—$ABCD$ एक आयत है।

अर्थात् $\quad \angle A = \angle B = \angle C = \angle D = 90°$



उपपत्ति— $\because$ $ABCD$ एक समान्तर चतुर्भुज है।

$\because$ इसके सम्मुख कोण बराबर होंगे।

$$\angle A = \angle C \quad \ldots(1)$$

तथा $\quad \angle B = \angle D \quad \ldots(2)$

$\because$ $ABCD$ वृत्त के अन्तर्गत खींचा गया है।

$\because$ $ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है।

चक्रीय चतुर्भुज के सम्मुख कोणों का योग $180°$ होता है।

अतः $\quad \angle A + \angle C = 180°$

या $\quad \angle A + \angle A = 180°$ (समीकरण (1) से)

या $\quad 2\angle A = 180°$

$\angle A = 90° = \angle C$

इसी प्रकार, $\quad \angle B + \angle D = 180°$

या $\quad \angle B + \angle B = 180°$ (समीकरण (2) से)

या $\quad 2\angle B = 180°$

या $\quad \angle B = 90° = \angle D$

इस प्रकार, चतुर्भुज $ABCD$ में,

$$\angle A = \angle B = \angle C = D = 90°$$

अतः चतुर्भुज **$ABCD$ एक आयत** है। **इति सिद्धम्**

15. चक्रीय चतुर्भुज $ABCD$ की दो सम्मुख भुजाएँ AB और DC बढ़ाने पर एक-दूसरे को बिन्दु E पर प्रतिच्छेद करती हैं। सिद्ध कीजिए कि त्रिभुज EAD और त्रिभुज ECB समरूप हैं।

हल– ज्ञात है—$ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है, जिसकी भुजाओं AB तथा DC को बढ़ाने पर वे परस्पर एक-दूसरे को बिन्दु E पर प्रतिच्छेद करती है।



सिद्ध करना है—ΔEAD और ΔECB समरूप है।

उपपत्ति—चूँकि $ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है और इसकी भुजाओं AB तथा DC को आगे बढ़ाया गया है।

∴ बहिष्कोण $\angle EBC = \angle D$

तथा बहिष्कोण $\angle ECB = \angle A$

ΔEAD तथा ΔECB में,

$\angle EBC = \angle D$ (ऊपर सिद्ध किया है)

$\angle ECB = \angle A$ (ऊपर सिद्ध किया है)

$\angle E = \angle E$ (उभयनिष्ठ कोण है)

अत: ΔEAD और ΔECB समकोणिक अर्थात् समरूप हैं। **इति सिद्धम्**

16. यदि किसी समलम्ब की दो असमान्तर भुजाएँ समान लम्बाई की हैं, तो सिद्ध कीजिए कि वह समलम्ब एक चक्रीय चतुर्भुज होता है।



हल– ज्ञात है—समलम्ब $ABCD$ जिसमें

भुजा AB = भुजा DC

सिद्ध करना है—$ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है।

रचना—भुजा AB के समान्तर रेखाखंड DE खींचा।

उपपत्ति—समान्तर चतुर्भुज $ABED$ में,

$\angle DAB = \angle DEB$ ...(1)

$AB = DC$ (ज्ञात है)

$AB = DE$ (समान्तर चतुर्भुज की सम्मुख भुजाएँ)

अत: $DC = DE$

∴ ΔDCE एक समद्विबाहु त्रिभुज है।

अत: $\angle DEC = \angle DCE$ ...(2)

अब, $\angle DEC + \angle DEB = 180°$

या $\angle DCE + \angle DAB = 180°$ (समीकरण (1) व (2) से)

अर्थात् चतुर्भुज $ABCD$ के दो सम्मुख कोणों का योग $180°$ है।

अत: चतुर्भुज **$ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है।** **इति सिद्धम्**

17. एक चक्रीय चतुर्भुज $ABCD$ की दो भुजाएँ AB और CD समान्तर हैं। सिद्ध कीजिए कि भुजाएँ AD और BC आपस में बराबर हैं और विकर्ण AC तथा BD भी बराबर हैं।

हल– ज्ञात है—$ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है जिसमें भुजाएँ AB और CD समान्तर हैं।



सिद्ध करना है—भुजा AD = भुजा BC

तथा विकर्ण AC = विकर्ण BD

रचना—भुजा AD के समान्तर रेखाखण्ड CE खींचा।

उपपत्ति—समान्तर चतुर्भुज $AECD$ में

$AD = CE$

तथा $\angle CDA = \angle AEC$ ...(1)

चक्रीय चतुर्भुज $ABCD$ में

$\angle CDA + \angle CBA = 180°$

या $\angle AEC + \angle CBA = 180°$ (समीकरण (1) से)

या $\angle AEC + \angle CBE = 180°$ ...(2)

अब, $\angle AEC + \angle CEB = 180°$ ...(3)

समीकरण (2) व (3) से

$$\angle AEC + \angle CBE = \angle AEC + \angle CEB$$

$$\angle CBE = \angle CEB$$

अत: $CE = BC$

परन्तु $CE = AD$

अत: $\boldsymbol{AD = BC}$

अब, ΔACD और ΔBDC में,

$AD = BC$ (सिद्ध किया गया है)

$\angle DAC = \angle DBC$

(समान खंड बराबर कोण अंतरित करते हैं)

$DC = DC$ (उभयनिष्ठ)

$\therefore$ $\Delta ACD \cong \Delta BDC$

अत: $\boldsymbol{AC = BD}$ इति सिद्धम्

18. *ABCD* एक समान्तर चतुर्भुज है। शीर्षों *A, B* तथा *C* से जाने वाला वृत्त *CD* को बिन्दु *E* पर प्रतिच्छेद करता है। सिद्ध कीजिए कि—

$$\boldsymbol{AE = AD}$$



हल– ज्ञात है—$ABCD$ एक समान्तर चतुर्भुज है जिसके शीर्ष A, B और C से होकर जाने वाला वृत्त भुजा CD को बिन्दु E पर प्रतिच्छेद करता है।

सिद्ध करना है— $AE = AD$

उपपत्ति—$\because$ $ABCD$ एक समान्तर चतुर्भुज है।

$\therefore$ $\angle B = \angle D$ ...(1)

(समान्तर चतुर्भुज के सम्मुख कोण बराबर होते हैं)

$\because$ A, B व C से होकर जाने वाला वृत्त CD को बिन्दु E पर काटता है।

$\therefore$ $ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है।

अत: बहिष्कोण $\angle AED = \angle B$ ...(2)

समीकरण (1) व (2) से

$$\angle AED = \angle D \quad (= \angle ADE)$$

ΔADE में,

$$\angle AED = \angle ADE$$

अत: भुजा AD = भुजा AE

या $AD = AE$ इति सिद्धम्

19. एक समान्तर चतुर्भुज *PQRS* के शीर्ष *P* तथा *Q* से होकर एक वृत्त खींचा गया है, जो भुजा *PS* को बिन्दु *A* पर और भुजा *QR* को बिन्दु *B* पर प्रतिच्छेद करता है। सिद्ध कीजिए कि *ABRS* एक चक्रीय चतुर्भुज है।

हल– ज्ञात है—$PQRS$ एक समान्तर चतुर्भुज है। शीर्ष P व Q से होकर खींचा गया वृत्त भुजा PS को बिन्दु A पर और भुजा QR को बिन्दु B पर प्रतिच्छेद करता है।



सिद्ध करना है—चतुर्भुज $ABRS$ एक चक्रीय चतुर्भुज है।

उपपत्ति—∵ $PQRS$ एक समान्तर चतुर्भुज है।

$\therefore \quad \angle PQR + \angle SRQ = 180^\circ$

(समान्तर चतुर्भुज के आसन्न कोणों का योग 180° होता है)

या $\quad \angle PQB + \angle SRB = 180^\circ$ ...(1)

P व Q से होकर जाने वाला वृत्त PS को A पर तथा QR को B पर प्रतिच्छेद करता है।

अतः चतुर्भुज $PQBA$ एक चक्रीय चतुर्भुज है।

बहिष्कोण $\quad \angle SAB = \angle PQB$ ...(2)

समीकरण (1) व (2) से

$$\angle SAB + \angle SRB = 180^\circ$$

अब चतुर्भुज $ABRS$ में,

$$\angle SAB + \angle SRB = 180^\circ$$

अतः चतुर्भुज **$ABRS$ एक चक्रीय चतुर्भुज** है। **इति सिद्धम्**

20. सिद्ध कीजिए कि किसी चतुर्भुज के अंतःकोण समद्विभाजकों द्वारा बना चतुर्भुज चक्रीय होता है।

हल– ज्ञात है—$ABCD$ एक चतुर्भुज है जिसके कोण समद्विभाजक AS, BS, CQ व DQ परस्पर एक-दूसरे को बिन्दुओं P, Q, R, S पर प्रतिच्छेदित करते हैं।



सिद्ध करना है—चतुर्भुज $PQRS$ एक चक्रीय चतुर्भुज है।

उपपत्ति—∵ AS व BS क्रमशः कोण $\angle A$ व $\angle B$ के समद्विभाजक हैं।

$\therefore \quad \angle SAB = \frac{1}{2}\angle A$

तथा $\quad \angle ABS = \frac{1}{2}\angle B$

ΔABS में,

$$\angle SAB + \angle ABS + \angle S = 180^\circ$$

या $\quad \frac{1}{2}\angle A + \frac{1}{2}\angle B + \angle S = 180^\circ$

या $\quad \frac{1}{2}(\angle A + \angle B) + \angle S = 180^\circ$

या $\quad 180^\circ - \angle S = \frac{1}{2}(\angle A + \angle B)$ ...(1)

इसी प्रकार CQ व DQ क्रमशः $\angle C$ व $\angle D$ के समद्विभाजक हैं।

$\therefore \quad \angle QCD = \frac{1}{2}\angle C$

तथा $\quad \angle CDQ = \frac{1}{2}\angle D$

ΔQCD में,

$$\angle QCD + \angle CDQ + \angle Q = 180^\circ$$

या $$\frac{1}{2}\angle C + \frac{1}{2}\angle D + Q = 180^\circ$$

या $$\frac{1}{2}(\angle C + \angle D) = 180^\circ - \angle Q$$

या $$180^\circ - \angle Q = \frac{1}{2}(\angle C + \angle D) \quad ...(2)$$

समीकरण (1) व (2) को जोड़ने पर

$$(180^\circ - \angle S) + (180^\circ - \angle Q) = \frac{1}{2}(\angle A + \angle B) + \frac{1}{2}(\angle C + \angle D)$$

या $$180^\circ - \angle S + 180^\circ - \angle Q = \frac{1}{2}(\angle A + \angle B + \angle C + \angle D)$$

या $$360^\circ - (\angle S + \angle Q) = \frac{1}{2} \times 360^\circ$$

या $$360^\circ - (\angle S + \angle Q) = 180^\circ$$

या $$\angle S + \angle Q = 360^\circ - 180^\circ$$

या $$\angle S + \angle Q = 180^\circ$$

या चतुर्भुज $PQRS$ में $\angle S + \angle Q = 180^\circ$

अतः चतुर्भुज ***PQRS* एक चक्रीय चतुर्भुज है।** इति सिद्धम्

21. दो वृत्त बिन्दु *A* व बिन्दु *B* पर प्रतिच्छेदित होते हैं। यदि *AD* व *AC* दोनों वृत्तों के व्यास हैं, तो सिद्ध कीजिए कि बिन्दु *B* रेखाखंड *DC* पर पड़ता है।



हल– प्रश्नानुसार, AD व AC वृत्तों के व्यास हैं।

अतः बिन्दु B प्रत्येक वृत्त के अर्द्धवृत्त पर स्थित है।

$\therefore$ $\angle ABD = 90^\circ$ तथा $\angle ABC = 90^\circ$

अतः $$\angle ABD + \angle ABC = 90^\circ + 90^\circ = 180^\circ$$

या $$\angle DBC = 180^\circ$$

अर्थात् DBC एक ऋजु रेखा है।

अतः **बिन्दु *B* रेखाखंड *DC* पर स्थित है।** इति सिद्धम्

22. यदि किसी चक्रीय चतुर्भुज के विकर्ण चतुर्भुज के शीर्षों से होकर जाने वाले वृत्त के व्यास हैं, तो सिद्ध कीजिए कि यह एक आयत है।

हल– ज्ञात है—$ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है जिसके विकर्ण AC व BD शीर्षों A, B, C व D से होकर जाने वाले वृत्त के व्यास हैं।

सिद्ध करना है—चतुर्भुज $ABCD$ एक आयत है।



उपपत्ति—$\because$ $ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है।

$\therefore$ $\angle A + \angle C = 180^\circ$ ...(1)

तथा $\angle B + \angle D = 180^\circ$ ...(2)

$\because$ विकर्ण AC वृत्त का व्यास है।

$\therefore \angle B$ अर्द्धवृत्त पर स्थित है।

अतः $\angle B = 90°$ यह मान समीकरण (2) में रखने पर

$90° + \angle D = 180°$

या $\angle D = 180° - 90° = 90°$

इसी प्रकार विकर्ण BD भी वृत्त का व्यास है।

अतः $\angle A$ अर्द्धवृत्त में स्थित है।

$\therefore$ $\angle A = 90°$ यह मान समीकरण (1) में रखने पर

$90° + \angle C = 180°$

या $\angle C = 180° - 90° = 90°$

$\because$ चक्रीय चतुर्भुज $ABCD$ में $\angle A = \angle B = \angle C = \angle D = 90°$

अतः $ABCD$ एक आयत है। इति सिद्धम्

बहुविकल्पीय प्रश्न

नोट—बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर जानने के लिए पाठ्य-पुस्तक के पृष्ठ संख्या 219 से 223 का अवलोकन कीजिए।

12

वृत्त की स्पर्श रेखा
(Tangent to a Circle)

अभ्यास 12.1

1. 3 सेमी त्रिज्या के वृत्त के बाहर केन्द्र से 5 सेमी की दूरी पर स्थित किसी बाह्य बिन्दु से वृत्त पर खींची गई स्पर्श रेखा की माप ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है—वृत्त की त्रिज्या $OP = 3$ सेमी

वृत्त के केन्द्र O से बाह्य बिन्दु A की दूरी $OA = 5$ सेमी

ज्ञात करना है—बाह्य बिन्दु A से वृत्त पर स्थित बिन्दु P पर खींची गई स्पर्श रेखा AP की माप।



हम जानते हैं कि— स्पर्श रेखा बिन्दु से जाने वाली त्रिज्या पर लम्ब होती है।

अतः समकोण ΔOPA में,

$$OA^2 = OP^2 + AP^2$$

या $$AP^2 = OA^2 - OP^2$$

या $$AP = \sqrt{OA^2 - OP^2} = \sqrt{5^2 - 3^2}$$

$$= \sqrt{25-9} = \sqrt{16} = 4 \text{ सेमी}$$ **उत्तर**

2. चित्र (i) में केन्द्र पर $\angle BOC = 110°$, AB तथा AC वृत्त की स्पर्श रेखाएँ हैं। $\angle OAB$ की माप ज्ञात कीजिए।



(i)

हल– दिए गए चित्रानुसार,

$$\angle AOB = \frac{1}{2}\angle BOC = \frac{1}{2} \times 110° = 55°$$

$$\angle ABO = 90°$$ (स्पर्श रेखा स्पर्श बिन्दु से जाने वाली त्रिज्या पर लम्ब होती है।)

ΔAOB में,

$$\angle OAB + \angle AOB + \angle ABO = 180°$$

या $\angle OAB + 55° + 90° = 180°$

या $\angle OAB + 145° = 180°$

या $\angle OAB = 180° - 145° = 35°$ **उत्तर**

3. चित्र (ii) में, यदि TP और TQ केन्द्र O वाले वृत्त की दो स्पर्श रेखाएँ हैं तथा $\angle POQ = 110°$, तो $\angle PTQ$ का मान ज्ञात कीजिए।



(ii)

हल– ∵ TP व TQ केन्द्र O वाले वृत्त की स्पर्श रेखाएँ है।

अत: $\angle OPT = OQT = 90°$

$\Rightarrow \angle OPT + \angle OQT = 90° + 90° = 180°$

दिया है— $\angle POQ = 110°$

∴ चतुर्भुज $OPTQ$ में सम्मुख कोण

$\angle POQ + \angle PTQ = 180°$

या $110° + \angle PTQ = 180°$

या $\angle PTQ = 180° - 110° = 70°$ **उत्तर**

4. 8 सेमी त्रिज्या के वृत्त के बाहर केन्द्र से 10 सेमी की दूरी पर स्थित किसी बाह्य बिन्दु से वृत्त पर खींची गई स्पर्श रेखा की माप ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है—वृत्त की त्रिज्या $OP = 8$ सेमी

वृत्त के केन्द्र O से बाह्य बिन्दु A की दूरी

$OA = 10$ सेमी

$AP = ?$



∵ AP वृत्त की स्पर्श रेखा है।

अत: समकोण OPA में,

$OA^2 = AP^2 + OP^2$

या $AP^2 = OA^2 - OP^2$

या $AP = \sqrt{OA^2 - OP^2} = \sqrt{10^2 - 8^2}$

$= \sqrt{100 - 64} = \sqrt{36} = 6$ सेमी **उत्तर**

5. एक 4 सेमी त्रिज्या के वृत्त पर किसी बाहरी बिन्दु से स्पर्श रेखा खींची जाती है। यदि स्पर्श रेखा की माप 3 सेमी है, तो बिन्दु की वृत्त के केन्द्र से दूरी ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है—वृत्त की त्रिज्या $OT = 4$ सेमी

बाह्य बिन्दु P से स्पर्श रेखा की माप $PT = 3$ सेमी

वृत्त के केन्द्र O से बाह्य बिन्दु की दूरी $OP = ?$



समकोण ΔOTP में,

$OP^2 = PT^2 + OT^2$

या $OP = \sqrt{PT^2 + OT^2}$

$= \sqrt{3^2 + 4^2}$

$= \sqrt{9 + 16} = \sqrt{25} = 5$ सेमी **उत्तर**

6. चित्र में O वृत्त का केन्द्र है, PA और PB वृत्त की बिन्दु P से स्पर्श रेखाएँ हैं और $\angle APB = 50°$, $\angle OAB$ की माप ज्ञात कीजिए।



हल– चित्रानुसार,

$$\angle APB = 50°$$

$\because$ PA और PB वृत्त की स्पर्श रेखाएँ हैं।

$\therefore$ $\angle OAP = \angle OBP = 90°$

अतः $\angle OAP + \angle OBP = 90° + 90° = 180°$

$\therefore$ चतुर्भुज $OAPB$ में सम्मुख कोण

$$\angle AOB + \angle APB = 180°$$

या $\angle AOB + 50° = 180°$

या $\angle AOB = 180° - 50° = 130°$

अब, ΔOAB में,

$$\text{भुजा } OA = \text{भुजा } OB \quad \text{(प्रत्येक वृत्त की त्रिज्या)}$$

$\Rightarrow$ $\angle OBA = \angle OAB$ ...(1)

पुनः ΔOAB में,

$\angle OAB + \angle OBA + \angle AOB = 180°$

या $\angle OAB + \angle OAB + 130° = 180°$

या $2\angle OAB + 130° = 180°$

या $2\angle OAB = 180° - 130°$

या $2\angle OAB = 50°$

या $\angle OAB = \frac{50°}{2} = 25°$ **उत्तर**

7. एक वृत्त की दो स्पर्शियों के बीच का कोण 40° है। बताइए उनके स्पर्श बिन्दुओं से खींची गई त्रिज्याएँ केन्द्र पर कितने अंश का कोण बनाती हैं।

हल– हम जानते हैं कि—

वृत्त की स्पर्शियों के बीच का कोण + स्पर्श बिन्दुओं से खींची गई त्रिज्याओं के बीच का कोण

$= 180°$

या स्पर्श बिन्दुओं से खींची गई त्रिज्याओं के बीच का कोण

$= 180° -$ वृत्त की स्पर्शियों के बीच का कोण

$= 180° - 40° = 140°$ **उत्तर**

8. वृत्त के केन्द्र O से 13 सेमी दूर स्थित बिन्दु P से वृत्त की स्पर्श रेखा की लम्बाई 12 सेमी है। वृत्त की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है—वृत्त के केन्द्र O से बिन्दु P की दूरी $OP = 13$ सेमी

तथा वृत्त की स्पर्श रेखा की लम्बाई $PT = 12$ सेमी

वृत्त की त्रिज्या $OT = ?$



समकोण ΔOTP में,

$$OP^2 = OT^2 + PT^2$$

या $$OT^2 = OP^2 - PT^2$$

या $$OT = \sqrt{OP^2 - PT^2}$$

$$= \sqrt{13^2 - 12^2} = \sqrt{169 - 144}$$

$$= \sqrt{25} = 5 \text{ सेमी}$$ उत्तर

9. चित्र में दो संकेन्द्रीय वृत्त जिनका केन्द्र O है तथा जिनकी त्रिज्याएँ क्रमशः 5 सेमी तथा 3 सेमी मापों की हैं। बाह्य बिन्दु P से संगत वृत्तों पर खींची गई स्पर्शियाँ क्रमशः PA तथा PB हैं। यदि $PA = 12$ सेमी हो, तो PB की माप ज्ञात कीजिए।



हल– दिया है—संकेन्द्रीय वृत्तों की त्रिज्याएँ

$$OA = 5 \text{ सेमी} \quad \text{तथा} \quad OB = 3 \text{ सेमी}$$

तथा स्पर्श रेखा $$PA = 12 \text{ सेमी}$$

समकोण ΔOAP में,

$$OP^2 = OA^2 + PA^2$$

या $$OP^2 = \sqrt{OP^2 + PA^2}$$

$$= \sqrt{5^2 + 12^2} = \sqrt{25 + 144}$$

$$= \sqrt{169} = 13 \text{ सेमी}$$

अब समकोण ΔOBP में,

$$OP^2 = OB^2 + PB^2$$

या $$PB^2 = OP^2 - OB^2$$

या $$PB^2 = \sqrt{13^2 - 3^2} = \sqrt{169 - 9}$$

$$= \sqrt{160} = \sqrt{16 \times 10}$$

$$= 4\sqrt{10} \text{ सेमी}$$ उत्तर

10. संलग्न चित्र में वृत्त का केन्द्र O है। PQ एक जीवा तथा PT स्पर्शी है। यदि $\angle POQ = 130°$ हो, तो $\angle QPT$ का मान ज्ञात कीजिए।



हल– दिए गए चित्रानुसार,

$$\angle POQ = 130°$$

ΔOPQ में,

$$OP = OQ \quad \text{(प्रत्येक वृत्त की त्रिज्या)}$$

$$\Rightarrow \quad \angle OPQ = \angle OQP$$

(बराबर भुजाओं के सम्मुख कोण)

परन्तु $\angle POQ + \angle OPQ + \angle OQP = 180°$

या $\angle POQ + \angle OPQ + OPQ = 180°$

या $\angle POQ + 2\angle OPQ = 180°$

या $130° + 2\angle OPQ = 180°$

या $2\angle OPQ = 180° - 130° = 50°$

या $\angle OPQ = \frac{50°}{2} = 25°$

$\because$ PT वृत्त की स्पर्शी है।

$\therefore$ $\angle OPT = 90°$

या $\angle OPQ + \angle QPT = 90°$

या $25° + \angle QPT = 90°$

या $\angle QPT = 90° - 25° = \mathbf{65°}$ **उत्तर**

11. चित्र में एक बाह्य बिन्दु P से केन्द्र O वाले वृत्त पर स्पर्श रेखाएँ PA और PB खींची गई हैं, बिन्दु E पर स्पर्श रेखा CD है। यदि $AP = 10$ सेमी हो, तो ΔPCD का परिमाप ज्ञात कीजिए।



हल—प्रश्नानुसार, दिए गए चित्र में,

$AP = 10$ सेमी

हम जानते हैं कि— किसी बिन्दु से वृत्त की पर खींची गई दो स्पर्श रेखाएँ बराबर होती हैं।

अब $PA = PB = 10$

या $PC + CA = PD + DB = 10$ ...(1)

परन्तु $CA = CE$ ...(2) (प्रत्येक बिन्दु C से खींची गई स्पर्शी)

तथा $DE = DB$ ...(3) (प्रत्येक बिन्दु D से खींची गई स्पर्शी)

समीकरण (1), (2) व (3) से

$PC + CE = PD + DE = 10$ ...(4)

अब ΔPCD का परिमाप $= PC + CD + PD$

$= PC + CE + DE + PD$

$= (PC + CE) + (PD + DE)$

$= 10 + 10 = \mathbf{20}$ **सेमी** **उत्तर**

12. दिए गए चित्र में दो वृत्त एक-दूसरे को P बिन्दु पर अन्तः स्पर्श करते हैं। यदि दोनों वृत्तों के केन्द्रों के बीच की दूरी 0.8 सेमी तथा बड़े वृत्त की त्रिज्या 2.6 सेमी हो तो छोटे वृत्त की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।



हल– प्रश्नानुसार, संकेन्द्रीय वृत्तों के केन्द्र क्रमशः O व O' है
जहाँ O बड़े वृत्त का केन्द्र तथा O' छोटे वृत्त का केन्द्र है।
तथा स्पर्श बिन्दु P है। अतः बड़े वृत्त की त्रिज्या OP तथा छोटे की त्रिज्या $O'P$ है।
दिया है— $OP = 2.6$ सेमी तथा $OP - O'P = 0.8$
या $O'P = OP - 0.8 = 2.6 - 0.8 = 1.8$ सेमी **उत्तर**

13. तीन वृत्त एक-दूसरे को बाह्य स्पर्श करते हैं। वृत्तों के केन्द्र क्रमशः A, B तथा C हैं। यदि $AB = 7$ सेमी, $BC = 5$ सेमी तथा $CA = 6$ सेमी है तो वृत्तों की त्रिज्याएँ ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है—तीन वृत्त जिनके केन्द्र क्रमशः A, B व C हैं, एक-दूसरे को बाह्य स्पर्श करते हैं।
माना वृत्तों की त्रिज्याएँ क्रमशः R_1, R_2, R_3 हैं।



वृत्तों के बीच दूरियाँ त्रिज्याओं के योग के बराबर होगी।

$\therefore$ $R_1 + R_2 = AB = 7$ सेमी ...(1)

$R_2 + R_3 = BC = 5$ सेमी ...(2)

$R_3 + R_1 = CA = 6$ सेमी ...(3)

समीकरण (1), (2) व (3) को जोड़ने पर,

$2(R_1 + R_2 + R_3) = 18$ सेमी

या $R_1 + R_2 + R_3 = 9$ सेमी ...(4)

समीकरण (4) में से समीकरण (1) घटाने पर,

$R_3 = 2$ सेमी

समीकरण (4) में से समीकरण (2) घटाने पर,

$R_1 = 4$ सेमी

तथा समीकरण (4) में से समीकरण (3) घटाने पर,

$R_2 = 3$ सेमी

अतः दिए गए वृत्तों की त्रिज्याएँ क्रमशः = 4 सेमी, 3 सेमी व 2 सेमी **उत्तर**

14. तीन वृत्तों के केन्द्र क्रमशः A, B तथा C हैं। वृत्त एक-दूसरे को बाह्य स्पर्श करते हैं। यदि $AB = 14$ सेमी, $BC = 10$ सेमी तथा $CA = 12$ सेमी हैं, तो वृत्तों की त्रिज्याएँ ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है—तीन वृत्तों के केन्द्र क्रमशः A, B तथा C हैं।

$AB = 14$ सेमी, $BC = 10$ सेमी, $CA = 12$ सेमी

माना वृत्तों की त्रिज्याएँ क्रमशः R_1, R_2 व R_3 हैं।

चूँकि वृत्त एक-दूसरे को बाह्य स्पर्श करते हैं।

अतः वृत्तों के बीच की दूरियाँ उनकी त्रिज्याओं के योग के बराबर होंगी।

$\therefore \quad R_1 + R_2 = AB = 14$ सेमी ...(1)

$R_2 + R_3 = BC = 10$ सेमी ...(2)

$R_3 + R_1 = CA = 12$ सेमी ...(3)

जोड़ने पर, $2(R_1 + R_2 + R_3) = 36$

या $R_1 + R_2 + R_3 = 18$ ...(4)

समीकरण (4) में से समीकरण (1) घटाने पर,

$R_3 = 4$ सेमी

समीकरण (4) में से समीकरण (2) घटाने पर,

$R_1 = 8$ सेमी

तथा समीकरण (4) में से समीकरण (3) घटाने पर,

$R_2 = 6$ सेमी

अतः दिए गए वृत्त की त्रिज्याएँ क्रमशः = **8 सेमी, 6 सेमी तथा 4 सेमी** **उत्तर**

15. दो वृत्तों के केन्द्रों के बीच की दूरी 4.5 सेमी है। वृत्तों की त्रिज्याएँ 6.3 सेमी तथा 1.8 सेमी हैं। ज्ञात कीजिए कि क्या वृत्त एक-दूसरे को स्पर्श करते हैं? यदि हाँ तो स्पर्श बाह्य है अथवा अन्तः?

हल– दिया है—दो वृत्तों के केन्द्रों के बीच की दूरी $= 4.5$ सेमी $= OO'$ (माना)

तथा पहले वृत्त की त्रिज्या $(r_1) = 6.3$ सेमी

व दूसरे वृत्त की त्रिज्या $(r_2) = 1.8$ सेमी

त्रिज्याओं का योगफल $= r_1 + r_2 = 6.3 + 1.8 = 8.1$ सेमी

तथा त्रिज्याओं का अन्तर $= r_1 - r_2 = 6.3 - 1.8 = 4.5$ सेमी

$\because$ वृत्तों के केन्द्रों के बीच की दूरी = त्रिज्याओं का अन्तर $= 4.5$ सेमी

अतः दोनों वृत्त एक-दूसरे को **अन्तः स्पर्श** करते हैं। **उत्तर**

16. दिए गए चित्र में वृत्त का केन्द्र C तथा वृत्त की त्रिज्या 4 सेमी है। यदि वृत्त के बिन्दु P पर स्पर्शी PT तथा $\angle PCT = 45°$ है, तो स्पर्शी PT की माप ज्ञात कीजिए।



हल– प्रश्नानुसार, वृत्त का केन्द्र C तथा वृत्त के बिन्दु P पर स्पर्शी PT है।

अतः $\angle CPT = 90°$ तथा $\angle PCT = 45°$

$\therefore \Delta CPT$ में, $\angle PTC = 180° - (\angle CPT + \angle PCT)$

$= 180° - (90° + 45°)$

$= 180° - 135° = 45°$

ΔCPT में, $\angle PCT = \angle PTC$

$\therefore \quad PT = CP$ (बराबर कोणों की सम्मुख भुजाएँ)

या $PT = 4$ सेमी **उत्तर**

17. निम्नांकित चित्र में केन्द्र O वाले वृत्त के बिन्दु P पर स्पर्श रेखा PD है। यदि $\angle QPD = 49°$ है, तो $\angle POQ$ की माप ज्ञात कीजिए।



हल– प्रश्नानुसार, दिए गए चित्र में

$$\angle QPD = 49°$$

∵ PD वृत्त के बिन्दु P पर स्पर्श है।

$$\therefore \quad \angle OPD = 90°$$

$$\angle OPQ = \angle OPD - \angle QPD$$

$$= 90° - 49° = 41°$$

ΔOPQ में, $OP = OQ$ (प्रत्येक वृत्त की त्रिज्या है)

$$\therefore \quad \angle OQP = \angle OPQ = 41°$$

(बराबर भुजाओं के सम्मुख कोण)

ΔOPQ में,

$$\angle POQ + \angle OPQ + \angle OQP = 180°$$

या $\quad \angle POQ + 41° + 41° = 180°$

या $\quad \angle POQ + 82° = 180°$

या $\quad \angle POQ = 180° - 82° = \mathbf{98°}$ **उत्तर**

18. निम्नांकित चित्र में वृत्त का केन्द्र O तथा वृत्त के बिन्दु C पर स्पर्श रेखा AC है। यदि $\angle ACD = 30°$ है, तो $\angle DOC$ की माप ज्ञात कीजिए।



हल– प्रश्नानुसार, दिए गए चित्र में O वृत्त का केन्द्र तथा वृत्त के बिन्दु C पर स्पर्श रेखा AC है।

अतः $\quad \angle OCA = 90°$

$$\angle OCD = \angle OCA - \angle ACD$$

$$= 90° - 30° = 60°$$

ΔOCD में, $OC = OD$ (प्रत्येक वृत्त की त्रिज्या)

$$\therefore \quad \angle ODC = \angle OCD = 60°$$

पुनः ΔOCD में, $\quad \angle DOC = 180° - (\angle ODC + \angle OCD)$

$$= 180° - (60° + 60°)$$

$$= 180° - 120° = \mathbf{60°}$$ **उत्तर**

19. दो वृत्त एक-दूसरे को अंतः स्पर्श करते हैं। यदि वृत्तों के केन्द्रों के बीच की दूरी 3 सेमी और बड़े वृत्त की त्रिज्या 5 सेमी है तो छोटे वृत्त की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है—दो वृत्तों के केन्द्रों के बीच की दूरी = 3 सेमी

बड़े वृत्त की त्रिज्या $(r_1) = 5$ सेमी

माना छोटे वृत्त की त्रिज्या $= r_2$

∵ वृत्त एक-दूसरे को अन्तः स्पर्श करते हैं।

$\therefore$ त्रिज्याओं का अन्तर = केन्द्रों के बीच की दूरी

या $\quad r_1 - r_2 = 3 \quad$ या $\quad 5 - r_2 = 3$

या $5-3=r_2$

या $2=r_2 \Rightarrow r_2=2$ सेमी **उत्तर**

20. निम्नांकित चित्र में केन्द्र का $\angle BOC=120°$ और AB तथा AC वृत्त की स्पर्श रेखाएँ हैं। $\angle OAC$ की माप ज्ञात कीजिए।



हल—चित्रानुसार, $\angle AOC=\frac{1}{2}\angle BOC=\frac{1}{2}\times 120°=60°$

$\because$ AC वृत्त की स्पर्शी है।

$\therefore$ $\angle OCA=90°$

ΔOAC में, $\angle OAC=180°-(\angle AOC+\angle OCA)$

$=180°-(60°+90°)$

$=180°-150°=\mathbf{30°}$ **उत्तर**

21. दिए गए चित्र में, O केन्द्र के वृत्त की त्रिज्या $OD=3$ सेमी है। यदि $OB=5$ सेमी तो स्पर्श रेखा BC की माप ज्ञात कीजिए।



हल—चित्रानुसार, $OC=OD=3$ सेमी

(प्रत्येक वृत्त की त्रिज्या)

$\because$ BC वृत्त की स्पर्शी है।

$\therefore$ $\angle C=90°$

अतः समकोणीय ΔOBC में,

$OB^2=OC^2+BC^2$

या $BC^2=OB^2-OC^2$

या $BC=\sqrt{OB^2-OC^2}=\sqrt{5^2-3^2}$

$=\sqrt{25-9}=\sqrt{16}=4$ सेमी **उत्तर**

22. चित्र में, O वृत्त का केन्द्र है, PBA छेदक रेखा है तथा PT स्पर्श रेखा है। यदि $PB=2$ सेमी एवं $PA=8$ सेमी, तो PT की लम्बाई ज्ञात कीजिए।



हल—चित्रानुसार,

दिया है—$AP=8$ सेमी, $BP=2$ सेमी

$\because$ $PT^2=AP\times BP$

या $PT^2=8\times 2$

या $PT^2 = 16$

या $PT = \sqrt{16} = 4$ सेमी **उत्तर**

23. वृत्त के परिगत एक चतुर्भुज खींचा गया है। सिद्ध कीजिए कि किन्हीं दो सम्मुख भुजाओं के केन्द्र पर अंतरित कोणों का योग दो समकोण होता है।



हल– ज्ञात है—एक वृत्त जिसका केन्द्र O तथा जिसके परिगत एक चतुर्भुज $ABCD$ है, जिसकी भुजाएँ AB, BC, CD तथा DA वृत्त को क्रमशः M, N, P तथा Q बिन्दुओं पर स्पर्श करती हैं।

सिद्ध करना है—$\angle AOB + \angle COD = 180°$

रचना—स्पर्श बिन्दु M और Q को केन्द्र O से मिलाया।

उपपत्ति—ΔOAM तथा ΔOAQ में,

$\angle OMA = \angle OQA$ (प्रत्येक समकोण)

$OM = OQ$ (प्रत्येक वृत्त की त्रिज्या)

$OA = OA$ (उभयनिष्ठ)

$\therefore \quad \Delta OAM \cong \Delta OAQ$

अतः $\angle OAM = \angle OAQ \Rightarrow \angle OAB = \angle OAD$

इसी प्रकार, $\angle OBA = \angle OBC$

$\angle OCB = \angle OCD$ तथा $\angle ODC = \angle ODA$

ΔOAB में, $\angle AOB = 180° - \angle OAB - \angle OBA$ ...(1)

ΔOCD में, $\angle COD = 180° - \angle OCD - \angle ODC$ ...(2)

समीकरण (1) व (2) को जोड़ने पर,

$$\angle AOB + \angle COD = 180° - \angle OAB - \angle OBA + 180° - \angle OCD - \angle ODC$$
$$= 360° - (\angle OAB + \angle OBA + \angle OCD + \angle ODC)$$
$$= 360° - \left(\frac{1}{2}\angle A + \frac{1}{2}\angle B + \frac{1}{2}\angle C + \frac{1}{2}\angle D\right)$$
$$= 360° - \frac{1}{2}(\angle A + \angle B + \angle C + \angle D)$$

परन्तु चतुर्भुज $ABCD$ में $\angle A + \angle B + \angle C + \angle D = 360°$

$\therefore \quad \angle AOB + \angle COD = 360° - \frac{1}{2} \times 360°$

या $\angle AOB + \angle COD = 360° - 180° = \mathbf{180°}$ **इति सिद्धम्**

24. त्रिभुज ABC का अन्तःवृत्त त्रिभुज की भुजाओं AB, BC तथा CA को क्रमशः P, Q तथा R बिन्दुओं पर स्पर्श करता है। यदि $\angle BAC = 100°$ तो $\angle PQR$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है—ΔABC के अन्तःवृत्त जो भुजाओं AB, BC तथा CA को क्रमशः P, Q तथा R बिन्दुओं पर स्पर्श करता है तथा $\angle BAC = 100°$

चित्र से, $\angle PAR = \angle BAC = 100°$

$\because$ AP व AR स्पर्श रेखाखंड हैं।



$\therefore \quad AP = AR$

$\Rightarrow \quad \angle ARP = \angle APR$ ...(1)

ΔAPR में,

$\angle PAR + \angle ARP + \angle APR = 180°$

या $100° + \angle APR + \angle APR = 180°$

या $100° + 2\angle APR = 180°$

या $2\angle APR = 180° - 100° = 80°$

या $\angle APR = \frac{80°}{2} = 40°$

$\because$ AB स्पर्श रेखा है जो वृत्त को बिन्दु P पर स्पर्श करती है।

जीवा PR स्पर्श रेखा AB से बिन्दु P पर $\angle APR = 40°$ बनाती है।

$\therefore$ एकान्तर वृत्तखंड का कोण $\angle PQR = 40°$ उत्तर

25. दो वृत्तों की त्रिज्याएँ 4.5 सेमी तथा 3.2 सेमी हैं। दोनों वृत्त एक-दूसरे को बाह्य स्पर्श करते हैं। वृत्तों के केन्द्रों के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है—दो वृत्तों की त्रिज्याएँ $r_1 = 4.5$ सेमी तथा $r_2 = 3.2$ सेमी

$\because$ वृत्त एक-दूसरे को बाह्य स्पर्श करते हैं।

अत: वृत्तों के केन्द्रों के बीच की दूरी = त्रिज्याओं का योगफल

$= r_1 + r_2 = 4.5 + 3.2 = 7.7$ सेमी उत्तर

26. केन्द्रों O तथा O' वाले वृत्तों की त्रिज्याएँ क्रमश: 1.4 सेमी तथा 1.9 सेमी हैं। यदि दोनों वृत्त एक-दूसरे को बाह्य स्पर्श करते हैं तो रेखाखंड OO' की माप ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है—केन्द्र O वाले वृत्त की त्रिज्या $r_1 = 1.4$ सेमी



तथा केन्द्र O' वाले वृत्त की त्रिज्या $r_2 = 1.9$ सेमी

अत: रेखाखंड $OO' = r_1 + r_2$

$= 1.4 + 1.9 = 3.3$ सेमी उत्तर

27. सिद्ध कीजिए कि एक बाह्य बिन्दु से वृत्त पर खींची गई स्पर्श रेखाएँ संपर्क जीवा के साथ बराबर कोण अंतरित करती हैं।

हल– ज्ञात है—O केन्द्र वाले वृत्त की एक जीवा AB है। बाह्य बिन्दु P से जीवा के सिरों A व B पर खींची गई स्पर्श रेखाएँ PA तथा PB हैं। जो जीवा के साथ क्रमश: $\angle PAB$ तथा $\angle PBA$ बनाती हैं।



सिद्ध करना है— $\angle PAB = \angle PBA$

रचना—OA तथा OB को मिलाया।

उपपत्ति—ΔOAB में,

$$OA = OB \quad \text{(वृत्त की त्रिज्याएँ)}$$

$$\therefore \quad \angle OBA = \angle OAB \quad \text{(बराबर भुजाओं के सम्मुख कोण)} \quad ...(1)$$

$\because$ PA तथा PB वृत्त को स्पर्श रेखाएँ और OA व OB वृत्त की त्रिज्याएँ हैं।

$$\therefore \quad \angle OAB = \angle OBP \quad \text{(प्रत्येक समकोण)}$$

$$\text{या} \quad \angle OAB + \angle PAB = \angle OBA + \angle PBA$$

$$\text{या} \quad \angle OAB + \angle PAB = \angle OAB + \angle PBA \quad \text{(समीकरण (1) से)}$$

$$\text{या} \quad \angle PAB = \angle PBA$$

इति सिद्धम्

28. सिद्ध कीजिए कि वृत्त की दो समांतर स्पर्श रेखाओं के बीच एक स्पर्श रेखा का अन्तःखंड केन्द्र पर समकोण अंतरित करता है।

हल– ज्ञात है— O केन्द्र वाले वृत्त की दो स्पर्श रेखाएँ AB और CD हैं जो परस्पर समान्तर हैं और वृत्त को L व M बिन्दुओं पर स्पर्श करती हैं। इन दो समान्तर रेखाओं के बीच वृत्त की तीसरी स्पर्श रेखा का अन्तःखंड PQ वृत्त को N बिन्दु पर स्पर्श करता है। अन्तःखंड PQ वृत्त के केन्द्र O पर $\angle POQ$ अंतरित करता है।



सिद्ध करना है—$\angle POQ = 90°$

रचना—त्रिज्याएँ OL, OM तथा ON खींचा।

उपपत्ति— $\because$ AB और PQ वृत्त की स्पर्श रेखाएँ तथा OL तथा ON त्रिज्याएँ हैं।

$\therefore OL \perp AB$ तथा $ON \perp PQ$

समकोण ΔONP में तथा ΔOLP में,

$$ON = OL \quad \text{(वृत्त की त्रिज्याएँ)}$$

$$\angle ONP = \angle OLP \quad \text{(प्रत्येक समकोण)}$$

$$OP = OP \quad \text{(उभयनिष्ठ)}$$

$$\therefore \quad \Delta ONP \cong \Delta OLP$$

$$\Rightarrow \quad \angle NPO = \angle LPO \quad \text{अर्थात् } OP, \angle LPN \text{ का अर्द्धक है}$$

$$\therefore \quad \angle NPO = \frac{1}{2}\angle LPN = \frac{1}{2}\angle BPQ \quad ...(1)$$

इसी प्रकार, $\quad \angle OQP = \frac{1}{2}\angle PQD \quad ...(2)$

समीकरण (1) व (2) को जोड़ने पर,

$$\angle NPQ + \angle OQP = \frac{1}{2}(\angle BPQ + \angle PQD) \quad ...(3)$$

$\because$ रेखा $AB \parallel CD$ और PQ तिर्यक रेखा है।

$\therefore$ तिर्यक रेखा PQ के एक ओर स्थित अन्तः कोणों का योग

$$\angle BPQ + \angle PQD = 180° \quad ...(4)$$

समीकरण (3) व (4) से,

$$\angle NPO + \angle OQP = \frac{1}{2} \times 180^\circ$$

या $\angle NPO + \angle OQP = 90^\circ$

ΔOPQ में,

$$\angle POQ = 180^\circ - (\angle NPO + \angle OQP)$$

या $\angle POQ = 180^\circ - 90^\circ = 90^\circ$ इति सिद्धम्

29. किसी वृत्त की दो स्पर्श रेखाएँ एक-दूसरे को समकोण पर काटती हैं। सिद्ध कीजिए कि स्पर्श रेखाओं तथा इनके स्पर्श बिन्दुओं से जाने वाली त्रिज्याओं द्वारा बना चतुर्भुज एक वर्ग होगा।



हल– ज्ञात है—बाह्य बिन्दु A से केन्द्र O वाले वृत्त पर दो स्पर्श रेखाएँ AP तथा AQ खींची, जो परस्पर लम्ब हैं। अर्थात् $\angle PAQ = 90^\circ$

सिद्ध करना है—चतुर्भुज $OPAQ$ एक वर्ग है।

रचना—त्रिज्याएँ OP तथा OQ खींचिए।

उपपत्ति—

$\because$ AP व AQ वृत्त की स्पर्श रेखाएँ तथा OP व OQ त्रिज्याएँ हैं।

$\therefore$ $\angle OPA = \angle OQA = 90^\circ$

केन्द्र O से A को मिलाने वाली रेखा $\angle PAQ$ का अर्द्धक है।

$\therefore$ $\angle OAP = \angle OAQ = \frac{1}{2}\angle PAQ = \frac{1}{2} \times 90^\circ = 45^\circ$

अब ΔOPA में,

$$\angle POA = 180^\circ - (\angle OPA + \angle OAP)$$
$$= 180^\circ - (90^\circ + 45^\circ)$$
$$= 180^\circ - 135^\circ = 45^\circ$$

$\because$ $\angle OAP = \angle POA$

$\Rightarrow$ $OP = AP$ ...(1)

इसी प्रकार, ΔOQA में,

$$\angle QOA = 180^\circ - (\angle OQA + \angle OAQ)$$
$$= 180^\circ - (90^\circ + 45^\circ)$$
$$= 180^\circ - 135^\circ = 45^\circ$$

$\therefore$ $\angle QOA = \angle OAQ$

$\Rightarrow$ $AQ = OQ$ ...(2)

$OP = OQ$ ...(3) (त्रिज्याएँ)

$AP = AQ$ ...(4)

(बाह्य बिन्दु से वृत्त की स्पर्शियाँ)

समीकरण (1), (2), (3) व (4) से

$$AP = AQ = OQ = OP$$

चतुर्भुज $APOQ$ में,

$$\angle A + \angle P + \angle O + \angle Q = 360°$$

$$90° + 90° + \angle O + 90° = 360°$$

या $$\angle O + 270° = 360°$$

या $$\angle O = 360° - 270° = 90°$$

∵ चतुर्भुज $APOQ$ में,

$$\angle A = \angle P = \angle O = \angle Q = 90°$$

तथा $$AP = OQ = OP = OQ$$

अत: चतुर्भुज $APOQ$ एक वर्ग है। इति सिद्धम्

30. चित्र में दो वृत्तों की उभयनिष्ठ स्पर्श रेखाएँ PDC और PEF हैं। सिद्ध कीजिए कि—

$$CD = EF$$



हल– दिए गए चित्र से स्पष्ट है।

$$PD = PF \quad ...(1)$$

(बाह्य बिन्दु P से B केन्द्र वाले वृत्त की स्पर्शियाँ)

तथा $$PC = PE$$ (बाह्य बिन्दु P से A केन्द्र वाले वृत्त की स्पर्शियाँ)

या $$PD + CD = PF + EF$$

या $$PD + CD = PD + EF$$ या $$CD = EF$$ इति सिद्धम्

31. सिद्ध कीजिए कि किसी वृत्त के व्यास के अंतिम सिरों पर खींची गई स्पर्श रेखाएँ समांतर होती हैं।

हल– ज्ञात है—O केन्द्र वाले वृत्त का व्यास AB है। व्यास के सिरों A तथा B से वृत्त पर स्पर्श रेखाएँ PAQ तथा RBS खींची गई हैं।



सिद्ध करना है— $PQ \parallel RS$

उपपत्ति— AB वृत्त का व्यास है और PAQ तथा RBS बिन्दुओं A व B पर स्पर्शियाँ है।

$$\angle PAB = 90°$$

तथ $$\angle ABS = 90°$$

$\angle PAB$ तथा $\angle ABS$ ऋजु रेखाओं PQ तथा RS को तिर्यक रेखा AB द्वारा काटने से बने समान एकान्तर कोण हैं।

अत: $$PQ \parallel RS$$ इति सिद्धम्

32. सिद्ध कीजिए कि किसी वृत्त की स्पर्श रेखा के स्पर्श बिन्दु पर डाला गया लम्ब वृत्त के केन्द्र से होकर गुजरता है।

हल– ज्ञात है—O केन्द्र वाला एक वृत्त जिसकी स्पर्श रेखा AB के स्पर्श बिन्दु P से होकर AB पर लम्ब PQ खींचा गया है।

सिद्ध करना है—लम्ब PQ, वृत्त के केन्द्र O से होकर जाता है।

उपपत्ति—$\because$ $PQ \perp AB$ (दिया है)

$\therefore$ $\angle QPA = 90^\circ$ ...(1)

$\because$ केन्द्र O वाले वृत्त की स्पर्श रेखा AB के स्पर्श बिन्दु P से होकर जाने वाली त्रिज्या OP, स्पर्श रेखा AB पर लम्ब होगी अर्थात्



$OP \perp AB$

$\therefore$ $\angle OPA = 90^\circ$ ...(2)

समीकरण (1) व (2) से प्रदर्शित होता है कि एक ही बिन्दु P पर बने $\angle QPA$ तथा $\angle OPA$ दोनों ही समकोण हैं, जो केवल तभी सम्भव है जब बिन्दु P, O एवं Q एक ही रेखा पर स्थित हों, जो स्पर्श रेखा AB के लम्बवत है।

अतः लम्ब PQ, वृत्त के केन्द्र O से होकर जाता है। **इति सिद्धम्**

33. सिद्ध कीजिए कि वृत्त के परिगत खींचा गया समांतर चतुर्भुज एक सम-चतुर्भुज होता है।

हल– ज्ञात है—O केन्द्र वाले वृत्त के परिगत खींचा गया समान्तर चतुर्भुज $ABCD$ जिसकी भुजाएँ वृत्त को क्रमशः P, Q, R तथा S बिन्दुओं पर स्पर्श करती हैं।



सिद्ध करना है—$ABCD$ एक समचतुर्भुज है।

रचना—AC, OP और OQ को मिलाया।

उपपत्ति—हम जानते है कि किसी बाह्य बिन्दु से वृत्त पर खींची गई दोनों स्पर्श रेखाएँ बराबर होती हैं।

$\therefore$ $AP = AS, BP = BQ, CQ = CR$ तथा $DR = DS$

अब ΔOAP तथा ΔOCQ में,

$OP = OQ$ (वृत्त की त्रिज्याएँ)

$\angle OAP = \angle OCQ$ (समान्तर चतुर्भुज के सम्मुख कोणों के अर्द्धक)

$\angle OPA = \angle OQC$ (प्रत्येक समकोण)

$\therefore$ $\Delta OAP \cong \Delta OCQ$

अतः $AP = CQ$

या $AP + BP = CQ + BP$

या $AP + BP = CQ + BQ$ $(\because BP = BQ)$

या $AB = BC$

इसी प्रकार सिद्ध किया जा सकता है कि—

$AD = AB$ तथा $BC = CD$

∴ समान्तर चतुर्भुज $ABCD$ में,

$$AB = BC = CD = AD$$

अतः चतुर्भुज $ABCD$ एक समचतुर्भुज है। इति सिद्धम्

34. सिद्ध कीजिए कि किसी वृत्त के परिगत चतुर्भुज की विपरीत भुजाएँ वृत्त के केन्द्र पर सम्पूरक कोण अंतरित करती है।

हल– ज्ञात है—केन्द्र O वाले वृत्त के परिगत चतुर्भुज $ABCD$ खींचा गया है, जिसकी भुजाएँ AB, BC, CD व DA वृत्त को क्रमशः बिन्दुओं M, N, P तथा Q बिन्दुओं पर स्पर्श करती हैं।



सिद्ध करना है— $\angle AOB + \angle COD = 180°$

रचना—स्पर्श बिन्दु M और Q को केन्द्र O से मिलाया।

उपपत्ति—प्रश्न संख्या 23 की भाँति स्वयं लिखिए।

अभ्यास 12.2

1. संलग्न चित्र में, वृत्त का केन्द्र O है। वृत्त की दो जीवाएँ AB तथा CD एक-दूसरे को वृत्त के अन्दर बिन्दु P पर काटती हैं। यदि $AP = 12$ सेमी, $PB = 8$ सेमी तथा $CP = 6$ सेमी है, तो रेखाखंड PD की माप ज्ञात कीजिए।



हल– दिया है—चित्रानुसार, $AP = 12$ सेमी, $PB = 8$ सेमी

तथा $CP = 6$ सेमी

चूँकि वृत्त की जीवाएँ AB तथा CD एक-दूसरे को बिन्दु P पर काटती है। अतः

$$AP \times PB = CP \times PD \quad \text{या} \quad 12 \times 8 = 6 \times PD$$

या $$96 = 6PD$$

या $$PD = \frac{96}{6} = 16 \text{ सेमी}$$ उत्तर

2. दिए गए चित्र में वृत्त का केन्द्र O है। वृत्त की दो जीवाएँ AB तथा CD एक-दूसरे को बिन्दु E पर काटती हैं। यदि $DE = 4$ सेमी तथा $EC = 2.5$ सेमी हैं, तो रेखाखंडों AE तथा EB से निर्मित आयत का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।



हल— रेखाखंड AE तथा EB द्वारा निर्मित आयत का क्षेत्रफल $= AE \times EB$

चूँकि जीवा AB तथा CD वृत्त की दो जीवाएँ हैं, जो एक-दूसरे को बिन्दु E पर काटती है।

अतः $$AE \times EB = DE \times EC$$

$$= 4 \times 2.5 = 10.0 \text{ वर्ग सेमी}$$ उत्तर

3. दिए गए चित्र में, O वृत्त का केन्द्र है। $\angle AOB = 100°$ है, तो $\angle BCD$ का मान ज्ञात कीजिए।



हल– दिए गए चित्र से स्पष्ट है कि $\angle AOB$ तथा $\angle AEB$ चाप ACB द्वारा क्रमशः केन्द्र तथा वृत्त पर अंतरित कोण है।

अतः $$\angle AEB = \frac{1}{2}\angle AOB$$

$$= \frac{1}{2} \times 100^\circ = 50^\circ$$

∵ बिन्दु A, E, B व C से होकर वृत्त खींचा गया है।

∴ $ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है।

बहिष्कोण $\angle BCD = \angle AEB = \mathbf{50^\circ}$ **उत्तर**

4. दिए गए चित्र में केन्द्र O वाले वृत्त की दो जीवाएँ AB तथा CD एक-दूसरे को वृत्त के बाहर बिन्दु P पर काटती हैं। यदि $AP = 24$ सेमी, $BP = 10$ सेमी तथा $DP = 12$ सेमी है तो जीवा CD की लम्बाई ज्ञात कीजिए।



हल– चित्रानुसार, AB व CD वृत्त की दो जीवाएँ वृत्त के बाहर एक-दूसरे को बिन्दु P पर काटती है।

तथा दिया है— $AP = 24$ सेमी, $BP = 10$ सेमी, $DP = 12$ सेमी

33. उस रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए, जो रेखाओं $3x+y=2$ तथा $6x-y=10$ के प्रतिच्छेद बिन्दु से होकर जाती है तथा धन X-अक्ष से 60° का कोण बनाती है।

हल—दी गई रेखाओं के समीकरण,

$$3x+y=2 \quad \ldots(1)$$

$$6x-y=10 \quad \ldots(2)$$

समीकरण (1) व (2) को जोड़ने पर,

$$9x=12$$

या $x=\frac{12}{9}=\frac{4}{3}$ को समीकरण (1) में रखने पर,

$$3\times\frac{4}{3}+y=2$$

या $$4+y=2$$

या $$y=2-4$$

या $$y=-2$$

अतः दी गई रेखाओं (1) व (2) का प्रतिच्छेद बिन्दु $\left(\frac{4}{3},-2\right)$ है।

रेखा का धन X-अक्ष के साथ बना कोण, $(\theta)=60^\circ$

$\therefore$ रेखा की प्रवणता $(m)=\tan\theta$

$$=\tan 60^\circ$$

$$=\sqrt{3}$$

अब, प्रवणता $(m=\sqrt{3})$ तथा बिन्दु $\left(\frac{4}{3},-2\right)$ से होकर जाने वाली रेखा का समीकरण सूत्र $y-y_1=m(x-x_1)$ से,

$$y-(-2)=\sqrt{3}\left(x-\frac{4}{3}\right)$$

या $$y+2=\sqrt{3}x-\frac{4\sqrt{3}}{3}$$

या $$y+2=\sqrt{3}x-\frac{4}{\sqrt{3}}$$

या $$2+\frac{4}{\sqrt{3}}=\sqrt{3}x-y$$

या $$2\sqrt{3}+4=3x-\sqrt{3}y$$

या $$3x-\sqrt{3}y=4+2\sqrt{3}$$ उत्तर

34. रेखा $3x+5y=15$ के निर्देशांक्षों (coordonate axes) के साथ प्रतिच्छेद बिन्दुओं के निर्देशांक ज्ञात कीजिए।

हल—दी गई रेखा का समीकरण,

$$3x+5y=15 \quad \ldots(1)$$

माना रेखा (1) X–अक्ष को बिन्दु $(a,0)$ तथा Y–अक्ष $(0,b)$ पर प्रतिच्छेद करती है। अत: ये दोनों बिन्दु रेखा (1) को सन्तुष्ट करेंगे।

अत: समीकरण (1) में $x=a$ तथा $y=0$ रखने पर,

$$3a+5\times 0=15$$

$$23a+0=15$$

$$3a=15\Rightarrow a=5$$

अत: X–अक्ष पर स्थित अभीष्ट बिन्दु = **(5,0)** उत्तर

तथा समीकरण (1) में $x=0$ तथा $y=b$ रखने पर,

$$3\times 0+5b=15$$

या $$0+5b=15$$

या $$5b=15\Rightarrow b=\frac{15}{5}=3$$

$\therefore Y$–अत: अक्ष पर स्थित अभीष्ट बिन्दु = **(0,3)** उत्तर

अभ्यास 14.6

1. निम्नलिखित रेखाओं पर मूल बिन्दु से डाले गए लम्ब की लम्बाई ज्ञात कीजिए—

(i) $6x+8y+25=0$ (ii) $5x+12y-1=0$ (iii) $14x-3y+15=0$

(iv) $6x-8y+25=0$ (v) $2x+3y+5=0$ (vi) $5x+12y-13=0$

हल—(i) दी गई रेखा का समीकरण,

$$6x+8y+25=0 \quad \ldots(1)$$

रेखा (1) की तुलना $ax+by+c=0$ रेखा से करने पर,

$a = 6, b = 8$ तथा $c = 25$

मूल बिन्दु से रेखा (1) पर डाले गए लम्ब की लम्बाई सूत्र

$$p = \frac{c}{\sqrt{a^2 + b^2}} \text{ से,}$$

अतः
$$p = \frac{25}{\sqrt{6^2 + 8^2}}$$

$$= \frac{25}{\sqrt{36+64}}$$

$$= \frac{25}{\sqrt{100}} = \frac{25}{10} = \frac{5}{2} = 2.5 \text{ इकाई}$$ उत्तर

(ii) दी गई रेखा का समीकरण,

$$5x + 12y - 1 = 0 \quad \ldots(1)$$

रेखा (1) की तुलना रेखा $ax + by + c = 0$ से करने पर,

$a = 5, b = 12$ तथा $c = -1$

मूल बिन्दु से रेखा (1) पर डाले गए लम्ब की लम्बाई सूत्र

$$p = \frac{c}{\sqrt{a^2 + b^2}} \text{ से,}$$

$$p = \frac{-1}{\sqrt{5^2 + 12^2}}$$

$$= \frac{-1}{\sqrt{25+144}} = \frac{-1}{\sqrt{169}} = -\frac{1}{13}$$

या
$$p = \frac{1}{13} \text{ इकाई } (\because \text{ ऋणात्मक चिह्न छोड़ने पर})$$ उत्तर

(iii) दी गई रेखा का समीकरण,

$$4x - 3y + 15 = 0 \quad \ldots(1)$$

रेखा (1) की तुलना रेखा $ax + bx + c = 0$ से करने पर,

$a = 4, b = -3$ तथा $c = 15$

मूल बिन्दु (0,0) से रेखा (1) पर डाले गए लम्ब की लम्बाई सूत्र

$$p = \frac{c}{\sqrt{a^2 + b^2}} \text{ से,}$$

अतः
$$p = \frac{15}{\sqrt{4^2 + (-3)^2}}$$

$$= \frac{15}{\sqrt{16+9}}$$

$$= \frac{15}{\sqrt{25}}$$

$$= \frac{15}{5} = 3 \text{ इकाई}$$ उत्तर

(iv) दी गई रेखा का समीकरण,

$$6x + 8y + 25 = 0 \quad \ldots(1)$$

रेखा (1) की तुलना रेखा $ax + bx + c = 0$ से करने पर,

$$a = 6, b = -8 \text{ तथा } c = 25$$

मूल बिन्दु से रेखा (1) पर डाले गए लम्ब की लम्बाई सूत्र

$$p = \frac{c}{\sqrt{a^2 + b^2}} \text{ से,}$$

अत:
$$p = \frac{25}{\sqrt{6^2 + (-8)^2}} = \frac{25}{\sqrt{36+64}} = \frac{25}{\sqrt{100}}$$

$$= \frac{25}{10} = \frac{5}{2} \text{ इकाई}$$ उत्तर

(v) दी गई रेखा का समीकरण,

$$2x + 3y + 5 = 0 \quad \ldots(1)$$

रेखा (1) की तुलना रेखा $ax + bx + c = 0$ से करने पर,

$$a = 2, b = 3 \text{ तथा } c = 5$$

मूल बिन्दु से रेखा (1) पर डाले गए लम्ब की लम्बाई सूत्र

$$p = \frac{c}{\sqrt{a^2 + b^2}} \text{ से,}$$

$$p = \frac{5}{\sqrt{2^2 + 3^2}} = \frac{5}{\sqrt{4+9}} = \frac{15}{\sqrt{13}} \text{ इकाई}$$ उत्तर

(vi) दी गई रेखा का समीकरण,

$$5x + 12y - 13 = 0 \quad \ldots(1)$$

रेखा (1) की तुलना रेखा $ax + bx + c = 0$ से करने पर,

$$a = 5, b = 12 \text{ तथा } c = -13$$

मूल बिन्दु से रेखा (1) पर डाले गए लम्ब की लम्बाई सूत्र

$$p = \frac{c}{\sqrt{a^2 + b^2}} \text{ से}$$

अत:
$$p = \frac{-13}{\sqrt{5^2 + 12^2}} = \frac{-13}{\sqrt{25+144}} = \frac{-13}{\sqrt{169}}$$

$$= \frac{-13}{13} = -1 = 1 \text{ इकाई}$$

(ऋणात्मक चिह्न छोड़ने पर) उत्तर

2. मूल बिन्दु से रेखा $3x+4y-17=0$ पर डाले गए लम्ब की लम्बाई या लाम्बिक दूरी ज्ञात कीजिए।

हल—दी गई रेखा का समीकरण,

$$3x+4y+17=0 \qquad \ldots(1)$$

रेखा (1) की तुलना रेखा $ax+bx+c=0$ से करने पर,

$$a=3, b=4 \text{ तथा } c=17$$

मूल बिन्दु से रेखा (1) पर डाले गए लम्ब की लम्बाई सूत्र

$$p=\frac{c}{\sqrt{a^2+b^2}} \text{ से,}$$

$$=\frac{17}{\sqrt{3^2+4^2}}=\frac{17}{\sqrt{9+16}}=\frac{17}{\sqrt{25}}=\frac{17}{5} \text{ इकाई} \qquad \text{उत्तर}$$

3. मूल बिन्दु से रेखा $3x+4y-10=0$ पर डाले गए लम्ब की लम्बाई की गणना कीजिए।

हल—दी गई रेखा का समीकरण,

$$3x+4y-10=0$$

रेखा (1) की तुलना रेखा $ax+bx+c=0$ से करने पर,

$$a=3, b=4 \text{ तथा } c=-10$$

मूल बिन्दु से रेखा (1) पर डाले गए लम्ब की लम्बाई सूत्र

$$p=\frac{c}{\sqrt{a^2+b^2}} \text{ से,}$$

अत:

$$p=\frac{-10}{\sqrt{3^2+4^2}}=\frac{10}{\sqrt{9+16}}=\frac{-10}{\sqrt{25}}=\frac{-10}{5}$$

$=-2=2$ इकाई (ऋणात्मक चिह्न छोड़ने पर) उत्तर

4. सिद्ध कीजिए कि बिन्दुओं (x_1, y_1) तथा (x_2, y_2) को मिलाने वाली रेखा की मूल बिन्दु से दूरी $\frac{x_1y_1-x_2y_1}{\sqrt{(x_2-x_1)^2+(y_2-y_1)^2}}$ है।

हल—हम जानते हैं कि बिन्दु (x_1, y_1) तथा (x_2, y_2) को मिलाने वाली रेखा का समीकरण निम्न सूत्र से दिया जाता है—

$$y-y_1=\frac{y_2-y_1}{x_2-x_1}(x-x_1)$$

या $\quad (x_2-x_1)y-(x_2-x_1)y_1=(y_2-y_1)x-(y_2-y_1)x_1$

या $\quad (y_2-y_1)x-(y_2-y_1)x_1=(x_2-x_1)y-(x_2-x_1)y_1$

या $\quad (y_2-y_1)x-(x_2-x_1)y+(x_2-x_1)y_1-(y_2-y_1)x_1=0 \qquad \ldots(1)$

रेखा (1) की तुलना रेखा $ax+by+c=0$ से करने पर,

$a=(y_2-y_1), b=(x_2-x_1)$ तथा $c=(x_2-x_1)y_1-(y_2-y_1)x_1$

रेखा (1) की मूल बिन्दु से दूरी सूत्र $p=\frac{c}{\sqrt{a^2+b^2}}$ से,

अतः $$p=\frac{(x_2-x_1)y_1-(y_2-y_1)x_1}{\sqrt{(y_2-y_1)^2+(x_2-x_1)^2}}$$

$$=\frac{x_2y_1-x_1y_1-x_1y_2+x_1y_1}{\sqrt{(x_2-x_1)^2+(y_2-y_1)^2}}$$

$$=\frac{x_2y_1-x_1y_2}{\sqrt{(x_2-x_1)^2+(y_2-y_1)^2}}$$ इति सिद्धम्

5. बिन्दु (1,2) से रेखा $3x+4y+4=0$ पर डाले गए लम्ब की लम्बाई ज्ञात कीजिए।

हल—हम जानते हैं कि बिन्दु (x_1, y_1) से रेखा $ax+by+c=0$ पर डाले गए लम्ब की लम्बाई,

$$p=\frac{ax_1+by_1+c}{\sqrt{a^2+b^2}}$$

अतः दिए गए बिन्दु (1,2) से रेखा $3x+4y+4=0$ पर डाले गए लम्ब की लम्बाई,

$$p=\frac{3\times1+4\times2+4}{\sqrt{3^2+4^2}}$$

$$=\frac{3+8+4}{\sqrt{9+16}}$$

$$=\frac{15}{\sqrt{25}}=\frac{15}{5}=3$$ इकाई उत्तर

6. बिन्दु (3,4) व बिन्दु (2,3) को मिलाने वाली रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए। इस रेखा पर बिन्दु (3,2) से डाले गए लम्ब की माप ज्ञात कीजिए।

हल—माना $A(x_1, y_1)=(3,4)$

तथा $B(x_2, y_2)=(2,3)$

बिन्दु A तथा B को मिलाने वाली रेखा का समीकरण

$$y-y_1=\frac{y_2-y_1}{x_2-x_1}(x-x_1)$$

या $$y-4=\frac{3-4}{2-3}(x-3)$$

या $$y-4=\frac{-1}{-1}(x-3)$$

या $$y-4=x-3$$

या $$x-y+4-3=0$$

या $$x-y+1=0 \quad \ldots(1)$$ उत्तर

रेखा (1) पर बिन्दु (3,2) से डाले गए लम्ब की माप

$$p = \frac{3-2+1}{\sqrt{1^2+(-1)^2}}$$

$$= \frac{4-2}{\sqrt{1+1}}$$

$$= \frac{2}{\sqrt{2}} = \sqrt{2} \text{ इकाई}$$ उत्तर

7. बिन्दु (1,2) से रेखा $3x-4y-15=0$ पर डाले गए लम्ब की लम्बाई ज्ञात कीजिए।

हल—हम जानते हैं कि—बिन्दु (x_1, y_1) से रेखा $ax+by+c=0$ पर डाले गए लम्ब की लम्बाई,

$$p = \frac{ax_1+by_1+c}{\sqrt{a^2+b^2}}$$

अत: बिन्दु (1,2) से रेखा $3x-4y-15=0$ पर डाले गए लम्ब की लम्बाई,

$$p = \frac{3\times 1-4\times 2-15}{\sqrt{3^2+4^2}}$$

या $$p = \frac{3-8-15}{\sqrt{9+16}}$$

$$= \frac{3-23}{\sqrt{25}} = -\frac{20}{5}$$

$$= -4$$

= 4 इकाई (ऋणात्मक चिह्न छोड़ने पर) उत्तर

8. बिन्दु (−4,5) से रेखा $5x+12y-1=0$ पर डाले गए लम्ब की लम्बाई ज्ञात कीजिए।

हल—दी गई रेखा का समीकरण,

$$5x+12y-1=0 \quad \ldots(1)$$

माना दिया गया बिन्दु $p(x_1, y_1)=(-4,5)$

अत: बिन्दु p से रेखा (1) पर डाले गए लम्ब की लम्बाई

$$p = \frac{5\times(-4)+12\times 5-1}{\sqrt{5^2+12^2}}$$

$$p = \frac{-20+60-1}{\sqrt{25+144}}$$

$$= \frac{60-21}{\sqrt{169}} = \frac{39}{13}$$

= 13 इकाई उत्तर

9. बिन्दु (0,1) से रेखा $5x+12y=-1$ पर डाले गए लम्ब की लम्बाई ज्ञात कीजिए।

हल—दी गई रेखा का समीकरण,

$$5x+12y=-1$$

या $$5x+12y+1=0 \quad \ldots(1)$$

तथा दिया गया बिन्दु $p(x_1, y_1) = (0,1)$

अत: बिन्दु p से रेखा (1) पर डाले गए लम्ब की लम्बाई

$$p = \frac{5\times 0+12\times 1+1}{\sqrt{5^2+12^2}}$$

$$= \frac{0+12+1}{\sqrt{25+144}}$$

$$= \frac{13}{\sqrt{169}}$$

$$= \frac{13}{13} = 1 \text{ इकाई}$$ उत्तर

10. रेखा $x\cos 35^\circ - y\sin 35^\circ = p$ पर बिन्दु $(2a\sin 65^\circ, 2a\cos 65^\circ)$ से डाले गए लम्ब की लम्बाई ज्ञात कीजिए।

हल—दी गई रेखा का समीकरण,

$$x\cos 35^\circ - y\sin 35^\circ = p$$

या $$x\cos 35^\circ - y\sin 35^\circ - p = 0 \quad \ldots(1)$$

दिया गया बिन्दु $A(x_1, y_1) = (2a\sin 65^\circ, 2a\cos 65^\circ)$

अत: बिन्दु A से रेखा (1) पर डाले गए लम्ब की लम्बाई

$$= \frac{2a\sin 65^\circ\cos 35^\circ - 2a\cos 65^\circ\sin 35^\circ - p}{\sqrt{\cos^2 35^\circ + \sin^2 35^\circ}}$$

$$= \frac{2a(\sin 65^\circ\cos 35^\circ - \cos 65^\circ\sin 35^\circ) - p}{\sqrt{1}}$$

$$= \frac{2a\sin(65^\circ - 35^\circ) - p}{1}$$

$$= 2a\sin 30^\circ - p$$

$$= 2a\times\frac{1}{2} - p = a - p \text{ इकाई}$$ उत्तर

11. रेखा $\frac{x\cos\alpha}{a} + \frac{y\sin\alpha}{b} = 1$ पर बिन्दु $(\sqrt{a^2-b^2}, 0)$ से डाले गए लम्ब की लम्बाई p_1 तथा बिन्दु $(-\sqrt{a^2-b^2}, 0)$ से डाले गए लम्ब की माप p_2 है , तो सिद्ध कीजिए– $p_1p_1 = b^2$

हल—दी गई रेखा का समीकरण,

$$\frac{x\cos\alpha}{a} + \frac{y\sin\alpha}{b} = 1$$

या $$x\frac{\cos\alpha}{a} + y\frac{\sin\alpha}{b} - 1 = 0$$

या $$(b\cos\alpha)x + (a\sin\alpha)y - ab = 0 \quad \ldots(1)$$

माना दिए गए बिन्दु $A(x_1, y_1) = (\sqrt{a^2 - b^2}, 0)$ तथा $B(x_2, y_2) = (-\sqrt{a^2 - b^2}, 0)$

अत: रेखा (1) पर बिन्दु A से डाले गए लम्ब की माप

$$p_1 = \frac{(b\cos\alpha)\sqrt{a^2 - b^2} + (a\sin\alpha)\times 0 - ab}{\sqrt{(b\cos\alpha)^2 + (a\sin\alpha)^2}}$$

या $$p_1 = \frac{b\sqrt{a^2 - b^2}\cdot\cos\alpha + 0 - ab}{\sqrt{b^2\cos^2\alpha + a^2\sin^2\alpha}}$$

या $$p_1 = \frac{-ab + b\sqrt{a^2 - b^2}\cdot\cos\alpha}{\sqrt{b^2\cos^2\alpha + a^2\sin^2\alpha}}$$

या $$p_1 = \frac{-b(a - \sqrt{a^2 - b^2}\cos\alpha)}{\sqrt{b^2\cos^2\alpha + a^2\sin^2\alpha}}$$

या $$p_1 = \frac{b(a - \sqrt{a^2 - b^2}\cdot\cos\alpha)}{\sqrt{b^2\cos^2\alpha + a^2\sin^2\alpha}}$$

(ऋणात्मक चिह्न छोड़ने पर)

तथा बिन्दु B से रेखा (1) पर डाले गए लम्ब की माप

$$p_2 = \frac{b\cos\alpha(-\sqrt{a^2 - b^2}) + a\sin\alpha\times 0 - ab}{\sqrt{(b\cos\alpha)^2 + (a\sin\alpha)^2}}$$

$$= \frac{-b\sqrt{(a^2 - b^2)}\cdot\cos\alpha + 0 - ab}{\sqrt{b^2\cos^2\alpha + a^2\sin^2\alpha}}$$

$$= \frac{-b(\sqrt{a^2 - b^2}\cdot\cos\alpha + a)}{\sqrt{b^2\cos\alpha + a^2\sin^2\alpha}}$$

$$\frac{b(\sqrt{a^2 - b^2}.\cos\alpha + a)}{\sqrt{b^2\cos^2\alpha + a^2\sin^2\alpha}}$$

(ऋणात्मक चिह्न छोड़ने पर)

$\therefore$ $$p_1 p_2 = \frac{b(a - \sqrt{a^2 - b^2}.\cos\alpha)}{\sqrt{b^2\cos\alpha + a^2\sin\alpha}} \times \frac{b(\sqrt{a^2 - b^2}\cdot\cos\alpha + a)}{\sqrt{b^2\cos^2\theta\cdot + a^2\sin^2\theta}}$$

या $$p_1 p_2 = \frac{b^2\{a^2 - (\sqrt{a^2 - b^2}\cdot\cos\alpha)^2\}}{a^2\sin^2\alpha + b^2\cos^2\alpha}$$

$$= \frac{b^2\{a^2-(a^2-b^2)\cdot\cos^2\alpha\}}{a^2\sin^2\alpha+b^2\cos^2\alpha}$$

या
$$= \frac{b^2(a^2-a^2\cos^2\alpha+b^2\cos^2\alpha)}{a^2\sin^2\alpha+b^2\cos^2\alpha}$$

या
$$= \frac{b^2\{a^2(1-\cos^2\alpha)+b^2\cos^2\alpha\}}{a^2\sin^2\alpha+b^2\cos^2\alpha}$$

या
$$= \frac{b^2\{a^2\sin^2\alpha+b^2\cos^2\alpha\}}{(a^2\sin^2\alpha+b^2\cos^2\alpha)}$$

या $p_1p_2 = b^2$ इति सिद्धम्

12. अक्षों पर अन्तःखण्ड a और b काटने वाली रेखा पर मूल बिन्दु से डाले गए लम्ब की माप p है। सिद्ध कीजिए— $\frac{1}{p_2} = \frac{1}{a^2} + \frac{1}{b^2}$

हल—अक्षों पर अन्तःखण्ड a और b काटने वाली रेखा का समीकरण निम्न है—

$$\frac{x}{a}+\frac{y}{b}=1$$

या $\frac{x}{a}+\frac{y}{b}-1=0$

या $bx+ay-ab=0$

रेखा (1) पर मूल बिन्दु (0,0) से डाले गए लम्ब की माप

$$p = \frac{b\times0+a\times0-ab}{\sqrt{a^2+b^2}}$$

$$= \frac{-ab}{\sqrt{a^2+b^2}}$$

या $p^2 = \left(\frac{-ab}{\sqrt{a^2+b^2}}\right)^2$

या $p^2 = \frac{a^2b^2}{a^2+b^2}$

या $\frac{1}{p_2} = \frac{a^2+b^2}{a^2b^2}$

या $\frac{1}{p_2} = \frac{1}{b^2}+\frac{1}{a^2}$

या $\frac{1}{p_2} = \frac{1}{a^2}+\frac{1}{b^2}$ इति सिद्धम्

13. दो समान्तर रेखाओं $x+y+1=0$ तथा $x+y+5=0$ के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए।

हल—दी गई रेखाएँ,

$$x+y+1=0 \quad \ldots(1)$$

तथा $$x+y+5=0 \quad \ldots(2)$$

मूल बिन्दु (0,0) से रेखा (1) पर डाले गए लम्ब की माप $(p_1)=\frac{1}{\sqrt{1^2+1^2}}$

या $$p_1=\frac{1}{\sqrt{2}}$$

इसी प्रकार, मूल बिन्दु (0,0) से रेखा (2) पर डाले गए लम्ब की माप $p_2=\frac{5}{\sqrt{1^2+1^2}}$

या $$p_2=\frac{5}{\sqrt{2}}$$

$\therefore$ रेखाओं (1) व (2) के बीच की दूरी $= p_2 - p_1$

या $$=\frac{5}{\sqrt{2}}-\frac{1}{\sqrt{2}}$$

$$=\frac{5-1}{\sqrt{2}}=\frac{4}{\sqrt{2}}=2\sqrt{2} \text{ इकाई}$$ **उत्तर**

14. समान्तर रेखाओं $3x+4y+15=0$ तथा $3x+4y+10=0$ के बीच की लम्बवत् दूरी ज्ञात कीजिए।

हल—दी गई रेखाओं के समीकरण,

$$3x+4y+15=0 \quad \ldots(1)$$

तथा $$3x+4y+15=0 \quad \ldots(2)$$

रेखा (1) पर मूल बिन्दु से डाले गए लम्ब की माप,

$$p_1=\frac{15}{\sqrt{3^2+4^2}}$$

या $$=\frac{15}{\sqrt{9+16}}=\frac{15}{\sqrt{25}}=\frac{15}{5}=3 \text{ इकाई}$$

रेखा (2) पर मूल बिन्दु से डाले गए लम्ब की माप,

$$p_2=\frac{10}{\sqrt{3^2+4^2}}$$

$$=\frac{10}{\sqrt{9+16}}=\frac{10}{\sqrt{25}}=\frac{10}{5}=2 \text{ इकाई}$$

अतः दी गई रेखाओं (1) व (2) के बीच की लम्बवत् दूरी $= p_1 - p_2$

$$=3-2$$

$$=1 \text{ इकाई}$$ **उत्तर**

15. समान्तर रेखाओं $5x+12y+15=0$ तथा $10x+24y-13=0$ के बीच की लम्बवत् दूरी ज्ञात कीजिए।

हल—दी गई रेखाओं के समीकरण,

$$5x+12x+15=0 \quad \ldots(1)$$

$$10x+24y-13=0 \quad \ldots(2)$$

अत: मूल बिन्दु (0,0) से रेखा (1) पर डाले गए लम्ब की माप,

$$p_1=\frac{17}{\sqrt{5^2+12^2}}=\frac{17}{\sqrt{25+144}}$$

$$=\frac{17}{\sqrt{169}}$$

$$=\frac{17}{13} \text{ इकाई}$$

तथा मूल बिन्दु (0,0) से रेखा (2) पर डाले गए लम्ब की माप,

$$p_2=\frac{-13}{\sqrt{10^2+24^2}}$$

$$=\frac{-13}{\sqrt{100+576}}$$

$$=\frac{-13}{\sqrt{676}}$$

$$=\frac{-13}{26}=-\frac{1}{2} \text{ इकाई}$$

अत: रेखा (1) व (2) के बीच की दूरी $= p_1 - p_2$

$$=\frac{17}{13}-\left(-\frac{1}{2}\right)$$

$$=\frac{17}{13}+\frac{1}{2}$$

$$=\frac{34+13}{26}$$

$$=\frac{47}{26} \text{ इकाई}$$ उत्तर

16. सिद्ध कीजिए कि समान्तर रेखाओं $ax+by+c=0$ व $k(ax+by)+d=0$ के बीच की दूरी $\frac{c-\frac{d}{k}}{\sqrt{a^2+b^2}}$ है।

अथवा

दो समान्तर रेखाओं के समीकरण $ax+by+c=0$ तथा $k(ax+by)+d=0$ हैं। यदि रेखाओं के बीच की दूरी p है, तो सिद्ध कीजिए— $p^2=\frac{c^2k^2+d^2-2ckd}{k^2(a^2b^2)}$

हल—दी गई समान्तर रेखाओं के समीकरण,

$$ax+by+c=0 \qquad \ldots(1)$$

तथा $k(ax+by)+d=0$

या $$kax+kby+d=0 \qquad \ldots(2)$$

रेखा (1) पर मूल बिन्दु से डाले गए लम्ब की लम्बाई,

$$p_1=\frac{c}{\sqrt{a^2+b^2}}$$

तथा रेखा (2) पर मूल बिन्दु से डाले गए लम्ब की लम्बाई,

$$p_2=\frac{d}{\sqrt{(ka)^2+(kb)^2}}$$

$$=\frac{d}{\sqrt{k^2a^2+k^2b^2}}$$

$$=\frac{d}{k\sqrt{(a^2+b^2)}}$$

अत: समान्तर रेखाओं (1) व (2) के बीच की दूरी

$$p=\frac{c}{\sqrt{a^2+b^2}}-\frac{d}{k\sqrt{a^2+b^2}}$$

$$p=\frac{1}{\sqrt{a^2+b^2}}\left(c-\frac{d}{k}\right)=\frac{\left(c-\frac{d}{k}\right)}{\sqrt{a^2+b^2}}$$ इति सिद्धम्

अथवा

हम सिद्ध कर चुके हैं

$$P=\frac{c-\frac{d}{k}}{\sqrt{a^2+b^2}}$$

दोनों पक्षों का वर्ग करने पर,

$$p^2=\left(\frac{c-\frac{d}{k}}{\sqrt{a^2+b^2}}\right)^2$$

या $$p^2 = \frac{\left(c - \frac{d}{k}\right)^2}{(a^2 + b^2)}$$

$$p^2 = \frac{\left(\frac{ck - d}{k}\right)^2}{a^2 + b^2}$$

$$p^2 = \frac{\frac{c^2k^2 + d^2 - 2ckd}{k^2}}{a^2 + b^2}$$

$$p^2 = \frac{c^2k^2 + d^2 - 2ckd}{k^2(a^2 + b^2)}$$ इति सिद्धम्

17. रेखा $ax + by + a + b = 0$ पर बिन्दु (1,1) से डाले गए लम्ब की माप p है। सिद्ध कीजिए कि — $p^2 = 4 + \frac{8ab}{a^2 + b^2}$

हल—दी गई रेखा का समीकरण,

$$ax + by + a + b = 0$$

अतः रेखा (1) पर बिन्दु (1,1) से डाले गए लम्ब की माप

$$p = \frac{a \times 1 + b \times 1 + a + b}{\sqrt{a^2 + b^2}}$$

या $$p = \frac{a + b + a + b}{\sqrt{a^2 + b^2}}$$

या $$p = \frac{2a + 2b}{\sqrt{a^2 + b^2}}$$

या $$p = \frac{2(a + b)}{\sqrt{a^2 + b^2}}$$

दोनों पक्षों का वर्ग करने पर,

$$p^2 = \left[\frac{2(a + b)}{\sqrt{a^2 + b^2}}\right]^2$$

या $$p^2 = \frac{4(a + b)^2}{(a^2 + b^2)}$$

या $$p^2 = \frac{4(a^2 + b^2 + 2ab)}{(a^2 b^2)}$$

या $$p^2 = \frac{4(a^2 + b^2)}{(a^2 + b^2)} + \frac{8ab}{(a^2 + b^2)}$$

या $$p^2 = 4 + \frac{8ab}{a^2 + b^2}$$ इति सिद्धम्

18. सिद्ध कीजिए कि बिन्दुओं (x_1, y_1) तथा (x_2, y_2) को मिलाने वाली रेखा की मूल बिन्दु से दूरी $\frac{x_1y_2 - x_2y_1}{\sqrt{(x_2 - x_1) + (y_2 - y_1)^2}}$ है।

हल—इस प्रश्न के हल के लिए प्रश्न संख्या 4 के हल को देखिए।

19. यदि रेखाओं $2x - y = 1$ व $ax + 2y = 4$ के बीच का कोण 45° है, तो a का मान ज्ञात कीजिए।

हल—दी गई रेखाओं के समीकरण,

$$2x - y = 1 \Rightarrow 2x - y - 1 = 0 \quad ...(1)$$

$$ax + 2y = 4 \Rightarrow ax + 2y - 4 = 0 \quad ...(2)$$

रेखा (1) की प्रवणता $(m_1) = -\frac{x \text{ का गुणांक}}{y \text{ का गुणांक}}$

या $$m_1 = -\frac{2}{-1} = 2$$

तथा रेखा (2) की प्रवणता $(m_2) = -\frac{x \text{ का गुणांक}}{y \text{ का गुणांक}}$

या $$m_2 = -\frac{a}{2}$$

रेखा (1) व (2) के बीच का कोण सूत्र, $\tan\theta = \frac{m_1 - m_2}{1 + m_1 m_2}$ से,

अतः $$\tan 45^\circ = \frac{2 - \left(-\frac{a}{2}\right)}{1 + 2 \times \left(-\frac{a}{2}\right)}$$

या $$1 = \frac{2 + \frac{a}{2}}{1 - a}$$

या $$1 = \frac{\frac{4 + a}{2}}{1 - a}$$

या $$1 = \frac{4 + a}{2(1 - a)}$$

या $$2(1 - a) = 4 + a$$

या $$2 - 2a = 4 + a$$

या $$-2a - a = 4 - 2$$

या $$-3a = 2$$

या $a=\frac{2}{-3}=-\frac{2}{3}$ उत्तर

20. अक्षों द्वारा रेखा $x\sin\alpha+y\cot\alpha=\sin 2\alpha$ के कटे हुए रेखाखण्ड की माप ज्ञात कीजिए। इस रेखाखण्ड के मध्य बिन्दु के निर्देशांक भी ज्ञात कीजिए।

हल—दी गई रेखा का समीकरण,

$$x\sin\alpha+y\cot\alpha=\sin 2\alpha$$

या $$x\sin\alpha+y\cot\alpha=2\sin\alpha\cos\alpha$$

दोनों पक्षों में $2\sin\alpha\cos\alpha$ से भाग करने पर,

$$\frac{x\sin\alpha}{2\sin\alpha\cos\alpha}+\frac{y\cos\alpha}{2\sin\alpha\cos\alpha}=\frac{2\sin\alpha\cos\alpha}{2\sin\alpha\cos\alpha}$$

या $$\frac{x}{2\cos\alpha}+\frac{y}{2\sin\alpha}=1 \quad \ldots(1)$$

जो कि रेखा का अन्तःखण्ड रूप है।

अतः रेखा (1) द्वारा अक्षों पर कटे अन्तःखण्ड क्रमशः $2\cos\alpha$ तथा $2\sin\alpha$ हैं।

∴ रेखा (1) तथा X–अक्ष का प्रतिच्छेद बिन्दु $=(2\cos\alpha,0)$

तथा रेखा (1) तथा Y-अक्ष का प्रतिच्छेद बिन्दु $=(0,2\sin\alpha)$

अक्षों के द्वारा रेखा (1) के कटे हुए अन्तःखण्ड की माप

= बिन्दुओं $(2\cos,0)$ व $(0,2\sin\alpha)$ के बीच की दूरी

$$=\sqrt{(2\cos\alpha-0)^2+(0-2\sin\alpha)^2}$$

$$=\sqrt{4\cos^2\alpha+4\sin^2\alpha}$$

$$=\sqrt{4(\sin^2\alpha+\cos^2\alpha)}$$

$$=\sqrt{4\times 1}$$

$$=\sqrt{4}$$

= **2 इकाई** उत्तर

रेखा (1) के मध्य-बिन्दुओं के निर्देशांक = बिन्दु $(2\cos\alpha,0)$ व $(0,2\sin\alpha)$ का मध्य बिन्दु

$$=\left[\frac{2\cos\alpha+0}{2},\frac{0+2\sin\alpha}{2}\right]$$

$$=\left[\frac{2\cos\alpha}{2},\frac{2\sin\alpha}{2}\right]$$

$$=(\cos\alpha,\sin\alpha)$$ उत्तर

विविध प्रश्नावली

1. k के मान ज्ञात कीजिए जबकि रेखा $(k-3)x-(4-k^2)y+k^2-7k+6=0$

(i) X-अक्ष के समान्तर है

(ii) Y-अक्ष के समान्तर है

(iii) मूल बिन्दु से होकर जाती है।

हल—दी गई रेखा का समीकरण,

$$(k-3)x-(4-k^2)y+k^2-7k+6=0 \quad \ldots(1)$$

X-अक्ष का समीकरण, $y=0$ $\ldots(2)$

Y-अक्ष का समीकरण, $x=0$ $\ldots(3)$

रेखा (1) की प्रवणता $=\dfrac{-x \text{ का गुणांक}}{y \text{ का गुणांक}}$

$$=\frac{-(k-3)}{-(4-k^2)}=\frac{(k-3)}{(4-k^2)}$$

रेखा (2) की प्रवणता $=\dfrac{-x \text{ का गुणांक}}{y \text{ का गुणांक}}=-\dfrac{0}{1}=0$

तथा रेखा (3) की प्रवणता $=\dfrac{-x \text{ का गुणांक}}{y \text{ का गुणांक}}=\dfrac{-1}{0}=0$

(i) जब रेखा (1) तथा X-अक्ष अर्थात् समीकरण (2) समान्तर हों, तो

रेखा (1) की प्रवणता = रेखा (2) की प्रवणता

$$\frac{k-3}{4-k^2}=0$$

या $$k-3=0$$

या $$k=3$$ **उत्तर**

(ii) जब रेखा (1) तथा Y-अक्ष अर्थात् रेखा (3) समान्तर हों, तो

रेखा (1) की प्रवणता = रेखा (3) की प्रवणता

$$\frac{k-3}{4-k^2}=\infty$$

या $$\frac{k-3}{4-k^2}=\frac{1}{0}$$

या $$0=4-k^2$$

या $$k^2=4$$

या $$k=\pm\sqrt{4}=\pm 2$$ **उत्तर**

(iii) जब रेखा (1) मूल बिन्दु (0,0) से होकर जाती है। तब समीकरण (1) में $x=0$ तथा $y=0$ रखने पर,

$$(k-3)\times 0-(4-k^2)\times 0+k^2-7k+6=0$$

$$k^2-7k+6=0$$

$$k^2-6k-k+6=0$$

या $\quad k(k-6)-1(k-6)=0$

या $\quad (k-6)(k-1)=0$

यदि $k-6=0$ तब $k=6$

यदि $k-1=0$ तब $k=1$ उत्तर

2. θ और p के मान ज्ञात कीजिए यदि रेखा $x\cos\theta+y\sin\theta=p$ रेखा $\sqrt{3}x+y+2=0$ का लम्ब रूप है।

हल—दी गई रेखा का समीकरण,

$$\sqrt{3}x+y+2=0 \qquad \ldots(1)$$

या $\quad \sqrt{3}x+y=-2$

या $$\frac{\sqrt{3}x}{\sqrt{(\sqrt{3})^2+1^2}}+\frac{y}{\sqrt{(\sqrt{3})^2+1^2}}=\frac{-2}{\sqrt{(\sqrt{3})^2+1^2}}$$

या $$\frac{\sqrt{3}}{\sqrt{3+1}}x+\frac{y}{\sqrt{3+1}}=\frac{-2}{\sqrt{3+1}}$$

या $$\frac{\sqrt{3}}{\sqrt{4}}x+\frac{y}{\sqrt{4}}=\frac{-2}{\sqrt{4}}$$

या $$\frac{\sqrt{3}}{2}x+\frac{1}{2}y=-\frac{2}{2}$$

या $$\frac{\sqrt{3}}{2}x+\frac{1}{2}y=-1 \qquad \ldots(2)$$

समीकरण (2) समीकरण (1) का लम्ब रूप है।

परन्तु प्रश्नानुसार, रेखा (1) का लम्ब रूप, $x\cos\theta+y\sin\theta=p$ $\qquad \ldots(3)$

अतः रेखा (2) व (3) एक ही रेखा को निरूपित करती हैं।

$\therefore$ समीकरण (2) व (3) की तुलना करने पर,

$\cos\theta=\frac{\sqrt{3}}{2}, \sin\theta=\frac{1}{2}$ $\quad$ तथा $p=-1$

या $\quad p=1$ इकाई (ऋणात्मक चिह्न छोड़ने पर)

अब $\quad \tan\theta=\frac{\sin\theta}{\cos\theta}$,

या $\quad \tan\theta=\frac{1/2}{\sqrt{3}/2}$

या $\quad \tan\theta=\frac{1}{\sqrt{3}}$

या $\quad \tan\theta=\tan 30^\circ$

$\theta=30^\circ$

$$= \frac{30^\circ \times \pi}{180^\circ} = \frac{\pi}{6}$$

अतः $\theta = \frac{\pi}{6}$ तथा $p = 1$ इकाई

उत्तर

3. उन रेखाओं के समीकरण ज्ञात कीजिए जिनके अक्षों पर कटे अन्तःखण्डों का योग और गुणनफल क्रमशः 1 और – 6 है।

हल—माना रेखा का समीकरण, $\frac{x}{a} + \frac{y}{b} = 1$ ...(1)

जहाँ X-अक्ष पर कटा अन्तःखण्ड $= a$

तथा Y-अक्ष पर कटा अन्तःखण्ड $= b$

प्रश्नानुसार, $a + b = 1$ ...(2)

तथा $ab = -6$ ...(3)

समीकरण (2) से $b = (1 - a)$ समीकरण (3) में रखने पर,

$$a(1-a) = -6$$

या $a - a^2 = -6$

या $-a^2 + a + 6 = 0$

या $a^2 - a - 6 = 0$

या $a^2 - 3a + 2a - 6 = 0$

या $a(a-3) + 2(a-3) = 0$

या $(a-3)(a+2) = 0$

यदि $a - 3 = 0$ तब $a = 3$

तथा यदि $a + 2 = 0$ तब $a = -2$

a के मान समीकरण (1) में रखने पर,

जब $a = 3$ तब $b = 1 - a = 1 - 3 = -2$

तथा जब $a = -2$ तब $b = 1 - a = 1 - (-2) = 1 + 2 = 3$

अतः अन्तःखण्ड $a = 3$ तथा $b = -2$ के संगत रेखा का समीकरण,

$$\frac{x}{3} + \frac{y}{-2} = 1$$

या $2x - 3y = 6$ उत्तर

तथा जब $a = -2$ तथा $b = 3$ के संगत रेखा का समीकरण,

$$\frac{x}{-2} + \frac{y}{3} = 1 \Rightarrow -3x + 2y = 6$$ उत्तर

4. Y-अक्ष पर कौन से बिन्दु ऐसे हैं, जिनकी रेखा $\frac{x}{3} + \frac{y}{4} = 1$ से दूरी 4 इकाई है?

हल—दी गई रेखा का समीकरण,

$$\frac{x}{3}+\frac{y}{4}=1$$

या $4x+3y=12$

या $4x+3y-12=0$ ...(1)

माना Y-अक्ष पर स्थित बिन्दु $(0,b)$ से रेखा (1) की दूरी 4 इकाई है

अत: ±4 = बिन्दु $(0,b)$ से रेखा (1) पर डाले गए लम्ब की माप

या $$\pm4=\frac{4\times0+3\times b-12}{\sqrt{4^2+3^2}}$$

या $$\pm4=\frac{3b-12}{5}$$

या $\pm20=3b-12\Rightarrow 3b-12=\pm20$

यदि $3b-12=20\Rightarrow 3b=20+12\Rightarrow 3b=32$

या $$b=\frac{32}{3}$$

तथा यदि $3b-12=-20\Rightarrow 3b=-20+12$

या $3b=-8$

या $$b=-\frac{8}{3}$$

अत: Y-अक्ष पर स्थित अभीष्ट बिन्दु = $\left(0,\frac{32}{3}\right)$ तथा $\left(0,\frac{-8}{3}\right)$ हैं। उत्तर

5. मूल बिन्दु से बिन्दुओं $(\cos\theta,\sin\theta)$ और $(\cos\phi,\sin\phi)$ को मिलाने वाली रेखा की लाम्बिक दूरी ज्ञात कीजिए।

हल—माना बिन्दु $A(x_1,y_1)=(\cos\theta,\sin\theta)$

तथा $B(x_2,y_2)=(\cos\phi,\sin\phi)$

बिन्दुओं A व B से होकर जाने वाली रेखा का समीकरण

सूत्र $$y-y_1=\frac{y_2-y_1}{x_2-x_1}(x-x_1)$$ से,

अत: $$y-\sin\theta=\frac{(\sin\phi-\sin\theta)}{(\cos\phi-\cos\theta)}(x-\cos\theta)$$

या $(\cos\phi-\cos\theta)y-\sin\theta(\cos\phi-\cos\theta)$
$=(\sin\phi-\sin\theta)x-\cos\theta(\sin\phi-\sin\theta)$

या $(\sin\phi-\sin\theta)x-\cos\theta(\sin\phi-\sin\theta)=(\cos\phi-\cos\theta)y$
$-\sin\theta(\cos\phi-\cos\theta)$

या $(\sin\phi-\sin\theta)x-(\cos\phi-\cos\theta)y-\cos\theta(\sin\phi-\sin\theta)$
$+\sin\theta(\cos\phi-\cos\theta)=0$

या $(\sin\phi+\sin\theta)x-(\cos\phi-\cos\theta)y-\cos\theta\sin\phi+\cos\theta\sin\theta+\sin\theta\cos\phi$
$-\sin\theta\cos\theta=0$

या $(\sin\phi-\sin\theta)x-(\cos\phi-\cos\theta)y+\sin\theta\cos\phi-\cos\theta\sin\phi=0$ ...(1)

रेखा (1) रेखा के व्यापक रूप $ax+bx+c=0$ में है।

अतः मूल बिन्दु से रेखा (1) की लम्बिक दूरी सूत्र $p=\left|\frac{c}{\sqrt{a^2+b^2}}\right|$ से

$$P=\left|\frac{\sin\theta\cos\phi-\cos\theta\sin\phi}{\sqrt{(\sin\phi-\sin\theta)^2+(\cos\phi-\cos\theta)^2}}\right|$$

या $$=\frac{|\sin(\phi-\theta)|}{\left|\sqrt{\sin^2\phi+\sin^2\theta-2\sin\phi\sin\theta+\cos^2\phi+\cos^2\theta+2\cos\phi\cos\theta}\right|}$$

$$=\frac{|\sin(\phi-\theta)|}{\left|\sqrt{(\sin^2\phi+\cos^2\phi)+(\sin^2\theta+\cos^2\theta)-2(\sin\theta\sin\phi+\cos\theta\cos\phi)}\right|}$$

$$=\frac{|\sin(\phi-\theta)|}{|\sqrt{1+1-2\cos(\phi-\theta)}|}$$

$$=\frac{|\sin(\phi-\theta)|}{|\sqrt{2-2\cos(\phi-\theta)}|}$$

$$=\frac{|\sin(\phi-\theta)|}{\left|\sqrt{2-2\left[1-2\sin^2\frac{(\phi-\theta)}{2}\right]}\right|}$$

$$=\frac{|\sin(\phi-\theta)|}{\left|\sqrt{2-2+4\sin^2\frac{(\phi-\theta)}{2}}\right|}$$

$$=\frac{|\sin(\phi-\theta)|}{\left|\sqrt{4\sin^2\frac{(\phi-\theta)}{2}}\right|}$$

$$=\frac{|\sin(\phi-\theta)|}{\left|2\sin\frac{(\phi-\theta)}{2}\right|}=\frac{|\sin(\phi-\theta)|}{2\left|\sin\frac{(\phi-\theta)}{2}\right|}$$ उत्तर

6. रेखाओं $x-7y+5=0$ और $3x+y=0$ के प्रतिच्छेद बिन्दु से खींची गई और Y-अक्ष के समान्तर रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए।

हल—दी गई रेखाओं के समीकरण,

$$x-7y+5=0 \quad ...(1)$$

तथा $$3x+y=0$$

या $$y=-3x \quad ...(2)$$

समीकरण (2) से y का मान समीकरण (1) में रखने पर,

$$x-7(-3x)+5=0$$

या $$x+21x+5=0$$

या $$22x+5=0$$

या $$22x=-5$$

या $$x=\frac{-5}{22}$$ समीकरण (2) में रखने पर,

$$y=-3\times\left(\frac{-5}{22}\right)=\frac{15}{22}$$

अत: रेखा (1) व (2) का प्रतिच्छेद बिन्दु $=p\left(\frac{-5}{22},\frac{15}{22}\right)$

माना Y-अक्ष के समान्तर रेखा का समीकरण,

$$x=a \qquad \ldots(3)$$

अत: बिन्दु P रेखा (3) को सन्तुष्ट करेगा।

$$\therefore \quad \frac{-5}{22}=a \Rightarrow a=\frac{-5}{22}$$

a का मान समीकरण (3) में रखने पर रेखा का अभीष्ट समीकरण,

$$x=\frac{-5}{22}$$ उत्तर

7. रेखा $\frac{x}{4}+\frac{y}{6}=1$ पर लम्ब उस बिन्दु से खींची गई रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए जहाँ पर यह रेखा Y-अक्ष से मिलती है।

हल—दी गई रेखाओं के समीकरण,

$$\frac{x}{4}+\frac{y}{6}=1$$

या $$3x+2y=12$$

या $$3x+2y-12=0 \qquad \ldots(1)$$

Y-अक्ष का समीकरण $x=0$ $\ldots(2)$

रेखा (1) व (2) का प्रतिच्छेद बिन्दु ज्ञात करने के लिए

समीकरण (1) में $x=0$ रखने पर

$$3\times 0+2y-12=0$$

या $$0+2y=12$$

या $$2y=12$$

या $$y=\frac{12}{2}=6$$

रेखा (1) व (2) का प्रतिच्छेद बिन्दु $=P(0,6)$

रेखा (1) के लम्ब रेखा का समीकरण

$$2x-3y+\lambda=0 \qquad \ldots(3)$$

प्रश्नानुसार, रेखा (1) पर लम्ब रेखा बिन्दु $P(0,6)$ से होकर जाती है।

अतः बिन्दु $P(0,6)$ रेखा (3) को सन्तुष्ट करेगा।

$\therefore$ रेखा (3) में $x=0,\ y=6$ रखने पर,

$$2\times 0-3\times 6+\lambda=0$$

या $0-18+\lambda=0\Rightarrow\lambda=18$

λ का मान समीकरण (3) में रखने पर रेखा का अभीष्ट समीकरण,

$$2x-3y+18=0$$ उत्तर

8. रेखाओं $y-x=0, x+y=0$ और $x-k=0$ से बने त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

हल—माना ΔABC की भुजाओं AB, BC व CA के समीकरण क्रमशः $y-x=0, x+y=0$



तथा $x-k=0$ हैं।

रेखा $y-x=0$ तथा $x+y=0$ को हल करने पर, $x=0, y=0$

अतः बिन्दु B के निर्देशांक $=(0,0)$

रेखा $x+y=0$ तथा $x-k=0$ को हल करने पर,

$$x=k, y=-k$$

अतः बिन्दु C के निर्देशांक $=(k,-k)$

समीकरण $y-x=0$ तथा $x-k=0$ को हल करने पर,

$$x=k, y=k$$

अतः बिन्दु A के निर्देशांक $=(k,k)$

रेखा BC की माप = बिन्दु B व C के बीच की दूरी

$$=\sqrt{(k-0)^2+(-k-0)^2}$$

$$=\sqrt{k^2+k^2}$$

$$=\sqrt{2k^2}=k\sqrt{2}$$ इकाई

रेखा AD की माप = रेखा $BC(x+y=0)$ पर बिन्दु A से डाले गए लम्ब की माप

$$=\frac{k+k}{\sqrt{1^2+1^2}}$$

$$=\frac{2k}{\sqrt{1+1}}=\frac{2k}{\sqrt{2}}=k\sqrt{2}$$ इकाई

$$\Delta ABC \text{ का क्षेत्रफल} = \frac{1}{2} \text{ आधार} \times \text{ऊँचाई}$$

$$= \frac{1}{2} BC \times AD$$

$$= \frac{1}{2} k\sqrt{2} \times k\sqrt{2}$$

$$= \frac{2}{2} k^2 = k^2 \text{ वर्ग इकाई}$$ उत्तर

9. p का मान ज्ञात कीजिए जिससे तीन रेखाएँ $3x+y-2=0$, $px+2y=3=0$ तथा $2x-y-3=0$ एक बिन्दु पर प्रतिच्छेद करें।

हल—दी गई रेखाओं के समीकरण,

$$3x+y-2=0 \quad \ldots(1)$$

$$2x-y-3=0 \quad \ldots(2)$$

तथा $$px+2y-3=0 \quad \ldots(3)$$

समीकरण (1) व (2) को जोड़ने पर,

$$5x-5=0$$

या $$5x=5$$

या $$x=\frac{5}{5}=1$$

x का मान समीकरण (1) में रखने पर,

$$3\times1+y-2=0$$

या $$3+y-2=0$$

या $$1+y=0$$

या $$y=-1$$

अत: रेखा (1) व (2) का प्रतिच्छेद बिन्दु = (1,–1)

प्रश्नानुसार रेखाएँ (1),(2) व (3) एक ही बिन्दु पर प्रतिच्छेद करती हैं। अत: बिन्दु (–1,–1) रेखा (3) को सन्तुष्ट करेगा।

$\therefore$ $$p\times1+2\times(-1)-3=0$$

या $$p-2-3=0$$

या $$p-5=0$$

या $$p=5$$ उत्तर

10. यदि तीन रेखाएँ जिनके समीकरण $y=m_1x+c_1$, $y=m_2x+c_2$ और $y=m_3x+c_3$ हैं, संगामी हैं तो दिखाइए कि—

$$m_1(c_2-c_3)+m_2(c_3-c_1)+m_3(c_1-c_2)=0$$

हल—दी गई समीकरण,

$$y=m_1x+c_1 \quad \ldots(1)$$

$$y=m_2x+c_2 \quad \ldots(2)$$

तथा $y = m_3x + c_3$ ...(3)

रेखा (1) व (2) से,

$$m_1x + c_1 = m_2x + c_2$$

या $c_1 - c_2 = m_2x - m_1x$

या $c_1 - c_2 = (m_2 - m_1)x$

या $x = \dfrac{c_1 - c_2}{m_2 - m_1}$

x का मान समीकरण (1) में रखने पर,

$$y = m_1\frac{(c_1 - c_2)}{m_2 - m_1} + c_1$$

$$= \frac{m_1c_1 - m_1c_2 + m_2c_1 - m_1c_1}{m_2 - m_1}$$

$$= \frac{(m_2c_1 - m_1c_2)}{m_2 - m_1}$$

अत: रेखा (1) व (2) का प्रतिच्छेद बिन्दु

$$= P\left[\frac{c_1 - c_2}{m_2 - m_1}, \frac{m_2c_1 - m_1c_2}{m_2 - m_1}\right]$$

रेखा (1), (2) व (3) संगामी हैं। अत: बिन्दु P रेखा (3) को सन्तुष्ट करेगा।

$\therefore$ $\dfrac{(m_2c_1 - m_1c_2)}{m_2 - m_1} = m_3\dfrac{(c_1 - c_2)}{m_2 - m_1} + c_3$

या $\dfrac{(m_2c_1 + m_1c_2)}{m_2 - m_1} = \dfrac{m_3(c_1 - c_2) + c_3(m_2 - m_1)}{(m_2 - m_1)}$

या $(m_2c_1 + m_1c_2) = m_3(c_1 - c_2) + c_3(m_2 - m_1)$

या $c_3(m_2 - m_1) - (m_2c_1 - m_1c_2) + m_2(c_1 - c_2) = 0$

या $c_3m_2 - c_3m_1 - m_2c_1 + m_1c_2 + m_3(c_1 - c_2) = 0$

या $m_1c_2 - c_3m_1 + c_3m_2 - m_2c_1 + m_3(c_1 - c_2) = 0$

या $m_1(c_2 - c_3) + m_2(c_3 - c_1) + m_3(c_1 - c_2) = 0$ इति सिद्धम्

11. बिन्दु (3,2) से जाने वाली उस रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए, जो रेखा $x - 2y = 3$ से 45° का कोण बनाती हैं।

हल—बिन्दु (3,2) से होकर जाने वाली रेखा का समीकरण

$$(y - 2) = m(x - 3) \quad ...(1)$$

दी गई रेखा का समीकरण,

$$x - 2y = 3 \quad ...(2)$$

समीकरण (1) की प्रवणता $(m_1) = m$

तथा रेखा 2 की प्रवणता, $(m_2) = -\frac{x \text{ का गुणांक}}{y \text{ का गुणांक}} = \frac{-1}{-2} = \frac{1}{2}$

प्रश्नानुसार, रेखा (1) व (2) के बीच कोण $(\theta) = 45°$

सूत्र $\tan\theta = \frac{m_1 - m_2}{1 + m_1 m_2}$ से,

या $\tan 45° = \frac{m - \frac{1}{2}}{1 + m \times \frac{1}{2}}$

या $1 = \frac{m - \frac{1}{2}}{1 + \frac{m}{2}}$

या $1 + \frac{m}{2} = m - \frac{1}{2}$

या $1 + \frac{1}{2} = m - \frac{m}{2}$

या $\frac{3}{2} = \frac{m}{2}$

या $m = 3$

m का मान समीकरण (1) में रखने पर रेखा का अभीष्ट समीकरण,

$y - 2 = 3(x - 3)$

या $y - 2 = 3x - 9$

या $3x - y - 9 + 2 = 0$

या $3x - y - 7 = 0$

या $3x - y = 7$ उत्तर

12. रेखाओं $4x + 7y - 3 = 0$ और $x - 3y + 1 = 0$ के प्रतिच्छेद बिन्दु से जाने वाली रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए जो अक्षों से समान अन्तःखण्ड बनाती है।

हल—दी गई रेखाओं के समीकरण,

$4x + 7y - 3 = 0$ ...(1)

$2x - 3y + 1 = 0$ ...(2)

समीकरण (2) में 2 की गुणा करने पर,

$4x - 6y + 2 = 0$ ...(3)

समीकरण (1) में से समीकरण (3) घटाने पर,

$13y - 5 = 0$

या $13y = 5$

या $y = \frac{5}{13}$

y का मान समीकरण (1) में रखने पर,

$$4x + 7 \times \frac{5}{13} - 3 = 0$$

या $4x + \frac{35}{13} - 3 = 0$

या $4x + \frac{35 - 39}{13} = 0$

या $4x - \frac{4}{13} = 0$

या $4x = \frac{4}{13}$

या $x = \frac{4}{4 \times 13} = \frac{1}{13}$

अत: रेखा (1) व (2) का प्रतिच्छेद बिन्दु $P\left(\frac{1}{13}, \frac{5}{13}\right)$ है।

अक्षों से समान अन्त:खण्ड (a) बनाने वाली रेखा का समीकरण,

$$\frac{x}{a} + \frac{y}{a} = 1 \Rightarrow x + y = a \quad \ldots(3)$$

रेखा (3) प्रतिच्छेद बिन्दु P से होकर जाती है। अत:

$$\frac{1}{13} + \frac{5}{13} = a$$

या $\frac{1+5}{13} = a$

या $\frac{6}{13} = a \Rightarrow a = \frac{6}{13}$ समीकरण (3) में रखने पर,

$$x + y = \frac{6}{13}$$

या $13x + 13y = 6$ **उत्तर**

13. दर्शाइए कि मूल बिन्दु से जाने वाली और रेखा $y = mx + c$ से θ कोण बनाने वाली रेखा का समीकरण $\frac{y}{x} = \pm \frac{m \pm \tan\theta}{1 \mp m\tan\theta}$ है।

हल—मूल बिन्दु (0,0) से होकर जाने वाली रेखा का समीकरण

$$y - 0 = m_1 (x - 0)$$

या $y = m_1 x \quad \ldots(1)$

तथा दी गई रेखा का समीकरण,

$$y = mx + c \quad \ldots(2)$$

∵ रेखा (1) व (2) के बीच का कोण θ है, अत:

$$\tan\theta = \frac{m_1 - m}{1 + m_1 m}$$

या $\tan\theta + m_1 m\tan\theta = m_1 - m$

या $m + \tan\theta = m_1 - m_1 m\tan\theta$

या $m + \tan\theta = m_1(1 - m\tan\theta)$

या $m_1 = \dfrac{m + \tan\theta}{1 - m\tan\theta}$

m_1 का मान समीकरण (1) में रखने पर,

$$y = x \times \frac{m + \tan\theta}{1 - m\tan\theta}$$

या $\dfrac{y}{x} = \dfrac{m + \tan\theta}{1 - m\tan\theta}$ इति सिद्धम्

14. बिन्दु (–1,1) और (5,7) को मिलाने वाले रेखाखण्ड को रेखा $x + y = 4$ किस अनुपात में विभाजित करती है?

हल–बिन्दु (–1,1) व (5,7) को मिलाने वाली रेखा का समीकरण

$$y - 1 = \frac{7-1}{5+1}(x+1)$$



या $y - 1 = \dfrac{6}{6}(x+1)$

या $y - 1 = x + 1$

या $y - x = 2$ ...(1)

दी गई रेखा $x + y = 4$ ...(2)

समीकरण (1) व (2) को हल करने पर, $x = 1, y = 3$

अत: रेखा (1) व (2) के प्रतिच्छेद बिन्दु P के निर्देशांक = (1,3) हैं।

माना रेखा $x + y = 4$ बिन्दुओं (–1,1) व (5,7) को मिलाने वाली रेखा $y - x = 2$ को बिन्दु P पर m_1 व m_2 के अनुपात में विभाजित करती है। अत:

अन्त: विभाजन सूत्र

$$P(h,k) = \left(\frac{m_1 x_2 + m_2 x_1}{m_1 + m_2}, \frac{m_1 y_2 + m_2 y_1}{m_1 + m_2}\right) \text{ से}$$

यहाँ $P(h,k) = p(1,3)$

$(x_1, y_1) = (-1,1), (x_2, y_2) = (5,7)$

अत: $P(1,3) = \left(\dfrac{m_1 \times 5 + m_2 \times (-1)}{m_1 + m_2}, \dfrac{m_1 \times 7 + m_2 \times 1}{m_1 + m_2}\right)$

या $$P(1,3)=\left(\frac{5m_1-m_2}{m_1+m_2},\frac{7m+m_2}{m_1+m_2}\right)$$

या $$\frac{5m_1-m_2}{m_1+m_2}=1 \text{ तथा } \frac{7m_1+m_2}{m_1+m_2}=3m_1+m_2$$

या $$5m_1-m_2=m_1+m_2 \text{ तथा } 7m_1+m_2=3(m_1+m_2)$$

$$5m_1-m_2=m_2+m_2 \quad \text{तथा} \quad 7m_1+m_2=3m_1+3m_2$$

या $$4m_1=2m_2 \text{ तथा } 7m_1-3m_1=3m_2-m_2$$

या $$\frac{m_1}{m_2}=\frac{2}{4} \text{ तथा } 4m_1=2m_2$$



या $$\frac{m_1}{m_2}=\frac{1}{2} \text{ तथा } \frac{m_1}{m_2}=\frac{2}{4}=\frac{1}{2}$$

∴ $$m_1:m_2=1:2$$ उत्तर

15. बिन्दु (1,2) से रेखा $4x+7y+5=0$ की $2x-y=0$ के अनुदिश दूरी ज्ञात कीजिए।

हल—माना दिए गए बिन्दु $P(1,2)$ से रेखा $4x+7y+5=0$ की रेखा $2x-y=0$ अनुदिश दूरी (d) है।

दी गई रेखाओं के समीकरण, ...(1)

$$4x+7y+5=0$$

तथा $$2x-y=0 \Rightarrow y=2x \quad ...(2)$$

समीकरण (2) से y का मान समीकरण (1) में रखने पर,

$$4x+7\times 2x+5=0$$

या $$4x+14x+5=0$$

या $$18x+5=0$$

या $$18x=-5$$

या $$x=\frac{-5}{18}$$ समीकरण (2) में रखने पर,

$$y=2\times\left(\frac{-5}{18}\right)=\frac{-10}{18}$$

अतः रेखा (1) व (2) का प्रतिच्छेद बिन्दु $Q=\left(\frac{-5}{18},\frac{-10}{18}\right)$

अत: बिन्दु $P(1,2)$ से रेखा (1) की रेखा (2) के अनुदिश दूरी

= बिन्दु (1, 2) व $\left(\frac{-5}{18}, \frac{-10}{18}\right)$ के बीच की दूरी

$$d = \sqrt{\left(\frac{-5}{18} - 1\right)^2 + \left(\frac{-10}{18} - 2\right)^2}$$

$$= \sqrt{\left(\frac{-5-18}{18}\right)^2 + \left(\frac{-10-36}{18}\right)^2}$$

$$= \sqrt{\left(-\frac{23}{18}\right)^2 + \left(\frac{-46}{18}\right)^2}$$

$$= \sqrt{\frac{529}{324} + \frac{2116}{324}}$$

$$= \sqrt{\frac{2645}{324}} = \sqrt{\frac{5 \times 529}{324}} = \frac{23\sqrt{5}}{18}$$ इकाई

16. बिन्दु (–1,2) से खींची जा सकने वाली उस रेखा की दिशा ज्ञात कीजिए जिसका रेखा $x + y = 4$ से प्रतिच्छेद बिन्दु दिए बिन्दु से 3 इकाई की दूरी पर है।

हल—माना बिन्दु (–1,2) से खींची जाने वाली रेखा की प्रवणता = m है

तब रेखा का समीकरण

$$y - 2 = m(x + 1) \text{ होगा}$$

या $$y - 2 = mx + m$$

या $$y = mx + m + 2 \quad \ldots(1)$$

दी गई अन्य रेखा $x + y = 4 \quad \ldots(2)$

समीकरण (1) व (2) को हल करने के लिए समीकरण (2) से $y = 4 - x$ समीकरण (1) में रखने पर,

$$4 - 2 - m = mx + x$$

या $$2 - m = (m + 1)x$$

या $$x = \frac{2-m}{m+1}$$

x का मान समीकरण (2) में रखने पर,

$$y = 4 - \frac{2-m}{m+1}$$

$$= \frac{4m + 4 - 2 + m}{m+1}$$

$$y = \frac{5m+2}{m+1}$$

अत: रेखा (1) व (2) का प्रतिच्छेद बिन्दु = $\left(\frac{2-m}{m+1}, \frac{5m+2}{m+1}\right)$

प्रश्नानुसार, बिन्दु $\left(\frac{2-m}{m+1}, \frac{5m+2}{m+1}\right)$ व $(-1,2)$ के बीच की दूरी $= 3$

या $$\sqrt{\left(\frac{2-m}{m+1}+1\right)^2+\left(\frac{5m+2}{m+1}-2\right)^2}=3$$

या $$\sqrt{\left(\frac{2-m+m+1}{m+1}\right)^2+\left(\frac{5m+2-2m-2}{m+1}\right)^2}=3$$

या $$\sqrt{\left(\frac{3}{m+1}\right)^2+\left(\frac{3m}{m+1}\right)^2}=3$$

या $$\sqrt{\frac{9}{(m+1)^2}+\frac{9m^2}{(m+1)^2}}=3$$

या $$\sqrt{\frac{9+9m^2}{(m+1)^2}}=3$$

या $$\frac{9+9m^2}{(m+1)^2}=3^2$$

या $$\frac{9+9m^2}{(m+1)^2}=9$$

या $$\frac{9+9m^2}{m^2+2m+1}=9$$

या $$9+9m^2=9m^2+18m+9$$

या $$0=18m$$

या $$m=0$$

$$\tan\theta=0$$

$$\tan\theta=\tan 0^\circ$$

$$\theta=0^\circ$$

अत: रेखा X-अक्ष के समान्तर अथवा Y-अक्ष के लम्बवत है।

17. किसी बिन्दु के लिए रेखा को दर्पण मानते हुए बिन्दु (3, 8) का रेखा $x+3y=7$ में प्रतिबिम्ब ज्ञात कीजिए।

हल—दी गई रेखा का समीकरण

$$x+3y=7 \qquad \ldots(1)$$

माना बिन्दु A (3,8) का रेखा दर्पण में प्रतिबिम्ब बिन्दु $B(a,b)$ है।

अत: रेखा, (1) रेखा AB का लम्ब समद्विभाजक होगी

रेखा AB की प्रवणता $=\frac{b-8}{a-3}$

तथा रेखा (1) की प्रवणता $=-\frac{1}{3}$



रेखा (1), रेखा AB पर लम्ब है,

$\therefore \quad \frac{b-8}{a-3}\times\left(-\frac{1}{3}\right)=-1$

या $\quad \left(\frac{b-8}{a-3}\right)\times\frac{1}{3}=1$

या $\quad \frac{b-8}{3a-9}=1$

या $\quad b-8=3a-9$

या $\quad 3a-b=9-8$

या $\quad 3a-b=1 \quad \ldots(2)$

रेखा AB का मध्य बिन्दु $=\left(\frac{a+3}{2},\frac{b+8}{2}\right)$ जो रेखा (1) पर भी पड़ता है। अत: यह बिन्दु रेखा (1) को सन्तुष्ट करेगा।

$\therefore \quad \frac{a+3}{2}+3\left(\frac{b+8}{2}\right)=7$

या $\quad \frac{a+3}{2}+\frac{3b+24}{2}=7$

या $\quad a+3+3b+24=14$

या $\quad a+3b=-13 \quad \ldots(3)$

समीकरण (1) में 3 की गुणा करके समीकरण (3) में जोड़ने पर,

$10a=-10$

या $\quad a=-1$

a का मान समीकरण (3) में रखने पर,

$-1+3b=-13$

या $\quad 3b=-13+1$

या $\quad 3b=-12$

या $\quad b=-4$

$\therefore$ बिन्दु $B(a,b)=(-1,-4)$

अत: दिए गए बिन्दु का दी गई रेखा में प्रतिबिम्ब $(-1,-4)$ है। उत्तर

18. यदि रेखाएँ $y=3x+1$ और $2y=x+3$ रेखा $y=mx+4$ पर समान रूप से आनत हों तो m का मान ज्ञात कीजिए।

हल—दी गई रेखाएँ

$y=3x+1 \quad \ldots(1)$

$2y=x+3 \Rightarrow y=\frac{x}{2}+\frac{3}{2} \quad \ldots(2)$

तथा $y = mx + 4$ ...(3)

रेखा (1) की प्रवणता $(m_1) = 3$

रेखा (2) की प्रवणता $(m_2) = \frac{1}{2}$

तथा रेखा (3) की प्रवणता $(m_3) = m$

प्रश्नानुसार, रेखा (1) व (3) के बीच का कोण = रेखा (2) व (3) के बीच का कोण

$$\left|\frac{m_1 - m_3}{1 + m_1 m_3}\right| = \left|\frac{m_2 - m_3}{1 + m_2 m_3}\right|$$

या $$\left|\frac{3 - m}{1 + 3 \times m}\right| = \left|\frac{\frac{1}{2} - m}{1 + \frac{1}{2} \times m}\right|$$

या $$\left|\frac{3 - m}{1 + 3m}\right| = \left|\frac{\frac{1 - 2m}{2}}{\frac{2 + m}{2}}\right|$$

या $$\frac{3 - m}{1 + 3m} = \pm\left(\frac{1 - 2m}{2 + m}\right)$$

यदि $$\frac{3 - m}{1 + 3m} = \left(\frac{1 - 2m}{2 + m}\right)$$

$$(3 - m)(2 + m) = (1 - 2m)(1 + 3m)$$

या $$6 + 3m - 2m - m^2 = 1 + 3m - 2m - 6m^2$$

या $$6 + m - m^2 = 1 + m - 6m^2$$

या $$5 = -5m^2$$

या $$m^2 = -\frac{5}{5}$$

या $$m^2 = -1$$

या $m = \sqrt{-1}$ जोकि वास्तविक संख्या नहीं है।

यदि $$\frac{3 - m}{1 + 3m} = -\left(\frac{1 - 2m}{2 + m}\right)$$

तब $$(3 - m)(2 + m) = -(1 - 2m)(1 + 3m)$$

$$6 + 3m - 2m - m^2 = -(1 + 3m - 2m - 6m^2)$$

या $$6 + m - m^2 = -(1 + m - 6m^2)$$

या $$6 + m - m^2 = -1 - m + 6m^2$$

या $$6m^2 + m^2 - m - m - 1 - 6 = 0$$

या $$7m^2 - 2m - 7 = 0$$

श्रीधराचार्य सूत्र से,

$$m=\frac{-(-2)\pm\sqrt{(-2)^2-4\times7(-7)}}{2\times7}$$

$$=\frac{2\pm\sqrt{4+196}}{14}$$

$$=\frac{2\ \sqrt{200}}{14}$$

$$=\frac{2\pm10\sqrt{2}}{14}$$

$$=\frac{2(1\pm5\sqrt{2})}{14}$$

$$=\frac{\mathbf{1\pm5\sqrt{2}}}{7}$$ उत्तर

19. यदि एक चर बिन्दु $P(x, y)$ की रेखाओं $x+y-5=0$ तथा $3x-2y+7=0$ से लाम्बिक दूरियों का योग सदैव 10 रहे तो दर्शाइए कि P अनिवार्य रूप से एक रेखा पर गमन करता है।

हल—दी गई रेखाओं का समीकरण,

$$x+y-5=0 \quad \ldots(1)$$

$$3x-2y+7=0 \quad \ldots(2)$$

बिन्दु $P(x, y)$ की रेखा (1) से लाम्बिक दूरी $p_1=\frac{x+y-5}{\sqrt{1^2+1^2}}$

$$=\frac{x+y-5}{\sqrt{2}}$$

तथा बिन्दु $P(x, y)$ की रेखा (2) से लाम्बिक दूरी $p_2=\frac{3x-2y+7}{\sqrt{3^2+2^2}}$

$$=\frac{3x-2y+7}{\sqrt{13}}$$

प्रश्नानुसार,

$$p_1+p_2=10$$

या $$\frac{x+y-5}{\sqrt{2}}+\frac{3x-2y+7}{\sqrt{13}}=10$$

या $$\sqrt{13}(x+y-5)+\sqrt{2}(3x-2y+7)=10\sqrt{26}$$

या $$\sqrt{13}x+\sqrt{13}y-5\sqrt{13}+3\sqrt{2}x-2\sqrt{2}y+7\sqrt{2}=10\sqrt{26}$$

$$(\sqrt{13}+3\sqrt{2})x+(\sqrt{13}-2\sqrt{2})y+(7\sqrt{2}-5\sqrt{13}-10\sqrt{26})=0$$

जो कि एक रेखा का समीकरण है। अत: बिन्दु P एक रेखा पर गमन करता है। इति सिद्धम्

20. समान्तर रेखाओं $9x+6y-7=0$ और $3x+2y+6=0$ से समदूरस्थ रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए।

हल—दी गई समान्तर रेखाओं के समीकरण,

$$9x+6y-7=0 \quad \ldots(1)$$

तथा $$3x+2y+6=0 \quad \ldots(2)$$

माना बिन्दु $P(x_1, y_1)$ रेखा (1) व (2) से समदूरस्थ है।

$\therefore$ बिन्दु P की रेखा (1) से लाम्बिक दूरी = बिन्दु P की रेखा (2) से लाम्बिक दूरी

$$\frac{|9x_1+6y_1-7|}{\sqrt{9^2+6^2}}=\frac{|3x_1+2y_1+6|}{\sqrt{3^2+2^2}}$$

या $$\frac{|9x_1+6y_1-7|}{\sqrt{81+36}}=\frac{|3x_1+2y_1+6|}{\sqrt{9+4}}$$

या $$\frac{|9x_1+6y_1-7|}{\sqrt{117}}=\frac{|3x_1+2y_1+6|}{\sqrt{13}}$$

या $$\frac{|9x_1+6y_1-7|}{3\sqrt{13}}=\frac{|3x_1+2y_1+6|}{\sqrt{13}}$$

या $$\frac{|9x_1+6y_1-7|}{3}=|3x_1+2y_1+6|$$

या $$|9x_1=6y_1-7|=3|3x_1+2y_1+6|$$

या $$9x_1+6y_1-7=\pm3(3x_1+2y_1+6)$$

यदि $$9x_1+6y_1-7=+3(3x_1+2y_1+6)$$

या $$9x_1+6y_1-7=9x_1+6y_1+18$$

या $$-7=18$$ जो कि सम्भव नहीं है।

अत: यदि $$9x_1+6y_1-7=-3(3x_1+2y_1+6)$$

या $$9x_1+6y_1-7=-9x_1-6y_1-18$$

या $$9x_1+9x+6y_1+6y_1+18-7=0$$

या $$18x_1+12y_1+11=0$$

अत: अभीष्ट रेखा $18x+12y+11=0$ उत्तर

21. बिन्दु (1,2) से होकर जाने वाली एक प्रकाश किरण X-अक्ष के बिन्दु A से परावर्तित होती है और परावर्तित किरण बिन्दु (5,3) से होकर जाती है। बिन्दु A के निर्देशांक ज्ञात कीजिए।

हल—माना X-अक्ष पर स्थित बिन्दु A के निर्देशांक $=(a,0)$ है।

बिन्दु A पर X-अक्ष के लम्बवत् रेखा AL खींची।

हम जानते हैं कि—

आपतन कोण = परावर्तन कोण

$$\angle PAL=\angle QAL=\theta$$



माना $\angle QAX = \alpha$

$\therefore$ $\angle OAP = 180° - (\alpha + 2\theta)$

$= 180° - [\alpha + 2(90° - \alpha)]$

$= 180° - [\alpha + 180° - 2\alpha]$

$= 180° - \alpha - 180° + 2\alpha$

$= \alpha$

$\therefore \angle PAX = 180° - \alpha$

अब, रेखा AQ की प्रवणता $= \dfrac{3-0}{5-a}$

या $\tan\alpha = \dfrac{3}{5-a}$

रेखा PA की प्रवणता $= \dfrac{2-0}{1-a}$

$\tan(180° - \alpha) = \dfrac{2}{1-a}$

या $-\tan\alpha = \dfrac{2}{1-a}$

या $\tan\alpha = \dfrac{2}{a-1}$ ...(2)

समीकरण (1) व (2) से,

$\dfrac{3}{5-a} = \dfrac{2}{a-1}$

$3a - 3 = 10 - 2a$

या $3a + 2a = 10 + 3$

या $5a = 13$

या $a = \dfrac{13}{5}$

अत: बिन्दु A के निर्देशांक $\left(\dfrac{13}{5}, 0\right)$ हैं उत्तर

22. दिखाइए कि $(\sqrt{a^2-b^2},0)$ और $(-\sqrt{a^2-b^2},0)$ बिन्दुओं से रेखा $\frac{x}{a}\cos\theta+\frac{y}{b}\sin\theta=1$ पर खींचे गए लम्बों की लम्बाइयों का गुणनफल b^2 है।

हल—इस प्रश्न के लिए **अभ्यास 14.6** के प्रश्न संख्या-11 का हल देखिए।

23. एक व्यक्ति समीकरणों $2x-3y+4=0$ और $3x+4y-5=0$ से निरूपित रेखीय पथों के संधि बिन्दु पर खड़ा है और समीकरण $6x-7y+8=0$ से निरूपित पथ पर न्यूनतम समय में पहुँचना चाहता है। उसके द्वारा अनुसरित पथ का समीकरण ज्ञात कीजिए।

हल—दी गई पथरूपी रेखाओं के समीकरण,

$$2x-3y+4=0 \quad \ldots(1)$$

$$3x+4y-5=0 \quad \ldots(2)$$

समीकरण (1) में 4 तथा (2) में 3 की गुणा करने पर,

$$8x-12y+16=0 \quad \ldots(3)$$

$$9x+12y-15=0 \quad \ldots(4)$$

समीकरण (3) व (4) को जोड़ने पर, $17x+1=0 \Rightarrow x=-\frac{1}{17}$

x का मान समीकरण (2) में रखने पर,

$$3\times\left(-\frac{1}{17}\right)+4y-5=0$$

$$-\frac{3}{17}+4y-5=0$$

या $$4y=5+\frac{3}{17}$$

या $$4y=\frac{88}{17}$$

या $$y=\frac{88}{4\times17}$$

या $$y=\frac{22}{17}$$



अतः रेखाओं (1) व (2) से निरूपित सरल रेखीय पथों का सन्धि बिन्दु $P\left(-\frac{1}{17},\frac{22}{17}\right)$ है।

तीसरे पथ का समीकरण $6x-7y+8=0 \quad \ldots(3)$

पथ (1) व (2) के प्रतिच्छेद बिन्दु P से पथ (3) या पथ $6x-7y+8=0$ पर न्यूनतम समय में बिन्दु P से पथ (3) पर लाम्बिक पथ PQ द्वारा ही पहुँचा जा सकता है।

$\therefore$ रेखा (पथ) $6x-7y+8=0$ के लम्ब रेखा का समीकरण

$$7x+6y+\lambda=0 \quad \ldots(4)$$

$\because$ बिन्दु P रेखा (4) पर स्थित है।

$\therefore \quad 7\times\left(-\frac{1}{17}\right)+6\times\left(\frac{22}{17}\right)+\lambda=0$

या $\quad \frac{-7}{17}+\frac{132}{17}+\lambda=0$

या $\quad \frac{-7+132}{17}+\lambda=0$

$\frac{125}{17}+\lambda=0$

या $\quad \lambda=-\frac{125}{17}$

λ का मान समीकरण (4) में रखने पर,

$7x+6y-\frac{125}{17}=0$

या $\quad 119x+102y-125=0$

या $\quad 119x+102y=125$ उत्तर

24. बिन्दु $(0,\alpha)$ से होकर जाने वाली उन दो रेखाओं के समीकरण ज्ञात कीजिए, जिन पर बिन्दु $(2\alpha,2\alpha)$ से डाले गए लम्बों की लम्बाइयाँ α है।

हल—बिन्दु $(0,\alpha)$ से होकर जाने वाली रेखा का व्यापक समीकरण,

$y-\alpha=m(x-0)$

या $\quad y-\alpha=mx$

या $\quad mx-y+\alpha=0$ ...(1)

रेखा (1) पर बिन्दु $(2\alpha,2\alpha)$ से डाले गए लम्ब की माप

या $\quad =\frac{m\times 2\alpha-2\alpha+\alpha}{\sqrt{m^2+1}}$

या $\quad =\frac{2m\alpha-\alpha}{\sqrt{m^2+1}}$

प्रश्नानुसार, $\quad \frac{2m\alpha-\alpha}{\sqrt{m^2+1}}=\alpha$

या $\quad 2m\alpha-\alpha=\alpha\sqrt{m^2+1}$

दोनों पक्षों का वर्ग करने पर,

$(2m\alpha-\alpha)^2=\alpha^2(\sqrt{m^2+1})^2$

या $\quad 4m^2\alpha^2+\alpha^2-4m\alpha^2=\alpha^2(m^2+1)$

या $\quad 4m^2\alpha^2+\alpha^2-4m\alpha^2=\alpha^2m^2+\alpha^2$

या $\quad 3m^2\alpha^2-4m\alpha^2=0$

या $\quad m\alpha^2(3m-4)=0$

$\Rightarrow \quad m=0$ या $3-4=0$

$$m = 0 \text{ या } m = \frac{4}{3}$$

यदि $m = 0$ तो रेखा का अभीष्ट समीकरण,

$$0 \times x - y + \alpha = 0$$

या $$0 - y + \alpha = 0$$

या $$y - \alpha = 0$$ उत्तर

यदि, $m = \frac{4}{3}$, तो रेखा का अभीष्ट समीकरण,

$$\frac{4}{3} \times x - y + \alpha = 0$$

या $$4x - 3y + 3\alpha = 0$$ उत्तर

25. समीकरण $4x - 5y = 7$ को अन्तःखण्ड के रूप में व्यक्त कीजिए तथा उसका Y-अक्ष पर कटा अन्तःखण्ड लिखिए।

हल—दी गई रेखा का समीकरण,

$$4x - 5y = 7$$

या $$\frac{4x}{7} - \frac{5y}{7} = \frac{7}{7}$$

या $\frac{x}{\frac{7}{4}} + \frac{y}{-\frac{7}{5}} = 1$ जो रेखा का अन्तःखण्ड रूप है।

रेखा (1) का Y-अक्ष पर कटा अन्तःखण्ड $= \frac{-7}{5}$ मात्रक उत्तर

26. बिन्दु (3,4) तथा (–2,5) से होकर जाने वाली रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए। यदि यह रेखा बिन्दु (a, b) से होकर जाती है, तो सिद्ध कीजिए— $a + 5b = 23$

हल—माना बिन्दु $A(x_1, y_1) = (3,4)$

तथा $$B(x_2, y_2) = (-2,5)$$

बिन्दु A व B से होकर जाने वाली रेखा का समीकरण,

$$y - y_1 = \frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1}(x - x_1)$$

या $$y - 4 = \frac{5-4}{-2-3}(x-3)$$

या $$y - 4 = \frac{1}{-5}(x-3)$$

या $$-5y + 20 = x - 3$$

या $$x + 5y = 20 + 3$$

या $$x + 5y = 23 \quad \ldots(1)$$



